एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ[5] के दूसरे मामले में न्यायालय ने कानपूर के निकट जाजमऊ में स्थित चर्मशोधन शालाओं को तत्काल बन्द करने का आदेश दिया, क्योंकि इनसे निकलने वाले मलबे से गंगा का पानी प्रदूषित हो रहा था। याची जो एक समाजसेवी है ने न्यायालय में याचिका लोकहितवाद के रूप में फाइल की थी। उसने शिकायत की कि चर्म शोधन शालाओं से निकलने वाला अपशिष्ट गंगा के जल को प्रदूषित करता है जो पर्यावरण तथा जनजीवन के लिए हानिकारक है। इन कारखानों ने इसी प्रकार के संयंत्र नही लगाये है। प्रत्यर्थियों का कहना था कि संयंत्र लगाने का खर्चा बहुत अधिक है और कारखानों को बंद होने से बेरोजगारी व राजस्व की हानि होगी, किन्तु न्यायालय ने निर्णय दिया कि इन कारखानों के परिणाम स्वरूप बेरोजगारी व राजस्व की हानि की अपेक्षा लोगो के जीवन, स्वास्थ और परिवेश संरक्षण का लोगो के लिए कही अधिक महत्व है।

वेल्लोर सिटीजन्स वेलफेयर बनाम युनियन आफ इन्डिया[6] के मामले में 'बेल्लोर नागरिक कल्याण फोरम' ने अनुच्छेद 32 के अधीन एक लोकहितवाद फाइल करके तमिलनाडू में चमड़ा तथा अन्य व्यवसाय करने से निकलने वाले अशुद्ध मलवे से पर्यावरण को होने वाली भयंकर हानि की और न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया और निवेदन किया कि न्यायालय तत्काल ऐसे कारखानों को आदेश पारित करें और उससे हुई हानि के लिए प्रतिकर दिलाएं। उक्त कारखानों से निकलकर विशाक्त मलवा खेतो, सड़कों के किनारे, नदियों तथा खुली भूमि में प्रवाहित हो रहा है और पलार नदी में जा रहा है जो वहां के निवासियों के जल आपूर्ति का एक मात्र स्त्रोत है। नदी का पानी पूर्ण रूप से प्रदूषित हो गया है। आसपास की भूमि खेती के लिए अनुपयुक्त हो गयी है। लगभग 13 गावों के 350 कुओं का पानी प्रदूषित हो गया है। गांव की औरतो व बच्चों को पानी कई मील दूर से लाना पड़ता है। न्यायालय ने निर्धारित किया कि चमड़ा व्यवसाय कारखाने में हानि अधिक और लाभ कम है, अत: इन्हे बन्द कर देना चाहिए और दूषित करने वाला भूगतान करता है।' के सिद्धांत को लागू किया जाना चाहिए। न्यायालय ने प्रत्येक चमड़ा कारखाने पर 10,000 रूपये प्रदूषण दण्ड लगाया। यह रकम प्रदूषण संरक्षण फण्ड में जमा की जायेगी। जिसका प्रयोग प्रभावित व्यक्तियों की क्षतिपूर्ति दिलाने में किया जायेगा। न्यायालय ने प्रदूषण दण्ड माल गुजारी के रूप में वसुलने एवं तमिलनाडू उच्च न्यायालय ने ग्रीन पीठ के नाम से एक विशेष पीठ बनाने का निर्देश दिया, जो इन मामलों को निपटायेगी।

सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य[7] के वाद में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि प्रदूषण मुक्त जल और वायु के उपयोग का अधिकार संविधान के अनुच्छेद21 में प्रदत प्राण का अधिकार के अंतर्गत सम्मलित है और प्रत्येक नागरिक को जल ओर वायु प्रदूषण से बचाने के लिए अनुच्छेद 32के अधीन लोकहितवाद दायर करने का अधिकार है।

ए.जगन्नाथ बनाम भारत संघ[8] इस वाद में बताया गया कि बहुत बड़ी संख्या में प्रायवेट और बहु राष्ट्रीय कम्पनियों ने समुन्द्र के तटवर्ती क्षेत्रो में छोटी मछलियो के पालन के कारखाने लगा रखे है जिससे इन क्षेत्रो के पर्यावरण और परिस्थितिकी को गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है। न्यायालय ने निर्णय दिया की वर्णित क्षेत्रो में छोटी मछलियो के फार्मो की स्थापना से वहां के पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अत: उनको ऐसा करने की अनुमति नही दी जा सकती है। न्यायालय ने यह भी कहा कि समुन्द्र के तट और किनारे प्रकृति द्वारा मनुष्य को प्रदान किये गये उपहार है। अत: उनकी सुन्दरता और मनोरंजन सम्बन्धी उपयोगिता को बनाये रखना राज्य का दायित्व हैं।

मौलाना मुफ्ती सैयद मोहम्मद नूर रहमान बरकती व अन्य बनाम पश्चिम बंगाल राज्य व अन्य[9]इस मामले में 'अजान' हांलिक इस्लाम धर्म का आवश्यक व आधारभूत भाग है लेकिन माइक्रो फोन व लाउडस्पीकर का उपयोग आवश्यक व आधारभूत भाग नही है। माइक्रफोन तकनीकी युग की देन है, इसका विपरित प्रभाव संसार के हर क्षेत्र में महसूस किया जा सकता है। अत: नागरिक शोर प्रदूषण से संरक्षण प्राप्त कर सकते है। अजान प्रचार का माध्यम नही अपितु प्रार्थना के समय एकत्रित होने के लिए लोगो को बुलाने का माध्यम है। अनुच्छेद 19 (1) (अ) में अजान के समय पश्चिम बंगाल अधिकारियो द्वारा माइक्रोफोन का प्रयोग प्रतिबंधित करना, जबकि अन्य राज्यों में प्रतिबन्ध नही लगाया गया है अनुच्छेद 14में समानता के अधिकार का हनन नही है।

बड़ा बाजार फायर वर्क्स डीलर्स एसोसियेषन बनाम कमिष्नर आफ पुलिस कलकत्ता[10]– भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (G)में इस मूल अधिकार की ग्यारन्टी नही है कि कोई नागरिक ऐसा कारोबार या व्यापार करें जो ऐसा प्रदूषण पैदा करने वाला हो जो समाज की सुरक्षा, स्वास्थ और शान्ति को समाप्त करता हो।

भवानी रीवर बनाम शक्ति शुगर्स लिमिटेड[11]इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया कि पर्यावरण प्रदूषण की ऐसी याचिकाएं जो आम जनता को प्रभावित करने वाली हो केवल प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की सहमती से निपटाई नही जानी चाहिए। आपतिजनक अवशिष्ट पदार्थ नदी या उसके आसपास बहाना जल प्रदूषण है। इस याचिका को बोर्ड की सहमति से निस्तारित करना आपत्तिजनक है।

म्यूनिसिपल काउनसिल, रतलाम बनाम बिरदीचन्द[12]पर्यावरण संरक्षण की दिशा में न्यायपालिका की पहली सोंच इस वाद में दिखाई देती है। इस वाद में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश वी.आर. कृष्णा तथा ओ. चिनप्पा रेडडी ने निर्णय दिया कि लोक उपताप के निवारण के लिए नगरपालिका यह तर्क नही दे सकती कि आर्थिक अभाव के काररण वह न्यूसेन्स नही हटा सकती। इस जनहितवाद में न्यायालय ने नगरपालिका का यह प्राथमिक कर्त्तव्य माना किवह नागरिको के स्वास्थ की रक्षा करे। हालांकि यह वाद दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 133 के अधीन दायर किया गया था लेकिन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस वाद का ऐतिहासिक महत्व है।

सिटीजन काउनसिल जमषेदपुर बनाम बिहार राज्य[13] इस जनहित याचिका में उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि हैण्डलूम व हेन्डीक्राफ्ट की प्रदर्शनी के लिए मैदान आंवटित करते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इससे स्वास्थ व पर्यावरण प्रदूषण के खतरे तथा यातायात जैसी अव्यवस्था पैदा न हो।

संविधान के अनुच्छेद 48(क) यह अपेक्षा करता है कि राज्य देश के पर्यावरण की सुरक्षा तथा उनमें सुधार करने का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।

एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ[14]के मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया कि अनुच्छेद 48 (क) के निर्देशक तत्व के अधीन केन्द्र एवं राज्य सरकार का यह कर्त्तव्य है किवे पर्यावरण के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाये। ऐसे कर्त्तव्य के पालन के लिए न्यायालय को समुचित आदेश देने की शान्ति है।

टी.एम. गोदावरम थिरूवुलपाड बनाम भारत संघ[15]के बाद में जंगली भैंसो के समाप्त होने से बचाने के लिए बचाव अभियान तैयार करने के लिए निर्देश की मांग की रिट याचिका में राज्य सरकार का अभिवचन है कि जंगली भैसे के संरक्षण के लिए कोष की कमी थी,रक्षणीय अभिनिर्धारित नही किया गया। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि जंगली भैंसों को बचाने के लिए केन्द्र द्वारा प्रवर्तित योजना को पुरा प्रभाव दिया जाए।

सुषांता टैगोर बनाम भारत संघ[16]के प्रकरण में अपीलार्थी जो शान्ति निकेतन का निवासी है कोलकाता उच्च न्यायालय में एक लोकहितवार फाइल की जिसमें उसने शान्ति निकेतन के आसपास भवन निर्माताओं द्वारा भवनों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के निर्माण से शानित निकेतन के राष्ट्रीय महत्व एवं उसकी पारम्परिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है जिसे रोका जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि विष्श्व भारती विश्वविधालय की परम्परा कि विरासत उसकी स्थापना के उद्देश्यों एवं उसे पर्यावरण प्रदूषण से संरक्षण प्रदान करना सरकार का दायित्व है, वह एक राष्ट्रीय स्मारक है जिसे संविधान के अनुच्छेद 21औरअनुच्छेद51 (अ) (9) के अन्तर्गत राज्य की विरासत को बनाये रखना संवैधानिक कर्त्तव्य है।

भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अधीन पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी प्रावधान– भारतीय समस्त दण्ड विधियों में भारतीय दण्ड संहिता 1860 राष्ट्र की सामान्य दण्ड विधि है। इस संहिता की निम्न धाराओं के अधीन पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण निवारण और नियंत्रण के लिए किसी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है –

1. **लोक न्यूसेंस– धारा 268–** इस धारा में वह व्यक्ति दोषी है जो ऐसा कार्य करता है, या किसी ऐसे अवैध लोप का दोषी है, जिससे लोक या जनसाधारण को जो आसपास रहते है, या आसपास की सम्पति पर अधिभोग रखते हैं, कोई सामान्य क्षति, संकट, बाधा, या क्षोभ कारित हो जिससे व्यक्तियों का जिन्हे किसी लोक अधिकार को उपयोग में लाने का मौका पड़े, क्षति, बाधा, संकट या क्षोभ कारित होना अवश्यभावी हो।

   यह न्यूसेस इस आधार पर माफी योग्य नही है कि उससे कुछ सुविधा या भलाई कारित होती हे।

2. **उपेक्षापूर्ण कार्य जिससे जीवन के लिए संकटपूर्ण रोग का संक्रमण फैलना सम्भाव्य हो। धारा 269–**जो कि विधि विरूद्ध रूप से या उपेक्षा से ऐसा कोई कार्य करेगा, जिसमें कि और जिससे वह जानते हुए विश्वास करने का कारण रखता हो, जो जीवन के लिए संकटपूर्ण किसी रोग का संक्रमण फैलाना सम्भाव्य है, वह किसी दोनो में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि 6 माह तक कि हो सकेगी या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जायेगा।

3. **लोक जल या जलाशय का जल कलुशित करना धारा 227–** जो कोई किसी लोक जल स्त्रोत या जलाशय के जल को स्वेच्छा इस प्रकार भ्रष्ट या कलुशित करेगा कि वह उस प्रयोजन के लिए जिसके लिए वह मामूली तौर पर उपयोग में आता हो, कम उपयोगी हो जाय, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि तीन माह तक हो सकेगी, या जुर्माना जो 500रूपये तक हो सकेगा या दोनो से दण्डित किया जायेगा।

4. **वायुमण्डल को स्वास्थ के लिए अपायकर बनाना धारा 278 –** जो किसी स्थान के वायुमण्डल को स्वेच्छा या इस प्रकार दूषित करेगा वह जनसाधारण के स्वास्थ के लिए जो पड़ोस में निवास या कारोबार करते हो, या लोक मार्ग में आते जाते हो अपायकर बन जाए, वह 500रू तक के जुर्मने से दण्डित किया जायेगा।

दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अधीन पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी

प्रावधान:

1. धारा 133 में न्यूसेस हटाने के लिए सशर्त आदेश देने सम्बन्धी प्रावधान है।
2. धारा 134 में किसी आदेश की तामील, उस व्यक्ति पर जिसके विरूद्ध वह आदेश दिया गया है, कैसे की जायेगी इसके सम्बन्ध में प्रावधान है।
3. धारा 135 में जिस व्यक्ति के विरूद्ध आदेश पारित किया गया है उस पर यह दायित्व डालती है किवह आदेश में निर्दिष्ट कार्य उस समय के अन्दर और उस रीति से करेगा जो आदेश में दिया गया है।
4. धारा 136 में स्पष्ट कहा गया है कि यदि ऐसा व्यक्ति ऐसे कार्य को नही करता है या हाजिर होकर कारण नही बताता है। तो वह भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 में विहित दण्ड का भागी होगा।
5. धारा 144 में न्यूसेंस के तत्काल मामलों में आदेश जारी करने सम्बन्धी प्रावधान है।

निष्कर्ष– पर्यावरण संरक्षणआज की अनिवार्यता बन गई है, पर्यावरण संरक्षण के लिए आजादी के पूर्व वन अधिनियम 1927 द्वारा वन संरक्षण की बात की गई है, वही स्वतंत्र भारत के संविधान में अनुच्छेद 51 ए (जी) पर्यावरण संरक्षण हेतु नागरिकों के कर्त्तव्य बताये गये है। वायु प्रदूषण अधि. 1981, पर्यावरण संरक्षण अधि. 1986 द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण को पोषित किया गया है। इन प्रयासो के बावजुद भी आम नागरिको की सहभागिता आवश्यक है तभी सही मायने में पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाये जा रहे अभियान को सफल मानेगें। मानव जीवन के लिए पर्यावरण का प्रदूषण से मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए संसद ने अनेक अधिनियम एवं कानून पारित किये है। इन अधिनियम को लागू करना सरकार का कार्य है। किन्तु विभिन्न सरकारों ने इन्हें गम्भीरता से लागू करने का प्रयास नही किया। इसके फलस्वरूप पर्यावरण प्रदूषण समाज के लिए एक विकट समस्या बनता जा रहा है और विशेषकर देश के महानगरों में रहने वाले लोगो के जीवन के अस्तित्व के लिए संकट उत्पन्न हो गया है और इस कार्य को सम्पादित करने का उतरदायित्व हमारे उच्च तथा उच्चतम न्यायालय ने अपने हाथ में लेकर भलिभांति निभाया है।

कई महानगरो की स्थिति तो यह हो गई है कि आने वाले कुछ वर्षो में वहाँ की धरती सम्भवत: मानव के रहने योग्य ही न रहे, फिर भी पर्यावरण प्रदूषण सम्बन्धी खतरों के प्रति गम्भीरता नही बरती जा रही है। आम आदमी में प्रदूषण के खतरों के प्रति कोई जाग्रती नही है जो कि लाना बहुत ही जरूरी है। थोड़े से व्यक्तिगत लाभ के लिए हजारो लाखो व्यक्तियों के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। राजधानी दिल्ली में 168 फेकट्रीयों को हटाने के आदेश दिये गये, परिणामस्वरूप 50 हजार से ज्यादा श्रमिकों के जीवन निर्वाह पर प्रश्न चिन्ह लग गया। जहां एक तरफ विभिन्न उद्योगों से उत्पादित नई भौतिक वस्तुएं मानव को अपने उपभोग हेतु मिलने लगी है वही इन वस्तुओं के अनियंत्रित उपभोग द्वारा प्रदूषण के नित नये खतरे पैदा होने से ओद्योगिक विकास अभिषाप बन गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी ने विष्व पर्यावरण दिवस, 5 जून 1999 में कहा था कि पर्यावरण सम्बन्धी कानूनों को लागू करने के लिए सरकार अथवा न्यायापालिका की प्रतिरक्षा न करें अपितु प्रत्येक व्यक्ति, सामाजिक संस्थाएँ एवं उद्योगपति व प्रबंधक स्वेच्छा से इनका पालन करें, पर्यावरण के नाम पर वास्तविक परियोजनाओं का विरोध न करें।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चिपको आन्दोलन के (पद्मश्री विजेता) **श्री सुन्दरलाल बहुगुणा** का योगदान हमारे सामने है। इसी प्रकार पूर्व केन्द्रीय मन्त्री व पर्यावरण की दिशा में समर्पण भाव से कार्य करने वाली **श्रीमति मैनका गांधी** के कार्य कलापों पर सभी देश वासियों को गर्व है। अनेक गैर सरकारी संगठनों को पर्यावरण की दिशा में कार्य करने के लिए राष्ट्र व राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जाना चाहिए। यही वजह हैकि भारत में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण निवारण व नियंत्रण की दिशा में जो कार्य गैर सरकारी स्तर पर स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है वह पूरे विश्व समुदाय के लिए एक अनुकरणीय पहल है तथा सर्वोच्च न्यायापालिका ने भी इन संस्थाओं द्वारा दायर जनहित याचिकाओं को विशेष महत्व दिया है।

सुझाव–पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत है–

1. राष्ट्रीय हरित न्यायालय के अनुसार पन्द्रह वर्ष पुरानी मोटर गाड़ियों के सड़को पर चलने पर प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए। किन्तु वाहन मालिक एवं एजेन्सियाँ इस प्रतिबन्ध को लागू करने के लिए अवरोध उत्पन्न कर रही है। अत: शक्ति से इस पर प्रतिबन्ध लगाये जाने की आवश्यकता है। इस कदम में वायु प्रदूषण में 30 से 40 प्रतिशत की कमी की सम्भावना है।
2. अधिक भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रो में सप्ताह में एक दिन मोटर गाडियों के आवागमन पर पुरी तरह प्रतिबन्ध लगा दिया जाये।
3. स्कूल, कालेज, कार्यालय या रोजमर्रा की आवाजाही के लिए गाड़ी वाहनो की संख्या चौगूनी कर दी जाय, सार्वजनिक परिवहन को अनिवार्य किया जाना चाहिए इससे सड़को पर वाहनों की समस्या कम होगी और भीड़ भाड की समस्या का भी एक सीमा तक समाधान होगा।
4. मोटर वाहनों का समय समय पर रखरखाव किया जाय इससे कार्बन मानोआक्साइड का उत्सर्जन कम किया जा सकता है।
5. कारखानों की चिमनियों की ऊँचाई अधिक रखी जानी चाहिए।
6. सौर उर्जा से चलित उपकरणो का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।
7. रेल यातायात में कोयला तथा डीजल इंजनों की जगह बिजली के इंजनो का उपयोग किया जाना चाहिएं
8. अधिक से अधिक वर्षारोपण किया जाय।
9. हमें अपनी भौतिक जीवन शैली में परिवर्तन किये जाने की आवश्यकता है। जिससे ऐसे उपकरणों का उपयोग कम किया जाना चाहिए। जो वातावरण में ग्लोबल वार्मिग की समस्या को उत्पन्न करते हों
10. प्लास्टिक एवं पालिथिन बेग का कम से कम इस्तेमाल करें।
11. वस्तु के पुन: उपयोग की आदत डालना चाहिए एवं उत्पाद प्रयोग में लाना जिसका पुन: उपयोग किया जा सके जैसे कांच, कागज एवं धातुएं।
12. घरेलु एवं कारखानों से निकलने वाले तरल अपशिष्ट पदार्थो का उचित ढंग से निष्पादन किया जाय। साथ ही साथ घरेलु अपशिष्ट पदार्थो की मात्रा को कम किया जाए।
13. उद्योगो एवं कारखानों पर इस बात की पाबन्दी लगायी जाय किवे अपना कचरा तालाबों एवं नदियों में न बहायें।
14. पर्यावरण सम्बन्धी महत्वपूर्ण दिवसों पर अच्छे कार्यक्रमों द्वारा लोगो को जोड़ने का प्रयास करना चाहिए।
15. पद यात्रा, रेली, जनसभा, प्रदर्शनी, लोक नृत्य, नुक्कड़, नाटक, वाद–

विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता आदि के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना अभियान चलाया जाना चाहिए।

16. पर्यावरण क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्ति का संस्थानों की उपलब्धि के लिए पुरस्कार का प्रावधान होना चाहिए।
17. टी.वी.,पत्र–पत्रिकाओं आदि संचार के माध्यमों से लोगो को पर्यावरण ज्ञान देना चाहिए।
18. लोगो में पर्यावरण व प्रकृति के बारे में समझ विकसित करना चाहिए।
19. छात्रों को पर्यावरण के क्षेत्र में अपना केरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिएं
20. पर्यावरण व जैव मण्डल से की जा रही छेड़छाड़ को रोकने के लिए सख्त कदम उठाना चाहिए।
21. अपने लोक कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही व उपेक्षा बरतने वाले सरकारी कर्मचारियों के ऊपर प्रभावी निगरानी रखी जावें।
22. महिलाओं का विशेष सहयोग लिया जाना चाहिए ताकि अपने स्तर पर अपनी दिनचर्या के 2,3 घन्टे प्रतिदिन अथवा प्रति सप्ताह प्रदूषण के निवारण के लिए कार्य कर सकें।
23. अस्पताल से निकलने वाले कमरे को बन्द वाहनों में ले जाकर उचित व निर्धारित स्थानों पर डाला जावें।

संदर्भग्रंथ सूची :–

1. भारत का संविधान – डॉ. जयनारायण पाण्डे, सेन्ट्रल लॉ ऐजेन्सी, इलाहाबाद।
2. भारत का संविधान – डॉ. बसन्तीलाल बावेल, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
3. पर्यावरण विधि – डॉ. जय जय राम उपाध्याय, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
4. पर्यावरण एवं पर्यावरणीय संरक्षण विधि की रूपरेखा – डॉ. अनिरूद्ध प्रसाद, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
5. आधुनिक पर्यावरण विधि – डॉ. आर.एल.राठी, युनिवर्सिटी बुक हाउऊस प्रा. लि. जयपुर
6. पर्यावरण संरक्षण के परम्परागत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण, राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, 19 नवम्बर 2016।

फुटनोट:–

1. ए.आई.आर. 198 सी.
2. (1985) 2 एस. सी. सी. 431
3. (1996) 2 एस. सी.सी. 176
4. ए.आई.आर. 2005 उच्चतम न्यायालय 3036
5. (1988) 2 उम.नि.प. 229
6. (1996) 5 एस. सी. सी. 647
7. ए.आई.आर. 1991 उच्चतम न्यायालय 420
8. ए.आई.आर. 1997 उच्चतम न्यायालय 811
9. ए.आई.आर. 1999 कलकता15
10. ए.आई.आर. 1998 कलकत्ता 121
11. ए.आई.आर. 1998 उच्चतम न्यायालय 2578
12. ए.आई.आर. 1980 उच्चतम न्यायालय 1623
13. ए.आई.आर. 1999पटना
14. (1988) 15 सी.सी. 47
15. ए.आई.आर. 1995 एस. सी. 1254
16. ए.आई.आर. 2005 एस. सी. 1975

****

संस्कृत साहित्य में पर्यावरण संरक्षण की भूमिका

ऋषिका चुण्डावत*

* बी.एड,एम.ए,सेट (संस्कृत) उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना - आज के वैज्ञानिक युग में मानव अपने क्षणिक भौतिक सुखों की प्राप्ति हेतु प्रकृति द्वारा वातावरण को दूषित करता जा रहा है। वह विभिन्न कारखानों की स्थापना करता जा कारखानों से निकलने वाला औद्योगिक कचरा हमारी प्राणदायिनी नदियों के जल को ए के वातावरण को सतत प्रदुषित करता रहता है। इन कारखानों एवं विभिन्न प्रकार की मोटर, गाडियों तथा विमानों आदि से निकलने वाली तीव्र कर्णभेदी आवाज ध्वनि प्रदूषण में वृद्धि करती रहती है। अधिक उपज की चाह में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के द्धारा लोग पृथ्वी को भी वंध्या करते जा रहे है। आधुनिक वैज्ञानिकों द्धारा निर्मित भौतिक सुख के एक साधन रेफ्रिजरेटर से निकलने वाली गैस से ओजोन परत की क्षय का खतरा उत्पन्न कर दिया है, यह खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। वैज्ञानिकों द्धारा निर्मित आणविक बम ने सृष्टि के विनाश का खतरा पैदा कर दिया है। वस्तुत: आधुनिक वैज्ञानिकों ने हमें इस समय बारूद के ढेर पर बैठा दिया है, यदि इसमें जरा सी भी चिंगारी लग जाये तो सारी दुनिया क्षण मात्र में नष्ट हो जायेगी। इस आधुनिक विद्या को यदि हम पैशाचिक विद्या की संज्ञा दे तो इसमें कोई अत्युक्ति न होगी। इतना ही नहीं आज के जैव वैज्ञानिक जो प्राकृतिक नियमों के विरुद्ध कृत्रिम रूप से क्लोन आदि विधियों के द्धारा प्रतिरूपों की रचना कर रहें हैं, वह मानव की पैशाचिक प्रवृत्ति का ही उदाहरण है। यही कार्य रक्तबीज आदि राक्षस भी अपनी पैशाचिक (मायावी) विद्या द्धारा स्वयं के अनेक प्रतिरूप तैयार कर लिया करते थे।

पुरा भारतीय मंत्रद्रष्टा ऋषियों ने आज से हजारों वर्ष पूर्व सृष्टि के समस्त प्राणियों के कल्याणार्थ पर्यावरण की महत्ता एवं उसको दूषित होने से बचाने, प्रकृति के प्रति संवेदनशील एवं उसके संरक्षण तथा मानव-जीवन में होने वाली व्याधियों तथा उसके स्वास्थ्य के संवर्द्धन के सम्बन्ध में अनेक तत्वों का अन्वेषण किया था। पर्यावरण के सभी बिन्दुओं पर उनकी सजग दृष्टि थी। इन मनीषियों ने समाज में रहने वाले व्यक्तियों का ध्यान पर्यावरण सुरक्षा की तरफ आकृष्ट किया। वैदिक कालीन जन पृथ्वी अर्थात् भूमि के प्रति अत्यन्त श्रद्धा रखते थे। पर्यावरण का संरक्षण उपासना का एक अविभाज्य अंग था। अथर्ववेद के एक मंत्र में वैदिक ऋषि पृथ्वी की उपासना करते हुए कहा है कि, हे पृथ्वी! तुम्हारे गिरि, तुम्हारे हिम से ढँके पर्वत और तुम्हारे वन कल्याणकारी हों, भूरी, काली, लाल, विविध रूपों वाली स्थित, उत्पन्न विस्तृत भूमि पर अजेय अहत और अक्षत मैं अधिष्ठित होऊ।

गिरयस्ते पर्वता हिमवन्तो
अरण्यं ते पृथिवि स्यनोमस्तु।
भ्रुं कृष्णां रोहिर्णी विश्वरूपां
ध्रुवां भूमिं पृथिवीमिन्द्रगुप्ताम्।
अजीतोहतो अक्षतोध्यष्ठां पृथिवीमहम्॥

ऋगवेद में प्रकृति का मनोहारी चित्रण हुआ है। ऋग्वैदिक काल में प्राकृतिक जीवन को ही सुख शान्ति का आधार माना गया है। किस ऋतु में कैसे रहना चाहिए, क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए, इन सब का वर्णन ऋग्वेद मिलता है। मण्डूक सूक्त में ग्रीष्म ऋतु में मण्डूकों के आतप से बचने हेतु तहखानों में छिपने तथा वर्षा ऋतु आने पर बाहर निकलने की सूचना मिलती है। मण्डूक सूक्त के ही एक मंत्र में कहा गया है कि, नेतृत्व करने वाले ये मेढक देवताओं के द्धारा बनाए गये विधान की अर्थात् ऋतु आदि के नियमों की रक्षा करते हैं, और इस प्रकार से बारह मासों वाले वर्ष के ऋतुओं की हिंसा नहीं करते, अर्थात् समस्त ऋतुयें क्रमश: आती रहती है। वर्ष के पूर्ण होने पर ग्रीष्म में रहने वाले और गर्मी से संतप्त रहते हुए ये मेढक बिलों से छुटकारा पाते हैं अर्थात् बिलों से बाहर निकलते हैं-

देवहर्तिं जुगुपुर्द्वादशस्य ऋतुं नरो न प्र मिनन्त्येते।
संवत्सरे प्रावृष्यागतायां तप्ता धर्मो अश्नुवते विसर्गम्॥

वायु, जल, ध्वनि, खाद्य, मिट्टी व सम्पदा संरक्षण आदि की दृष्टि से वेदों में वर्णित पर्यावरण को अनेक वर्गों में विभाजित किया जा सकता है।

वायु की शुद्धता एवं महत्ता पर बल सजीव प्राणियों के लिए स्वच्छत पर्यावरण प्रथम आवश्यकता है। प्रकृति (ईश्वर) ने प्राणि जगत् के चारों तरफ वायु का एक घेरा फैला रखा है। बिना वायु (प्राणवायु = ऑक्सीजन) के किसी भी जीव का जीवित रहना असम्भव है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में सृष्टयोत्पत्ति की प्रक्रिया में वायु को विराट पुरुष के प्राण से सम्बद्ध किया गया है -

चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षो: सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत॥

मानव शरीर के भीतर रक्तवाहिनी नलिकाओं में प्रवाहमान रक्त बाहर की तरफ दबाव डालता है। वायुमण्डलीय दबाव इन्हें सन्तुलित करता है, अन्यथा मानव शरीर के भीतर की धमनियां एवं शिरायें फट जायेंगी तथा जीवन का अन्त हो जायेगा। ऋग्वेद के वात् सूक्त में वायु को दिव्य शक्ति सम्पन्न, रूपहीन एवं अनुमेय बताते हुए समस्त भुवन अर्थात् प्राणिमात्र का बीज रूप बताया गया है-

आत्मा देवानां भुवनस्य गर्भो यथावंश चरति देव एष:।
घोषा इदस्य श्रृण्विरे न रूपं तस्मै वाताय हविषा विधेम॥

वायु की शुद्धि नितान्त आवश्यक है। ऋग्वेद में वायु को दो वर्गों में विभक्त किया गया है - 1- शुद्ध वायु जो श्वास लेने योग्य होती है, 2-

जीवधारियों के लिए हानिकारक वायु (दूषित वायु)।

द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावत:।
दक्षं ते अन्य आवातु व्यन्यो वातु यद्रप:॥

अर्थात् - ये दो वायु हैं। प्रथम समुद्र से आने वाला वायु है, तथा द्वितीय दूर भूमि पर से आने वाली वायु है। ऋषि प्रकृत मंत्र में कहता है कि, हे साधक ! एक तो तुम्हारे लिए बल को प्राप्त कराती है और एक जो दूषित है, उसे दूर फेंक देती है। हमारे प्राचीन मनीषियों को हजारों वर्षो पूर्व यह ज्ञात था कि वायुमण्डल मात्र एक नहीं अपितु वायु समूहों (गैसों) का मिश्रण है। इनके अलग-अलग गुण एवं अवगुण हैं। इसी वायुमण्डल में प्राणवायु जिसे हम आधुनिक वैज्ञानिक भाषा में ऑक्सीजन कहते हैं, भी सम्मिलित है। यह प्राणवायु हमारे जीवन की रक्षा हेतु अपरिहार्य है।

यददौ वात ते गृहेऽमृतस्य निधिर्हित: ।
ततो नो देहि जीवसे ॥

अर्थात् इस वायु के गृह (वायुमण्डल) में अमरत्व की जो यह धरोहर अर्थात् प्राणवायु स्थापित है, वह हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। शुद्ध वायु कई रोगों हेतु अचूक औषधि का कार्य करती है। आज भी यौगिक क्रियाओं में प्राणायाम, जिसमें शुद्ध वायु को ग्रहण कर अशुद्ध वायु को निकाला जाता है का विशेष महत्व है। इस प्राणायाम से मानव के उदर सम्बन्धी अनेक व्याधियों का अंत हो जाता है। तपेदिक जैसे घातक रोगों के लिए शुद्ध वायु औषधि स्वरूप है। एक ऋग्वैदिक ऋषि ने स्वच्छ वायु की महत्ता बताते हुए कहा है कि

आ त्वागमं शंतातिभिरथो अरिष्टताभि: ।
दक्षं त उग्रमाभारिषं परा यक्ष्मं सुवामि ते ॥

अर्थात् हे रोगी मनुष्य! मैं तेरे पास सुखकर और रक्षण के लिए उपस्थित हुआ हूँ। तुम्हारे लिए कल्याणकारी बल को शुद्ध वायु के द्वारा लाता हूँ और तुम्हारे जीर्ण रोगों को दूर करता हैं।

स्वच्छ वायु हृदय रोगों के लिए अमूल्य औषधि है एवं आयु का वर्द्धन करती है -

वात आवातु भेषजं शंभु मयोभु नो हृदे ।
प्रण आयुषि तारिषत् ॥

जल एवं उसकी स्वच्छता का महत्व मानव शरीर का लगभग तीन चौथाई भाग जलीय अवयवों से निर्मित है। समस्त जीवधारियों के लिए जल ही जीवन है। प्राचीन विश्व की अधिकांश सभ्यतायें यथा सिन्धु सभ्यता, मिश्र-सभ्यता आदि नदी घाटियों में ही विकसित हुई थी। तत्कालीन मनुष्यों को वहाँ नदियों से स्वच्छ जल मिलता था। ये नदियाँ उनके आवागमन की माध्यम थीं। आज भी विश्व के अधिसंख्य समृद्ध शहर नदियों अथवा समुद्र जैसे विशाल जलीय स्त्रोतों के तट पर ही अवस्थित हैं, परन्तु आज के औद्योगीकरण के युग में शहरों के औद्योगिक कचरा एवं गन्दी नालियों ने पवित्र जलवाहिनी नदियों के जल को प्रदुषित कर दिया है। ये प्रदुषित जल भयंकर बिमारियों के स्त्रोत हैं, जिसे मानव या पशु-पक्षी ग्रहण करते ही इसकी चपेट में आ जाते हैं। इसके अतिरिक्त आणविक अस्त्रों को इकट्ठा करने की होड़ में समुद्र में जल के भीतर जो परीक्षणात्मक विस्फोट किये जाते हैं, उनसे भी समुद्र का जल प्रदुषित हो जाता है, जिससे उसमें निवास करने वाले असंख्य प्राणियों को अकाल काल कवलित होना पड़ता है। ऋग्वैदिक काल में शुद्ध पेय जल की प्राप्ति हेतु गहरे कुए खोदने का भी उल्लेख मिलता है। इस कुए का निर्माण मरुतों ने गौतम ऋषि के लिए किया था -

उर्ध्वं ननुद्रेऽवतं त ओजसा दादृहाणं चिदिद्धभिदुर्वि पर्वतम् ।
धमन्तो वाणं मरुत: सुदानवो मदे सोमस्य रण्यानि चक्रिरे ॥

शुद्ध जल मनुष्य को दीर्घ आयु प्रदान करने वाला, प्राण-रक्षक तथा कल्याणकारी है। एक ऋग्वैदिक ऋषि इसी भाव को प्रतिपादित करते हुए कहता है कि सुखमय जल हमारे अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कल्याणकारी हो-

शं नो देवीरभिब्दय आपो भवन्तु पीयते ।
शं योरभि स्त्रवन्तु न:॥

अथर्ववेद में जल की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए एक स्थान पर कहा गया है कि, जल मंगलमय और घी के समान पुष्टिदाता है तथा वही मधुर जलधाराओं का स्त्रोत भी है। भोजन को पचाने में उपयोगी तीव्र रस है। प्राण और कान्ति बल और पौरुष देने वाला अमरत्व की ओर ले जाने वाला मूल तत्व है -

आपो भद्रा घृतमिदाप आसन्नग्नीषोमौ बिभ्रत्याप इत्ता: ।
तीव्रो रसो मधुपृचामरेग आ मा प्राणेन सह वर्चसा गमेत्॥

कृषकों की दृष्टि कृषि कर्म हेतु वर्षा ऋतु में मेघों पर ही लगी रहती है। एक ऋग्वैदिक ऋषि कहते है कि हे जल तुम अन्न प्राप्ति हेतु उपयोगी हो जीवन, नाना प्रकार की औषधियाँ व अन्न तुम पर ही आश्रित हैं। तुम औषधि रूप ही -

तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ ।
आपो जनयथा च न: ॥

ध्वनि प्रदूषण एवं उसका निदान तीव्र ध्वनि सिरदर्द, तनाव, अनिद्रा आदि बीमारियों का मूल कारण है आजकल किसी कार्यक्रम का आयोजन बिना ध्वनि विस्तारक यंत्र के सम्पन्नहन यंत्रों के बिना भी कार्य चल सकता है अनिवार्य रूप से होता है। संगीत यद्य महत्वपूर्ण अंग है, किन्तु खेद का विषय है कि साधनों का दुरुपयोग हो रहा है। रेडियों, ट्रांजिस्टर, टेलीवीजन, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के शोर सारे दिन कान के परदे फाडते रहते हैं, जिससे कि आगे चलकर श्रवण शक्ति कमजोर हो जाती है। वेदों में स्वास्थ्यगत दृष्टि को ध्यान में रखते हुए तीक्ष्ण ध्वनि से बचने के लिए तथा आपसी वार्ता में धीमा एवं मधुर बोलने के लिए कहा गया है.अर्थात्

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्मा स्वसारमुत स्वसा ।
सम्यश्च: सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई, भाई से व बहन, बहन से द्वेष न करें। परिवार के सभी लोग एक मत व एकव्रती होकर आपस में शान्ति से भद्र पुरुषों के समान भद्रता से वार्तालाप करें एक अथर्ववैदिक ऋषि प्रार्थना करते हुए एक मंत्र में कहा है कि मेरी जिह्वा से मधुर स्वर निकले। भगवान का भजन, पूजन तथा कीर्तन करते समय मूल में मधुरता हो मधुरता मेरे कर्म में निश्च्यतापूर्वक रहे। मेरे चित्त में मधुरता बनी रहे जिव्हाया उसे मधु में जिव्हामूले मधूलकम्।

ममेदह क्रतावसो मम चित्तमुपायसि ॥

खाद्य प्रदूषण का निरोध भोजन से हमारे शरीर को उर्जा मिलती है। वैदिक साहित्य में अन्न की अत्यधिक महत्ता का वर्णन किया गया है मानव एवं अन्य जन्तुओं को ही नहीं देवों को भी भोजन अभीष्ट था। याज्ञिक क्रियाओं में हवि द्वारा अर्पित यज्ञान्न अग्नि द्वारा देवताओं के पास ले जाया जाता था-

अग्ने यं यज्ञमधवरं विश्वत: परिभूरसि ।

स इद्देवेषु गच्छति ।।

ऋग्वेद के प्रथम सूक्त में सर्वप्रथम उत्पन्न सहस्त्रशीर्ष एवं सहस्त्रपाद : वाले आदि पुरुष को भी अन्न से वृद्धि प्राप्त करने वाला कहा गया है।

पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति।।

वैदिक साहित्य में खाद्य सामग्री के सम्बन्ध में वैज्ञानिक आधार पर निष्कर्षो का प्रतिपादन किया है। अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि मनुष्य पाचन शक्ति से भोजन को भली–भाँति पचाये। इसी तरह दूधा जल आदि पेय पदार्थों के बारे में भी उल्लेख है

यत् पिबामि सं पिबामि समुद्र इव संपिब: ।
प्राणानमुष्य संपास सं पिबामो अमुं वयम् ।।

अर्थात् मैं जो भी पिता हूँ यथाविधि पीता हूँ, जैसे यथाविधि पीनेवाला समुद्र पचा लेता है। हम दूध जल जैसे पेय पदार्थों को उचित ढंग से ही पिया करें। खाद्य सामग्री के बारे में अथर्ववेद में आगे उल्लेख है कि, जैसे यथाविधि खाने वाला समुद्र सब कुछ पचा लेता है, हम भी उसी तरह यथाविधि शान्तिपूर्वक खूब चबा–चबाकर खायें–

यद् गिरामि सं गिरामि समुद्र इव संगिर: ।
प्राणानमुष्य संगीर्य सं गिरामो अमुं वयम् ।।

मृदा (पृथ्वी) के प्रदुषण का निवारण अथर्ववेद के पृथ्वी के सूक्त के कुल 63 मंत्रों में पृथ्वी की महत्ता का प्रतिपादन किया गया है। इस सूक्त में पृथ्वी को सभी भौतिक वस्तुओं को धारण करने वाली और बल प्रदान करने वाली माता के रूप में प्रशंसा कर उससे सुख और शान्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गयी है। इस सूक्त में सर्वाधिक उल्लेखनीय पृथ्वी का माता के रूप में वर्णन है। अत्यन्त श्रद्धा और स्नेहपूर्ण भाव से ऋषि ने बार–बार पृथ्वी से उसी प्रकार शक्ति, तेज और अन्न की प्रार्थना की है जैसे पुत्र अपनी वत्सला माता से करता है–

सा नो भूमिं विसृजतां माता पुत्राय मे पय: ।
माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या: ।।

पृथ्वी के निर्माण के बारें में अथर्ववेद में कहा गया है कि

शिला भूमिरश्मा पांसू सा भूमि: संवृता धृता।
तस्यै हिरण्यवक्षये पृथिव्या अकरं नम: ।।

अर्थात् भूमि चट्टान, पत्थर और मिट्टी है। मैं उसी हिरण्यगर्भा पृथ्वी के लिए स्वागत वाचन बोलता हूँ।नाना प्रकार के फल–फूल औषधियाँ एवं वनस्पतियाँ इसी मिट्टी पर उत्पन्न होते हैं। पृथ्वी सभी वनस्पतियों की माता एवं मेघ (पर्जन्य) पिता है–

यस्यामन्न व्रीहियवौ यस्या इमा: पश्च कृष्टय: ।
भूम्यै पर्जन्यपत्न्यै नमोऽस्तु वर्षमेदसे।।

पृथ्वी वनस्पतियों को जन्म देती है, इसलिए वह माता है। पर्जन्य (मेघ) वर्षा द्धारा उसे सींच कर उसका पोषण करता है, इसलिए वह पिता का कार्य करता है।

अत: हम कह सकते है कि वैदिक काल में जिस प्रकार से मानव प्रकृतिक वातावरण को बिना क्षति पहुचाए उसके साथ आनन्दमयी जीवन व्यतीत करता था। लेकिन आधुनिक युग में मनुष्य प्रकृति के तत्वों को नुकसान पहुचाकर वातावरण को प्रदूषित कर रहा है, आने वाले समय में यह वातावरण मनुष्य के रहने के अनुकूल नहीं रह जाएगा। इसलिए हमें अभी से सजग होकर पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करना चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. ऋग्वेद 7.103.81 ।।
पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम् ।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति ।।
2. ऋग्वेद 7.103.6 ।।
3. ऋग्वेद 10.60.13 ।।
4. ऋग्वेद 10.168.4 ।।
5. ऋग्वेद 1.85.8 ।।
6. ऋग्वेद 3.13.5 ।।
7. अथर्ववेद–3.30.3 ।।
8. अथर्ववेद 1.34.2 ।।
9. अथर्ववेद 6.135.2 ।।
10. अथर्ववेद 6.135.3 ।।
11. अथर्ववेद 12.1.26 ।।
12. ऋग्वेद 11.4 ।।
13. ऋग्वेद 10.60.2 ।।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत में आरक्षण की राजनीति : राजस्थान में गुर्जर आरक्षण आंदोलन के विशेष संदर्भ में

हरिसिंह गुर्जर*

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - समाज के वंचित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए न केवल भारत में अपितु दुनिया के कई देशों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। आज विदेशों में भी आरक्षण पद्धति है। अनेक विकसित देशों अमरिका, चीन, जापान मे भी आरक्षण है। बाहरी देशों में आरक्षण को एफर्मेटिव एक्शन कहा जाता है। एफर्मेटिव एक्शन मतलब समाज के 'वर्ण' तथा 'नस्लभेद' के शिकार व्यक्तियों के लिए सामाजिक क्षमता का प्रावधान।

1961 को संयुक्त राष्ट्र की बैठक में सभी प्रकार के वर्ण अथवा नस्लभेद रंगभेद के खिलाफ कड़ा कानून बना। इसके तहत् संयुक्त राष्ट्र मे सम्मिलित सभी देशों ने अपने देश के शोषित वर्ग की सहायता करके उन्हें समाज की मुख्यधारा मे स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत अलग-अलग देशों ने अलग-अलग तरीके से आरक्षण लागू किया है। जैसे - जर्मनी मे जिमनेशियम सिस्टम है, इजराइल में एफर्मेटिव एक्शन के तहत् आरक्षण है, जापान जैसे प्रगतिशील देश में भी बुराकूमिन व्यक्तियों के लिए आरक्षण है। (बुराकूमिन जापान के हक वंचित व्यक्ति है), नॉर्वे में 40 प्रतिशत महिला आरक्षण पीसीएल बोर्ड में है। वहीं रोमानिया में शोषण के शिकार रोमन लोगों के लिए आरक्षण है, दक्षिण अफ्रिका मे रोजगार क्षमता (काले-गोरे लोगों को समान रोजगार) आरक्षण प्रदान किया गया है। श्रीलंका में तमिल तथा क्रिश्चियन लोगों के लिए अलग नियम अर्थात आरक्षण है।

अगर अनेक देशों में जरूरतमंद व्यक्तियों को आरक्षण है (जिनमें कई विकसित देश भी शामिल) तो फिर भारत में प्रदत्त आरक्षण किस प्रकार भारत की प्रगति में बाधक है। जबकी भारत में सबसे ज्यादा लोग जातिभेद के ही शिकार है तथा वह आज भी समाज की मुख्यधारा से बहुत दूर है। अगर यह अंतर ऐसे ही बढ़ता रहा तो एक विशिष्ट वर्ग का शासन होगा, फिर ऐसे में किस प्रकार देश की प्रगति होगी। भारत सिर्फ किसी विशिष्ट समुदाय के लोगों का देश नहीं है सिर्फ एक वर्ग विशेष की प्रगति से भारत की प्रगति नहीं होगी। राजस्थान में गुर्जर आंदोलन राजनीतिक चेतना, आर्थिक असमानता, समतुल्य मीणा समुदाय को जनजाति श्रेणी में आरक्षण का लाभ प्राप्त होने एवं सशक्त नेतृत्व के विकास आदि कारणों से प्रारभ हुआ।

भारत में आरक्षण की राजनीति : प्राचीन भारत, मध्यकालीन भारत एवं आधुनिक भारतीय इतिहास का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि शूद्र वर्ग को जिसको की अछूत माना व कहा जाता था, को भारतीय हिन्दू समाज में समानता की स्थिति तथा अवसरों की समानता प्राप्त नहीं थी। उनकी राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक क्षेत्र में सहभागिता नहीं थी। वे राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में पिछड़े हुए थे। इसी कारण समाज में एक अन्तर स्थापित हो चुका था और असमानता व्याप्त हो गई थी। उपरोक्त समस्याओं एवं अत्याचारों का इस वर्ग विशेष को सामना करना पड़ता था। इस वर्ग की इस समस्या का समाधान करने के लिये भारतीय संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर जो कि स्वयं दलित एवं अछूत वर्ग से संबंधित थे, इस वर्ग के लोगों के दर्द को अनुभव किया तथा उनके समाधान के लिये प्रयास किए।

भारतीय स्वतन्त्रता के पूर्व आरक्षण की प्राप्ति के लिये डॉ. भीमराव अम्बेडकर तथा महात्मा गांधी के मध्य जो वैचारिक संघर्ष हुआ उस संघर्ष की अन्तिम परिणती ही आरक्षण की नींव थी।

ब्रिटिश भारत में शूद्रों एवं अछूतों की स्थिति दयनीय थी। यहां पर अनेक वायसराय आये परन्तु उनका अछूतों के प्रति दृष्टिकोण भिन्न-भिन्न था। कईयों ने तो अछूतों एवं शूद्रों का दमन एवं शोषण किया तो कईयों ने उसके हितों के सरक्षण के लिये कार्य किया। उनमें जिन्होंने हित संरक्षण के कार्य किए उसी वर्ग के कुछ अधिकारियों ने एक सम्मेलन आयोजित किया। जो कि अछूतों के लिये ऐतिहासिक एवं सुखमय घटना थी।

प्रथम गोलमेज सम्मेलन का ऐतिहासिक अधिवेशन 12 नवम्बर 1930 को लंदन में प्रारंभ हुआ। उस समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री श्री रेमजे मैकडोनाल्ड थे। इस सम्मेलन में 89 सदस्यों को आमंत्रित किया गया। इसमें 16 सदस्य ब्रिटेन के तीन राजनीतिक दलों के थे। यह ऐतिहासिक घटना थी कि अछूतों को प्रथम बार किसी सम्मेलन में प्रतिनिधित्व दिया गया। अछूतों के लिये यह सम्मेलन अत्यधिक महत्वपूर्ण था क्योंकि सदियों से चली आ रही अत्याचार अनाचार से पीड़ित अछूतों को मानव ना समझने वाली प्रक्रिया का अन्त होने के रास्ते का शुभारम्भ हो रहा था। इस सम्मेलन में सभी प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी मांग रखी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने मांग की कि हरिजनों एवं अछूतों को अलग से प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए। अम्बेडकर ने कहा कि जहां स्वराज्य हर भारतीय का जन्मसिद्ध अधिकार है वहीं इस भारत में रहने वाले अछूतों का सम्मानपूर्वक जीने-मरने का अधिकार भी जन्मसिद्ध अधिकार है। इसे प्राप्त करने का हम पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हमें विश्व के देशों में प्रतिनिधित्व मिला तो हम वहां पर भी अछूतों की समस्या को रखेंगे। उन्होंने इस सम्मेलन में दलितोद्धार की मांग की। उन्होंने इस सम्मेलन में आर्थिक, शैक्षणिक, राजनैतिक एवं सामाजिक आरक्षण की मांग की। आर्थिक शोषण का विरोध करते हुए निडरता से भाषण दिया। उन्होंने भाषण के दौरान स्वतंत्र समीक्षा की तथा उनका भाषण ऐतिहासिक तथा तर्कसंगत था। उनके भाषण का सम्मेलन पर बहुत गहरा

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

प्रभाव पड़ा। उनके भाषण की ब्रिटिश एवं अमेरिकन लोगों ने प्रशंसा की।

07 सितम्बर 1931 को लन्दन में ही द्वितीय गोलमेज सम्मेलन प्रारंभ हुआ। इस सम्मेलन में गांधीजी ने मुसलमानों एवं सिक्खो ईसाईयों एवं एग्लोइंडियन्स के अधिकारों का समर्थन किया। परन्तु उन्होंने अछूतों के अधिकारों का तनिक भी समर्थन नहीं किया। जब अछूतों की ओर से डॉ. अम्बेडकर ने उनके अलग अधिकार मांगने का प्रश्न उठाया तो उसका गांधीजी ने डटकर विरोध किया। वे नहीं चाहते थे कि अछूतों को अलग राजनीतिक अधिकार मिले। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि अछूतों को कांग्रेस पर भरोसा नहीं है तथा अंग्रेजों पर भी वह भरोसा नहीं करते है। अंग्रेजों पर कुछ शिकायतें एवं आपत्तियां है जिन्हें मैंने भाषण में जाहिर कर दिया है।

वर्तमान में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315 के अधीन राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की स्थापना 22 दिसम्बर 1949 को की गई थी। 16 अगस्त 1949 को तत्कालीन राजप्रमुख द्वारा लाए गए अध्यादेश के आधार पर घोषणा की गई। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने लोक सेवाओं में नीति की पालना भारतीय संविधान के अनुसार ही की है। अनुच्छेद 335 में कहा गया है कि संघ या राज्य के क्रियाकलापों से सम्बन्धित सेवाओं और पदों के लिये नियुक्तियां करने में अनुसूचित जातियों व जनजातियों के सदस्यों के दावों को प्रशासन की दक्षता बनाए रखने के लिये संगति के अनुसार ध्यान में रखा जाएगा। अनुच्छेद 15(4) में कहा गया है कि इस अनुच्छेद की या 29 के खण्ड (2) की कोई बात राज्य को किन्हीं वर्गो की उन्नति के लिये या अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिये कोई विशेष उपबन्ध करने से निवारित नहीं करेगी। अनुच्छेद 16 (4) में कहा गया है कि राज्य पिछड़े हुए नागरिकों के किसी वर्ग के पक्ष में जिनका राज्य की राय के अधीन सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, या पदों के लिये आरक्षण उपबन्ध कर सकती है। अनुच्छेद 340 के तहत अन्य पिछड़े वर्ग के लिये लोक सेवाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण की स्थापना 9 सितम्बर 1993 से की गई है। केन्द्रीय सेवाओं में अन्य पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। अत: राजस्थान लोक सेवाओं में या अन्य निजी सेवाओं में राजस्थान की अनु. जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान किया गया है। राजस्थान में एससी के लिए 16 प्रतिशत तथा एसटी के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है।

शोध प्रविधि, शोध क्षेत्र का परिचय तथा शोध उद्देश्य : प्रस्तावित शोध हेतु शोध प्रविधि के अन्तर्गत तथ्यों का संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोतों से किया गया। प्राथमिक स्रोतों में तथ्यों का संकलन, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है। द्वितीय स्त्रोतों के अंतर्गत पूर्व शोध अध्ययन, शोध आलेख, पुस्तकें, जर्नल्स समाचार पत्र, अध्यादेश अधिनियम, भारतीय संविधान आदि से प्राप्त तथ्यों को विषय के उद्देश्यों के अनुसार वर्गीकृत कर विश्लेषित एवं व्याख्यायित किया गया है।

शोध के उद्देश्य :

1. प्राचीन काल से जाति व आरक्षण व्यवस्था भारतीय समाज में व्याप्त है, जिसके सामाजिक, राजनीतिक प्रभावों को इंगित करना। आरक्षण का ऐतिहासिक एवं विश्व परिप्रेक्ष्य में जानकारी करना।
2. गुर्जर जाति का इतिहास, गुर्जर जाति का परिचय प्राप्त करना।
3. भारतीय लोकतन्त्र में जाति व्यवस्था के साथ-साथ वर्तमान में आरक्षण के मापदंडों की समीक्षा करना।

शोध क्षेत्र – शोध क्षेत्र राजस्थान के चार जिले झालावाड़, दौसा, करौली एवं भरतपुर है। चारों जिलों में गुर्जर समुदाय बहुसंख्य मात्रा में निवासरत् है एवं राजस्थान में गुर्जर आंदोलन के प्रारंभ से ही चारों जिलों में आंदोलनकारी सक्रिय रहें तथा यहा आंदोलन अपने चरम पर रहा।

अवलोकन की इकाई – अवलोकन की इकाई चारों जिले से 75-75 गुर्जर समुदाय के व्यक्ति है, इस प्रकार अध्ययन हेतु कुल 300 गुर्जर समुदाय के लोगों का साक्षात्कर किया गया।

निदर्शन विधि – राजस्थान के चारों जिलों झालावाड़, दौसा, करौली एवं भरतपुर से 75-75 गुर्जर समुदाय के व्यक्तियों जिन्हें आंदोलन के बारे मे कुछ जानकारी थी या जिन्होंने आंदोलन के लिये संघर्ष किया, कुछ ऐसे व्यक्तियों का चयन भी किया गया जिन्हे आंदोलन के दौरान जेल जाना पड़ा। इस प्रकार चारों जिलों से अध्ययन हेतु गुर्जर समाज के 300 व्यक्तियों का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि से किया गया है।

तथ्य संकलन की विधि:

1. प्राथमिक आकड़ो का संकलन साक्षात्कार एवं समूह चर्चा आदि के माधयम से शोध के उद्देश्यों के अनुरूप किया गया है।
2. द्वितीय समकों के लिए पत्र पत्रिकाओं, अध्ययन से संबंधित पूर्व अध्ययन, गुर्जर समाज की पत्रिकाएँ एवं इंटरनेट की सहायता से तथ्यों को एकत्रित कर किया गया है तथा प्राप्त तथ्यों को उद्देश्यानुसार वर्गीकृत एवं विश्लेषित किया गया है।

राजस्थान में गुर्जर आरक्षण आंदोलन : मुद्दे, कार्यपद्धति एवं परिणाम : 1857 की क्रान्ति के साथ ही गुर्जर जाति को एक आन्दोलनकारी रूप में देखा गया। 1950 से गुर्जरों ने आरक्षण की लड़ाई जारी रखी है। राजस्थान में गुर्जरों को जनजातिय दर्जे में आरक्षण का संघर्ष 1981 से जारी है। 1857 में ब्रिटिश सरकार ने गुर्जरों को एक आपराधिक जनजाति के रूप में पहचाना, क्योंकि गुर्जरों ने औपनिवेशिक साम्राज्य के विरूद्ध लठों के साथ विद्रोह किया था। 1924 में आपराधिक जनजाति कानून के अधीन गुर्जर समेत अन्य जनजातियों के विषयान्तर्गत कठोर नियमावली का निर्धारण किया। 1950 के अन्त में प्रथम बार गुर्जरों ने जनजाति में सम्मिलित होने के लिए प्रथम बार आन्दोलन किया।

1951 में तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इसी कानून को पुन: दोहराया। 1954 में मीणा समेत अन्य जनजातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में सम्मिलित किया गया। राजस्थान के द्वारा गुर्जरों की पूर्ण उपेक्षा की गई और तथ्यात्मक बात कही गई कि गुर्जर एक आपराधिक जनजाति है। उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मीणाओं के समान ही खराब है लेकिन बद्तर या बहुत खराब नहीं है। 1981 में गुर्जरों को पिछड़ा वर्ग जाति के रूप में पहचाना गया।

1993 में गुर्जर समुदाय को अपिव की सूची में सम्मिलित किया गया। 2000 में गुर्जरों ने जनजाति के दर्जे हेतु पुन: आन्दोलन प्रारम्भ किया। कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला ने आन्दोलन शुरू किया।

2003 के राजस्थान विधान सभा चुनाव से पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने गुर्जर समुदाय से कुछ वायद किए थे। किन्तु भाजपा सरकार के चार वर्षो तक गुर्जर विषय पर बरती गई शिथिलता और वायदा भूल जाने की प्रतिक्रिया स्वरूप गुर्जरों ने 21 मई, 2007 को अनेकों स्थानों पर रेल रोको आन्दोलन के तहत संघर्ष प्रारम्भ किया। परन्तु राज्य सरकार ने गुर्जर आरक्षण की घोषणा के बाद भी एक भी राजनीतिक व प्रशासनिक अधिकारी ने गुर्जर समुदाय से सम्पर्क तक नहीं किया।

राजस्थान में गुर्जरों के अनुसार कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत (45,47,312) एवं सरकार के अनुसार 6 प्रतिशत (33,88,387) गुर्जर समुदाय है। यह समुदाय अति पिछड़ा है और भरतपुर संभाग में कुछ ज्यादा ही पिछड़ा हुआ है।

गुर्जर आरक्षण हेतु तर्क – गुर्जरों की वर्तमान केन्द्रीय व राज्य स्तरीय सांख्यिकीय स्थिति व स्तर की बात की जाए तो राज्य में उनकी स्थिति अत्यन्त ही दुर्दशापूर्ण है। समुदाय के लोग आज भी कम्बल, धोती, गमंछा लपेट कर रहते हैं। सम्पूर्ण राष्ट्र व राज्य के लोग बड़ी ही तीव्रता से अपना विकास कर रहे हैं, परन्तु गुर्जर समुदाय के लोग प्रतिस्पर्धा की क्षमता नहीं रखते। सम्पूर्ण राष्ट्र हर क्षेत्र में तीव्र गति से आगे की ओर बढ़ रहा है लेकिन गुर्जर समाज का बहुसंख्यक समुदाय आज भी राजस्थान में पशुओं जैसा जीवन जीने को विवश है।

लोकुर कमेटी ने अनुसूचित जनजाति के निश्चित निर्धारण सामुदायिक लक्ष्यों को ध्यान में रखकर निर्धारित किए। निर्धारण का मूल संकेतात्मक आधार घोर आदिम लक्षण है। उनकी विशेष आदिम संस्कृति भौगोलिक अलगाव, अन्य समुदाय से मेलजोल में संकोच आदि ऐसे लक्षण हैं जिसके कारण यह समुदाय व्यापक स्तर पर पिछड़ा हुआ है। वर्तमान में राष्ट्रीय जनजातीय निती के अनुसार 700 के लगभग अनुसूचित जनजाति के विभिन्न समुदाय एवं जातिया हैं। अत: गुर्जर इन्हीं लक्षणों के आधार पर जनजातीय आरक्षण के दर्जे की मांग करते हैं।

गुर्जर समाज द्वारा आरक्षण के तर्कों के आधार पर यह प्रतित होता है कि समाज द्वारा आरक्षण की मांग तो उचित है किन्तु आरक्षण प्राप्त करने के उनके तरीके अनुचित है जैसे – रेल रोको आंदोलन, सरकार की अवज्ञा, अधिकारियों के साथ हिंसा एवं सरकारी सम्पत्ति का हानि पहुचांना आदि।

आन्दोलन के परिणाम पर दृष्टिपात करें तो 31 मई, 2007 को सवाई माधोपुर के बौंली में पुलिस गोलीबारी से 4 लोगों की मौत हुई। आन्दोलनकारियों ने बौंली थाने से 8 राइफलें लूटीं। एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर आगजनी की घटनाएं हुई। एस.टी. आरक्षण के विरोध में मीणा समाज ने जाम खुलवाने हेतु प्रयास किया। मीणाओं ने गुर्जरों को पहुंचने वाली खाद्य सामग्री को रोका।

1 जून, 2007 को गुर्जर व मीणा समुदाय में जातीय संघर्ष प्रारम्भ हुआ। आपसी संघर्ष में चार लोग मारे गए व 50 घायल हुए। दिल्ली, आगरा सहित विभिन्न स्थानों को जाने वाली 40 से अधिक रेलें रद्द की गई। राज्य के 28 रोडवेज डिपो में एक भी बस नहीं चली। राजे ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। 2 जून, 2007 को आन्दोलनकारी सरकार से वार्ता करने के लक्ष्य से 6 शवों के साथ पीपलखेड़ा और पाटोली में धरने पर बैठे। कर्नल किरोडी सिंह बैंसला और मुख्यमंत्री की वार्ता असफल रही। किरोड़ीलाल मीणा ने 22 जनजातीय नेताओं के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की और दिल्ली जाने को कहा।

4 जून, 2007 को सरकार व गुर्जर नेताओं में समझौता हुआ और उग्र आन्दोलन समाप्त हुआ। अब तक 25 लोगों की जानें गई। आन्दोलन के दौरान 200 से अधिक मामले दर्ज। सम्पूर्ण राज्य व उससे बाहर 237 स्थानों पर 14.44 करोड़ की राष्ट्रीय सम्पत्ति की क्षति हुई।

8 जून, 2007 को गुर्जर नेताओं ने मुकदमे वापस लेने के दबावकारी लक्ष्य से पुष्कर में गुर्जर महा पंचायत की बैठक बुलाई। गुर्जर समाज दो खेमों में विभाजित हुआ। कांग्रेस नेता गोविन्दसिंह गुर्जर के नेतृत्व में नवीन गुर्जर आरक्षण संघर्ष मोर्चा गठित हुआ। 18 दिसम्बर, 2007 को राज्य मंत्रिमण्डल ने निर्णय लिया कि रिपोर्ट दिल्ली भेजी जाएगी। गुर्जरों को विशेष पैकेज देने के लिए समिति का गठन। कर्नल बैंसला ने मंत्रिमण्डल के निर्णय को अस्वीकार किया। 17 जनवरी, 2008 को गुर्जर सहित 4 घुमंतु जातियों को 6 प्रतिशत आरक्षण का सिफारिशी पत्र राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को भेजा। 8 मई, 2008 को गुर्जर बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के लिए वसुंधरा सरकार ने 282 करोड़ का विशेष पैकेज दिया।

गुर्जर आरक्षण के द्वितीय चरण का आन्दोलन : कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के नेतृत्व में गुर्जर आरक्षण की मांग के द्वितीय चरण की मांग हेतु 21 मई को रेल रोको आन्दोलन की रूपरेखा व वार्ता की गई। गुर्जर समुदाय के लोग गोपनीय रास्तों से भरतपुर के डुमरिया गांव पहुंचे। डुमरिया गांव में ही कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने बैठक आयोजित की और रेल रोको आन्दोलन का आह्वान किया और कहा कि उन्हें पूरे समाज का समर्थन है। प्रतिक्रियास्वरूप राज्य सरकार ने शान्ति व व्यवस्था के लक्ष्य से 34 गुर्जर नेताओं को गिरफ्तार किया। शान्ति व्यवस्था हेतु 12 पुलिस अधीक्षक तैनात किए गए। स्वयं एडीजी ने हिण्डौन में कैम्प लगाया। वहीं आर.ए.सी. ने सवाई माधोपुर में फ्लैग मार्च किया। 27 पुलिस कम्पनियां तैनात की गई। प्रथम दिवस से ही आन्दोलन में मतभेद दिखाई दिया। खण्डार के 50 गुर्जर बाहुल्य गांवों ने आन्दोलन में भाग नहीं लेने की घोषणा की।

रामगोपाल गार्ड (अध्यक्ष राजस्थान गुर्जर महासभा) ने बैंसला के रेल रोको आन्दोलन के विरोध में कहा कि 'गुर्जर आरक्षण के नाम पर रेल व सड़क रोको आन्दोलन देशद्रोह है, महासभा इसका समर्थन नहीं करती।' महासभा पुलिस गोलीबारी में मरने वालों की बरसी पर 29 मई को आयोजित कार्यक्रम में शामिल नहीं होगी। राज्य सरकार के प्रतिवेदन पर अमल के लिए महासभा प्रतिनिधि 27 मई को नई दिल्ली में केन्द्रीय जनजाति मंत्री व जनजाति आयोग अध्यक्ष से वार्ता करेंगे।' राजस्थान गुर्जर महासभा की आरक्षण संघर्ष समिति के संरक्षक देवकीनन्दन गुर्जर (काका) की अधयक्षता में एक बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि मेवाड़ के गुर्जर रेल रोको आन्दोलन में भाग नहीं लेंगे। गुर्जर नेता प्रहलाद गुंजल के गुट ने भी बैंसला के आन्दोलन का समर्थन नहीं किया। अतर सिंह भड़ाना व हेमराज गुट ने भी रेल रोको आन्दोलन में भाग नहीं लेने की घोषणा की।

27 दिन (23 मई से 18 जून) के गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के बाद समझौते का परिणाम यह हुआ कि भाजपा नेतृत्व वाली वसुंधरा राजे सरकार ने (गुर्जर, बंजारा, गाड़िया लुहार व रायका– रैबारी) इन जातियों को 'अन्य पिछड़ा वर्ग की विशिष्ट श्रेणी' बनाकर इन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण राज्य स्तर की सभी सेवाओं, शिक्षा, पंचायतों और पालिकाओं में दिया गया। नवीन 5 प्रतिशत राजनीतिक और प्रशासनिक आरक्षण का वर्तमान आरक्षण (16 प्र.श. अजा, 12 प्र.श. अजजा एवं 21 प्र.श. अपिव) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

गुर्जर आंदोलन के अनुभवात्म विश्लेषण : साक्षात्कार से प्राप्त तथ्यों के आधार पर –गुर्जर समाज के 300 व्यक्तियों से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण एवं उनके दृष्टिकोण को स्पष्ट किया गया है। लैंगिक आधार पर उत्तरदाताओं के विश्लेषण से स्पष्ट है कि शोध में 38 प्रतिशत उत्तरदाता महिला एवं 62 प्रतिशत उत्तरदाता पुरूष है। उत्तरदाताओं की आयु पर दृष्टिपात करें तो सर्वाधिक उत्तरदाता 28.3 प्रतिशत 45 वर्ष से अधिक के है। वैवाहिक स्थिति के आधार पर देखे तो 54 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित है तथा 4.7 प्रतिशत

उत्तरदाता विधवा/विधुर है। उत्तरदाता शैक्षणिक स्थिति से स्पष्ट है कि 39.3 प्रतिशत उत्तरदाता स्नातकोत्तर तक तथा 21 प्रतिशत उत्तरदाता स्नातक तक शिक्षित है वहीं 28.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हायर सेकण्डरी एवं उससे कम शिक्षा प्राप्त कर रखी है।

शत प्रतिशत उत्तरदाता आरक्षण के बारे में जानकारी रखते है किन्तु 17 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से अनभिज्ञ है कि आरक्षण व्यवस्था कब से लागू हुई है। उत्तरदाताओं से ज्ञात किया गया कि क्या आपको वर्तमान में आरक्षण का लाभ प्राप्त हो रहा है तो 78 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें अतिपिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग श्रेणी में लाभ प्राप्त हो रहा हैं।

झालावाड़, करौली, दौसा एवं भरतपुर में गुर्जर आन्दोलन क्यों हुआ के प्रश्न पर सर्वाधिक 84.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आर्थिक पिछड़ेपन को इसका कारण माना, 54 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने जातिगत बहुलता को इसका कारण माना वहीं 44.7 का कहना था कि राजनीतिक जागरूकता के कारण गुर्जर आन्दोलन प्रारंभ हुआ।

गुर्जर आंदोलन उग्र होने के कारणों पर दृष्टिपात करें तो 93 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि सरकारों ने गुर्जर समाज के आर्थिक पिछडेपन को दूर करने के कोई प्रयास नहीं किये, 86.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि सरकार द्वारा गुर्जर समाज की उपेक्षा की गई, 74.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना धारा 3 के दुरउपयोग के आक्रोश के कारण वही 71 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है गुर्जर आंदोलन उग्र होने का कारण समकक्ष समाज, मीणा समाज का वर्चस्वशाली व्यवहार हैं।

आरक्षण आंदोलन से झालावाड जिले में कई लोगों के खिलाफ पुलिस मुकदमें दर्ज हुए, करौली जिले में आंदोलन के दौरान 9 व्यक्तियों की मौत हुई, दौसा जिले में आंदोलन के दौरान 40 लोगों की जान गई एवं करोड़ो रूपये की राजकीय सम्पत्ति की हानि हुई एवं भरतपुर जिले में आंदोलन के दौरान 11 लोगों की जान गई। 90 प्रतिशत उत्तरदाता गुर्जर आन्दोलन को लेकर सरकार व समाज के बीच हुए समझौते से असहमत हैं।

93.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं को राजस्थान के गुर्जर आंदोलन के नेतृत्वकर्ताओं पर पूर्ण विश्वास है क्योंकि उनके नेतृत्व का लाभ समाज को मिल रहा है। 55 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है की गुर्जर आरक्षण के कारण समाजिक सोच में बदलाव आया है। जैसे कि लोगों में एकजुटता बढ़ी, सामाजिक सामंजस्य बढ़ा है एवं सामाजिक सोच में विस्तार हुआ है। आंदोलन के बाद गुर्जर समाज का मीणा समाज के साथ मतभेद खत्म नहीं हुआ है।

58.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि गुर्जर आरक्षण से गुर्जर समाज की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति में बदलाव आया है। जैसे कुछ युवाओं को राजकीय सेवाओं में लाभ प्राप्त हुआ हैं। 65 प्रतिशत उत्तरदाताओं को देवनारायण योजना की जानकारी है की यह योजना आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिये बनाई गई योजना है।

आरक्षण के लाभ को लेकर उत्तरदाताओं का मानना है कि आरक्षण से शैक्षणिक स्तर में सुधार हुआ है, राजकीय सेवाओं में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। जिससे गुर्जर समाज आर्थिक रूप से सक्षम हुआ है। झालावाड़ जिले में 67 प्रतिशत, करौली जिले में 65 प्रतिशत, दौसा जिले में 55 प्रतिशत एवं भरतपुर जिले में 58 प्रतिशत व्यक्तितयों को अति पिछड़ा वर्ग (एम.बी.सी.) का लाभ प्राप्त हुआ है।

निष्कर्ष एवं समाधानात्कम सुझाव : निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि कई बार यह दावा किया जाता है कि आजादी के 75 वर्षों बाद के इस नवीन भारत में संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार का यथापूर्वक निर्वहन हो रहा है। भारत में सामाजिक संगठन की इकाई के रूप में जाति की प्रमुख भूमिका है भारत में वयस्क मताधिकार होने के बाद भी जाति जो शक्ति की राजनीति की एक संस्था है, को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्राचीन काल और वर्तमान के जातिवाद में अभी यह अंतर अवश्य है कि आज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति भी आरक्षण का लाभ उठाकर राजनीति में अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं और अपने समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। अध्ययन क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान गुर्जर समुदाय के द्वारा यह विचार भी प्रकट किए गए कि यदि हमारे समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा राजनीति में भागीदारी करेंगे तो वे अपने समाज के उज्वल भविष्य एवं विकास में भी सहायक होंगे।

राजस्थान राज्य का गुर्जर समुदाय एनसीआर के गुर्जर समुदाय से एकदम भिन्न है। वह न केवल आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं बल्कि अपने समाज की खराब परिस्थितियों के चलते तथा अपने समुदाय के उत्थान व विकास के लिए लगातार एसटी की श्रेणी का दर्जा प्राप्त कर उसी के अनुरूप आरक्षण पाने के लिए आजादी के बाद से ही कमोबेश संघर्ष कर रहा था। परंतु मई 2006 के बाद से तो काफी सजग सक्रिय रूप से आंदोलन कर रहा है।

इस शोध में यह पाया गया कि भले ही राजस्थान का गुर्जर समुदाय आजादी के बाद से ही एसटी की श्रेणी में शामिल होने एवं आरक्षण पाने के लिए मांग कर रहा था, परंतु इस मांग को उचित दिशा मई 2007 में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के नेतृत्व में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के द्वारा मिली। यद्यपि गुर्जर समाज अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल हो आरक्षण की मांग कर रहा था। परंतु आंदोलन के बाद इस मांग की जांच के लिए गठित कमेटी ने तो राजस्थान में इस समुदाय को विशेष पिछड़ा वर्ग (एसबीसी) का दर्जा दे अलग से 5 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश कर, न केवल गुर्जर मीणा समुदाय के मध्य जातीय संघर्ष को समाप्त किया बल्कि आंदोलन के दूसरे चरण में इस आंदोलन की मांग को ही बदल दिया। अब यह समुदाय एसटी श्रेणी को छोड़कर एसबीसी के 5 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे थे। जिसे बाद में एसबीसी से भी ज्यादा पिछड़ा हुआ मानकर 'अति पिछड़ा वर्ग' (एमबीसी) का दर्जा देकर 5 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की गई।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

पत्रों का प्रयोग किया गया है तथा प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाला गया।

सारणी क्रमांक - 1: औसत तापमान (सेल्सियस में)

माह	1981 -82	1991 -92	2001 -02	2011 -12	2021 -22
जनवरी	8	8.5	9.6	10	10.5
फरवरी	20	21.4	22.2	23	23.5
मार्च	23	24.5	25.8	26.2	27.4
अप्रैल	36	36.5	37.4	38.5	40
मई	38	40	40.5	42	44
जून	40	41	42	45	47
जुलाई	30	32.5	33.4	35	36
अगस्त	28	30.5	31.3	32.5	34
सितम्बर	25	26.6	27.8	28	30
अक्टूबर	23	23.5	24	25.7	28.3
नवम्बर	20	21.5	22.9	23.6	24
दिसम्बर	9	9.5	10	10.3	10.7

स्रोत - भारतीय मौसम रिर्पोट 2021



सारणी क्रमांक - 2: ऋतुवार औसत तापमान (सेल्सियस में)

ऋतु	1981 -82	1991 -92	2001 -02	2011 -12	2021 -22
ग्रीष्म	34.25	35.62	36.42	37.92	39.6
शीत	14.25	15.22	16.17	16.22	17.17
वर्षा	26.5	28.27	29.12	30.3	32.07



सारणी क्रमांक-2 से स्पष्ट है कि वर्ष 1981 मे ग्रीष्म ऋतु का औसत तापमान 34.25^0 से. था जबकी ग्रीष्म ऋतु का वर्ष 2021 का औसत तापमान 39.6^0 से. हो गया इससे स्पष्ट होता है की विगत 5 दशकों में ग्रीम ऋतु के औसत तापमान में 5.35 कि वृद्धि हुई है। यह वृद्धि 1991 में 1.37^0 से. 2001 में 0.8^0 से. तथा वर्ष 2011 में यह वृद्धि 1.5^0 से. दर्ज कि गई। वर्ष 1991 से 2001 के मध्य हुई तापमान में औसत कम वृद्धि का मुख्य कारण 1992 में हुये रियो डी जेनिरो के मौट्रोपोलियन प्रोटोकाल का कढ़ाई से पालन करना है।

इसी प्रकार वर्ष 1981 में वर्षा ऋतु का औसत तापमान 26.5^0 से. था, जबकि 2021 में 5.75^0 से. की वृद्धि के साथ 32.07^0 से. हो गया यह औसत क्रमश: 1991,2001,2011 में 28.27^0 से. 29.12^0 से., 30.3^0 से. दर्ज की गई। इसीतरह वर्ष 1981 में शीत ऋतु का औसत तापमान 14.25^0 से. था, जो 1991 में 15.22^0 से. 2001 में 16.17^0 से., 2011 में 16.72^0 से. तथा 2021 में 17.17^0 से. हो गया। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षो की अपेक्षा प्रत्येक ऋतु में औसत तापमान वृद्धि का मुख्य कारण मानवीय आर्थिक क्रियाये, वन विनाश आदि है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

मिट्टी पर प्रभाव - कृषि के मुख्य घटक के रूप में मिट्टी का महत्वपूर्ण स्थान है। अध्ययन क्षेत्र मे जलवायु परिवर्तन के कारण मिट्टी पहले से ही जैविक कार्बनिक हो रही थी अब मिट्टी की नमी और कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। मिट्टी में लवणता की वृद्धि तथा जैव विविधता का ह्रास हुआ है। भूमिगत जल स्तर प्रतिवर्ष नीचे तथा बाढ़ एवं सूखा जैसी आपदाओं के कारण मिट्टी का क्षरण हो रहा है परिणाम स्वरूप मिट्टी में बंजरता बढ़ती जा रही।

फसलों पर प्रभाव - अध्ययन क्षेत्र मे जलवायु परिवर्तन से मात्र फसलों का उत्पादन ही नहीं प्रभावित हुआ वरन् उसकी गुणवत्ता पर भी नाकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हुये है। अनाजों में पोषक तत्वों और प्रोटीन की कमी पाई गई है। जलवायु परिवर्तन का एक ही क्षेत्र में अलग-अलग प्रभाव दृष्टव्य हुये है।

जल संसाधन पर प्रभाव - जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि हेतु जल आपूर्ति भयंकर समस्या है। क्षेत्र में तालाब, पोखर, कुआँ जो जल स्तर को बनाये रखने में सहायक होते थे। कृषक अपने खेतों में अधिक से अधिक वर्षा जल का संचय करता था, किन्तु बाढ़ एवं सूखे की बारम्बारता के कारण पारम्परिक स्त्रोत समाप्त होते जा रहे है।

जीव - जन्तु पर प्रभाव - अध्ययन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन नें जीव-जन्तुओं को भी प्रभावित किया है। लम्बे समय तक चलने वाले ग्रीष्म ऋतु, शीत ऋतु तथा वर्षा ऋतु में अनेक जीव-जन्तुओं की प्रजनन क्षमता में वृद्धि से अपना जीवन चक्र पूरा करते थे। किंतु जलवायु परिवर्तन के कारण प्रकृति और जीव-जन्तुओं के मध्य अर्न्तसम्बन्धों में अत्यधिक परिवर्तन हुआ।

जैव विविधता पर प्रभाव - जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की उर्वता में कमी होने से पेड पौधों के स्वास्थ एवं उगने की क्षमता में ह्रास हुआ है, फलत: अनेक वनस्पतियां समाप्त होने की स्थिति में आ गई है। परिणाम स्वरूप यहां रहने वाले मानव व जानवरों में अनेक रोगों के आक्रमण से संकट में आ गये है क्योंकि वनस्पति उनके लिये महत्वपूर्ण संसाधन है।

समस्या:

1. जलवायु परिवर्तन से मौसम की अनियमितता में वृद्धि हुई है।
2. बाढ़ एवं सुखे की पुर्नावृत्ति के कारण मिट्टी की अम्लीयता में वृद्धि हुई

है।

3. जल स्तर में कमी तथा क्षारीयता में वृद्धि हुई है।
4. फसल उत्पादकता में कमी।
5. मानव की क्रिया शीलता में कमी आई है।

सुझाव:

1. विशैले पदार्थो व रेडियोधर्मी अपशिष्ट को रोकना।
2. झूम खेती कृषि पर नियंत्रण तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम को अनवरत जारी रखना।
3. फसल उत्पादन हेतु नई तकनीकों का विकास तथा उत्पादन विधियों में परिवर्तन के साथ खेती में जल का संरक्षण कारना।

निष्कर्ष – विगत 5 दशकों के जलवायविक आकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि जलवायु परिवर्तन का कृषि वनस्पति, जीव–जन्तु, जल संसाधन एवं जैव विविधता पर प्रभाव परिलक्षित होने लगे हैं। अगर समय रहते जलवायु परिवर्तनों के कारण और उसके प्रभावों को नहीं रोका गया तो यह एक विकट समस्या का रूप धारण कर लेगे। अत: प्रस्तुत सुझावों का कढ़ाई से पालन करते हुए तथा जनजागरुकता के माध्यम से उपरोक्त प्रभाव को रोका जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिंहा मेघा (2001) पर्यावरणीय समस्या और संसाधन, बंदना पब्लिकेशन नई दिल्ली।
2. सिंह संतनाम (2008) कृषि भूगोल यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन नई दिल्ली।
3. जिला सांख्यिकी पुस्तिका (2021) जिला सांख्यिकी कार्यालय, जबलपुर।
4. सक्सेना हरिमोहन (2001) पर्यावरण एवं पारिस्थतिकी राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर।
5. Review 2000 Geographical Review of India, Vol- 62,No 1-4
6. Mamona C-B- (1960), Agricultural problems in India Kitab mahal- Atlaha badi G-P- 3rd edi.
7. तिवारी, डॉ. अजय, (2007) कृषि की प्रमुख समस्याएं सतपुड़ा क्षेत्र के संदर्भ में उत्तर भारत भूगोल पत्रिका अंक– 21 पृ. 143।
8. पाण्डेय, जे. एन. और एस. आर. कमलेश (1999) कृषि भूगोल बसुंधरा प्रकाशन गोरखपुर।
9. Singh Jasbir and Dhillonss (1984) Agricultural Geography Tata Mc Growill Publishing Company Limited New Delhi P-P- 127- 128A
10. भारतीय मौसम रिर्पोट 2021

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मानवीय मूल्यों का प्रासंगिक महत्व

डॉ. शिवानी शर्मा * राजश्री रतावा डॉ. राजेश कुमार शर्मा *****

* शोध निर्देशक, भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत
** शोधार्थी, भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर(राज.) भारत
*** भगवंत विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

शोध सारांश – 'मूल्य' शब्द का अलग-अलग भाषाओं में अलग-अलग अर्थ होता है। अच्छा, सुन्दर, इच्छित, वांछित, वेल्यू, उपयोगिता इत्यादि। किन्तु मानवीय व्यवहार में 'मूल्य' का अर्थ आत्मशुद्धि, इन्द्रिय निग्रह, आत्म संयम, शुद्ध आचरण, सहज जीवन इत्यादि के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। इन सभी गुणों को आत्मसात करना हर भारतीय का कर्त्तव्य है क्योंकि मूल्य हमारी पहचान होते हैं यदि हम इन मूल्यों से अपरिचित रहते है, अनभिज्ञ रहते हैं तो हम अनैतिक बन जाते है। आध्यात्मिकता के अर्थ में हमारे मूल्य है सत्य, अहिंसा, शुद्धता, अच्छाई। यथार्थवादी अर्थ में मूल्य का संबंध सत्य, ईमान, अहिंसा, प्रेम, मानवीय सद्क्रमों से है। आदर्शवादी अर्थ में मूल्य को सत्ता व ज्ञान की विशिष्टता कहा गया है। अत: मूल्य ही हमारी पृष्ठभूमि है, मूलाधार है, मूल्य ही विषय और विषयी का तादात्म्य कराता है तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाता है। भारतीय आचार्यो ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारो पुरूषार्थी को मूल्य रूप में वर्गीकृत किया है। मानवीय मूल्य जो व्यक्ति की उपयोगिता या महत्व को बढाते हैं उसे भीड़ से अलग बनाते है वे है – सामाजिक मूल्य, पारिवारिक मूल्य, ग्राम्य मूल्य, वर्गीय मूल्य, महानगरीय मूल्य, संपत्ति एवं रोजगार संबंधी मूल्य, प्रणयगत मूल्य, नैतिक मूल्य, सांस्कृतिक मूल्य, धार्मिक मूल्य, अंतर्राष्ट्रीय मूल्य, राष्ट्रीय मूल्य आदि। इन सभी मूल्यों को अपनाकर व्रूक्ति अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है तो राष्ट्र के चहुमुखी विकास में अपना योगदान भी दे सकता है। यदि व्यक्ति इन मूल्यों से परिचित नहीं होगा तो वह अपने अधिकारो को, कर्तव्यों को भी नहीं जान पाएगा वह आपके युग में धरती पर बोझ या पशु के रूप में विचरण करने योग्य रह जाएगा। युगीन परिस्थितियों को देखते हुए मानव का व्यवहार में परिवर्तन लाना, कार्यो में योगदान देना, सही-गलत को पहचानना, भविष्य के लिए जागरूक होना आदि के महत्व को समझकर जीवन में स्थापित करना ही श्रेष्ठ व्यक्ति की पहचान होती है।

प्रस्तावना – मूल्य बोध एक व्यावहारिक एवं आदर्शसूचक चिन्तन हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण का साधन हैं। भारतीय ऋषि मुनियो ने जीवन को उत्तम बनाने व आनन्द की प्राप्ति करने के लिए ऐसे मूल्यों की रचनपा की जिनका अनपुसरण कर व्यक्ति इस लोक में सुखी रहकर परलोक में भी सुख को निश्चित करने में सक्षम बनता हैं। मूल्य का समानार्थी शब्द है पुरूषार्थ और ये पुरूषार्थ (मूल्य) है- धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। धर्म में सामाजिक और नैतिक मूल्य आ जाते हैं , अर्थ का संबंध भौतिक मूल्यों से है, काम में सौन्दर्य और कला संबंधी सभी मूल्य सम्मिलित है और मोक्ष में आध्यात्मिक मूल्य आ जाते है। आध्यात्मिक मूल्य भौतिक मूल्यों से ऊँचे अवश्य हैं, किंतु उनकी उपेक्षा नहीं करते। भौतिक सोपानों द्वारा ही आध्यात्मिक की प्राप्ति होती है।

मानवीय मूल्य ही मनुष्य में मनुष्यता लाते है अन्यथा पशु व मानव एक समान होते है। मनुष्य का आचरण, उसके गुण उसे पहचान देते है।

'येषां न विद्या न तपो न दानं
ज्ञानं न शीलं गुणो न धर्म: ।
ते मर्त्यलोके भुविभारभूता
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ॥'

अर्थात् जिस मानव के पास न विद्या, न तप है, न दान है, न ज्ञान है, न सदाचार है और न ही धर्म है, वे मनुष्य इस धरती पर भार के समान है अर्थात् निरर्थक जीवन जी रहे है और मनुष्य के भेष में वे पशु के समान विचरण कर रहे है।'[2]

वास्तव में मूल्य जीवन के दिशा निर्देशक, पथ प्रदर्शक व उद्धेश्य हैं जिनसे व्यक्ति के चरित्र का निर्माण होता हैं। सयामाजिक प्राणी को मानवीय मूल्यो का निर्धारण करना आवश्यक है। दिनकर के शब्दो में 'मूल्य आचरण के सिद्धान्तो को कहते हैं। मूल्य वे मान्यताएॅ है, जिन्हें मार्गदर्शक, ज्योति मानकर सभ्यता चल रही है और जिनकी उपेक्षा करने वालो को परम्परा अनैतिक, उच्छृड्.खल या बागी कहती है।'[3]

समाज द्वारा मूल्यो की स्थापना करना ही काफी नहीं है व्यक्तियों द्वारा उसे आचरण में लाना आवश्यक है जिसके लिए व्यक्तिगत सोच का विकसित होना अत्यन्त आवश्यक हैं। 'हम मानते है कि एक प्रतिमानो का, सब मूल्यो का स्त्रोत मानव का विवेक हैं, वही उसे सदासद का ज्ञान देता है- फिर उसे सत् और असत् का क्षेत्र चाहे जो हो।'[4]

'मूल्य' के सम्बन्ध में कुछ भारतीय व पाश्चात्य विद्धानों के विचारो को जाने तो –

डॉ. बैजनाथ सिंहल के अनुसार 'प्रत्येक उपलब्धि जीवन को प्रभावित करती है। उपलब्धि का यह प्रभावशाली सूक्ष्म रूप ही मूल्य है।'[5]

ऑसफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार- 'मूल्य मानव इच्छाओं की संतुष्टि करने वाली वस्तुएॅ हैं, इच्छा की पूर्ति से सुख होता हैं इवसलिए सुखानुभूति में मूल्य की अनुभूति है।'[6]

केन के अनुसार- 'मूल्य वे आदर्श एवं विश्वास या नियम हैं जिन्हें कोई समाज या समाज के अधिकांश लोग अपनाते है।'[7]

अत: मूल्य 'वेल्यू' से बना है जो किसी का भी महत्व बढ़ा सकता है चाहे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक, क्रियात्मक, लाक्षणिक इत्यादि कोई भी क्षेत्र क्यों न हो। शेशवावस्था से ही बालक में परिवार के द्वारा मूल्यो की स्थापना करना आरम्भ कर दिया जाता है जिसको हमें जीवनपर्यन्त हमारे व्यवहार में रखना होता है।' नैतिक मूल्य जीवन की महत्वपूर्ण धरोहर है। इनकी सुरक्षा के दायित्व का निर्वाह करना हमारा प्रथम कर्तव्य हैं। संस्कृत की यह पंक्ति सत्य व चरितार्थ होती है कि –

'वृत्यत्नने संरक्षेत वितमेति च यति च।'

अर्थात् धन जो आता है चला जाता हैं, लेकिन चरित्र जाकर वापस नहीं आता है इसकी हमें यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए।'[8]

वर्तमान परिपेक्ष्यमें यदि बात की जाए तो सत्य, पेम, सेवा, शांति, अहिंसा,करूणा, परोपकार, त्याग इत्यादि वे मानवीय मूल्य है जिनको अपनाकर हमारे देश के महापुरूषो ने अपना जीवन अमर किया। वे आज भी हर भारतीय की पहचान बने है, हर भारतीय का गौरव है। सम्पूर्ण विश्व के कुछऐसे युग प्रवर्तक नेता है जिनमें महात्मा गॉधी, मार्टिन लूथर, वाक्लव हेवेल, मदर टेरेसा, नेल्सन मंडेला, अब्राहम लिंकन आदि हुए जिनके मानवीय गुण उदाहरण बने वे है–

नि:स्वार्थता, गरिमा, न्याय के प्रति प्रेम और लगाव, स्नेहिल व्यवहार, अंहिसा व शान्ति से प्रेम, परोपकारिता, सहानुभूति इत्यादि।

वर्तमान पीढ़ी के लिए आदर्श बने हमारे कुछ प्रशासक जिनमें एम.एस.स्वामीनाथन, वर्गीस कुरियन, सी.डी. देशमुख, वी.पी.मेनन, कृष्णमूर्ति, ई.श्रीधरन, वर्गीसकुरियन, सैमन पित्रोदा, आई.जी.पटेल का नाम प्रमुख है। इनका व्यवहार, इनके गुण ही इनकी उपलब्धियों की सीढ़ी बने वे मानवीय गुण जो इनके पथ प्रदर्शक थे वे है–

भेदभाव का विरोध, सत्यनिष्ठता, अनुशासन, सामाजिक समानता, साहस, कानून के प्रति सम्मान, कर्तव्यपरायणता, भाईचारा इत्यादि।

समाज सुधारकों का संघर्ष एवं विचारधाराओ का समाज व देश के विकास में बहुमूल्य योगदान रहा। सामाजिक कुप्रथाओं, खोखली परम्पराओ का जिन्होने पुरजोर विरोध किया उनमें थे — राजाराम मोहनराय, स्वामी विवेकानन्द, गुरूनानक दउेव, कबीर, ईश्वरचन्द विद्यासागर इत्यादि। इन्होने अपने शील गुणो व दूरदर्शिता से समाज का पुनरोत्थान किया इनसे प्राप्त मूल्य है–

मानवतावाद, गरिमामय व्यवहार, मानलवता के प्रति आदर, दयालुता, आत्मसंतोष, सामाजिक समसता, तर्क व अन्वेषण से सत्य की खोज इत्यादि।

अत: हमारे पूर्वजो का व्यक्तित्व हमारे लिए आदर्श बन सकता है केवल इनके बारे में पढ़कर लिखकर या बोलकर नहीं बल्कि इनकी चारित्रिक विशेषताओं को अपने व्यवहार में अपनाकर इन्ही आदर्शो से वर्तमान समाज के चहुँमुखी विकास में युवा अपना बहुमूल्य योगदान दे सकता हैं इसके लिए आवश्यकता है तो इस आत्मसातिकरण की। बालक में इन गुणो का विकास करने में कई ईकाईयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है–

परिवार की भूमिका – समाज की प्राथमिक इकाई है परिवार जहां बच्चे का सामाजिकरण होता है या यूं कहे बालक की प्रथम पाठशाला है परिवार और प्रथम गुरू है मां ! परिवार व परिवार के सदस्यो द्वारा ही बच्चा सामाजिक आचरण से परिचित होता है वह प्रेम, त्याग, परोपकार, आज्ञापालन सहयोग का पाठ यही से सीखता है और सद्भावनाओ को विकसित करता है इसके लिए उचित माहौल की आवश्यकता भी होती है जो कि परिवार के सदस्यो द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। विज्ञान भी कहता है जिस परिवार में संबंध अच्छे रहते है खुशहाल माहौल रहता है उस परिवार के बच्चे सफलता प्राप्त करते है, वे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते है।

वर्तमान समय में जहां आपसी मनमुटाव का माहौल होता है वहां पर बच्चे अपराधी प्रवृत्ति के ही नजर आते है अत: बच्चो के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए उचित मूल्यो की स्थापना परिवार के माध्यम से ही की जा सकती है। परिवार ही बालक को समाज का योग्य सदस्य बनाता हैं और आचरण संबंधी नियमों से परिचित कराता है।

समाज की भूमिका – 'समाज' शब्द व्यक्तियों के एक समूह के लिए प्रयुक्त होता है या यो कहे सामाजिक साहचर्य का वह रूप जहा व्यक्तियो का समूह एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में निवास करते है इनमें अन्त:पारस्परिकता, साझा या संगठित क्रियाकलाप व एकत्व की भावना होती है। समाज से सम्बन्धित नियम (नैतिक मूल्य) पूरे समूह को मानने होते है ये समाज एक गॉव, शहर, राज्य या देश हो सकता है जहां सभी के लिए समान व्यवहार अपेक्षित होता है। अनुसंधान में पाया गया कि किसी संगठन, व्यवसाय, संघ या संस्था के नैतिक मापदंड़ देश के प्रचलित मानदंडो से भिन्न नहीं हैं।

किसी सरकार की सफलता वहां के शासन व जागरूक जनता की भागीदारी पर निर्भर करती है और यह तभी संभव है जब वहां की शिक्षा व्यवस्था नागरिको के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हो। जनता के उज्जवल चरित्र से ही देश के विकास व आधुनिकीकरण को ऊर्जा मिलती है।

वर्तमान में जागरूकता और मीडिया के प्रतिनिष्ठा हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों को बोध कराने में सक्षम है आवश्यकता है तो उन गुणो को आत्मसात करने की।

शिक्षण संस्थानो की भूमिका – परिवर्तन के इस दौर में शिक्षा ही है जो व्यक्ति को लचीला बनाती है और सामाजिक बदलाव का नेतृत्व करती है। व्यक्ति को परिवर्तन अपनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करती है, किन्तु यह तभी संभव है जब शिक्षा बालक को बोझ न लगे, उसकी स्वतन्त्रता को बाधित न करें तभी वह जीवन में गुणात्मक व उच्चतर विकास कर पाने में सक्षम होगा और शैक्षणिक विकास के उदेश्य ज्ञानार्जन, सामाजिक न्याय, संस्कृति का संरक्षण, व्यक्तित्व का विकास, वैज्ञानिक मनोदशा का विकास, धर्मनिरपेक्ष मनोवृत्ति तथा लोकतंत्र आदि को अपना सकेगा।

अत: शिक्षा से ही समाज उच्च मूल्यो का संरक्षण कर विकास को प्रोत्साहन दे सकता है।

मानवीय मूल्यो की आवश्यकता या महत्व – आधुनिकता की अंधीदौड़ में दौडते हुए युवा, बच्चो या भारतीयो को मानवीय मूल्यो के महत्व को समझाकर ही कर्तव्यपथ से जोड़ा रखा जा सकता है अन्यथा कम्प्युटर मोबाइल ने अपराधी प्रवृति फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। तकनिकी विकास जहां राष्ट्र उत्थान में सहायक है वही बालको, विद्यार्थियो व युवाओ के लिए अभिशाप बन गया है। मनोरंजन के लिए जिस देश में साहित्य पढ़ा जाता था– कहानियो, उपन्यासो में चरित्र जिया जाता था, कविताओ का रसास्वादन किया जाता था उसी देश के कर्णधार इन किताबी ज्ञान को, आदर्शो की बातो को मजाक समझते है और पिछड़ेपन की पहचान बताते हैं। वे नई–नई मोबाइल ऐप से, सौशल मीडिया से अपने ज्ञान को बढ़ाते हैं जो

उन्हें मानसिक रूप से बिमार करता है और अपराधी प्रवृत्ति की और अग्रसर करता है इसके उदाहरण हम प्रतिदिन अखबारो में पढ़ सकते है ।

अत: इन बालको को युवाओ को इनके कर्त्तव्यो का ज्ञान कराना आवश्यक हैं इसके महत्व को समझाना अत्यन्त आवश्यक है–

दक्षिण्यं स्वजने दया परिजने शाठत्रं सदा दुर्जने
प्रीति: साधुजने नया नृपजने विद्वज्जने चार्जवम्।
शौर्य शत्रुजने क्षमा गुरूजने नारीजने धूर्तता
ये चैवे पुरूषा: कलासु कुशलास्तेष्वेव लोकस्थिति: ।।

अर्थात् अपने सगे–सम्बन्धियों के साथ उदारता, परिजनों पर दया, दुर्जनो के साथ दुष्टता सज्जनों से मित्रता, राजा के साथ नीति, विद्वानों से विनम्रता, शत्रुओ पर पराक्रम, वृद्धो के प्रति क्षमात, स्त्रियो के साथ चातुर्थ , जो मनुष्य इस प्रकार की कलाओ में निपुण होता है, उन्ही पर यह संसार स्थिर है।[9]

अत: परिस्थितिनुरूप अपने मूल्यो में परिवर्तन अत्यन्त आवश्यक होता है । मानवीय मूल्यो की उपयोगिता को निम्न रूप से समझा जा सकता है–

1. **उपयोगिता को समझने के लिए मानवीय मूल्य का महत्व –** वस्तु की उपयोगिता उसके मूल्य से आंकी जाती है, उसी प्रकार व्यक्ति की पहचान भी उनके 'मूल्य' होते है। 'ईमानदारी व्यक्ति का आभूषण है।' 'सच्चाई व्यक्ति को पहचान देती है।' 'कर्त्तव्यपरायण हमारे संस्कार है।' ये बाते बोलने में सुनने में बहुत अच्छी लगती है किन्तु हम इनका अनुसरण करके, इनको व्यवहार में लाके जिस गौरव का अनुभव करत है, आत्मविश्वास से जीते है वो हैं हमारी उपयोगिता। हमारे मन की वैचारिक शुद्धता, जीवनदाविनी तरंगे देने वाले विचार ही मूल्य होते है जो दूसरों के लिए भी आदर्श बनते हैं।

2. **संस्कृति को जानने के लिए –** हमारी भारतीय संस्कृति के अनेक मूल्य पहचान है। इन मानवीय मूल्यों का ज्ञान प्रत्येक देशवासी के लिए आवश्यक है। ये मूल्य हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है, इनके आधार पर हम सांस्कृतिक व्यवस्थाओं का ज्ञान प्रापत कर सकते हैं और सही गलत पर अपनी विचार रख सकते हैं।

3. **अधिकारों के ज्ञान के लिए –** प्रत्येक देश की संस्कृति, संरचना, नियम, अधिकार अलग–अलग होते हैं। अधिकारों की व्यवस्था मूल्य परम्पराओं के आधार पर होती है। जैसे– भारतीय महिलाएं व अमेरिकन महिलाएं दोनों के अधिकारों में अन्तर पाया जाता हैं, यह अन्तर वहां के समाज व संस्कृति की भिन्नता के कारण होता है, अत: अधिकारों की स्थिति व स्वरूप का ज्ञान मानवीय मूल्यों के ज्ञान पर निर्भर करता है।

4. **कर्त्तव्यों को जानने के लिए –** हमारे कर्त्तव्य हमारे मूल्यों पर ही आधारित होते है क्योंकि भारत में आध्यात्मिक ज्ञान को अधिक महत्व दिया गया है, इसीलिए हमारे कर्त्तव्य आदर्शोन्मुख है और अन्य देशों के भौतिकता पर आधारित पुरूष का पुत्र, पिता, भाई, पति रूपों में अलग कर्त्तव्य है तो व्यवसायिक क्षैत्र में आ गए। इसी प्रकार महिला के मां, पुत्री, बहू, भाभी, सास, दादी, पत्नी हर रूप में अलग–अलग कर्त्तव्य हैं और इन कर्त्तव्यों का निर्वहन ही जीवन का सार है। साथ ही भारतीय होने के कारण सबसे बड़ा कर्त्तव्य हमारे देश के प्रति होता हैं जो अत्यन्त आवश्यक है।

5. **मानवता को जानने के लिए मूल्य बोध :–** मानवता की प्रकृति व ज्ञान को समझने के लिए आवश्यक है कि मूल्यों का ज्ञान प्राप्त किया जाए जो सार्वभौमिक है। इसके लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मानवता को सम्पूर्ण विश्व में प्राथमिकता दी गई है जिसका उदाहरण हमने कोरोनाकाल में देखा, भारत हो या विदेश लोगों ने मानवता दिखाई और मरीजों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से सहायता की इस मूल्य से ही राष्ट्र का, विश्व का कल्याण संभव है।

6. **राजनैतिक स्थिति में मूल्य बोध –** राजनीति के उत्थान और पतन दोनों का कारण 'मूल्य' ही है। प्रत्येक राष्ट्र, राज्य में राजनैतिक स्थितियाँ अलग–अलग होती हैं। राम–राज्य की कल्पना करना आदर्शवादिता का घोतक है, अत: आध्यात्मिक मूल्य यहां प्रभावी दिखता हैं और जब इन मूल्यों का पतन होता है तो राजनेता अपने बाप को सेवक न मानकर शासक मान बैठता है, वह जनता का शोषण करता है, उसके हृदय में सेवाभावना का अभाव रहता है, अत: उसके मूल्यों का पतन हो जाता है इसलिए मूल्यों का ज्ञान एवं उसके महत्व को समझना अत्यन्त आवश्यक है।

7. **सामाजिक उत्थान में मूल्य बोध –** समाज में निहित नियमों, परम्पराओं को मानना व उनका अनुसरण करना सामाजिक व्यवस्था का पहलू है। जिस समाज में आदर्शोन्मुखी मूल्यों की व्यवस्था होगी निश्चित ही वह समाज उपलब्धियों, सफलताओं की ओर अग्रसर होगा। असामाजिक तत्वों का ज्ञान कराकर लोगों को उसके दुष्परिणामों से अवगत कराना भी सामाजिक उत्थान का कारक हो सकता है।

8. **शिक्षा व्यवस्था के लिए मूल्य बोध –** प्राचीन शिक्षा प्रणाली व नवीन शिक्षा प्रणालियों में पर्याप्त अन्तर है, इसका कारण है मूल्यों में परिवर्तन यसमय के साथ शिक्षा का परिवर्तित होना विकास करना है किन्तु आदर्शो को भूलना पतन का कारण बन सकता है, अत: हमें पाश्चात्य शिक्षा को न अपनाकर प्राचीन शिक्षा के नवीन स्वरूपों को आगे लाना चाहिए और मूल्य परक शिक्षा की ओर लोगों को अग्रसर करना चाहिए।

9. **जीवन दर्शन को समझने में –** दर्शन से मूल्यों को जोड़ा जाए तो कोई व्यक्ति आदर्शवाद को महत्व देता है तो कोई यथार्थवाद को, कोई भौतिकवाद को अपनाता है तो कोई प्रकृतिवाद को। वर्तमान में युवा व बच्चे प्रयोजनवादी दर्शन को अधिक महत्व दे रहे है और अपना रहे है क्योंकि आज का मानव तर्क व विज्ञान को खोजकर ही नवीन ज्ञान प्राप्त करता है, अत: विभिन्न दर्शनों को समझने के लिए मूल्यों को आधार बना कर सही गलत को जाना जा सकता है।

10. **पर्यावरणीय व्यवस्था का ज्ञान व मूल्य बोध –** पर्यावरण की स्वच्छता व प्रदूषण का कारण भी हमारे मूल्य है, हमारी अच्छी आदतें हमारे व्यवहार से हम पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रख सकते है। प्राचीनकाल में प्रदूषण का कोई नाम नहीं था क्योंकि मानव जीवन दर्शन व जीवन मूल्यों में समन्वय स्थापित करके रखता था। धीरे–धीरे आधुनिकता का प्रभाव ऐसा पड़ा कि भौतिकता हम पर हावी हो गई और हमने अपने कर्त्तव्यों व मूल्यों से मुँह फेर लिया जिसका हरजाना भी हमें कई बिमारियों, महामारियों के रूप में भरना पड़ा। वर्तमान में मानव पुन: यप्रकृति की और लौटा' जैसी विचारधाराओं का प्रसार कर स्वच्छता लाने का प्रयास कर रहा है।

अत: मानवीय मूल्य सम्पूर्ण विश्व के लिए आवश्यक है। जिससे सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक उत्थान संभव है क्योंकि हमारे मूल्य ही हमारी पहचान हैं।

साहित्य और मूल्य बोध – साहित्य के संदर्भ में मूल्यों का विश्लेषण किये बिना कोई भी लेखक मूल्य बोध की पहचान करने में असमर्थ है। साहित्यकार साहित्य में सृजनात्मकता लाने का सदैव प्रयास करता है और वह आती है

मूल्यों के समावेश होने पर। साहित्य 'स्वान्त: सुखाय' भी होता है तो 'बहुजन हितार्थ' भी। इसीलिए साहित्यकारों से अपेक्षा की जाती है कि उनका सृजन समाज कल्याण में सहायक सिद्ध हो और आने वाली पीढ़ियों के लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करें।

साहित्यिक मूल्य जीवन दर्शन से स्वत: उत्पन्न होते हैं, जीव जगत की गतिविधियां समय के साथ परिवर्तित होती है और दर्शन को प्रभावित भी करती है, वस्तुत: प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समाज के मूल्य भी बदलते रहते है। साहित्य में आनन्द व नीति दोनों का समावेश होता है। मनस्विता, तेजस्विता, धार्मिकता, उदारता, शीलता इत्यादि गुण साहित्य के माध्यम से मानव में प्रसारित होते है। साहित्य की दो पृष्ठभूमियां होती है - पहली निरपेक्षता, दूसरी पक्षधरता। इन दोनों के लिए दो भिन्न-भिन्न दृष्टियां कार्य करती है, जिनमें से एक दृष्टि परम्परावादी है तो दूसरी प्रगतिवादी। परम्परागत रूप से चली आ रही जीवन दृष्टि में जब गतिरोध आ जाता है और यह रूढ़ि या जड़ता में परिवर्तित हो जाती है, तब नवीन जीवन मूल्य इस जड़ता से संघर्ष करते है और अपना अस्तित्व स्विर कर लेते है, इस तरह साहित्य भी नवीनता लाता रहता है। आधुनिक युग में रचनाओं का केन्द्र बिन्दु मानव सोच पर आधारित रहा है। आधुनिक काल में भारतीय नव जागरण और अन्य सुधारवादी आन्दोलनों से नवीन समाज की उत्पति पर जोर दिया गया।

मूल्य परकता, साहित्य की कोई भी विधा हो कुछ विशिष्ट गुणों से अभिभूत रहती है, जैसे -

1. **विषयवस्तु की पूर्णता**
2. **मानवीयता**
3. **सत्यता**
4. **क्रमबद्धता**
5. **तटस्थता**
6. **मनोवैज्ञानिकता**

अत: हम कह सकते है कि मूल्यपरक साहित्य में जीवन का क्रमबद्ध व आदर्श ज्ञान होना साहित्यकार की कुशलता को प्रकट करता है।

निष्कर्ष - अत: वर्तमान भारतीय समाज में मूल्य बोध के विविध आयाम यदि देखे जाए तो धर्म निरपेक्षता, सत्य, अहिंसा और धर्म, सामाजिक समानता, सादगी और सरसता, विश्वबन्धुता, राष्ट्र प्रेम इत्यादि मानवीय मूल्यों का प्रत्येक देशवासी में होना आवश्यक है। धैर्य, क्षमा, दमन, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, धीर, विद्या, सत्य, अक्रोध आदि मनुष्य जीवन के सार्वभौमिक मूल्य है, जिनको व्यवहार में लाकर अच्छे नागरिक बनकर, राष्ट्र निर्माता बन सकते है। साहित्य, समाज व जीवन तीनों एक दूसरे के पूरक है। इन्हें उच्चतम मूल्यों से सिंचित कर हम जीवनधर्मी तत्वों, सामाजिक मूल्यों, सद्वृत्तियों का विकास कर सकते हैं।

'जीने का ध्येय बदलते ही
बदल जाता है जीवन
प्यार और करूणा से सोचें
तो जीने का अर्थ बदल जाता है।'[10]

मानवीय मूल्यों को अपनाने से वास्तव में जीवन का चित्र बदल जाता हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं इतिहास गवाह हैं कि भौतिकता सिर्फ मृगतृष्णा के समान हैं। बड़े-बड़े महलों के शासक राजा, महाराजाओं द्वारा निर्मित नगर, इमारतें आज अवशेष के रूप में मिलते है या लुप्त हो चुके हैं किन्तु कबीर, बुद्ध, गांधी, विवेकानन्द, दयानन्द सरस्वती के आदर्श चरित्र आज भी जीवित है। अत: भौतिकता की दौड़, अत्याचार और हिंसा के गहरे गर्त में भटके लोगों को आदर्श चरित्रों के मूल्यों की प्रासंगिकता को समझना चाहिए और आपसी मतभेद को त्याग, प्रेम, पूर्ण सौहार्द से रहना चाहिए।

'एक सुलह की शपथ
हो सकती है पर्याप्त संजीवनी
कि आंखे मलते हुए उठ बैठे
एक नया जीवन - संकल्प।।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अध्ययन और आस्वादन, गुलाब राय, पृ.सं. 6-7
2. नीतिशतकम् भर्तृहरि श्लोक, 13
3. आधुनिक बोध, रामधारी सिंह दिनकर, पृ.सं. 48
4. हिन्दी साहित्य,एक आधुनिक परिदृश्य : सच्चिदानंद, हीरानंद वात्स्थापन असेय, पृ.सं. 10
5. डॉ. बैजनाथ सिंह ; नयी कविता : मूल्य सीमांसा, 1981, पृ.सं. 98-99
6. रैनू चौधरी, मूल्य एवं नैतिक शिक्षण, पृ.सं. 8
7. वही, पृ.सं. 9
8. वही, पृ.सं. 2
9. नीतिशतकम् भर्तृहरि, श्लोक 22
10. कुँवर नारायण - कुमार जीव, पृ.सं. 135
11. वाजश्रवा के बहाने, कुँवर नारायण, पृ.सं. 91

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

पश्चिम ओड़िशा के लोकगीत: परम्परा एवं प्रयोग

गोविन्द नाएक *

* शोधार्थी,गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, सम्बलपुर (ओड़िशा) भारत

प्रस्तावना – ओड़िशा भारतवर्ष की पूर्वी दिशा में स्थित एक संस्कृति संपन्न राज्य है। ओड़िशा प्रदेश का गठन भारत स्वतंत्रता से पूर्व 1936 अप्रैल 1 को हुआ था। ओड़िशा प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र तथा पश्चिम ओड़िशा दस जिला को लेकर एक अलग सांस्कृतिक परंपरा सदियों से जीवित रखा है। इसी क्षेत्र को पश्चिमांचल, कौशल, दक्षिण कौशल, महाकौशल आदि कई नामों से अभिहित किया जाता है। पश्चिम उड़ीसा में ज्यादातर लोग आदिवासी संप्रदाय के लोग निवास करते हैं। ओड़िशा की राजभाषा ओड़िया है। परंतु पश्चिम ओड़िशा के दस जिला में कोसली या संबलपुरी भाषा का व्यवहार देखने को मिलता है। यह भाषा एक प्राचीन एवं सरस, लचीला और मधुर भाषा है। कोसली-सम्बलपुरी भाषा को भारतीय संविधान के अष्टम अनुसूची में शामिल करने केलिए समय समय पर अनेक भाषा आंदोलन देखने को मिलता है। यह भाषा इस क्षेत्र के सांस्कृतिक विरासत है। इस अंचल की कला, संस्कृति, लोकगीत, लोक नृत्य, लोक वाद्य, लोक साहित्य, अत्यन्त प्राचीन एवं समृद्धशाली है। जो एक अभिन्न सांस्कृतिक परम्परा को सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी नदी की स्वच्छंद जल धारा के समान प्रवाहित हो रहा है।

लोक गीत किसी भी जाति तथा समाज प्रमुख अंग है। इसके माध्यम से समाज के सभी गतिविधियों को अवलोकन किया जाता है। जिस गीतों का प्रयोग साधारण जनता द्वारा समाज में व्यवहार होता है, उसे लोकगीत कहा जाता है। जिस प्रकार शरीर को मजबूत बनाने के लिए खाना या खाद्य आवश्यकता ठीक उसी प्रकार मन की शान्ति के लिए संगीत की भूमिका महत्वपूर्ण है। सदियों से सामाजिक चेतना के साथ- लोकगीत का उदय हुआ है। धीरे-धीरे मानव में ज्ञान का विकास हुआ और उसने लयबद्ध वाणी में अपनी दु:ख-सुख की मनोदशा को कहना आरम्भ किया। यह वाणी लोक कंठ का आश्रय पाकर लोकगीत बनी। लोकगीत के सम्बन्ध में श्री सूर्यकरण काधारीक का मानना है कि 'आदिम मनुष्य हृदय के गाने का नाम लोकगीत है। मानव जीवन की, इसके उल्लास की उसके उमंगो की, उसकी करुणा की, उसके रुदत की, उसके समस्त कहानी इनमें चित्रित हैं।' अर्थात लोक गीत के माध्यम है समाज को सभी गतिविधिया, क्रिया कलाप, हाव-भाव, सहन, आचार-विचार, आदी के संदर्भ में एक विस्तृत विवरण- प्राप्त होता है।

पश्चिम ओडिशा एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां की लाके गीत बहुत प्राचीन होने के साथ- साथ महान भी है। सम्बलपुरी कोसली भाषा में इस क्षेत्र सुखरू दु:ख, हर्ष, उल्लास, मनोरंजन, खेल-कुद विभिन्न प्रकार की लोक गीतों के माध्यम से सुसज्जित है। जो अत्यन्त मनमोहक एवं आकर्षक है। सम्बलपुरी-कोसली भाषा अत्यन्त सरल संव मधुर है। इस क्षेत्र के लोकगीत यहां के लोक गीत के साथ पंचवाद्य (गणा बजा) का समन्वय हो जाता है, तो एक मधुर संगीत सृष्टि होता है। वाद्य-गीतों की मधुर ध्वनि के चलते लंगड़ा भी नृत्य करने के लिए उत्साहित होता।

पश्चिम ओडिशा में लोक व्यवहार की दृष्टि से इस क्षेत्र में अनेक प्रकार की लोकगीतों का व्यवहार देखने को मिलता है। सभी लोकगीत सामाज के जन जीवन के कार्य कलाप पर पर्यविक्षित है। पश्चिम ओड़िशा में जो लकि गीतों का व्यवहार होता है, उसका वर्गीकरण इस प्रकार से है -

1. कृषिपरक लोकगीत
2. आध्यात्मिक तथा धार्मिक लोकगीत
3. मनोरंजन परक लोकगीत
4. सामाजिक तथा संस्कार धर्मी लोक गीत
5. अन्यान्य

1. कृषिपरक लोकगीत – कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था को रीड है। देश के लगभग 18% आय कृषि उत्पादन से होता है। किसान देश का अन्नदाता है, पालन कर्ता है। खेती करना अत्यन्त कष्ट पूर्ण कार्य है। किसान वाल्यकाल से लेकर वृद्धावस्था तक कृषि कार्य करके सभी लोगों की भरपेट खाना खिलाता है। पश्चिम ओडिशा एक आदिवासी तथा कृषि प्रधान क्षेत्र रहा हूँ। बरंगड जिला को ओडिशा प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। इस क्षेत्र में अनेक प्रकार की कृषि प्रधान लोकगीत देखने को मिलता है। जैसे हलिया गीत, शगड़िया गीत, माडेन गीत, लटावछा गीत आदि।

(क) हलिया गीत – 'हेलिया' का शाब्दिक अर्थ होता है 'नौकर' कुछ जगह पर हलिया शब्द के लिए पश्चिम ओडिशा में थकान को भी कहा जाता है। यहां पर नौकर से अभिप्राय उनसे है जो अपने मालिक के घर में रहकर खेती-बाड़ी का काम करतें हैं। जमीन पर खेती करते समय हलिया या नौकर जिस आनंद, उल्लास और थकान के साथ गीतों का वाचन करता है या गाता है, वह हलिया गीत के रूप में जाना जाता है। हलिया गीतों की विषय वस्तु अत्यंत व्यापक है। खेती करते समय उसके मन में संसार की जितने भी दु:ख, कष्ट, पीड़ा का अनुभव होता है वह अत्यंत सुंदर ढंग से गीत के रूप में अपनी वेदना को प्रकट करता है और क्षण भर में उसके दुख दर्द वेदना समाप्त हो जाता है।

जैसे:

'बएला रे...ए...ए...ए
महाजन र जंजाल कुटुम्बर तो दु:ख
कुटुम्बर त दु:ख लागी
प्राणी मानकर केभे नाई सुख'

अर्थात 'बएला रे...ए...ए..ए' इस शब्द का प्रयोग किसान दो बैल को संबोधित करते हुए लय के साथ अपनी दुख दर्द वेदना को गीतों के माध्यम से प्रकट करता है। साहूकार के कर्ज के चलते किसान हमेशा चिंता ग्रस्त रहता है इसके साथ उसके परिवार की समस्याओं का भी जिक्र करता है ,कभी वह शांति से नहीं रहता। हलिया गीत के माध्यम से किसान जीवन की वास्तविकता चित्र मुखरित होता है।

(ख) शगडिया लोकगीत – शगडिया लोकगीत भी एक कृषि प्रधान गीत है। 'शगड' से तात्पर्य बैलगाड़ी से है। जब आधुनिक उपकरण तथा गाड़ी का निर्माण नहीं हुआ था तो फसल को एक जगह से दूसरी जगह तक लेने के लिए तथा लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक यातायात करने के लिए बैलगाड़ी का व्यवहार प्राचीन काल से हो रहा था। उसी समय बैलगाड़ी को जो दिशा प्रदान करते हैं तथा चलाते हैं उसे सगड़िया कहा जाता है, वह आनंदित होकर सुमधुर कंठ से जो गीत गाता है वह शगड़िया गीत के नाम से पश्चिम ओड़िशा में परिचित है।

'ए...ए...ए..ए
सेमिकु मडुआरे काकेरकू रांज
पांच माएझीरू गुरी काए कलारे दईब कला त बांज
....
काली गुरी दुई जन कले पौ जिऊतिआ
कालिर कुले बालक जनम
गुरीर कुल छुछारे'

2. आध्यात्मिक तथा धार्मिक लोकगीत – पश्चिम ओडिशा एक आध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थल रहा है। यहां के लोग मिट्टी को, पानी को, पेड़ की, जंगल को, नदी को, हवा को पूजा करते है। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने कारण यहां के लोग ज्यादातर देवी–देवता को अपने आराध्य तथा ईश्वर मानते है। इस क्षेत्र के आध्यात्मिक लाक गोतों में रू–रसरकेली, डालखाई, करमशानी, दंड गीत, संप्रदा, डका, देवगुनिया, कृष्ण गुरु आदि प्रमुख हैं–

(क) डालखाई – डालखाई लोकगीत पश्चिम ओड़िशा ही नही बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में बहुत विख्यात है। यह गीत अत्यन्त मधुर एवं मनमोहन है। लोग आनन्द उल्लास के साथ डालखाई गीत का प्रयोग करते हैं।

'डाला रे डालभाई रे
भादो मासे तो जिउतिया
कुआरी टुकिला माने धनरे
माँ के सुमरी उपासकरि
ददा भाईर लागी काए डालखाई रे'

(ख) करमशानी– मानव जीवन में कर्म या कार्य की भूमिक अत्यन्त महत्त्व पूर्ण है। मानव हमेशा अपने कर्म को आदर करता है। पश्चिम ओड़िशा के आदिवासी लोग कर्म की देवी करमशानी को ढोल,मादल बजाकर उपासना करते हुए आनन्द पूर्वक लोक गीतों में झूम उठते है। लोगों का विश्वास है कि कर्म शानी देवी को पूजा करने से फसल पर कीट नहीं लगते एवं फसल का उत्पादन भी बहुत होता है।

जुआर मां गो करमशानी
तोर पादे दईनी मां गो तोर पादे दईनी

3. मनोरंजन पार्क लोकगीत– मनुष्य हमेशा अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होता है। सामाजिक जीवन में किसी व्यक्ति को समय–समय पर दु:ख, कष्ट, वेदना आदि से गुजरना पड़ता पड़ता है जीवन को मनोरंजन बनाना कौन नहीं चाहता। पश्चिम ओड़िशा के लोग अपने दैनिक जीवन में अनेक मनोरंजन परक लोकगीत का व्यवहार करते हैं। विवाह, व्रत, पर्व त्योहार के समय गीत और वाद्य के साथ मौज मस्ती से झूम उठते हैं।इस क्षेत्र में अनेक मनोरंजन धर्मी लोकगीत देखने को मिलता है जो इस प्रकार से हैं, जैसे रसरकेली, जाईफूल माएलाजड़, जामुडाली, चपकराटी गलार।

(क)रसरकेली – रसरकेली पश्चिम उड़ीसा का एक बहुत प्रचलित एवं पसंदीदा लोकगीत है रसरकेली दो शब्द से मिलकर बना है 'रस' और 'केली' इसमें रसर शब्द का अर्थ 'रस युक्त' से है तथा 'केली' शब्द से आशय युवक–युवतियों के नोक झोंक से है। विशेष रूप से डालखाई लोकगीत का प्रयोग युवतियों द्वारा मुखरित होता है। इस गीत का प्रयोग पर्व, त्यौहार, विवाह, महोत्सव, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, कार्यक्रम में व्यवहार देखने को मिलता है।

4. सामाजिक तथा संस्कार धर्मी लोकगीत – मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इसके जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार देखने को मिलता है। विभिन्न प्रकार के संस्कार को लेकर भारत के सभी प्रांतों में अलग–अलग प्रकार के लोकगीत देखने को मिलता है। यहां गीत पीढ़ी दर पीढ़ी सदियों से मुखरित होता आ रहा है। पश्चिम ओड़िशा में विशेष रूप से अनेक प्रकार की संस्कार गीत देखने को मिलता है, जो इस प्रकार से है।

(क) कांदणा गीत– कांदणा शब्द का अर्थ रोना है। जब किसी लड़की शादी करके अपने ससुराल जाती है तो वह अपने मायके की सभी स्मृतियों को याद करके बहुत रोती है। वह अपने अतीत के चित्र को रो–रो कर सामने प्रकट करती है। यह गीत हृदय विदारक होती है जिसमें युवतियों की मन की भावना मुखरित होती है।

(ख) शोक गीत– शोक गीत का परंपरा ओड़िशा में अत्यंत प्राचीन है यह गीत अत्यंत करुणा दायक होती है। किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपने परिवार वाले उसी को याद करके, उसी के अतीत की घटनाओं को याद करके बहुत रोते हैं मृतक व्यक्ति के गुण का बखान करते हैं और अपने परिवार के भविष्य के बारे में चिंता करते हैं। लगभग सभी गांव में इस प्रकार की स्थिति देखने को मिलता है इसमें विशेष रूप से अपने प्रियतम व्यक्ति की मृत्यु पर बहुत शौक परिवेश उत्पन्न होता है।

निष्कर्ष – निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि पश्चिम ओड़िशा के लोकगीत अत्यंत प्राचीन एवं समृद्धशाली है। यहां के जनताओं के बीच लोकगीत का व्यवहार बहुत प्राचीन काल से चली आ रही है जिसका प्रयोग अपने दैनिक जीवन में देखने को मिलता है मानव मन की समस्त सुख दुख विडंबना लोकगीतों के माध्यम से उजागर होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ओडिआ लोक साहित्य और लोक संस्कृति – प्रो. कृष्ण चन्द्र प्रधान
2. पश्चिम ओडिशा के सांस्कृतिक विकासधारा– सूधीर कुमार साहू
3. लोक संस्कृति परिक्रमा– डॉ. महेंद्र कुमार मिश्रा
4. पश्चिम ओडिशा के लोक साहित्य का स्वरूप– डॉ. निमाई चन्द्र पंडा
5. ओडिआ लोकगीत और कहानी – डॉ. कुंज बिहारी दास
6. लोक साहित्य की भूमिका– डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय
7. लोक साहित्य के विविध आयाम– डॉ. परवीन निजाम अंसारी
8. हिंदी का प्रादेशिक लोक साहित्य– डॉ. नन्दलाल कल्ला
9. लोक साहित्य विज्ञान – डॉ. सत्येन्द्र

योग एवं समग्र स्वास्थ्य : एक अध्ययन

डॉ. आभा सैनी*

* प्रोफेसर एवं अध्यक्षा (राजनीति विज्ञान) जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना - कोरोना का समय काल और पूरी दुनिया में अपने स्वास्थ्य एवं जीवन शैली को लेकर बढ़ रही जागरूकता के कारण चिकित्सा की वैकल्पिक पद्धतियों का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। दवा की बढ़ती हुई कीमत और सस्ते और सुलभ चिकित्सा पद्धति होने के कारण सबसे लोकप्रिय पारंपरिक प्रणाली आज के समय में योग बन गई है।वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी आधुनिक समय में स्वास्थ्य से संबंधित सभी समस्याओं का समाधानऔर खराब जीवन शैली को बेहतर करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम योग है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य एक ऐसी पूर्ण शारीरिक मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति को दर्शाता है।जिसमें न केवल बीमारियों का अभाव हो बल्कि मानवीय खुशी और कल्याण की भावना भी निहित हो स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों का वर्णन भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा किया गया है।जिसमें शारीरिक मानसिक व्यक्तिगत सामाजिक आध्यात्मिक पर्यावरणीय और व्यवसायिक आयामों को इसमें सम्मिलित किया गया है।

आज के समय में बढ़ते हुए भौतिकतावाद में और तकनीकी प्रयोग की अधिकता ने मनुष्य के जीवन को तनावपूर्ण और बीमारियों से ग्रसित बना दिया है।यदि इनका वर्तमान समय में चिकित्सा का कोई वैकल्पिक विकल्प है।तो वह है योग और प्राकृतिक चिकित्सा मानव जीवन का मुख्य लक्ष्य शरीर को स्वस्थ रखते हुए समाधि के माध्यम से उस परम ब्रह्मा को प्राप्त करना है।आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यदि स्वास्थ्य के बारे में वर्णन किया जाए तो योग के माध्यम से ही शरीर मन और आत्मा को स्वस्थ रखते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

योग शब्द में यूज धातु है।जो समाधि संयोग और संयम हर्ष को देती है।इसलिए योग का अर्थ साक्षात रूप से ब्रह्मा से युक्त होना लिखा जाता है।पतंजलि के अनुसार ,'चित् की व्रतियों के निरोध का नाम योग है।'

योग का प्रारंभ वेदों से हुआ है। यजुर्वेद के एक मंत्र में यह कहा गया है।कि योगेश्वरवरीय का संपादक मनुष्य तत्वज्ञान के लिए पहले मन और धारनाओ व्रतियों को योग युक्त करता हुआ योगाभ्यास में लगता हुआ प्रकाश स्वरूप प्रक्रम परमेश्वर की ज्योति का निश्चय करके भली-भांति साक्षात करके आत्म कल्याण करता है, यजुर्वेद में यह स्वीकार किया गया है। ऋग्वेद में कहा गया है। कि योग के बिना विद्वान का कोई भी यज्ञ कर्म सिद्ध नहीं होता है।चाहे कर्तव्य कर्म हो अथवा आत्मसाक्षात्कार रूपी कर्म हो उपनिषद भगवत गीता आदि में भी योग का विशेष वर्णन और विशेष महत्व बताया गया है।

योग अनेक प्रकार का होता है।जिसमें हठयोग अर्थात दक्षिण स्वर और वाम स्वर दोनों की समता का नाम हो , मंत्र योग, ज्ञान योग, कर्म योग इसमें सम्मिलित है।विभिन्न प्रकार के योग के अनुसार अपनी-अपनी योग साधना की विधि होती है।महर्षि पतंजलि ने तीन प्रकार की साधना विधि का वर्णन अपने योग दर्शन में किया है।जिसमें उच्च कोटि की साधना (समाहित चित की साधना) मध्यम कोटि की साधना (अष्टांग योग की साधना) साधारण या निम्न कोटि की साधना(चंचल चित की साधना) सम्मिलित है।उच्च कोटि की साधना के लिए पूर्वजन्म से अर्जित योग रूप फल के स्वरूप जिन का चित् समाहित हो गया है। वे ही उत्तम अधिकारी है।इसमें अभ्यास वैराग्य और पर वैराग्य सम्मिलित है।मध्यम कोटि की साधना में महर्षि पतंजलि योग के आठ अंगों का विवेचन किया है।जिसमें यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान और समाधिनिहित है।निम्न कोटि की साधना में क्रिया योग है।जिसमें तप स्वाध्याय और ईश्वरप्राणी धान सम्मिलित है।

योग के पंच बहिरंग साधनों में प्राणायाम का महत्वपूर्ण स्थान है।क्योंकि प्राणायाम के द्वारा ही प्राण का नियंत्रण होता है।और इससे मन का नियंत्रण आसानी से हो जाता है।मन और प्राण दोनों का अत्यधिक घनिष्ठ संबंध है।अत: प्राण पर काबू प्राप्त करने के लिए मन पर काबू पाना अपने आप सरल हो जाता है। हठयोग प्रदीपिका के अनुसार प्राणायाम अलग-अलग प्रकार के होते हैं जिसमें सूर्यभेदन उजजीया भस्त्रिका भ्रामरी शीतली शीतकारी प्लाविनी है।

शरीर की विभिन्न व्याधियों और रोगों पर इन अलग-अलग प्राणायाम के माध्यम से बीमारियों को जैसे माइग्रेन, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, अनिद्रा इत्यादि को दूर किया जा सकता है। प्राणायाम ना केवल एक प्रकार का शारीरिक व्यायाम है। बल्कि इसका आध्यात्मिक और मानसिक प्रभाव भी होता है। यह व्यक्ति के स्नायु मंडल और ज्ञान तंतुओं की उन्नति करता है।और उसका प्रभाव मस्तिष्क पर पड़ता है। चेतना और बुद्धि की उन्नति होती है। मनुस्मृति में यह कहा गया है।कि जिस प्रकार सोना चांदी आदि धातुओं को अग्नि में तपाने से उनके मल दोष नष्ट हो जाते हैं उसी प्रकार प्राणायाम के द्वारा इंद्रियों के सभी दोष नष्ट हो जाते हैं इससे मानसिक शक्तियों का विकास होता है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है।

महर्षि पतंजलि के अनुसार स्थिर पूर्वक और सुख पूर्वक बैठने को आसन कहते हैं योगासन से शरीर पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त होता है।और आरोग्य की तरह प्राप्ति एवं रोग की निवृत्ति होती है।मांसपेशियों का वैज्ञानिक विधि से खिंचाव आंतरिक अंगों की मालिश और स्नायु तंत्र व्यवस्थित होने से साधक के स्वास्थ्य में सुधार होता हैशरीर के विभिन्न अंगों से संबंधित सभी बीमारियां

आसन एवं प्राणायाम से दूर होती है।संवेदना और क्रिया सुचारू रूप से चलती है।बुद्धि और प्रतिभा की वृद्धि होती है।अत: शारीरिक मानसिक बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए योगासन से उत्ताम अन्य कोई विकल्प नहीं है।

योग ना सिर्फ शारीरिक अभ्यास या व्यायाम है।बल्कि यह विचारों और कार्यों के बीच संतुलन और तालमेल स्थापित करने तथा स्वस्थ तन मन के लिए समावेशी दृष्टिकोण के साथ शरीर में ऊर्जा को व्यवस्थित करने का साधन है।योग की अपनी अलग-अलग धाराएं हैं सभी के अपने अपने सिद्धांत मकसद और अभ्यास की पद्धतियां है।लेकिन आज के दौर में मानव जाति को व्यापक स्तर पर जो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उसका समाधान चिकित्सा की इस वैकल्पिक और सुलभ पद्धति के माध्यम से संभव है।

योग के सूक्ष्म व्यायाम हल्के होते हुए भी लाभप्रद है।यह शरीर की मांसपेशियों और नस नाड़ियों को लचीला, पुष्ट और बलवान बनाते हैं। जोड़ों का दर्द , गठिया का दर्द आदि को इन सूक्ष्म क्रियाओं से ही दूर किया जा सकता है।अनेक असाध्य रोग जैसे रक्तचाप,स्नायु दुर्बलता गैस, लकवा आदि रोगों में इनका अभ्यास अत्यंत लाभकारी है। कमजोर व्यक्तियों, वृद्ध व्यक्तियों, हृदय रोगियों के लिए यह सूक्ष्म व्यायाम अत्यंत ही चमत्कारी प्रभाव दिखाते हैं। सूक्ष्म व्यायाम में पैरों की उंगलियों को मोड़ना, कलाइयों को मोड़ना,गर्दन का व्यायाम आदि सम्मिलित है। विभिन्न योगासन जैसे सूर्यनमस्कार, सर्वांगासन, नौकासन इत्यादि और विभिन्न प्रकार की योग मुद्राएं और योग बंध असाध्य रोगों के उपचार में काम आते है।

योगिक जीवन के तत्वों में आहार बिहार, आचार विचार (सकारात्मक सोच और दृष्टिकोण) व्यवहार और निंद्रा सम्मिलित है।ध्यान का अभ्यास योग साधना का मूल तत्व माना जाता है।यह व्यक्ति को आत्मबोध की तरफ बढ़ाता है।और उत्कृष्टता तक पहुंचाता है।शरीर शोधन शुद्धिकरण की क्रिया है।यह शरीर में इकट्ठे विशैले तत्वों को बाहर निकालती है।युक्त आहार सेहतमंद जीवन के अनुकूल भोजनऔर खानपान की सही आदतों को बताता है।योग निंद्रा शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति पाने की सर्वोत्ताम क्रिया है।यह सब क्रियाएं योग के द्वारा ही संभव हैआज के युग में अर्थ की प्रधानता होने के कारण मानव में सदाचार, न्याय, करुणा ,बंधुत्व, स्नेह- प्रेम और दिव्य भावों को तिलांजलि दे दी है।उसके स्थान पर भ्रष्टाचार ,दुराचार, अनाचार, असत्य और घृणा आदि ने स्थान ले लिया है।समस्त मानवीय संवेदनाएं और भावनाएं ,कर्तव्य और संबंध लुप्तप्राय हो गए हैं ऐसे विषम कॉल मैं अवसाद सेऊपर उठने के लिए शिथिलीकरण की यह प्रक्रिया अत्यंत उपयोगी है।

योग बेहतर नींद ,पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने,प्रतिरक्षा तंत्र और तंत्रिका प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए,रक्त प्रवाह को अच्छा करने और शरीर में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ाने में उपयोगी साबित हो रहा है। नियमित रूप से योग करने से शरीर में लचीलापन बना रहता है।और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य मजबूत बनता है।उम्र बढ़ती है।और जीवन दीर्घकालीन होता है।योग को अंगीकार करना एक व्यापक लक्ष्य है।इसमें शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य सुधार से लेकर मोक्ष प्राप्ति सब का प्रावधान है।

योग को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में इसको सम्मिलित किया गया है।और स्कूली पाठ्यक्रमों में योग को शिक्षा कार्यक्रमों में भी सम्मिलित किया गया है।भारत में आयुष मंत्रालय ने योग प्रशिक्षकों के सर्टिफिकेशन और योग संस्थान व कार्मिक प्रमाणीकरण इकाई को मान्यता देने के लिए योग प्रमाणीकरण बोर्ड का भी निर्माण किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया है।और योग की महत्ता की वजह से यूनेस्को ने योग को मानवता की सांस्कृतिक विरासत सूची में भी अंकित किया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय भारतीय दूतावासों में योग शिक्षकों की नियुक्ति करता है।जिससे स्थानीय छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण प्राप्त हो सके वितरण और प्रदर्शन के लिए वह योग के विभिन्न पहलुओं से जुड़े वीडियो, वृत्तचित्र, किताबें, निर्देश पुस्तिका भी उपलब्ध कराता है।देश में सरकार द्वारा योग के क्षेत्र में दो राष्ट्रीय और दो अंतरराष्ट्रीय समेत कुल चार पुरस्कारों का ऐलान किया गया है।भारत में एनसीईआरटी ने स्कूली बच्चों के लिए योग ओलंपियाड की पहल की है।योग में रिसर्च फैलोशिप प्राप्त करने और व्याख्याता बनने के लिए पहली बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट का भी आयोजन किया गया है। 6 केंद्रीय विश्वविद्यालय में योग विभाग का गठन किया गया हैयोग से होने वाले लाभ के वैज्ञानिक आकलन के लिए वैश्विक स्तर पर शोध अध्ययनों की एक पूरी श्रृंखला चलाई गई है।

प्राचीन काल में योग क्रियाओं का अभ्यास समग्र और सामान्य आरोग्य तथा आध्यात्मिक उन्नति के लिए किया जाता था। लेकिन वर्तमान समय में योग को रोग के निदान में ही नहीं बल्कि व्यक्ति के समग्र व्यक्तित्व में बदलाव के लिए भी प्रयोग में लाया जाता है।योग को एक अतिरिक्त चिकित्सा पद्धति के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।योग आसन या योग मुद्राओं का संयोजन ही नहीं है। बल्कि अपने आप में एक विस्तृत ग्रंथ है। जिसमें जीवन के हर प्रश्न का हल निहित है।योग एक प्राचीन परंपरा और आध्यात्मिक अनुशासन है। जिसमें तन, मन और प्रकृति के बीच एकात्म भाव स्थापित करते हुए सभी ताकतों के बीच चेतना के स्तर पर संगति और समन्वय बनाया जाता है। योग एक विज्ञान है।और यह स्वास्थ्य कर जीवन जीने का माध्यम है। जो सकारात्मक व्यक्तित्व हासिल करने में सहायक सिद्ध होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. हर्षवर्धन गोस्वामी , 'प्राणायाम', सत्यम पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2011.
2. डॉ. स्वामी मुक्तानंद पुरी जी महाराज ,'योग जीवन पद्धति', सत्यम पब्लिशिंग हाउस ,नई दिल्ली, 2007.
3. योजना ,जून 2019
4. https://timesofindia.indiatimes.com
5. https://www.yogajournal.com/lifestyle/health
6. https://ncert.nic.in/teÛtbook/pdf/jehp108.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Women's Movement In India: Changing Scenario Of Indian Women Entrepreneurship

Naresh Kumar*

*Assistant Professor (Commerce) NSCBM Govt. College, Hamirpur (H.P.) INDIA

Abstract - India is more populated country and women are the half of the country's population. So there are regarded as the better half of the society. Our constitution have the right to women as mela but in real life women are not treated as equal partner both inside outside four walls of the house but the culture of the society is being changed.

We are living in 21st century. Women also have entered into the business Entrepreneurship is traced out as the extension of their kitchen activities mainly to pickles, power and pepped. Women in India plunged into business for different factors.

But there are large problems before the women entrepreneur, like problems of finance, scarcity of raw materials, stiff competition, limited mobility, family ties, Lack of proper education male dominated society Low risk bearing ability etc.

Women in India are no longer on ABLA and remain continue to within four walls of house but they are participating and performing well in all sphere of activities such as academic politics, administration, space and industry.

Some women entrepreneur are playing PepsiCo, Naina Lal Kidwai-Group important role. They are Indra Nooyi, CFO PepsiCo, Naina Lal Kidwai-Group general Manager & Country Head-HSBC India, Kiran Mazumdar Shaw-CMD, Biocon, Chanda Kochar-MD& CEO-ICICI Bank, Indu Jain- Chairperson (Former), Times Group, Simone Tata-Chairperson (Former) Lakme Chairperson (Present) Trent Limited, Neelam Dhawan- MD, HP-India, Priya Paul-Chairperson, Apeejoy Park Hotels, Ekta Kapoor-JMD & Creative Director, Balaji Telefilms, Shahnaz Hussain- CEO, Shahnaz Herbals.

Effort are on government and voluntary agencies level to top the either to unrecognized and unaccounted for strength of women to integrate them in the process of industrial development more specially small scale industry development in the country.

Introduction - Entrepreneur is key factor of entrepreneurship. It is a multi-dimensional task and essentially creative activities. Entrepreneurship is the core of economic development. In Indian women constitute around half of the country's population. This position is also of the world. So they are regarded as the better half of the society. As constitutional manner they are at par with men. As such the Indian women enjoy a disadvantageous status in the society. Women have low literacy rate, low participation rate and low urban population share of women as compared to double of their male counter parts well confirm their disadvantageous position in the society. Our age old socio cultural traditions and taboos arresting the women with in four walls of their houses also make their conditions more disadvantageous. The factors combined serve as non conductive condition for the emergence and development of women entrepreneurship in the country. The emergence of women entrepreneur is a society depend to great extent on the economical social, religious, cultural and psychological factor prevailing in the society.

By the turn of 21st century in India women entry into business is a new phenomenon. Entrepreneurship is traced out as on extension of their kitchen activities mainly to pickle, power and papped,Women in India plunged into business for different factors.

Objective: The objective of this Research are:-

1. To explain the concept of women entrepreneurship.
2. To discuss the functions of women entrepreneurship is small enterprise development.
3. To delineate the growth of women entrepreneurship in the country.
4. To identify the specific problems faced by women entrepreneurship in India.
5. To give an account of development of women entrepreneurship in India.
6. To make an evolution of people's opinion about women entrepreneurship.
7. To determine the possible success factors for women

in such entrepreneurial activities.

Research Methodology: To complete the research work, first statistical datas are collected by both methods. Primary datas are collected through personal contact and interview. Secondary datas collected from different sources i.e. Books, Magazines, published information in news papers, periodic, Govt. Publication etc. Classification and tabulation of datas are done and then conclusion determined.

Hypothesis :

1. Women entrepreneurship in India is in weak position.
2. Women are not interested in entrepreneurship.
3. Govt. do not help to women entrepreneurships.
4. Society does not allow to women to establish and enterprise.
5. Risk bearing power is not found in women.

Concept of Women entrepreneurship: Women entrepreneurs may be defined as a women or group of women who initiate, organize and run a business enterprise. In terms of Schumpeterian concept of innovative entrepreneurs women who innovate, initiate or adopt a business activity are called "Women entrepreneurs the government of India has defined women entrepreneurs based on women participation in equity and employment of a business enterprise. Accordingly a women entrepreneur is defined as "An enterprise owned and controlled by a women having a minimum financial interest giving at least 51 percent of the employment generated in the enterprise to women. However this definition is subject to criticism mainly on the condition of employing more than 50 percent women workers in the enterprise owned and run by the women.

Functions of women entrepreneurs: A women entrepreneurship includes idea generation and screening, determination of objectives project preparation, product analysis, determination of forms of business. Organization, completion of promotional formalities, raising, funds, procuring men machine and materials and operation of business.

There are five functions of a women entrepreneur:

1. Exploration of the prospects of starting a new business enterprise.
2. Undertaking of risk and the handling of economics uncertainties involved in business.
3. Introduction of innovations or initiation of innovations.
4. Co-ordination, administration and control.
5. Supervision and leadership.

Women entrepreneurial functions can be classify into three categories:

Risk-bearing, Organization, Innovations.

Women entrepreneurs playing important role:

कौशलेन्द्र प्रपन्न ने कहा है कि बाल मजदूरी के पीछे सबसे बडा कारण परिवार का गरीब होना ही है। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति बच्चों को घर से बाहर, गांव और शहर से दूर काम की तलाश में भटकने के लिये प्रेरित करता है। इस मामले में पहाड से काफी संख्या में बच्चे विभिन्न शहरों में आकर चाय की दुकानों, साहुकारों, लघु उद्योगों में कम से कम पैसे में काम पर लग जाते हैं। पढने की इच्छा होने के बावजूद वो स्कूल का चेहरा नहीं देख पाते। कोई भी मां-बाप सहजता से तैयार नहीं होते कि उनके बच्चे को काम से हटाकर स्कूल शिक्षा की मैराथन दौड में झोंक दिया जाये। उनके जीवन मूल्य मान्यतायें पैसा कमाना हो चुका होता है। उनके अपने तर्क होते हैं जिससे आगे एक पढ़ा लिखा व्यक्ति हार जाता है। लाख समझायें कि पढने से बच्चे का जीवन सुधरेगा। मगर वो इसे स्वीकार नहीं कर पाते। क्योंकि उनके सामने जीवन की अन्य चुनौतियां अहम होती हैं।

जय कृष्ण पूर्बी जी अपने लेख में कहते हैं कि बाल श्रमिकों के माता-पिता, उद्योगपति और स्वयं राज्य सरकार या उसका श्रम विभाग तीनों ही दोषी हैं। जहां तक बाल श्रमिक के अभिभावक का प्रश्न है शायद वे यह नहीं जानते हैं कि वे उस उद्योगपति की तुलना में स्वयं अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये अपने बच्चे की कोमल भावनायें और उनके मन स्वभाव, शिक्षा व व्यक्तित्व की बलि चढा रहे हैं। यदि वे थोडा त्याग करके उसके भविष्य का चिंतन कर उसकी शिक्षा की ओर ध्यान दें तो वही बच्चा शोषण रहित व सम्मानजनक आय का स्रोत बन सकता है। लेकिन अशिक्षा के अंधकार के कारण उसका बाल कल्याण का हक पूरा नहीं होता है। जिससे बाल श्रमिकों की संख्या निरंतर बढ ही रही है। उद्योगपति भी बाल श्रमिक की संख्या निरंतर बढा ही रहे हैं।

संजय वुटेजा ने कहा है कि उम्र खेलने की है लेकिन उनके मासूम हाथों में गेंद या गुडडा-गुडिया नहीं बल्कि औजार हैं। बचपन क्या होता है। यह न तो उन्हें मालूम है और न ही उनके अभिभावकों को। उनका बचपन या तो ईंट भट्टों की मिट्टी के नीचे दबता जा रहा है या फिर औजारों की खनक में। औजार ही उनके लिये खिलौना है और औजार चलाना ही उनकी नियति है।

राजेन्द्र भारद्वाज ने सरकारी प्रयासों की धज्जियां उडाते हुए कहा कि सरकार ने एक बार श्रमिक विद्यालय चलाने के लिये किराये पर लिये जाने वाले भवन का किराया एक हजार रूपया प्रति स्कूल निर्धारित किया हुआ है। यदि पिछले पांच वर्ष का ही लेखा-जोखा देखा जाये तो लाखों रूपये का सरकारी धन किराया राशि के मद में ही हडप लिया जाता है।

आर0सी0 श्रीवास्तव जी कहते हैं कि बच्चों से मेहनत मजदूरी कराने की कुप्रथा उतनी ही पुरानी है जितना पुराना मनुष्य का इतिहास है। प्राचीन काल से लेकर आज तक इसका प्रचलन जारी है। आधुनिक समाज के मूल्यों और विकास की आवश्यकता को देखते हुए निसंदेह यह मानवता के लिये एक कलंक के समान हैं। भारत सहित अधिकतर विकासशील देशों में बाल श्रम की कुप्रथा जारी है। बाल मजदूर समाज के सबसे उपेक्षित वर्ग से संबंध रखते है। ये ऐसे लाचार बच्चे हैं जिन्हें अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में अपने व्यक्तित्व के निर्माण की बजाय अपना और अपने परिवार का पेट पालने के लिये दो पैसे की खातिर मेहनत मजदूरी करने पर मजबूर होना

पडता है।

राजेन्द्र उपाध्याय कहते हैं कि मेरठ जिले में 9072 से अधिक बच्चे विद्यालय जाने की बजाय घर पर रहकर अपने छोटे भाई–बहनों की देखभाल करने में खुद का भविष्य चौपट कर रहे हैं। 3300 से अधिक बच्चे ऐसे भी हैं जो विद्यालय में गिनती सीखने की बजाय बाल मजदूरी कर रहे हैं।

जसदेव सिंह ने अपने लेख में कहा कि बालकों के बचपन को बचाने, उन्हें पढा–लिखा कर सही दिशा में उनका मार्गदर्शन करने और रोजगार दिलाने के सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के आश्वासन और वायदे भी धीरे–धीरे भुला दिये जाते हैं। इस बीच कोई और समस्या सामने आ खडी होती है। जो कथित तौर पर समाज सेवा में लगे सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। फिर वही रैलियां जुलुस और नारे सुनाई पडने लगते हैं।

रश्मिता रानी किरण झा ने कहा है कि गरीबी बाल श्रम का सबसे मूलभूत एवं मुख्य कारण है। आश्रित बच्चों की बडी तादाद अभिभावकों के निरक्षरता, अनियमित एवं अल्प आय और आजीविका के स्थायी स्रोत का आदि ही वे परिस्थितयां हैं जो उन्हें पढने के बदले काम करने को बाध्य कर देती है। कुछ निष्कर्षो से यह तथ्य सामने आया है कि बाल श्रम की स्थितियां गरीब एकल परिवारों में ज्यादा उभरी हैं। लाखों बच्चे सडक के किनारों के ढाबों से लेकर खतरनाक फैक्ट्रियों तक और घर के कूडा–करकट की सफाई से लेकर सार्वजरिक कूडादानों की सफाई तक के कार्यो में व्यस्त है।

भारत एक प्रजातांत्रिक देश है और यहां पर सभी को समान अधिकार प्राप्त है। परन्तु भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में एकवर्ग अर्थात बाल श्रमिकों की स्थिति दयनीय है। क्योंकि किसी भी लेखक ने खेतों में कार्य कर रहे बाल श्रमिकों के बारे में अधिक नहीं लिखा है, जबकि 90 प्रतिशत बाल श्रमिक गांव में ही निवास करते हैं। उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है। मैने अपने शोधपत्र अध्ययन में ग्रामीण बाल श्रमिकों को ही लिखा है, जिसमें मैंने उनके बारे में कुछ बताने का प्रयत्न किया है। क्योंकि शहरी बाल श्रमिकों के बारे में तो सब सोचते हैं और लिखते हैं किन्तु ग्रामीण बाल श्रमिक जो खेतों में कार्य करते हैं, उनके बारे में कम ही लिखा गया है और सोचा गया है। मैंने अपने शोध अध्ययन में एक छोटा–सा प्रयास किया है कि उन बाल श्रमिकों, जो खेतों में कार्य करते हैं, वे सब क्या सोचते हैं और उनको कैसे एक अच्छा भविष्य मिल सकता है।

कोई भी अध्ययन बिना अध्ययन विधि के असम्भव होता है। इस बात को दृष्टिगत करते हुए प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन विधि तथा तत्सम्बन्धित परिकल्पना का विवेचन किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. भारत का राष्ट्रीय मानव आयोग, अरूण कुमार, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली– 1999।
2. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल।
3. प्रतियोगिता दर्पण–2000–2004 तक।
4. रोजगार समाचार–7 मई 2004 लेख।
5. रश्मिता रानी किरण झा, 'पंचम संशोधित संस्करण', 1999।
6. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय विधि विद्यापीठ: भारत में मानव अधिकार।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. महेश कुमार मुछाल* योगेश कुमार**

* एसोसिएट प्रोफेसर, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्र, अध्यापक प्रशिक्षण विभाग, दिगम्बर जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – माध्यमिक स्तर पर किशोरावस्था में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन की अधिक आवश्यकता होती है। इस आयु वर्ग में बालक- बालिका अपने भविष्य एवं कैरियर को लेकर एक सुखद स्वप्न बनाते हैं, जिसकी प्राप्ति उन्हें उचित मार्गदर्शन के बाद ही प्राप्त हो सकती है। यह उचित मार्गदर्शन उन्हें विद्यालयों द्वारा दिया जाता है, क्योंकि विद्यालय ही समाज की एक ऐसी इकाई है जहां पर बच्चे समाज से आते हैं और अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हैं। जहां उनकी सहायता विद्यालय द्वारा उनके उद्देश्यों को ध्यान में रखकर की जाती है। संस्था का निर्माण समाज ने इसलिए किया है कि विद्यार्थियों में मूल्यों का संचय राष्ट्रीय एकता का भाव एवं ज्ञान विज्ञान, ज्ञान वर्धन और भौतिकता व आधुनिकता का प्रभाव साथ ही पश्चिम सभ्यता की तरफ अग्रसर न करके। उन्हें उचित मार्गदर्शन देकर अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति कराई जा सके। हमारी मध्यमिक कक्षा में विभिन्न आयु वर्ग एवं व्यक्तिगत विभिनताओ सामाजिक आर्थिक स्थिति से छात्र-छात्राएं विद्यालय में आते हैं। यह विद्यार्थी अलग-अलग धर्मों को मानने वाले होते हैं। अमीर- गरीब सामान्य- उच्च एवं मध्यम परिवारों से बच्चे आते हैं।

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थी अलग-अलग व्यक्तिगत विभिन्नताओं सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से विद्यालय में आते हैं सब की पृष्ठभूमि अलग-अलग होती है साथ ही विद्यार्थियों का स्वास्थ्य उनके समाज भी अलग-अलग होती है सफाई एवं स्वच्छता व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है साथ ही साथ योग भी व्यक्ति के जीवन शैली को प्रभावित करता हैं। इसी को ध्यान मे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन दोनों मिशन को विशेष रूप से महत्व दिया।

किशोरों और युवा वयस्कों के बीच मानसिक परेशानी और बीमारी को रोकने में मदद करने और मानसिक बीमारी को रोकने में मदद करने और मानसिक बीमारी से उबरने में मदद करने के लिए विद्यालय स्तर पर मानसिक लचीलापन बनाने में मदद करने के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है। प्रारंभिक चेतावनी संकेतों और मानसिक बीमारी के लक्षणों के बारे में जागरूक होने और समझने से रोकथाम शुरू होती है। माता-पिता और शिक्षक बच्चों और किशोरों के जीवन कौशल का निर्माण करने में मदद कर सकते है ताकि उन्हें घर और स्कूल में रोजमर्रा की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। सरकारों द्वारा निवेश और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यापक, एकीकृत, साक्ष्य आधारित कार्यक्रमों में सामाजिक, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों की भागीदारी आवश्यक है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए और साथियों, माता-पिता और शिक्षकों को अपने दोस्तों, बच्चों और छात्रों का समर्थन करने का तरीका जानने में मदद करने के लिए इस निवेश को कार्यक्रमों से जोड़ा जाना चाहिए। यहीं योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। योग विज्ञान, मानव के भीतरी स्थान का एक गहरा विज्ञान है, जो पूरे अस्तित्व के साथ पूरी सीध और तालमेल में होने की क्षमता देता है। खुशहाली और आजादी की स्थिति में जीने और चेतना को ऊंचा उठाने की प्रणाली के रूप में योग जितनी विस्तृत प्रणाली कोई नहीं है। यूनाइटेड नेशंस की आमसभा ने 11 दिसम्बर, 2014 के भारत द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को 193 सदस्यों द्वारा पारित किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष सैम कुत्सा ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का फैसला लिया।

यूनाइटेड नेशंस ने योग की महत्ता को स्वीकारते हुए माना कि 'योग मानव स्वास्थ्य व कल्याण की दिशा में एक संपूर्ण नजरिया है।' 21 जून, 2022 को आठवे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय यमानवता के लिए योग है। प्रधानमंत्री मोदी ने मैसूर पैलेस ग्राउंड में किया योग, देश के 75 ऐतिहासिक स्थलों पर हुए कार्यक्रम 8th International Yoga Day: पीएम मोदी ने देश और दुनिया को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी. उन्होंने कहा कि योग की यह अनादि यात्रा अनंत भविष्य की दिशा में ऐसे ही चलती रहेगी। हम सर्वे भवंतु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया के भाव के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण विश्व को योग के माध्यम से भी गति देंगे। योग हमेशा से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है और हमें इसके प्रसार के लिए आगे आना चाहिए। योग से शांति और सौहार्द जुड़े हैं और दुनिया भर में लोगों को इसका अभ्यास करना चाहिए। आज योग विज्ञान पहले किसी भी समय के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण है। इतिहास में पहली बार, हमारे पास धरती की हर समस्या – पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा को हल करने की क्षमता है। हमारे पास विज्ञान और तकनीक के जबरदस्त साधन है जिनमें पूरी दुनिया को कई बार बनने पर तबाह करने की क्षमता है। लेकिन अगर इतने शक्तिशाली साधनों का इस्तेमाल करने की काबिलियत के साथ संतुलन, परिपक्वता और शामिल करने की एक गहरी भावना न हो तो, हम विश्वस्तरीय तबाही के काफी करीब हो सकते हैं। हमारी बाहरी खुशहाली भी बेरहमी से चल रही खोज की वजह से, धरती भी आज तबाही के कगार पर है।

संदर्भ साहित्य की समीक्षा

विरक (1971) ने शरीर की लोचशीलता पर योगासनों का प्रभाव देखने के लिए अध्ययन किया। उसने निष्कर्ष निकाला कि कुछ योगासन रीढ़ की हड्डी को आगे तथा पीछे की ओर झुकाते हैं जिससे शरीर में लचकता बढ़ती

है। **प्रताप (1972)** ने इस तथ्य पर अधिक बल दिया कि योगाभ्यास, श्वास क्रिया तथा मानसिक स्थिति में अटूट सम्बन्ध पाया जाता है। **कोछर (1976)** ने 14.18 वर्ष के किशोर बालकों की मानसिक थकावट पर योगाभ्यास के प्रभाव का अध्ययन किया। सिंह राजेन्द्र **(1987)** ने अपने शोध में बताया कि व्यक्ति की श्वास-प्रश्वास एकाग्रता और ध्यान एक दूसरे से सम्बन्ध रखते हैं। डॉ0 बेन्सन **(1987)** ने ध्यान के प्रभावों का अध्ययन किया और निष्कर्ष दिया कि नियमित 20 मिनट का ध्यान पूरे दिन तरोताजा हल्का-फुल्का बनाये रखने के लिए पर्याप्त है।वैष्णव, जी0 के0 ;**(1988)** ने अपने शोध कार्य के पश्चात बतायाकि योग शिक्षक शारीरिक शिक्षा के प्रति उच्च अनुकूल अभिवृत्ति रखते हैं- क्योंकि यह शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देती है। बेरान (1992) के अनुसार 'तनाव एक ऐसी बहुआयामी प्रक्रिया है जो लोगों में वैसे घटनाओं के प्रति अनुक्रिया के रूप में उत्पन्न होती है जो हमारे दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्यों को विघटित करती है' तनाव आधुनिक दौर के परिप्रेक्ष्य में एक सामान्य बातचीत का हिस्सा नहीं है अपितु एक सार्वजनिक मुद्दा बन गया है। श्री वास्तव एस0 के0 **(2000)** ने अपने शोध निष्कर्षों में बतायाकि योगाभ्यासी छात्र-छात्राओं में अतिस्नेही, नैतिकवादी, उच्च सामाजिकता, आज्ञाकारी शालीनता एवं ओजस्वी शीलगुण गैर योगाभ्यासी छात्र-छात्राओं से अधिक होते हैं। दुबे, शैलेन्द्र **(2000a** ने अपने शोध निष्कर्षों में बताया कि योग शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में लगन शीलता, मानवता, नैतिक मूल्य एवं आर्थिक शक्ति, व्यक्तिगत मूल्य योग शिक्षा ग्रहण न करने वालों की अपेक्षा अधिक है। भटनी देवी व मीतू (2003) के अनुसार यौगिक क्रियाओं के अभ्यास से चिंता का स्तर कम होता है और समायोजन क्षमता बढ़ती है। योग न केवल मानव मात्र के कल्याण की एक विधा है, अपितु संपूर्ण जीवन शैली को संयमित और संतुलित कर मानव जाति के उत्थान का सर्वोत्कृष्ट मार्ग है। रानी एवं राव (2005) के अनुसार योगाभ्यास के परिणाम स्वरूप हताशा व तनाव में एक विशिष्ट कमी आती है। मुछाल **(2008)** ने माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की योग अभिवृत्ति के अध्ययन में पाया कि अधिकांश विद्यार्थी जो योग के प्रति उच्च अभिवृत्ति रखते हैं, इस आधार पर कह सकते हैं कि किसी कार्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति उस कार्य के प्रति सकारात्मक रुचि को प्रदर्शित करती है। अन्य उद्देश्य में योग अभिवृत्ति को विकसित होने के कारणों में 62% विद्यार्थियों को दूरदर्शन व केबल कार्यक्रम को आधार बताया। 35% विद्यार्थियों ने समाचार पत्र से जानकारी, 30% ने योग शिविर तथा 24% विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के द्वारा योग सीखा। स्वास्थ्य एवं योग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने में उपरोक्त चारों कारकों ने अपना मत व्यक्त किया है। मनानी, प्रीति तथा गौतम, कुमार (2011) द्वारा किए गए शोध अध्ययन के परिणामों से स्पष्ट है कि परीक्षा तनाव विद्यार्थियों को निराशा से भर देता है तथा उनके मस्तिष्क में आत्महत्या जैसे विचारों को भी जन्म दे देता है। यह तनाव उनके परीक्षा परिणामों पर भी बुरा प्रभाव डालता है। सिंह, जोगिंदर (2012) ने अपने लेख 'नो टेंशन' में लिखा कि हम यही सोचकर तनावग्रस्त रहते हैं कि हम सफल होंगे या नहीं। इससे हमारी सफलता संदेहात्मक हो जाती है और तनाव भी बढ़ता है। डब्लू0एच0ओ0 (2016) की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग 8 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा तनाव के कारण आत्महत्या के मामले सामने आये। भारत में यही संख्या लगभग 2500 चिंहित की गई। मेंटल हेल्थ फाउंडेशन (2018) के अनुसार मानसिक बीमारियों में तनाव व दबाव मुख्य हैं। भुवन एवं मिश्रा (2019) ने अपने शोध में पाया कि यौगिक क्रियाओं में संलग्न रहने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा तनाव में कमी एकाग्रता में वृद्धि पायी गयी है। हंसराज(2020) ने बताया की योग का महत्व मानव जीवन की हर एक मनोवैज्ञानिक अवस्था में अत्यन्त आवश्यक है। योग मनुष्य को सुखपुर्वक एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया है।कुमार एवं लखेड़ा (2020) ने अपने शोध अध्ययन में पायी की नियमित रूप से विद्यालय में होने वाली यौगिक क्रियायें विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनेक प्रकार के तनाव को न्यूतमक करने में रामबाण का कार्य करती है। शेटिनलुख्त, टी, (2021) ने कोविड-19 महामारी का वृद्ध वयस्कों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव और संभावित उपचार विकल्प के अध्ययन में पाया कि इस कोविड-19 महामारी परिदृश्य में मनोवैज्ञानिक कल्याण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। चंद्रकांत जे0 (2022) मानसिक स्वास्थ्य और जीवन तनाव पर विपश्यना ध्यान के प्रभाव का अध्ययन किया अध्ययन में पाया कि विपश्यना ध्यान का मनोवैज्ञानिक लाभ व्यक्तित्व और दृष्टिकोण के प्रति सकारात्मक होता है साथ ही जीवन तनाव का सामना करने हेतु विभिन्न तरीकों परी को घर विद्यालय अध्ययन एवं कार्य में समायोजन हेतु अधिक उपयोगी होता है जीवन की गुणवत्ताा एवं शोध द्वारा निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि विपश्यना ध्यान निश्चित रूप से जीवन में परिवर्तन लाता है और तनाव नियंत्रण में सहायक होता हैं। निमिता के0 जे0 (2022) कोविड-19 समय मे भारत में जरा चिकित्सा मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव पर अध्ययन किया. अध्ययन में पाया कि उजतखऊ19 ने दुनिया को प्रभावित किया है और विशेष रूप से भारत जैसे देशों में सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 2020-2021 में लॉकडाउन अवधि में मानसिक कारणों से कई आत्महत्याएं दर्ज की गई हैं। उजतखऊ19 के डर से व्यक्तियों ने आत्महत्या की संबद्ध अवसाद। अवसाद, चिंता, समायोजन विकार, जुनूनी बाध्यकारी विकार, अभिघातज के बाद का तनाव विकार, मनोविकार और यहां तक कि आत्मघाती विचार और प्रयास इस महामारी के दौरान चरम पर हैं। अकेलापन और सामाजिक अलगाव की स्थिति को जन्म दे सकता है बुजुर्गों में संज्ञानात्मक कार्य कम हो रहा है। एनजीओ की भूमिका और सरकार बुजुर्गों को मनोवैज्ञानिक और शारीरिक आघात से निपटने में मदद कर रही है।सिंह (2022) प्रस्तुत शोध में निष्कर्ष निकाला गया कि योग एवं शारीरिक अभ्यास का बोर्ड परीक्षा के तनाव को नियन्त्रित करने में सहायक होता। राजेन्द्र एवं अन्य (2022) योगाभ्यास करने से विद्यार्थियों में आत्महत्या के भाव में कमी, परीक्षा तनाव में कम एवं विभिन्न प्रकार मादक पदार्थो के सेवन में लगातार कमी सहायक होता है। मुछाल एवं विजय पँवार (2022) ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर यौगिक क्रियाओं के प्रभाव का अध्ययन किया निष्कर्ष रूप में यह पाया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों के परीक्षा तनाव में सार्थक अंतर में असमानता पाई गई निष्कर्ष रूप में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य सार्थक अंतर पाया गया। शहरी क्षेत्र की बालिकाओं के परीक्षा तनाव से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण करने के आधार पर ज्ञात हुआ कि नियमित योगाभ्यास करने से परीक्षा तनाव में सार्थक रूप से कमी आती है। योगाभ्यासी बालिकाओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा उससे कम निम्न स्तर वाली बालिकाऐं पायी गयी। गैर-योगाभ्यासी बालिकोंओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा उससे कम निम्न

स्तर वाली बालिकाऐं पायी गयी। योगाभ्यासी बालिकाओं में परीक्षा तनाव में कमी पायी गयी तथा क्षेत्र के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र की गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं में योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा परिक्षा तनाव अधिक है वही दूसरी और शहरी क्षेत्र के योगाभ्यासी बालिकाओं में परिक्षा तनाव गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं से कम है।

अध्ययन का औचित्य – संदर्भ साहित्य की समीक्षा करने से ज्ञात होता है कि विरक 1971 ने शरीर लोच शीलता प्रताप। (1972) योगासन व प्राणायाम मे सम्बन्ध। कोछर (1976) ने मानसिक थकावट परयोग का प्रभाव। सिंह राजेन्द्र (1987) ने श्वास-प्रश्वास एवं ध्यान। बेसन (1987) ने पदकमगणीजउसयान के प्रभाव। वैष्णव जी. के. (1988) ने योग अभिवृत्ति। बेरान (1992) ने तनाव । श्री वास्तव एस. के. (2000) योगाभ्यासी छात्र- छानाओं के गुणा। दुबे शैलेन्द्र (2000) मे योगाभ्यासी के नैतिक मूल्यों। भटनी देवी एवं मीत (2003) योगाभ्यासी के समायोयन। रानी एवं राव (2005) ने तनाव। मुछाल (2008) में योग अभिवृत्ति। मनानी एवं गतिम 2012 ने परीक्षा तनाव। सिह जोगिन्दर (2012) में तनाव। डब्लू. एच. ओ. (2016) ने परीक्षा तनाव। मेटल हेल्प फाउण्डेशन (2018) ने मानसिक बीमारी एवं तनाव । भुवन एवं मिश्रा (2019) ने यौगिक किया एवं तनाव । हंसराज (2020) ने योग के महत्व। कुमार एवं लखेडा (2020) यौगिक क्रिया व मानसिक स्वास्थ्य। शेटिनलुस्त टी (20214) मानसिक स्वास्थ्य। चंद्रकांत जे. (2022)ने मानसिक स्वास्थ्य एवं विपश्यना ध्यान। नमिता के. जे. (2022) में मानसिक स्वास्थ्य। सिंह (202.2) मे बनाव राजेन्द्र एवं अन्य (2022) ने योगाभ्यास करने से आत्म हत्या, एवं परीक्षा तनात में कमी आती है। उपरोक्त समीक्षा के पश्चात पाया गया कि 'अभी तक योगाभ्यासी एवं योग नहीं करने वाले विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर अध्ययन नही हुआ इसलिए प्रस्तुत अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत होती है।'

अध्ययन के उद्देश्य:

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियो व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियो के मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
3. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
5. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।
7. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य की तुलना करना।

अध्ययन की परिकल्पना:

1. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
5. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
6. माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
7. माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

शोध सीमाकंन – प्रस्तुत अध्ययन देहरादून एवं हरिद्वार जिले के माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियो एव गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियो पर किया गया सडअ

शोध प्रविधि

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श विधि एवं न्यादर्शन– शोध कार्य में न्यादर्श हेतु देहरादून एवं हरिद्वार जनपद में संचालित माध्यमिक स्तर के विद्यालय का चयन लॉटरी विधी से किया गया शोध ने विद्यालयों की प्रकृति के आधार पर छात्र-छात्राओं का चयन अस्तरीकृत यादृच्छिक विधि का प्रयोग कर 400 छात्र-छात्राओं चयन किया गया।

उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा शोध उपकरण प्रस्तुत अध्ययन हेतु तथ्यो के एकत्रीकरण हेतु मैंटल हैल्थ बैटरी (2000) अरूण कुमार सिह एवं अल्पना सैन गुप्ता निर्मित उपकरण का प्रयोग किया किया गया है यह उपकरण प्रमाणिक है।

प्रदत्तों का संकलन एवं अंकन – न्यादर्श के रूप में लिये गये माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को निर्देशित करने के उपरान्त मैटल हैल्थ बैटरी को उपकरण में मानसिक स्वास्थ्य के छह घटकों जैसे भावात्मक स्थिरता, स्व-अनुशासन, स्वायतता, सुरक्षा-असुरक्षा, आत्मप्रत्यय,एवं बुद्धि पर 130 कथन भरवा कर आंकडों को एकत्रित किया गया। प्रत्येक सही कथन पर एक अंक और गलत पर कथन पर शून्य अंक प्रदान किया गया।

प्रयुक्त सांख्यिकी –प्रस्तुत शोध अध्ययन में मध्यमान, मानक-विचलन, तथा टी-परीक्षण सांख्यिकीय प्रविधियो का प्रयोग किया गया है।

परिकल्पना 1 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 200 योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 200 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 86.2 तथा 84.36 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 7.19 तथा 8.43प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 1.86 पाया गया। जो कि मुक्तांश 398 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम

है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को स्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना 2 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका- 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रो एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.86 तथा 82.57 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.81 तथा 10.97 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.54 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना 3 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्राओं व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में के मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्राओं एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.76तथा 144.23 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.96 तथा 6.01 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.167 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना 4– माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.86 तथा 85.76 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.84 तथा 6.01 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.526 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता है।

परिकल्पना 5–माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 5 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 82.57 तथा 85.76 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 10.97 तथा 6.96 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक-अनुपात का मान 2.455 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। अर्थात माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को अस्वीकृत किया जाता है।

परिकल्पना 6 माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक-अनुपात दर्शाने वाली

तालिका -6 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 6 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 85.86 तथा 85.76 एवं

प्रमाणिक विचलन क्रमश: 6.84 तथा 6.96 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 0.102 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक नही अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को स्वीकृत किया जाता' है।

परिकल्पना–7 माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मध्यमानों का क्रान्तिक–अनुपात दर्शाने वाली

तालिका –7 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका संख्या 7 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्र एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 82.57 तथा 83.56 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 10.97 तथा 6.01 प्राप्त हुआ। माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर की जाँच के लिए क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 0.791 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। अर्थात माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही होता है' को स्वीकृत किया जाता' है।

निष्कर्ष– माध्यमिक स्तर के 200 योगाभ्यासी विद्यार्थियों एवं 200 गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य मे परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 1.86पाया गया। जो कि मुक्तांश 398 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी विद्यार्थियों व गैर योगाभ्यासी विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रो एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य मे परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 2.54 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्राओं एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 2.167 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 2.526 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 2.455 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से अधिक है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर कीं गैर योगाभ्यासी छात्रों एवं योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 योगाभ्यासी छात्रों एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 0.102 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के योगाभ्यासी छात्रों व गैर छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

माध्यमिक स्तर के 100 गैर योगाभ्यासी छात्र एवं 100 गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी फलांकों का परिगणित क्रान्तिक–अनुपात का मान 0.791 पाया गया। जो कि मुक्तांश 198 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 1.96 से कम है। निष्कर्ष के रूप में माध्यमिक स्तर के गैर योगाभ्यासी छात्रों व गैर योगाभ्यासी छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. Banerjee, S. (2011). Effect of various counselling strategies on academic stress of secondary Level students. Unpublished Ph.D. Thesis, Punjab University, Chandigarh.
2. Batni devi and Meetu (2003) Effectiveness of selected yogic ezercise on anziey and adjustment of eleventh grades. Recent Research in Education and psychology, vol 8 (1) 85-88.
3. बेरॉन (1992) सन्दर्भित सामान्य मनोविज्ञान, अरूण कुमार सिंह (2010)दिल्ली मोतीलात बनारसी दास, पृ0 संख्या 754–756।
4. Bhuyan, B., & Mishra, P. K. (2019) Effects of yoga on performance in a letter-cancellation task under academic examination stress.
5. Bisht, A.R. (1980). A study of stress in relation to school climate and academic achievement (age group 13-17). Unpublished doctoral thesis, Education, kumaon university.
6. Chandrakanth J. (2022) The Impact of Vipasana Meditation on Mental Health and Life Stress The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 | ISSN: 2349-3429 (Print) Volume 10, Issue 1,

January- March, 2022 https://www.ijip.in © 2022
7. गुप्ता एवं गुप्ता, (2008), शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
8. https://theyogainstitute.org/how-can-yoga-help-students-alleviate-examination-stress-and-make-them-perform-better/
9. J. V. Rama Chandra Rao (2015). Academic Stress among Adolescent Students, Conflux Journal ofEducation, ISSN 2320-9305 E-ISSN 2347-5706 vol 2(9). http://cjoe.naspublishers.com/
10. कुमार, एस. एवं लखेड़ा एस. (2020) उच्च माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत् योगाभ्यासी एवं गैर–योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, समायोजन एवं शैक्षिक तनाव में तुलनात्मक अध्ययन, शोधप्रबन्ध, हे0न0ब0 गढ़वाल वि0वि0 श्रीनगर।
11. Krishan, L. (2014). Academic Stress among Adolescent In Relation To Intelligence and DemographicFactors, American International Journal of Research In Humanities, Arts And Social Sciences, ISSN (print): 2328-3734, ISSN (online): 2328-3696, ISSN (cd-rom): 2328- 3688 pp123-129.
12. मुछाल, एम0 के0 (2004) योग के वैज्ञानिक पहलू, योजना, वोल्यूम 52 न0 2।
13. मुछाल, एम0 के0 (2005) मानसिक अवसाद एवं योग, योजना, वोल्यूम 49 न0 2।
14. मुछाल, एम0 के0 (2006) तनाव मुक्ति में योग, योजना, वोल्यूम, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली वर्ष, 51 न0 1।
15. मुछाल, एम0 के0 (2009) प्राणायाम: रोगोपचार की सामर्थ्यदायी प्रक्रिया, योजना प्रकाशन, विभाग नई दिल्ली, वोल्यूम 52 न0 2।
16. मुछाल महेश कुमार एवं पँवार विजय (2022) ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर यौगिक क्रियाओं के प्रभाव का अध्ययन Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780 October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL
17. Nimitha. K J (2022) COVID 19 and its impact on Geriatric mental health in India The International Journal of Indian Psychology ISSN 2348-5396 | ISSN: 2349-3429 (Print) Volume 10, Issue 1, January- March, 2022 https://www.ijip.in © 2022
18. मनानी, प्रीति एवं गौतम, मुकेश कुमार (2011) एग्जामिनेशन एन्जाइटी एज ए डिटरमेन्ट ऑफ डिप्रेशन एण्ड सुसाइडल आइडिएशन एट हायर सकेण्डरी लेवल फोर्थ एनुअल इशु डी0 ई0 आई0 फोएरा पृ0 149–150।
19. Rajendran, V. G., Jayalalitha, S., & Adalarasu, K. (2022). EEG Based Evaluation of Examination Stress and Test Anxiety Among College Students. *Irbm*, *43*(5), 349-361.
20. Rani, J.N. and Rao, K.V.P. (2005) Impact of yoga training on body image and depression Andhra Unversity, Vishkhapatnam Psychological Studies, Vol 50(1)98-100.
21. राय, पी. एन., (2007). अनुसंधान परिचय, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा प्रकाशन, आगरा।
22. सिंह, ए.के. (2009). मनोविज्ञान समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन, दिल्ली।
23. सिंह, जोगेन्दर (2012) नो टेंशन, अमर उजाला(उडान), आगरा संस्करण 08 फरवरी पृ0 1।
24. शर्मा श्रीराम 'व्यक्तित्व विकास हेतु उच्च स्तरीय साधनाएँ', अखंड ज्योति संस्थान मथुरा संस्करण द्वितीय वर्ष 1998
25. सिंगल, पी0 (2021) विद्यार्थियों को परीक्षा में अगर अच्छें नंबरों से होना है पास तो इन बातों का का रखें विशेष ध्यान, जीवन उत्साह https://www.jeevanutsahnews.in/?p=46119
26. Singh, R. (2022). A comparative study on effects of yoga and physical workout on psycho-physiological variables during examination stress in senior secondary school students.
27. Shteinlukht, T. (2021). COVID-19 Pandemia Impact on Mental Health of Older Adults and Possible Treatment Options. The American Journal of Geriatric Psychiatry, 29(4), S102-S103. https://doi.org/10.1016/j.jagp.2021.01.098

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

तालिका –1

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर	
					0.01 स्तर पर	0.05 स्तर पर
योगाभ्यासी	200	86.2	7.19	1.86		सार्थक
गैर योगाभ्यासी	200	84.36	8.43			

तालिका–2

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रो	100	85.86	6.81	2.544	0.05 सार्थकता स्तर पर असार्थक
गैर योगाभ्यासी छात्रों	100	82.57	10.97		

तालिका –3

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्राओं	100	85.76	6.96	2.167	0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	83.56	6.01		

तालिका –4

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रों	100	85.86	6.84	2.526	0.05 सार्थकता स्तर पर सार्थक S
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	83.56	6.01		

तालिका –5

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
गैर योगाभ्यासी छात्रों	100	82.57	10.97	2.455	0.05सार्थकता स्तर पर सार्थक S
योगाभ्यासी छात्राओं	100	85.76	6.96		

तालिका –6

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
योगाभ्यासी छात्रों	100	85.86	6.84	0.102	0.01सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	85.76	6.96		

तालिका –7

समूह	N	M	SD	क्रान्तिक अनुपात CR	सार्थकता स्तर
गैर योगाभ्यासी छात्र	100	82.57	10.97	0.791	0.05सार्थकता स्तर पर असार्थक NS
गैर योगाभ्यासी छात्राओं	100	83.56	6.01		

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

कामकाजी महिलाओं का दोहरे दायित्व का अध्ययन

डॉ. शिल्पा राजपूत *

* (राजनीति विज्ञान) 9, नेता जी मार्ग, केवल पार्क, आजादपुर, दिल्ली, भारत

प्रस्तावना – साधारणतय: कामकाजी महिला का अर्थ उन महिलाओं से लिया जाता है, जो घर से बाहर निकलकर नौकरी करती हैं। कहते हैं कि आत्मनिर्भर होकर वे परिवार व समाज के विकास में आवश्यक योगदान करती हैं। साधारणतौर पर समृद्ध परिवारों की महिलाएँ ज्यादातर बुद्धिजीवी वर्ग से सम्बन्धित काम से जुड़ी होती है। इसी तरह उच्च, मध्यम परिवार की महिलाएँ राजनीति, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों को चुनती है तो मध्यम परिवार की ज्यादातर महिलाएँ नौकरियों में जाती है। निम्न, मध्यम परिवार की महिलाएँ कारखानों से लेकर सरकारी और निजी क्षेत्र के दफ्तरों में काम करती है।

वैसे तो यह अंदाजा लगाया जाता है कि भारतीय महिलाएँ औसतन अठारह घण्टे काम करती है। इनके ऊपर अब तो परिवार के भरण-पोषण से लेकर आजीविका चलाने की भी जिम्मेदारी शामिल है। देखा जाए तो आम गृहणी की तुलना में कामकाजी महिलाओं का उत्तरदायित्व अधिक होता है। घर की जिम्मेदारियों (कार्यो) को सम्भालने के साथ-साथ उन्हें दफ्तर का कार्य भी देखना पड़ता है। सुबह के समय जब और लोग सोते रहते हैं तब महिलाएँ अपनी जिम्मेदारियों को निभाती है। वे अपने उत्तरदायित्वों को पूरा कर दफ्तर के लिए तैयार होती है और कई जटिल समस्याओं का सामना करते हुए आगे बढ़ती हैं।

आज महिलाएँ सिर्फ घर की चारदीवारी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एक साथ दो कर्त्तव्य का पालन कर रही हैं। पहला तो परिवार के प्रति और दूसरा समाज के प्रति महिलाएँ घर की दहलीज से अपना कदम बाहर निकाल कर जीवन के कई क्षेत्रों में पर्दापण कर देश सेवा के कार्य में तन्मयता से जुटी हुई हैं। आज वे डॉक्टर, इंजीनियर, पायलेट, वकील, प्रशासक, प्रोफेसर, शिक्षिका, सेना, पुलिस और अन्य विभागों में कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। वो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग भूमिका निभाती नजर आती हैं।

महिला के बढ़ते कदम – आज की नारी सही मायने में आत्मनिर्भर नारी है। उसने अपनी दुर्बलताओं को दूर करके कोशिश की है। उसने अपनी एक विशेष पहचान इस समाज के सामने पेश की है जिसमें वह साहसी, परिपक्व, सहिष्णु तथा एक मजबूत इरादे रखने वाली महिला के रूप में उभर कर आई है। उसने अपनी सूझ-बूझ तथा समझदारी से अपनी इस पहचान के अलाव प्रज्जवलित किया हुआ है। आज की महिलाएँ निर्बाध रूप से आगे बढ़ रही है :-

1. आज की महिलाएँ अपने दोहरे रूप से आगे बढ़ रही है। एक तरफ वह कैरियर वूमन का खिताब हासिल किए है दूसरी ओर वह होम मेकर का खिताब हासिल करके सुपर वूमन के रूप में ऊभर कर सामने आ रही है।
2. आज की आधुनिक नारी ने अपनी संकीर्ण मानसिकता को त्याग कर स्वयं में आत्मविश्वास पैदा कर लिया है। वह सहलशीलता के गुण को भी पहचान गई है।
3. आधुनिक महिलाएँ अपने जीवन में सकारात्मक हो रही है। तथा अपने जीवन को खुशहाल बना रही हैं। वे कामकाज के साथ-साथ अपनी सेहत का भी ध्यान रखती हैं।

यहाँ यह तथ्य प्रस्तुत करना सामयिक है कि एक अनुमान के अनुसार 70 से 85 प्रतिशत महिलाएँ आज डिप्रेशन यानी तनाव का शिकार हैं, यह बीमारी धीरे-धीरे भयानक रूप लेती जा रही है। 25 से 50 की उम्र की महिलाओं में यह समस्या आम हो गयी है। इसका प्रमुख कारण है उन पर दोहरे कार्यका दबाव या दोहरी जिम्मेदारियाँ इस होड़ के चलते एक डर उनके इर्द-गिर्द सदैव मंडराता रहता है कि कहीं वे किसी भी कार्य में कोई चूक ने कर दे या ना हो जाए। शायद तो नहीं कर सकते परंतु चुनौती भरा माहौल उन्हें सदैव उत्तेजित करता रहता है।

भारत में कामकाजी महिलाओं की स्थिति – भारत में यह स्थिति ज्यादा गम्भीर है। एक और तथ्य सामने आया है कि जो महिलाएँ नियमित तौर से काम कर रही है उनके बच्चों की संख्या भी कम है। ऐसी महिलाओं की प्रजनन दर दस साल पहले 3.3 फीस के स्तर पर बनी हुई है। ये आंकड़े बता रहे है कि कामकाजी महिलाएँ दबाव में है। पर क्या यह किसी भी समाज के लिए अच्छी स्थिति कही जा सकती है।

वैश्विक स्तर पर कामकाजी महिलाओं की स्थिति– अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइ.एल.ओ.) ने 1919 में अपनी स्थापना के बाद से ही संस्थागत नौकरियों में महिलाओं की सहभागिता को अपनी स्थापना के बाद से ही संस्थागत नौकरियों में महिलाओं की सहभागिता को अपनी प्रस्तावना में शामिल किया था। इसके सौ साल बाद अप्रैल 2019 में आइ. एल. ओ. ने दुनिया भर में कामकाजी महिलाओं के बारे में जारी विस्तृत रिर्पोट में हैरान करने वाले तथ्य सामने रखे है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2005-2015 के बीच 'मदरहुड एंप्लॉयमेन्ट पेनल्टी' यानी माँ बनने की वजह से नौकरी नहीं कर पाने की संभावना में 38.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।

इस तथ्य की पुष्टि हाल में एक शोध से हुई है। ब्रिटेन में एक शोध में पाया गया है कि कार्यस्थल पर हर पांचवी गर्भवती और नई बनी माँ के साथ काम के दौरान भेदभाव किया जाता है। अमेरिका की फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी

के शोधकर्त्ताओं का कहना है कि कामकाजी माता के साथ भेदभाव की खबरों के चलते गर्भवती महिलाएँ भयभीत है और उन्हें अपनी नौकरी जाने का डर सताता है। जबकि दुनिया के सभी देशों में मातृत्व आकाश मिलता है, उनके साथ फिर भी अनेक जटिलताएँ देखने में आती है। वर्ष 2017 में मातृत्व प्रसूति लाभ अधिनियम (संशोधित) लागू होने के बाद से कम्पनियाँ महिलाओं को रखने में कतराने लगी है।

पितृसत्तात्मक (पुरूष प्रधान) समाज एवं कामकाजी महिलाएँ– प्रश्न यह है कि जब महिलाएँ अपने परिवार की आर्थिक सहायता करती है तो पुरूष घरेलु कार्यो में उनका सहायोग क्यू नहीं करते ? दरअसल सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था कुछ इस तरह की है कि पुरूषों का घरेलु कार्यो में सहयोग उनकी छवि को खराब करता है। यही कारण है कि विकसित समाज से लेकर विकासशील समाजों तक अधिकांशतया पुरूष स्वयं को घरेलु दायित्व और बच्चों की देखभाल से दूर रखते है। इन तथ्यों की पुष्टि किसी एक देश के आंकड़ों से नहीं लगाई जा सकती वरन् सम्पूर्ण विश्व की पितृसत्तात्मक व्यवस्था इनके लिए जिम्मेदार है। एक उदाहरण के अनुसार जापान में तीस हफ्ते का पितृत्व अवकाश का कानून है, जहाँ 2017 में हर बीस में से सिर्फ एक पिता ने अपने इस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया है। ये आकड़े यह बताने के लिए काफी है कि समाज ने एक स्पष्ट रेखा खींच रखी है और स्त्री का दायरा, घर–परिवार के लिए सुनिश्चित कर रखा है। अगर वह इससे अलग कुछ करना चाहती है तो यह शर्त रखी जाती है कि घर के कार्यो में व्यवधान नहीं होना चाहिए।

नौकरी पेषा महिलाओं की समस्याएँ– इनकी सबसे बड़ी समस्या है कि उनका ऑफिस, बैंक, स्कूल–कॉलेज, अस्पताल आदि की नौकरी का काम तो सबको नजर आता है, लेकिन वो घर पर जो कार्य करती है वह किसी को नजर नहीं आता है। यह अदृष्य श्रम है जिसकी चर्चा न गोष्ठियों–सेमिनारों में होती है और न स्त्री विमर्ष के अर्न्तगत वे एक दुहरी जिम्मेदारी को झेलने के लिए शापित है।

मध्यमवर्गीय कामकाजी स्त्री का यथार्थ दारूण है। सुबह सबेरे उठकर पति और बच्चों का काम, ऑफिस या काम पर जाने की जल्दी, दिन भर फाइलों, कम्प्यूटर आदि में लगे रहना और शाम को लौटकर एक बार फिर से घर की जिम्मेदारियाँ निभाना और जिम्मेदारियाँ निभाने का यह सिलसिला रात देर तक जारी रहता है यही नहीं कामकाजी महिलाओं के सामने और समस्याएँ है। वे पैसा कमाती है, फिर भी पुरूष वर्चस्व की शिकार है, आत्मनिर्भर है, किंतु आत्मनिर्णय के अधिकार से वंचित है। संविधान न चाहे स्त्री–पुरूष समानता की गारन्टी दे दी है, संसद ने भले ही उनके पक्ष में अनेक कानून बना दिए है, केन्द से लेकर राज्यों तक भले ही महिला आयोगों का गठन हो गया है पर कोई संवैधानिक व्यवस्था, कानून और आयोग उनकी घबराहट और उनके भय को समाप्त नहीं कर पाया है।

त्रिशंकु की स्थिति – नारी पारिवारिक जीवन के लिए ही सहायक नहीं होती है बल्कि जीवन के हर स्तर पर भी उसने पुरूष का साथ देकर इतिहास निर्माण में सहयोग दिया है। वर्तमान समय में शिक्षा के जोर पकड़ते हुए ज्यादातर महिलाएँ शिक्षित हो चुकी है और शिक्षित महिलाएँ अपनी जिम्मेदारियों की बखूबी निभा रही हैं। जिस घर में शिक्षा की कमी होगी, वह घर हमेशा कलह और अशांति से भरा होगा। महिलाओं को अवश्य शिक्षित होना चाहिए जिससे वे अपना और अपने परिवार का जीवन सुखी व शांत बना सके। वैसे भी भारत में महिलाओं को हमेशा से ही उच्च स्थान मिला है। महिलाएँ शिक्षित होकर कार्यशील महिला बन रही है। घर एवं अपने कार्यक्षेत्र की बखूबी सम्भाल रही है तथा देश के गौरव मान सम्मान को बढ़ा रही है। इतना जरूर कहा जा सकता है कि प्रत्येक महिला ऐसी नहीं होती है। कुछ दोहरी मानसिकता की शिकार बनकर रह जाती है। वह अज्ञानता के सागर में हमेशा गोते लगाती रहती हैं, परंतु यही अज्ञानता धीरे–धीरे दूर हो सकती है। जब कोई महिला शिक्षित होगी, तभी उसकी मानसिकता एवं सोच में बदलाव आएगा। वह तुच्छ विचारों से ऊपर उठ सकेगी तथा दूसरों को भी सही राह पर चलने के लिए प्रेरित कर सकेगी। महिलाएँ वर्तमान समय में घर के अलावा बाहर निकलकर कार्य कर रही हैं। अंधविश्वास को दूर करने में सतत् प्रयासरत हैं, लेकिन फिर भी रूढ़िवादियों में जकड़ी हुई है। उन अंधविश्वासों से उबर नहीं पा रही हैं। कहीं न कहीं किसी बात को लेकर उनके मन में पुरातनपंथी विचार जागरूक हो रहे है। ऐसा गलत है। उनको अपनी सोच में परिवर्तन लाना आवश्यक है। जब तक उनकी सोच में अंतर नहीं आएगा तब तक वह दूसरों के प्रति गलत रवैया अपनाएगी इससे घर एवं समाज दोनों में नहीं रह पाएँगी और न ही अअपना कोइ मुकाम बना पाएँगी महिलाओं को ऐसी शिक्षा दी जाए जो भारतीय संस्कृति के अनुरूप हो। उनके विचारों में शुद्धता हो। समय के साथ चलना सीखे। अच्छे बुरे का ज्ञान हो। आज के समय में महिलाएँ ही महिलाओं की दुश्मन बन रही हैं, ऐसा क्यों?

निष्कर्षत: हम कह सकते है कि भारत में जैसे जैसे सामाजिक परिवेश बदला है वैसे वैसे महिलाएँ आगे बढ़ी है। आज हालत यह है कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं रहा गया है जहाँ महिलाओं ने अपनी सशक्त उपस्थिति न दर्ज कराई हो। जहां पहले कुछ समय तक महिलाएँ सिर्फ घर गृहस्थी के कार्यो में ही उलझी रहती थी वहीं आज वह गूढ़ प्रशासनिक कार्यो को भी भली–भाँति निबटा रही हैं। आज की महिलाओं में कुछ करने की लालसा व आगे बढ़नग की अभिलाषा ने उनके लिए कई कार्यक्षेत्र खोल दिए है। आत्मनिर्भर होने की तथा प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों के वर्चस्व को चुनौती देने की लालसा के कारण महिलाओं की प्रत्येक महिलाओं की प्रत्येक कार्यालय में उपस्थिति दिखाई देने लगी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. मानचन्द्र खंण्डेला – महिला सशक्तिकरण सिद्धांत एवं व्यवहार, अविष्कार पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर (2008)
2. पल्लवी पाण्डेय – एकल अभिभावक परिवारों की समस्याओं का अध्ययन (शोध ग्रन्थ, 2014)
3. भट्टाचार्य सुगंधा – इंडिया टुडे, शीर्षक – महिलाएँ और महत्वाकाक्षाएँ, पेज नं. – 43, 2012

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मध्यप्रदेश के पर्यटन विकास एवं विस्तार में राज्य पर्यटन निगम की भूमिका का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

देवराज वर्मा* डॉ. गजराज सिंह अहिरवार**

* शोधार्थी, श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मेडिकल साइंस, सीहोर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड मेडिकल साइंस, सीहोर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आज के आर्थिक उदारीकरण ,विश्वव्यापीकरण ,निजीकरण के युग में जब हम पर्यटन की बात करते है तो इसे व्यावसायिक या औद्योगिक द्रष्टि से देखना उचित होगा जहाँ लाभ की संभावनाएं भी है तो दूसरी और रोजगार के अवसरों का सृजन भी। यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है इसमें असीम संभावनाएँ छिपी है। मध्यप्रदेश राज्य भारत का हृदय प्रदेश कहा जाता है अत: इस राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में अब तक क्या कार्य हुआ और भविष्य में पर्यटन विकास की कितनी संभावनाएँ है। चूंकि मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को सौपी गई है, अत: यह जानना आवश्यक है की पर्यटन विकास के लिए गठित यह संस्था पर्यटन विकास एवं विस्तार में किस प्रकार से अपनी भूमिका अदा करने में सफल रही है प्रस्तुत शोध पत्र में इन्ही तथ्यों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।
शब्द कुंजी – पर्यटन रोजगार सृजन, राज्य पर्यटन निगम, पर्यटन विकास, मनोरंजन, होटल।

शैक्षणिक उपलब्धि छात्र–छात्राओं का अध्ययन हेतू उन्हें प्रोत्साहन एवं प्रलोभन प्रदान करती है। एक प्रकार से परीक्षाएँ छात्रों को प्रेरणा करती है। तथा शिक्षण विधि में सुधार करके शिक्षण तथा छात्र–छात्राओं दोनों ही परीक्षा परिणामों के आधार पर हम शिक्षण विधि की सफलता की मात्रा जान सकते है। और उसमें आवश्यकता होने पर उसमें कुछ सुधार के प्रयत्न कर सकते है। और परीक्षा की उत्तार–पुस्तिका के आधार पर अध्यापक अपने द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधि की सफलताओं का ज्ञान कर सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि द्वारा मान्यता प्रदान करने में सहायता भी होती है। परीक्षा परिणामों के आधार पर कई विद्यालयों को मान्यता दी जाती है। और इनके माध्यम से अनुधान की निर्धारित की जाती है। शिक्षण में सुधार हेतू प्रति वर्ष परीक्षाओं के लिए शिक्षण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण तथ्यों का संकलन करना पड़ता है। जो परिणाम आता है। उससे अध्यापक के ज्ञान में वृद्धि होती रहती है। और अपने वर्जित ज्ञान के आधार पर अध्यापक सहज ही सुधार कर लेते है। शैक्षणिक उपलब्धि के परीक्षा परिणामों के विभागों का मुल्यांकन भी आसानी से किया जा सकता है। विभिन्न विद्यालय तथा विभागों में अध्यापन की स्थिति व प्रभावशीलता कुशलता का ज्ञान हो सकता है। इन शैक्षणिक उपलब्धि परीक्षण के माध्यम से इनका तुलनात्मक अध्ययनभी किया जा सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि परीक्षाओं के द्वारा न केवल छात्रों को शैक्षिक निर्देशन प्रदान करने में काफी सहायता होती है। और परीक्षाएँ छात्रों के संबंध में अनेक उपयोगी सुचनाएँ भी प्रदान करती है। इन परिणामों के आधार पर छात्रों विषय संबंधी उपलब्धियाँ, अभियोग्यताएँ, अभिरूचियाँ और योग्यताओं आदि का ज्ञान प्राप्त कर सकते है। जिनकी शैक्षिक निर्देशक के लिए अत्यन्त आवश्यक होती है। शैक्षणिक उपलब्धि अन्वेषण के लिए आवश्यक होती है जो कि शिक्षा में अनुसंधान तथा शोध के लिए परीक्षाएँ आवश्यक सामग्री जुटाती है। कई परीक्षा परिणाम छात्रों की विपत्तियों विभिन्न प्रकार के शोध कार्यों में तथ्यों का काम करती है।

समायोजन के द्वारा छात्र एवं छात्राएँ अपने आपको बदलती परिस्थितियों के अनुसार बदलने का प्रयास करते हैं तथा समायोजन छात्र

छात्राओं को शक्ति व सामर्थ्य भी देता है। जो कि परिस्थितियों को ही बदल डाले। यह बात संतुलन की होती है। और संतुलन छात्र छात्राओं को परिस्थितियों के बीच बनाना होता है। अत: इसलिए अपने को बदलकर संतुलन बनाया जाता है। अर्थात हम यह भी कह सकते है कि हालातों से समझौता किया जा सकता है। यह साहस किया जा सकता है कि छात्र-छात्राओं परिस्थितियों को बदलकर अपने इच्छा अनुसार कर लिया जाए। समायोजन का दूसरा रास्ता महापुरूषों, साहसी और निडर व्यक्तियों द्वारा चुना जाता है। और वह व्यक्तियों जो अपनी परिस्थितियों के आगे हार नहीं मानकर उनको झुकाते चलते है। और इसी तरह अपनी सफलता के रास्ते पर पहुँचकर दिखाते है। कभी-कभी छात्रों की योग्यता, क्षमताएँ और उनसे मिलने वाला परामर्श उनकी परिस्थितियों पर हावी हो जाता है तो कभी-कभी कई परिस्थितियों के सामने हार भी जाते है। समायोजन ऐसी प्रक्रिया व भाव है, जो बालक को उनकी योग्यता व क्षमताओं के माध्यम से व परिस्थितियों को देखते हुए अपने लक्ष्य के मार्ग में जाने में सहायता करते है। छात्रों के जीवन में ऐसी परिस्थितियाँ तो आती रहती हैं, कभी रूकती नहीं है। क्योंकि जीवन हमेशा चलता रहता है, रूकता नहीं है। और इस परिवर्तन जीवन के साथ-साथ समायोजन प्रक्रिया को बदलना पड़ता है। और ये कई प्रकार के बदलाव और क्षमताओं में भी छात्रों का सर्वागीण विकास, प्रगति, संतुष्टि आदि होता है।

साहित्य का पुनरावलोकन- प्रस्तुत अध्ययनके लिए अनेक शोध पत्र-पात्रिकाओं का अध्ययन किया तथा उनमें से विगत वर्ष में किये गये कुछ प्रमुख अध्ययनइस प्रकार हैं-

1. **शर्मा तृषा (2019)-** के शोध अध्ययन का उद्देश्य उच्च शैक्षिक उपलब्धि के विद्यार्थियों के मध्य बुद्रि के आयाम की तुलना करना है। प्रस्तुत अध्ययनहेतु, छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के सराचती शिशू मंदिर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12वी के 400 विद्यार्थियों को स्तरीकृत याद्दच्छिाक प्रतिदर्श द्वारा चयन किया गया। अध्ययनमें पाया गया की उच्च शैक्षिक उपलब्धि एवं निम्न शैक्षिक उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की बुद्धि एवं उसके सभी आयामों के मध्य सार्थक अंतर नहीं पाया गया, केवल बुद्धि के अुयाम उत्तम तर्क में सार्थक अंतर पाया गया है।

2. **दीवान, रसीदू (2018)-** ने सामाजिक परिपक्वता और आर्थिक स्त्रर का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य सामाजिक परिपक्वता के साथ सामाजिक व आर्थिक स्त्रर के संबंध की खोज करना था। अध्ययन से निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए सामाजिक परिपक्वता के सन्दर्भ में किशोर व किशोंरियों की बुहिलब्धि समान है। तथा सामाजिक परिपक्वता पर निवेश और लिंग कोई पारपरिक प्रभाव सम्चादित नहीं करते हैं।

3. **डॉ. पारिक अल्का एवं गोस्वामी कुसूम (2017)-**ने जयपूर जिले में ✻✻माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन निष्कर्ष में पाया गया है कि माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् निजी विद्यालयों के वंचित वर्ग एवं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया अर्थात माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् शासकीय विद्यालयों के सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक सहसंबंध नहीं पाया गया।

शोध अध्ययनके उद्देश्य:

1. अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध अध्ययनकी परिकल्पना:

1. अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

निदर्शन का क्षेत्र- प्रस्तुत निदर्शन का क्षेत्र के अंतर्गत धार जिले की कुक्षी तहसील में अध्ययनरत् कर रहे छात्र एवं छात्राओं को अध्ययन हेतू चुना गया है।

निदर्शन का आकार- प्रस्तुत अध्ययन में आँकड़ों के संकलन हेतू 200 निदर्शन लिया गया है। अनुसूचित जनजाति जिसमें छात्र एवं छात्राओं की 100 संख्या है। 50 छात्र व 50 छात्राओं की बुद्धिलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया गया है। एवं उसका शैक्षणिक उपलब्धि को ज्ञात किया गया है।

सामान्य वर्ग में जिसमें छात्र एवं छात्राओं की 100 संख्या है। 50 छात्र एवं 50 छात्राओं की बुद्धिलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया गया है। और इनका शैक्षणिक उपलब्धि भी ज्ञात किया गया है।

तथ्य संकलन के स्त्रोत:- प्राथमिक एवं द्वितीयक।

प्राथमिक स्त्रोत:-

प्रपत्र- छात्र एवं छात्राओं की बुद्धिलब्धि ज्ञात करने के लिए शोधार्थी ने 'आर. के ओझा और राय चौधरी' का प्रपत्र लिया गया और समायोजन को ज्ञात करने के लिए 'A. K. P. Sinha & R. P. Singh' द्वारा ज्ञात किया गया। और शैक्षणिक उपलब्धि ज्ञात करने के लिए शोधार्थी ने छात्र एवं छात्रों का रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से ज्ञात किया गया है।

द्वितीयक स्त्रोत- द्वितीयक स्त्रोत का संकलन शोधार्थी स्वयं नहीं करता बल्कि पहले से उपलब्ध प्रदत्तों का अपनी शोध समस्या के विश्लेषण तथा विवेचना में उपयोग करता है। ये प्रदत्ता किसी अन्य व्यक्ति किसी संस्था का संगठन द्वारा उनके अपने निजी उपयोग के लिए संकलित किया गया। तथ्यों का संकलन पुस्तक, समाचार पत्र, शोध पत्रिकाओं, सरकारी अभिलेख, प्रतिवेदन, इंटरनेट आदि से प्राप्त जानकारी के माध्यम से द्वितीयक स्त्रोत प्राप्त किये गये है।

तथ्यों का विश्लेषण - तथ्यों का विश्लेषण हेतु समस्त संकलित आंकडों एवं सूचनाओं को अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र छात्राएं से बुद्धिलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन से संकलित आंकडों के आधार पर निम्नलिखित प्रतिशत, माध्य, मानक विचलन एवं टी परीक्षण के साथ अनोवा परीक्षण किया गया है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करना' है। इस हेतु शून्य परिकल्पना 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' का निर्माण किया गया। ऑकड़ों का सारणीयन किया गया एवं प्राप्त निष्कर्षो में अनोवा परीक्षण किया गयॉ जिन्हें निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका का स्पष्टीकरण -तालिका 1 में दर्शाया गया है कि अनुसूचित

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में अनोवा परीक्षण का मूल्य क्रमशः 78.099, 19.527 एवं 246.591 प्राप्त हुआ जो कि 3,196 स्वंत्र्यांश पर सार्थक (P<0.05) पाया गया हैं। अतः शून्य परिकल्पना 'अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन करने पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' अस्वीकृत कि जाती हैं। एवं कहा जा सकता है कि अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया हैं।

अतः स्पष्ट किया जाता है कि जातिगत विभिन्नता एवं लिंग का छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन पर प्रभाव पड़ता है।

निष्कर्ष – तालिका क्रमाक 1. में दर्शित आंकड़ों सें सिद्ध होता हैं, कि अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया है। अतः स्पष्ट किया गया हैं कि जातिगत विभिन्नता एवं लिंग का छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन पर प्रभाव पड़ता हैं। कारण उपरोक्त परिणामों का सम्भावित कारण यह हो सकता है कि अनुसूचित जनजाति कि छात्र-छात्राएँ जो कि ग्रामीण परिवेश में पले बड़ें होते, जिससे उनकी पारिवारिक समस्या, आर्थिक स्थिति, रूढ़ीवादी परम्परागत, सामाजिक वातारण आदि का प्रभाव पाया गया अतः सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राएँ जो कि शहरी क्षेत्र में होने के कारण उनका पारिवारिक वातावरण, सामाजिक वातावरण सुख-सुविधाएँ जो कि समय पर उपलब्धि हो जाती, जिससे उनकी बुद्धिलब्धि का स्तर, शैक्षणिक स्तर व समायोजन अच्छो से कर पाते है। इसीलिए छात्र-छात्राओं पर जातिगत भिन्नयता व लिंग का प्रभाव भी पाया गया।

सुझाव :

1. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियो में बुद्धिलब्धि शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया जा सकता है।
2. शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों की बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया जा सकता है।
3. हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों में बढ़ते करियर के प्रति बुद्धिलब्धि एवं समायोजन का अध्ययन किया जा सकता है।
4. शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन में तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पी.डी.पाठक 'शिक्षा मनोविज्ञान' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा (2005)
2. डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ.डी.एन. श्रीवास्तव 'आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा (1999)
3. डॉ.आर.ए.शर्मा डॉ. शिखा चतुर्वेदी 'शैक्षिक एव व्यवसायिक- निर्देशन परामर्श' निकट राजकीय इन्टर कॉलेज बेगम, ब्रिज रोड़ मेरढ़ (2008)
4. श्रीमती गयात्री बर्मन, श्रीमती शशिप्रभा जैन 'किशोरावस्था विवाह एवं परिवार', शिवा प्रकाशन, श्रीगणेश मार्केट, खजूरी बाजार, इन्दौर (म.प्र.) (2008)
5. डॉ. श्रीनाथ शर्मा 'सामाजिक अनुसंधान पद्धति', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ आकदमी, रवीन्द्रनाथ मार्ग बानगंगा, भोपाल (2016)
6. डॉ. रवीन्द्र नाथ मुकर्जी 'सामाजिक शोध व सांख्यिकीय', विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर दिल्ली (2012)

तालिका क्रमांक 1

	समूह	वर्गो का जोड़	स्वंत्र्यांश	माध्यों का वर्ग	अनोवा F मूल्य	सार्थकता का P मूल्य
बुद्धिलब्धि	सामान्य छात्र	22903.055	3	7634.352	78.099	0.000*
	सामान्य छात्राएँ					
	अनुसूचित जनजाति छात्र	19159.500	196	97.753		
	अनुसूचित जनजाति छात्राएँ	42062.555	199			
शैक्षणिक उपलब्धि	सामान्य छात्र	2819.575	3	939.858	19.527	0.000*
	सामान्य छात्राएँ					
	अनुसूचित जनजाति छात्र	9433.820	196	48.132		
	अनुसूचितजनजाति छात्राएँ	12253.395	199			
समायोजन	सामान्य छात्र	46213.735	3	15404.578	246.591	0.000*
	सामान्य छात्राएँ					
	अनुसूचित जनजाति छात्र	12244.140	196	62.470		
	अनुसूचितजनजाति छात्राएँ	58457.875	199			

* P का मान 0.05 से कम पाया गया है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

ग्राॅफ क्रमांक-1 : अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र एवं छात्राओं में बुद्धिलब्धि, शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारत की जीवन धारा 'माँ गंगा' का भारतीय पंरम्परा में महत्व

डॉ. मुकेश मारू*

* संचालक, एम.टी.एम.कान्वेन्ट सेकेण्डरी स्कूल, ब्यावरा, राजगढ़ (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत की परम्परा, भारतीय सभ्यता, भारतीय संस्कृति एवं सभी भारतवासी के हृदय का स्पंदन, गंगा कलयुग में मोक्ष का पर्याय, त्रिपथगा, स्वर्ग सुदंरी, विष्णुपदी, मोक्ष दायनी, पापनाशनी भगवती माँ गंगा, हिमायल पुत्री, जिनके स्मरण मात्र से मनुष्य अपने दूषित कर्मो से मुक्ति पाता है। जिनके दर्शन मात्र से मनुष्य अपने सम्पूर्ण पाप कर्म से मुक्त हो जाता है। एवं जिनके स्पर्श मात्र से मनुष्य इस जन्म में सद्गति प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त होता है। ऐसी महिमामयी विशाल हृद्रयी, दुखहारणी पतितपापनी, जान्व्ही, भागीरथी माँ गंगा।

जिसके तट पर भारतीय सभ्यता का जन्म हुआ जिसके किनारे भारतीय परम्परा का विकास हुआ जो हमेशा बनी धर्म की सारथी ऐसी त्रिलोक सुन्दरी ओम स्वरूपणी अमृतप्रदा आनन्दामृतवर्षिणी, सौभाग्य दायनी माँ गंगा जिसकी कीर्ति का बखान करना जिसके गुणों को उद्घोषित करना एवं जिसके प्रेम को शब्दों में व्यक्त करना सम्पूर्ण रूप से मानव के लिए आज भी असंभव है, सम्पूर्ण वेद, पुराण, गीता, रामायण महाभारत, एवं अन्यान्य भारतीय धर्मग्रन्थों में जिसकी महिमा का गान हो जिसके तीरे अनेकों ब्रम्हऋषि जन्मे हो जिसके आँचल में सैकडों तत्वदर्शियों ने पनाह ली हो, जो युगों युगों से सिर्फ मानव कल्याण के लिये ही धरती पर बहती है। ऐसी देवमाता गंगा। आज मुझ मूड़ के जीवन में माँ गंगा के विषय में कुछ लिखने का अवसर आया है। ऐसा महसूस हो रहा है, कि युगों युगों से सुशुप्त मेरे पुण्यों का उद्य हुआ है। ऐसा सौभाग्य जिसके लिये बड़े बड़े ज्ञानी तरसते हैं। उस ममतामयी की महिमा के बारे में कुछ जानने का, कुछ कहने का समय मेरी जीवन यात्रा को सार्थकता प्रदान करता सा महसूस हो रहा है। मुझ ज्ञानहीन को अपना आर्शिवाद दे मेरे जीवन को धन्य बनाने वाली विष्णुप्रिया माँ गंगे को मेरा शतशत प्रणाम।

सम्पूर्ण विश्व में कई ऐसी नदियां है, जो कि गंगा से कई हजार किलोमीटर बड़ी है, चाहे वो मिसीसिपी हो, चाहे नील हो, चाहे अमेजन हो किन्तु अखिल ब्रम्हाण्ड नदियों की नायिका के रूप में, एक देवी के रूप में सिर्फ और सिर्फ गंगा को ही स्थान प्राप्त है। विश्व की समस्त नदियों में मानव सिर्फ मनोरंजन हेतु स्नान एवं भ्रमण करता है। किन्तु गंगा में ही नही करोड़ों भारतीय मोक्ष प्राप्ति हेतु स्नान कर अखिल भारतीय मानव अपने को धन्य मानता है। विश्व की समस्त नदियों के जल में, गंगा जल को हर भारतीय अमृत तुल्यमान पान करता है। गंगा के प्रवाह में अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन कर प्रत्येक भारतीय अपने को पूर्वजों के कर्ज से मुक्त मानता है।

अपने पूर्ण जीवन काल के अन्तिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिये तरसते है। यही विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी की बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सम्पूर्ण सृष्टि में सबसे वैज्ञानिक ग्रन्थ में भगवान के द्वारा कहे वचन

गंगे, गंगेति यो भ्रुयान योजनान्म शनैरपि।।
सर्वपाप विनिमुर्वतो विष्णुलोकम स् गच्छति।

अर्थात जो कोई मनुष्य गंगा से हजारों मील की दूरी से भी गंगा, गंगा कहता है, उसके सब पाप नष्ट हो जाते हैं और वह विष्णुलोक को प्राप्त होता है।

उस विष्णु प्रिया का जन्म स्थान जहाँ के कण कण में उर्जा का प्रवाह है, जहाँ है, सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु का योग स्थल, जहाँ है शिव का धाम कैलाश जो है, संसार की सर्वोत्तम आत्माओं का निवास आध्यात्मिक शक्तियों का ध्रुवकेन्द्र अर्थात हिमालय ऐसा अद्भुत संयोग जहाँ योग और मोक्ष दोनों ही वर्तमान में अगर कहीं है तो यही है, यही है, यही है।

ऐसा आर्कषण ऐसा रहस्य यहां की रज रज में एक कहानी है, जहाँ का कण कण किसी महान दार्शनिक दृष्टिकोण की निशानी है। संसार के हर शोधार्थी के लिये एक स्वर्ग है। गंगा भारत की सास्ंकृतिक पहचान है, गंगा भारत की धार्मिक आत्मा है। सदियों से हिन्दु धर्म का कोई धार्मिक संस्कार बगैर गंगा जल के सम्पन्न नहीं होता है। गंगा की जल धारा भारतीय धर्म का दर्शन है। गंगा का ये ही दर्शन आज गंगोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार, इलाहबाद एवं बनारस का जनक है। अगर गंगा न होती तो हरकी पोडी न होती, अगर हरकी पोडी न होती तो हरिद्वार न होता। अगर गंगा न होती तो संगम न होता अगर संगम न होता तो कुभं न होता अगर कुंभ न होता तो विश्व का सबसे बडा धार्मिक संगम जहां करोडो लोग मोक्ष प्राप्ति हेतु स्नान करते है आज नहीं होते। अगर गंगा न होती तो द सिटी ऑफ लाईट अर्थात बनारस न होता। काशी के तो 84 घाट न होते जो 84 लाख योनियों के सूचक है, जिन पर स्नान अर्थात मोक्ष प्राप्ति नहीं होती। अगर गंगा न होती तो उसके तट पर विकसित भारतीय सभ्यता न होती, परम्परा न होती। पूरा उत्तर भारत जिसमें गंगा पे आश्रित लगभग 2500 किलो मीटर के क्षेत्र को गिने चुने उपजाऊ प्रदेशों में से एक है निश्चित रूप से गंगा की अनुपस्थिति में यह क्षेत्र उपजाऊ नहीं होता बल्कि बंजर शमशान होता। अपने इस असाधारण महत्व के कारण ही गंगा भारतीय परम्परा की प्रतीक, भारतीय धर्म की ध्वजा एवं भारतवर्ष की भाग्य रेखा बन गई है।

पंडित श्री जवाहरलाल नेहरू की 'भारत एक खोज में' के अनुसार गंगा भारत की संस्कृति एवं विकास की कहानी है। यह बात बिल्कुल सत्य है कि

भारत के हद्रय में हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, अमीर गरीब सभी वास करते है, भारत की संस्कृति का एक हिस्सा जिसमें उच्च वर्ण, निम्न वर्ण, छूत, अछूत सभी गंगा के लिये समान है। चाहे कोई भी हो गंगा सबकी मॉं है। गंगा के तट की विशेषता देखिए की कोई उसके तट पर कपड़े धो रहा है, तो कोई पूजा कर रहा है। कोई आकर शव बहा रहा है, तो कोई उसका आचमन कर रहा है। जो अपने जल की एक एक बूॅंद अपने पुत्रों पर न्योछावर करती है। शायद इसी लिये है, वह करोड़ों भारतीयों की मॉं, गंगा मॉं।

इतिहास साक्षी है, कि में भारत अनेक संस्कृतियां आई और चली गई। कई सभ्यताओं ने जन्म लिया और समय के गालं में समा गई। किन्तु गंगा तट एवं इस उन्नत क्षेत्र की संस्कृति सभ्यता सदियों से हमेंशा फली फूली है। गंगा पर स्थित काशी जो आज भी विश्व की सबसे प्राचीन जीवित नगरी है, इसका एक बड़ा उदाहरण है।

गंगा का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व – गंगा का आध्यात्मिक पक्ष हो, चाहै धार्मिक, आर्थिक हो, चाहै वैज्ञानिक हमेशा से गंगा हर भारतीय पक्ष की प्रमुख आधार रही है, गंगा के बिना भारत की कल्पना करना ठीक उसी प्रकार है, जिस प्रकार बगेर पंख की उड़ान या बगेर प्राण के जीवन। आज का युग विज्ञान का युग है। आज विज्ञान के इस युग में वैज्ञानिकों ने ईश्वर की उपस्थिति पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया हुआ है। किन्तु गंगा जिसका जल हमेशा से वैज्ञानिकों के लिये भी कोतुहल का विषय रहा है। कई वर्षो तक इस जल को बन्द रखने पर भी इसमें कीड़े नहीं पढ़ते। आश्चर्य बेहद आश्चर्य, और तो और असाध्य रोगों को नष्ट करने की क्षमता, हमेशा से वैज्ञानिकों को परेशान करती रही कि आखिर गंगाजल में ऐसा क्या है। कई बार कई शोध हुवे, किन्तु परिणाम यह ही निकला कि चाहै कितनी ही गंदगी गंगा जल में प्रवाहित करो गंगा जल की उर्जा जिसे वैज्ञानिक जीवाणु कहते हैं। हर प्रकार की गंदगी को खत्म करने की क्षमता रखते है। यही तथ्य वैज्ञानिकों को यह कहने पर मजबूर करता है, कि गंगाजल से ज्यादा स्वस्थ एवं शक्तिशाली जल दुनिया की अन्य किसी नदी का नहीं है। तभी तो वह है, पतित पापनी, पापनाशनी भागीरथी मॉं गंगा। सम्पूर्ण भारतवर्ष के मजबूत धार्मिक पहलु के अलावा भारतवर्ष हमेशा से अध्यात्म के क्षेत्र में ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का गुरू रहा है। उसका कारण है, हमारे ऋषि, मुनि जिन्होने ज्ञान के उच्चतम आयाम को छुआ है, इनमें से कई ऐसे महान ऋषि हुऐ हैं जिनने हिमालय एवं गंगा को अपने साधना स्थल के रूप में चुना चाहे वे अमृत प्राप्त श्री महावतार बाबाजी महाशय हो, रामानन्द जी हो, कबीर हो, तुलसीदास हो, चैतन्य महाप्रभु हो, वल्लभाचार्य हो, श्री राम शर्मा आचार्य हो, या भारत के महान तत्वज्ञानी ब्रम्हज्ञानी श्री शंकराचार्य हो सभी ने अपनी साधना का अविभाज्य अंग इसी क्षेत्र को बनाया। ब्रम्हज्ञानी श्री शंकराचार्य ने तो गंगा की महत्ता में यहां तक कहा कि।

विधि र्विष्णु : शम्भुस्वमसि पुरूष्तवेन सकला:,
रमीमागी र्मुख्या त्वमसि ललना जह,नुवमये।
निराकारागाधा भगवति सदा त्वं विहरसि:,
क्षितो निराकारा हरसि जनवापान्ज्वकृपया।।

अर्थात है, जान्वही तुम पुरूष में ब्रम्हा, विष्णु, और महेश हो। स्त्री रूप में तुम्ही रमा, उमा तथा सरस्वती हो, है परमेश्वर्यशालिनी तुम्ही निराकार ब्रम्हस्वरूपणी हो और नितान्त अपार महिमाशाली हो। इस धरती पर तुम सत्य का रूप धारण कर अपनी सन्तानों के पाप हरने वाली महान गंगा हो।

श्री शंकराचार्य के दृष्टिकोण से गंगा जल की शक्ति अमोघ है, जिसके कारण सम्पूर्ण भारतवर्ष के मनीषियों ने हमेशा आपनी साधना हेतु गंगा से अपना आर्शिवाद मांग अपने जीवन को धन्य बनाया है।

आज भारतीय युवा पीड़ी को यह बताना है, कि गंगा जिस संस्कृति, धर्म, परम्परा, की हम बात करते है, वह बगैर गंगा के संभव नहीं है। उन्हें यह बताना है कि जीवन की जिस चका चोंध में हम लगातार बहे जा रहे है, जिन जड़ो से हमारा निर्माण हुआ है, उन जड़ो को हम लगातार विस्मृत करतें जा रहे है।

आज हमें पुन: प्रयास होगा अपना बेहद उन्नत धार्मिक एवं आध्यात्मिक पक्ष बताने का। ताकि आज की पीढ़ी को अपनी इन शानदार धरोहरों का अहसास हो। साथ ही समाज को यह बताना है, कि हम किस तरह से अपनी जड़े खोदे जा रहे है। जिस गंगा से जिस हिमालय से जिस ऋषि परम्परा से भारत विश्व का सिरमोर रहा है। उसी सिरमौर का हम किस तरह मान मर्दन कर रहे हैं। धरती पर मानव उद्धार के लिये आयी गंगा पवित्र गंगा आज इस हद तक मैली हो चुकी है, कि वैज्ञानिक कहते हैं। यहा गंगा का पानी पीना तो दूर नहाने के योग्य भी नहीं है। हम लोगों की स्वार्थ की इन्तहॉं देखिये जो हमें ज्ञान देती है मोक्ष देती है, धन देती है। हमने उसी दैवी को दी है तो सिर्फ गन्दगी। वाकई मानव पीढी अपने मूल को भूल चुकी है। जो गंगा सनातन सदियो से अविरल धारा के रूप मे गोमुख से गंगा सागर तक बहती हो, हमने अपने क्षुद्रस्वार्थो के कारण उसकी धारा को जगह जगह रोक अपनी वर्तमान मानसिकता को उजागर किया है हम किस हद तक धर्म की बजाय धनवादी मानसिकता के गुलाम बनते जा रहे है, कि आज गंगा अपने अस्तित्व के लिये संघर्ष कर रही है। और हमे धन कमाने से फुरसत नहीं है। आज महान गंगा के तट जो कभी ज्ञान प्राप्ति के स्थल थे, हमने अपनी व्यस्त जिन्दगी के चलते उन्हे पिकनिक पर्यटक स्थलों में परिवर्तित कर दिया है। हमारी युवा पीढ़ी आज जीवन का आनन्द समुद्र तटों पर ढूंढती है, गंगा तट पर नहीं।

जिसने करोडों के जीवन को शुद्ध किया हो, आज अपनी शुद्धी के लिये तरस रही है। क्या ये शुरूआत है, गंगा की विदाई की , क्या ये शुरूआत है गंगा के पुन: अपने धाम लोटने की।

हॉं तो समझिये भारतभूमि के बंजर होने का समय भी आ रहा है। फिर मान लीजिए हम लोग विनाश के मुहाने पर ही बैठे हैं। क्योकि जब मॉं रूठती है, तो परमात्मा रूठता है। और अगर वो गोविन्द रूठा जिसने प्राणी मात्र के प्रेम की खातिर गंगा को जगत कल्याणार्थ धरती पर भेजा तो समझिये सब कुछ खत्म।

किन्तु अभी भी समय हैं। सब कुछ बचाने का उस रूठी हुई गंगा को मनाने का क्योकि उसका हृदय तो विशाल है, जो सनातन अपने पुत्रों के लिये ही धड़कता रहता है। इस लेख के माध्यम से प्रयास है, उसकी महिमा गाने का, उसको दुखी करने के कारणों को जानने का और अपनी भूल को मानते हुये उसको ठीक कर उससे क्षमा मॉंगने का।

गंगा नदी का स्त्रोत – गंगोत्री ग्लेशियर जो कि पांच से पन्द्रह मील तक फैला हुआ हैं एंव हिमालय की तलहटी उत्तर मे लगभग चोदह हजार फिट उत्तरप्रदेश मे भागीरथी का स्त्रोत है, जो कि अलकनन्दा से मिलकर देवप्रयाग तक आता है ओर गंगा को बनाता है। पास मे सिंधु एवं ब्रम्हपुत्र नदियों का स्त्रोत है। जो हिमाचल प्रदेश मे प्रवेश करके पंजाब और सिंध प्रदेश से होते हुए अरब सागर मे मिल जाती है। बाद में उसकी लम्बाई बहुत हो जाती हैं ओर भिन्न नाम से पुकारी जाते हुए तिब्बत चीन नेपाल के नजदीक भारतीय सीमा मे ओर फिर उत्तर पूर्व की ओर थोड़ा एक मोड़ लेते हुए आसाम की ओर मुडकर

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

गंगा से मिल जाती है। बांग्लादेश मे ओर शक्तिशाली पदमा नदी का नाम लेकर वहां की सुख ओर दुख की परिचायक बन जाती है। देव प्रयाग से बंगाल की खाडी तथा सुन्दर वन तक गंगा एक हजार पांच सौ पचास मील तक असंख्य लोगो की जीवन दायिनी बनकर भारत के कुछ प्रमुख षहरो से गुजरती है। जिनमें कानपुर इलाहबाद वाराणसी पटना ओर कलकत्ता प्रमुख है।

गंगा की प्रमुख सहायक नदियां जैसे कि घाघरा जो इससे पटना मे मिलती है। गंडक जो काठमान्डू से निकलती हैं अन्य सहायक नदियों मे सोन तथा गोमती है।

भारतीय परम्परा मे गंगा की अवधारणा का धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन विषय में शोध करना एक बड़ा ही चुनोती भरा कार्य है।

गंगा जिसके उच्चारण मात्र से एक पवित्र भावना उत्पन्न होती है। जो मानव मन मे गंगा के संबंध मे संजोकर रखी गई श्रृद्धा, आस्था, समर्पण जैसे भावो को स्वयं उद्धाटित करती है।

गंगा नाम का अपना एक अलग ही आकर्षण है। प्रभाव, गरिमा और महिमा है। वस्तुत: जिस किसी के साथ भी गम्–गम् जुड़ा रहता है, वह सदैव चलायमान रहती है, प्रगतिशील रहती है। एंव वह औज का प्रतीक होती है। शक्ति देने वाली होती है। ठीक इसी प्रकार से यह नदी अपने नाम की सार्थक करते हुवे युगो–युगो से अविचल, अनवरन बहती आ रही है। एक दूध की धार के समान अपने लक्ष्य को पूर्ण करते हुये सागर में समा जाती है।

गंगा नदी के महत्व पर सम्पूर्ण सृष्टि मे किसी को कोई भी सन्देह नही रहा है किन्तु आज समय मानो इस महान अविरल धारा को जैसे बांधने को आतुर सा महसुस होता है। ऐसा लगता है, जैसे गंगा को समय एक स्मृति बनाने की तैयारी कर रहा है।

भारतीय पंरपरा में गंगाा विषय को अगर गंभीरता से महसुस किया जावे तो गोमुख से बनारस तक गंगा हर स्थल को एक तीर्थ का स्वरूप देते हुये बहती जाती है। और इन ही तीर्थो पर भारत की अमित संस्कृतियां फली फूली है। गंगा पावन है, गंगा पवित्र है। गंगा हमारे संस्कारो की थाती और लोक प्रथाओ एवं लोक विश्वास की साक्षी है।

किन्तु आज शायद समय की कुदृष्टि गंगा पर अपनी नजर जमाये सी महसुस होती है।

आज इस विषय मे गंगा के जन्म से लेकर गंगा के लगातार मरने तक के पहलुओ को छूने की कोशिश की गई है। निश्चित रूप से हर भारतीय के जीवन का आधार गंगा है, हर हिन्दु परिवारों मे बच्चे के जन्म से लेकर मृत्यु तक की उसकी साथी गंगा है। किन्तु समीप से जानने पर हम पायेगे, कि गंगा जल मे प्रदूषण का स्तर, ओद्यौगिक विकास की तीव्रगति, वैज्ञानिक शक्ति के दुरूपयोग और जनसंख्या भार के कारण, गंगा लगातार मिट रही है। यद्धपि गंगा के बारे मे जनसामान्य की सोच में आज भी श्रृद्धा है किन्तु गंगा जल में गन्दगी गिरने, मलोत्सर्ग करने, गंगा मे धार्मिक अनुष्ठान एवं सामूहिक स्नान करने, शव प्रवाहित करने, शव दाह करने, फेक्ट्रियों का गंदा पानी प्रवाहित करने में भी हम भारतीय पीछे नही है। गंगा तटो पर बसी हमारी संस्कृति आज लगातार आधुनिक होती जा रही है।

गंगा तट के घाटो पर एक और भारत की समुची प्राचीन परम्परा अपनी सम्पूर्णता और विविधता मे सुरक्षित हैं, वही दूसरी और यहां के लोगो की जीवन शैली मे आधुनिकता का जबर्जस्त प्रभाव भी अब नजर आने लगा है। गंगा तटो पर रहने वाले इन आधुनिक सोच के लोगो को यह बताना आज नितान्त आवश्यक सा महसूस होता है, कि यह घाट, यह तीर्थ, उनकी उनके क्षेत्र की नही वरन् सम्पूर्ण भारत की अश्रुण्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक परम्परा का जीवित इतिहास और आने वाली पीढ़ी की धरोहर है। जिसे संभाल–संवार कर रखना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है।

श्री गंगा को समर्पित यह बात कि –

शान्त–शुचि–शीतल विमल सलिल
धार, दर दर लहर–लहर नित्य गाती है।
रेवा गोदावरी–सी कलिमल हर गंगा माँ जल के
जहान्य पाप पल मे नसाती है।
दलित–दरिद्र, दुर्दषा पर दयालु माता
रक्षा की भावना से दोडी चली आती है।
शत शत प्रणाम दास मुकेश के स्वीकारे,
गंगा मैया घौर कष्ट से बचाती है।
यह भारत की जीवन धारा। नीर नहीं यह अमृत धारा।।
प्रदुषण करते को टोको। जल को मल बनने से रोका।।
गंगा के अगणित वरदान। हरे खेत खुशहाल किसान।।
काश अभी न चेते भाई। मंहगी पडेग़ी मात जुदाई।।
फूलों की तुम खाद बनाओ। माता को कचरा न खिलाओ।।
इको फ्रेन्डली मूर्ति बनाओ। माता में इनको न सिराओ।।
खाद कीट नाशक और साबुन। जल को करते सदा अपावन।।
निर्मल जल हो पावन तट हो। सुसंस्कारी गॉव सुन्दर वट हो।।
पालीथीन पर रोक लगाओ। जल वायु–जमीन बचाओ।।
मॉ गंगा की यही पुकार। जल जंगल का करो सुधार।।
माता गंगा की जय बोलों। पर अमृत में विष न घोलों।।
पर्वो पर जिहस जल में नहाऐं। उसमें मेला नहीं बहाऐ।।
स्वच्छ रखें तट, तट के वासी। अशुद्ध न होने दें, जलराशी।।
उसमें पूजा के फूल न फेंके। और दूसरों को भी रोकें।।
जिस जल से अन्न उपजाऐं। उसे व्यर्थ ही नहीं बहाऐं।।
स्वच्छ रखें, यह मॉ की सेवा। तभी मिले पुण्य का मेवा।
जला भाव का आए न मौका। यदि वर्षा–जल, जाए रोका।।
चलो! सभी अभियान चलाऐं। जलाशयों का महत्व बताऐं।।
बूंद–बूंद कर अगर बचाऐं। जल संकट को अरे मिटाऐं।।
जो नभ के बादल बरसाऐं। आओं ! ऐसे वृक्ष लगाऐ।।
वृक्ष है महादेव विष पायी। क्यों निष्ठुर हो करें कटाई।।
जल और वृक्ष सुरक्षा पाऐं। हम प्रदुषण से बच जाऐं।।
तट पर पेड़ लगाकर भईया करो एक उपकार,
अपने साथ पीढियों का भी कर दो बेड़ा पार।
मॉ गंगा का कर्ज हम सबको चुकाना चाहिए,
साफ कर गंदे तटों को फिर से सजाना चाहिए।
ठीक हो बुद्धि तभी होगी गंगाच्चल शुद्धि।

उपसंहार – भगवान शिव की जटा में स्वर्ग से उतरी गंगा के विषय मे हम लगभग वे सभी तथ्य जान चुके है। कि जगत कल्याणी अपने पुत्रो के उद्धार के लिये इस संसार मे आई। पुराणों से लेकर जन श्रुतियों तक गंगा की महिमा अपार है। आज यदि इस सम्पूर्ण अध्याय के सारांश की बात की जाये तो हमने अभी तक यह ही जाना है कि माँ गंगा ने हमारे लिये क्या क्या किया है, किन्तु महत्व इस बात का है कि हम पुत्रो को अब अपनी जाती हुई माता

के श्री चरणो में क्या क्या समर्पित कर अपना कर्तव्य निभाना है। क्योकि आज की गंगा परिस्थितियों पर नजर डाली जाये तो हम पायेगे कि अब लेने का नही देने का समय आ गया है। हालाकि ऐसे कई अभियान है, जो गंगा के लिये कार्य कर रहै है, इनमे स्पर्श गंगा अभियान ऋषिकेश जिसमे स्वामी चिंदानन्द जी द्वारा गंगा के लिये महती भूमिका निभाई जा रही है। ठीक इसी प्रकार अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख श्री डॉ. प्रणव जी पण्डया साहब द्वारा भी गंगा प्रज्ञा मण्डल के माध्यम से गंगा शुद्धि की अलख जगाई जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

सुंदरवन की तटीय आबादी पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

वालसिंह मावी* डॉ.बी.एल.पाटीदार**

* शोधार्थी (भूगोल) माता जीजीबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक, माता जीजीबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – जलवायु परिवर्तन की समस्याओं और अनुकूलन पर वैश्विक चेतना शैक्षित अंत में सैद्धान्तिक वैज्ञानिक ज्ञान और कमजोर आबादी के अन्त में इनके व्यवहाररिक प्रभावों के बीच सुचना साझा करने और संचार अंतर की असमानता के इर्द गिर्द घुमती घनी आबादी वाले सुन्दरवन जैसे सामाजिक आर्थिक तनाव का सामना कर रहे तटीय समुदाय दुनिया के सबसे प्रभावित हिस्से है जो जलवायु परिवर्तन की समस्याओं के संम्पर्क में है। यह लेख आर्थिक आधार की दिशा में लक्षित भारतीय सुन्दरवन में कार्यान्वित एक सामाजिक – पर्यावरणीय परियोजनाओं की सफलताओं की पड़ताल करना है।

शब्द कुंजी – सुन्दरवन, तटीय क्षेत्र, आबादी, जलवायु।

प्रस्तावना – सुंदरवन एक गतिशील और ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो भूमि और पानी के बीच के पारस्पारिक क्रिया द्वारा बनाया है इसे पृथ्वी पर सबसे अधिक उत्पादन आर्द भूमि में सें एक माना जाता है। यह एक प्रमुख वैश्विक ज्वारनद मुख है। जो जलवायु परिवर्तन के कारण समुह –स्तर की वृद्धि से बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। क्योकि इससे पारिस्थितिकी तंत्र कार्य और उसकी विविधता एवं उत्पादकता बुरी तरह से प्रभावित है।

वास्तविकता यह है कि 2121 ऊर्जा अनुसंधान संस्थान और पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा सन् 1995 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार समुह क जल स्तर एक मीटर की वृद्धि लगभग 7.1 मिलियन लोगों की विस्थापित कर सकती है जिसमें सभी तटीय क्षेत्रों में वास करने वाले समस्त मछुआरा समुदाय शामिल है। हाल के अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है। कि वर्ष 2020 तक समुद्र स्तर में वृद्धि प्राकृतिक आपदाओ जैसे तुफान और तटीय बाढ़ के कारण से सुन्दर वन के समुद्री क्षेत्रों का लगभग 14 प्रतिशत खतम हो जायेगा और 20000 से अधिक लोग बेघर है। उपरोक्त अध्ययन के बावजूद भी हमारे देश में जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपुर्ण विषय की अनुसंधान के क्षेत्र में प्राथमिकता के तोर पर नही लिया जा रहा है।

इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट–2019 के अनुसार– भारत में सदाबहार वन का क्षेत्रफल 4975 वर्ग कि.मी. या देश के कुल भोगोलिक क्षेत्र का 0.15 प्रतिशत है। राज्यवार मेंग्रोव वन पश्चिम बंगाल 2114 वर्ग कि.मी. गुजरात में 1140 वर्ग कि.मी. अण्डमान निकोबार द्वीप समूह 617 वर्ग कि.मी. आन्द्रप्रदेश 404 वर्ग कि.मी. महाराष्ट्र 304 कि.मी. में वन क्षेत्र फैले हुऐ है।

सुन्दर वन बंगाल की खाड़ी में निचले इलाकों में बने टापुओं का एक समूह है। और यह भारत से लेकर बांग्लादेश तक तक फैला हुआ है यह क्षेत्र अपनी अनोखी जैव विविधता तथा पारिस्थितिकीय तहत्व के लिए अन्तराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है।

सुन्दर वन का पारिस्थितिकी तंत्र महत्वपूर्ण पारिस्थिकी सेवाओं की एक व्यापक श्रखला प्रस्तुत करता है। इसमें लाखों लोंगो की चक्रवातों से रक्षा वन्यजीवों का ठिकाना मुहेया करना, भोजन एवं प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध कराना और कार्बन पृथवकरण करना शामिल है। सुन्दर वन भारत के लगभग 45 लाख लोगों को आशियाना भी देता है। इसमें दक्षिण एशिया के कुछ सबसे गरीब और बेहद जौखिम से घिरे समुदाय भी शामिल है। यहा रहने वाली लगभग आधी आबादी गरीब रेखा से नीचे गुजर बसर करती है।

रोजगार की कमी की वजह से ज्यादातर लोंग जमीन और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहतें है। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वजह से यहा संसाधन लगातार घटते जा रहे है। इसमें से अधिकतर लोग सिर्फ रोजी रोटी के लिए कृषि गतिविधिया करते है जिसमें मछली पकड़ना केकडे, और शहद इकठा करना आदि शामिल है। जलवायु परिवर्तन की वजह से गरिब रोजी रोटी के विकल्पों की कमी, जमीन पर निर्भरता जमीन पर असमान स्वामित्व और सीमित सरकारी सहयोग जैसी और मुसीबतों का असर पढ़ रहा है।

उद्देश्य:

1. सगठित सामुदायिक भागिदारी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन संरक्षण को सम्प्रेषित करना।
2. तटबंधों के किनारे सदाबहार वन लगाना।
3. देशी खाराजल धान किस्मों जैसे नोना बोखरा, ताल मोगर की खेती को प्रोसाहित किया जाना।
4. उथले भूजल को वर्षा जल और तालाब के जल के पूनर्भरण किया जाना चाहिए ताकि इस घुलित जल का उपयोग पुरे वर्ष के लिए किया जा सके ।
5. ईको टूरज्म को प्रोसाहन किया जाना चाहिए।
6. सर्दियों में सिचाई के लिए तालाब और नहर की खुदाई के माध्यम से बड़े पेमाने पर संचयन योजना।

विशेषताऐ:– सदाबाहर वन, बहुत घने होते है इन वनों में अनेक प्रकार के वृक्ष मिलते है, वृक्षों के निचे लताऐ लिपटी पहती है इन वनों में जगली जीव

अधिक पाये जाते है, दुर्गम होने के कारण इन वनों का शोषण कम हुआ है। व्यवसायिक दृष्टि से इन वनों का सीमित महत्व है। यह डेल्टा के दक्षिण पश्चिय भाग पर स्थित है। भारतीय सुन्दर वन देश के कुल मैग्रोव वन क्षेत्र का 60 प्रतिशत से अधिक का गठन करना है। सुंदर वन में भारत और बंगाल की खाड़ी के मुहाने पर गंगा और बहापुत्र के डेल्टा में नदियों सहायक नदियों और नदियो के सैकड़ो द्वीपों और एक नेटवर्क शामिल है, रायल बंगा टाइगर का घर है।

विश्व की चार छोटे की नाल वाली प्रजातियो में से दो और भारत की 12 प्रजातिया मे से आठ कि प्रजातिया भी यहाँ पाई जाती है। हाल ही में हुए अध्ययनों का दावा है कि भारतीय सुंदरवन 2626 पशु प्रजातियों ओर देश की 90 प्रतिशत मेग्रोव किस्मों का निवास है। यह दुलर्भ ओर विश्व स्तर पर खतरे वाली प्रजातियों का यह एक निवास सथल है। जैसे कि गंभीर रूप से लुप्तप्राय उत्तरी नदी टेरपिन (बातागुर बास्का) लुप्तप्राय दर्रावडी डाल्फिन और मछली पकड़ने वाली बिल्ली आदि।

सुझाव- सुन्दर वन का शैक्षिक सार अपेक्षाकृत है। लेकिन जीवन यापन के अवसरों का अभाव लोंगो कों घरों से दूर धकेल रहा है। जलवायु परिवर्जन के कारण कृषि और मछली पालन जैसे हमारे परम्परागत रोजगार बुरी तरह से प्रभावित हुए है हम अब रोजगार के अवसर तलाशने में नाकाम रहे है। पूर्वी सुन्दर वन के बाली द्विप में रहने वाले अनिल मिस्त्री कहते है। जो यहा पर गैर लाभकारी इकाटूरिज्म केन्द्र चलाते है। प्रशासन के पास जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के कारण लोगों को विस्थापन संबधी दिक्कतो से बचाने के लिए सामाजिक सुरक्षा की न तो ठांचागत नीति है। और न ही कोई एक्सन प्लान पंचयोतो के पास छोटे स्तर हो रहे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कोई क्षमता नही दिखती है।

आइला चक्रवात 2009 के बाद शुष्क की गई योजना के तहत ज्यादातर जनता को सुन्दर वन में आइला राइस मिल रहा है। आपदा के बाद कुछ ही घरो को मरम्मत के लिए धन आवटित किया गया। और कुछ निमार्ण सामाग्री दी गई है। लेकिन जिन लोंगों को आपदाओं मे सबसे बड़ा संकट जलवायु परिवर्तन का है। जलवायु संकट से लड़ने की क्षमता विकसित करने के लिए यह नही कहा जा सकता। जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी समस्या है अगर इन इलाकों में क्षेत्रीय इकोलाजी और उत्पादन क्षमता के मेल खाते छोटे बड़े उधोग धंधे खुल सके तो शायद लोंगों का विस्थापन रूक सके। सुन्दर वन क्षेत्रों मे ऐसा कई सहकारी समनितिया चल रही है। लेकिन यहा पर इनका प्रभावी विस्तार किया जाना जरूरी है। भले ही यहा रहने वाले आदिवासी समुदाय के कारण और दुसरी वजहों से मछली पालन यहा के लोगों के जीवन यापन का मूल जरिया है। फिर भी किसी सरकारी योजना और मछली पालन में कोई तालमेल नही दिखता। मछुआरें अक्सर यह शिकायत करते है। कि वन विभाग उन्हे परेशान करता है। और आरोप लगाते है नावों लाइसेस देने मे स्थानीय लोगों की मांग करते है कि सरकार उनके घरो को सुरक्षित करे और चक्रवात के बचाव लायक बनाये और की नमक प्रतिरोधी और पराम्परागत प्रजातियों को बढ़ावा दे बहुत सारे अन्य लोग कहते है कि मनरेगा जैसी योजनाओं भूगतान नियमित और समय पर हो रहे। वर्षा जलसंचय जैसे तरीको से साफ पानी की भी मांग कर रहे है लोगों ने ये भी कहा है कि वर्षा जल को इक्कठा कर और अन्य जल संचय कार्यक्रम के साफ पानी उपलब्ध होना चाहिए।

निष्कर्ष- भारतीय सुन्दरवन के अन्तिम मानव रहने योग्य द्वीप की सीमान्त आबादी के लिए जलवायु परिवर्तन प्रेरित आपदा के प्रभाव को संप्रेषित करने के लिए एक समूह आधारित जागरूकता प्रशिक्षण अभियान पर प्रकाश डालता है। जलवायु-प्रेरित समस्याओं के प्रबधन के विभिन्न पहलूओं जैसे टिकाऊ कृषि, वैकल्पिक विकल्प आपदा न्यूनीकरण और संसाधन संरक्षण पर प्रशिक्षण आयोजन किया गया इस परियोजना का लक्ष्य जलवायु परिवर्तन की वैज्ञानिक समझ और भारतीय सुंदरवन में आपदाग्रस्त गरीब से प्रभावित सिमांत समुदाय में व्यहारिक समस्याओं के बीच इस अन्तर को करना है। और यह बहु-आयामी अनुकूलन दृष्टिकोण प्रभावी ढ़ग से और व्यहारिक रूप से जलवायु परिवर्तन के मुदो से ग्रस्त दुनिया भर के अनय समान स्थानों में और एक स्थायी अनुकूलन रणनीति की तलाश में उपयोग किया जा सकता है।

भविष्य में जल परिवर्तन, चक्रवाती तुफान, बाढ़ जैसी आपदाओं की सम्भावना हो और जल भार वृद्धि की ऊचाई के साथ इसकी तीव्रता बढ़ रकती है। इससे सुन्दर वन के तटीय आबादी के लिए यह खतरा है। तटीय कटाव एवं बाढ़ और खारा जल के कारण तटीय द्वीपों में लगभग 20000 लोग बेघर हो सकते है। जलसंख्या वृद्धि और पूनर्वास के साथ सुन्दर वन में यह संख्या 2035 तक 02 मिलियन का आंकडा छुसकती है। इसलिए यहां के निवासियों के लिए आय सृजन और आजीविका का प्रबंधन किया जाना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार का नवीन तकनीको और सरकारी समितियों एवं अनुकूल साधनों की आवश्यकता है। अत: नहर, तालाब, छोटे-छोटे उद्योगों जैसे- मछली पालन,कृषि, केकडा पालन नीती योजनाओं एवं तकनीती हस्तक्षेप द्वारा उत्पादन में वृद्धि को बढ़ावा देना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चौदरी ए. मेति एस के 2014 कमजोर आबादी की भागीदारी के माध्यम से मैग्रोव वनीयकरण: संसाधन संरक्षण के लिए इंजीनियरिंग एक स्थायी प्रबंधन समाधान इंटजे एनवायरन रेसदेव
2. दास गुणा आर शॉआर 2013 भारत में मैग्रोव प्रबंधन के बदलाते दृष्टिकोण एक विश्लेषणात्मक अवलोकन ओशन कोस्ट मानव का अध्ययन।
3. हरिश कुमार खत्री:- प्रकाशन, 2013 कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल

****

दतिया जिले की एतिहासिक स्थिति

कृष्ण कुमार *

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – दतिया राज्य के संस्थापक महाराज वीर सिंह देव बुन्देला सम्राट अकबर और जहांगीर के समकालीन थे। ओरछा के राजा मधुकर शाह के आठ पुत्र थे, वीर सिंह बुन्देला उन्हीं में से एक थे। दतिया राज्य का प्रारम्भ उन्हीं से माना जाता है। दतिया से छह मील दूर उत्तर-पश्चिम में बड़ौनी नामक स्थान वीर सिंह देव बुन्देला को जागीर के रूप में प्राप्त हुआ यह स्थान चारों और पहाड़ियों और गहन वनों से आच्छादित था इस कारण इसका विशेष सैनिक महत्व था। यहां यह उल्लेखनीय है कि दिल्ली से दक्षिण की और नरवर से गुजरने वाला राजमार्ग भी बड़ौनी के समीप था बड़ौनी ने इस महत्व को समझते हुए अकबर इस पर अधिकार रखना चाहता था इधर वीर सिंह देव छोटी सी जागीर से संतुष्ट नहीं होने के कारण आस पास के क्षेत्रों को अपने अधिकार में लेने लगे थे। अकबर ने वीर सिंह देव को दबाने के लिए दौलत खां को बड़ौनी भेजा। उसने बड़ौनी पर आक्रमण करके अधिकार तो कर लिया परन्तु उसके मुंह फेरते ही वीर सिंह देव ने पुन: बड़ौनी को जीत लिया। जहांगीर के सम्राट बनते ही वीर सिंह देव के उत्थान का काल प्रारम्भ हो गया जहांगीर ने वीर सिंह देव को ओरछा का शासक बना दिया और उनके अंग्रेज रामशाह को वहां से अपदस्थ कर चंदेरी का राज्य दिया इस प्रकार वीर सिंह देव अपने बाहुबल और बुद्धिचातुर्य से बड़ौनी की छोटी सी जागीर से बुन्देलखण्ड की राजधानी ओरछा के शासक बने। वीर सिंह देव को जागीर द्वारा पांच हजार का मन सब प्रदान किया गया था। उस समय ओरछा राज्य इक्यासी परगनों में विभाजित था। उसके अन्तर्गत एक लाख पच्चीस हजार गांव थे और वार्षिक आमदनी दो करोड़ रूपये थी। वीर सिंह देव ने स्थापत्य कला के क्षेत्र में नवीन बुन्देली स्थापत्य की शैली को जन्म दिया उन्होने दिसम्बर 1618 ई0 में एक साथ बावन इमारतों की नींव डलवाई जिनमें से दतिया का सतखण्डा महल, मथुरा का केशांराव मंदिर करैरा एवं झांसी का किला धमौनी का किला, ओरछा का जहांगीर महल आदि प्रमुख है।

बुन्देला राज्यों में महत्व का दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले दतिया राज्य के नरेशों ने स्वतन्त्रता संग्राम में भले ही उल्लेखनीय योग न दिया हो पर उनकी रियासत के कई बलिदानी वीरों ने इस पावन यज्ञ ने अपने प्राणों की आहुति देने में संकोच नहीं किया। इनमें कटीली के दिमान जवाहर सिंह पवार (जन्म 1874 अग्रणी) जो अन्त तक झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के साथ रहे।

चूंकि दतिया राज्य ने 15 मार्च 1804 को कुंजन घाट (नदीगांव) में अंग्रेजो से संधि-सम्बन्ध स्थापित किया था और यहां के नरेश अंग्रेजो के प्रति वफादार रहे इसलिए पहले विजय बहादुर तथा बाद में भवानी सिंह के लिए दत्तक पुत्र का अधिकार पाने में कोई कठिनाई नहीं हुई। 1857 विप्लव में दतिया की रीजेन्ट बड़ी रानी ने अंगेजो की काफी सहायता की। झांसी से भागकर आने वाले कतिपय अंग्रेजो को यहां आसरा लिया। दतिया ने एक सेना ब्रिटिश सरकार की सुविधा पर छोड़ रखी थी। यह नीति स्वतन्त्रता संग्राम के लिए भी लाभकारी सिद्ध हुई। रीजेन्ट रानी अंग्रेजो पर बानपुर के पक्ष में प्रभाव डाल सकी और वे पूरी सुख सुविधा के साथ राजा मदन सिंह के परिवार को भरतगढ़ दुर्ग में एक अच्छी जागीर के साथ ठहरा सकी।

रीजेन्सी काल में ही झांसी की रानी के पिता मोरोपन्त घायल होकर जवाहरातों से भरे एक हाथी पर भाण्डेर जा रहे थे जब वे दतिया की सीमा में उनाव के निकट आए तो राज्य के एक कामदार बल्देव मोदी ने उनका आतिथ्य सत्कार किया। बाद में मोदी ने अपने अतिथि को अंग्रेजो को सौंप दिया जिन्होंने झांसी में उनका वध कर डाला। राबर्ट हेमिल्टन ने इसके लिए वलदेव मोदी को 1 जून 1858 के दो हजार रूपये के पुरूस्कार के साथ एक सनद प्रदान की। वस्तुत: यह एक व्यक्ति विशेष का अपना काम था जिसके राज्य परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं था।

विशाल भारत के हृदय राज्य के उत्तरी क्षेत्रों में विध्यांचल पर्वत श्रेणियों के मध्य तथा बुन्देलखण्ड के पठारी क्षेत्रों में स्थित दतिया जिला भौगोलिक विस्तार की दृष्टि से अत्यन्त छोटा जिला है। इस जिले की भौगोलिक संरचना का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि इसका आकार लम्बवत् एक त्रिभुजाकार है यह जिला 25.80 उत्तरी अक्षांश के मध्य एवं 70.10 पूर्वी देशान्तर से 78.45 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह जिला न केवल ग्वालियर संभाग का अपितु मध्य-प्रदेश का सबसे छोटा जिला है। इस जिले का कुछ भौगोलिक क्षेत्रफल 2038 वर्ग किलोमीटर है अर्थात इस जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग एक प्रतिशत से भी कम है आकार की दृष्टि से दतिया की संरचना त्रिभुजाकार रूप से दृष्टिगोचर होती है।

दतिया जिले के क्षेत्रफल का विस्तार से अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि इसका भौगोलिक क्षेत्रफल अत्यन्त न्यून है अत: इसका विस्तार भी संकुचित है। जिला मुख्यालय से दक्षिण से इसकी सीमाएं लगभग 9 किलोमीटर तक फैली है जो उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद को स्पर्श करती है। इसी प्रकार उत्तर में इसका विस्तार लगभग 22 कि0मी0 तक फैला है जहां इसकी सीमाएं ग्वालियर जिले की डबरा तहसील को स्पर्श करती है। लेकिन यहां दतिया एवं ग्वालियर जिले के मध्य सिंध नदी विभाजक रेखा के रूप में स्थित है। पूर्व दिशा में दतिया जिले का विस्तार 26 कि0मी0 था लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जिलों के पुनर्गठन के फलस्वरूप वर्ष 1996 में

ग्वालियर जिले की भाण्डेर तहसील को दतिया जिले में सम्मिलित कर दिया गया है। इसलिए वर्तमान में पूर्व दिशा में इसका विस्तार बढ़ाकर 48 कि0मी0 हो गया इस दिशा में जिले की सीमाएं उत्तर–प्रदेश के झांसी जनपद की चिरगांव तहसील को स्पर्श करती है। पश्चिम में दतिया जिले का विस्तार पूर्व में मात्र 7 कि0मी0 था लेकिन जिलों के पुनर्गठन के फलस्वरूप वर्ष 1999 में शिवपुरी जिले के 35 गांवो को दतिया जिले में सम्मिलित कर दिया गया इस प्रकार पश्चिम दिशा में इसकी सीमाओं का विस्तार लगभग 30 कि0मी0 तक फैल गया है। इस दिशा में इस जिले की सीमाएं शिवपुरी जिले की करैरा तहसील की सीमाओं को स्पर्श करती हैं। जबकि उत्तर पूर्व में इस जिले का आकार त्रिभुजाकार रूप में देखा जा सकता है। अत: स्पष्ट है कि दतिया जिला का पूर्व में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 2038 वर्ग किलोमीटर था वहां जिलों के पुनर्गठन के फलस्वरूप ग्वालियर जिले की भाण्डेर तहसील एवं शिवपुरी जिले के 35 गांवो का दतिया जिले में विलय हो जाने के कारण इसका भौगोलिक क्षेत्रफल बढ़कर 2692 वर्ग किलोमीटर हो गया।

दतिया जिले की अर्थ व्यवस्था मुख्यत: कृषि पर आधारित है। यहां का अधिकांश भू–भाग असमतल, पथरीला, पहाड़ी एवं गहन बीहड़ों से भरपूर है जिसमें जिले की औसत उपज कम है। कृषि दतिया जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की मुख्य जीविका है पूर्वकाल में दतिया जिले में कपास की खेती अच्छी होती थी। अब कपास की खेती पूर्णतया समाप्त हो गई। अब दतिया में मूंगफली की खेती अग्रणी है। यहां की कृषि वर्षा पर आधारित है। लेकिन सिंचाई साधन में वृद्धि करके वर्षा पर निर्भरता कम करके खेती की जाए इस तरह के भौतिक संसाधनों के प्रयास जारी है।

दतिया जिले में कृषकों की बहुलता के कारण कृर्षि कार्य हेतु प्रति कृषक उपल्बध भूमि राष्ट्रीय औसत से कम है। अल्प कृर्षि क्षेत्र होने के कारण कृषक खाधान्न सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु खाधान्न फसलें उगाते है। फलस्वरूप उनके पास नगदी एवं अधिक लाभदायी फसलें उगाने के लिए भूमि ही उपलब्ध नहीं हों पाती जिसके कारण जिले के कृषक निर्धन एवं गरीब हैं उन्हें अपनी जीविका के लिए फसल पर ऋण लेना पड़ता है। बढ़ती आबादी एवं खाध पदार्थों की बढ़ती हुयी मांग के बावजूद पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने शिक्षित बेरोजगार पिछड़े वर्ग तथा भूमिहीन श्रमिकों को रोजगार के अवसर सृजित कराना तथा ग्रामीण अंचल में फैली जल सम्पदा के सदुपयोग हेतु मत्स्यपालन जैसे बहुआयामी कार्यक्रम ग्रामीण खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने में सहायक हो सकते हैं। जिले में जितने भी उद्योग है वह सारे सिर्फ जिले की या आस पास के क्षेत्रों की जरूरतें पूरी कर पाते हैं उनके पास माल की इतनी खपत नहीं है कि वह और बना सके। आर्थिक विकास के लिए हमें पूर्णत: कृर्षि पर भी आश्रित नहीं होना पड़ेगा। क्योंकि वर्तमान समय में किसानों के पास इतनी जमीन है कि वह अधिक अन्न उगा सके और न ही इतने मंहगे भौतिक संसाधन है कि उससे अपना सिंचाई जुताई का कार्य कर सके आजकल तो कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा की स्थिति है। जिससे किसानों को हर तरफ से नुकसान उठाना पड़ रहा है। अत: गरीब और गरीब होता जा रहा है जिससे वह आर्थिक तंगी के चलते चोरी, लूटमार, डकैती, अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देते है। अत: स्पष्ट है कि जिले की प्रगति आर्थिक प्रगति से ही संभव है और बड़े संस्थानों, नई तकनीक एवं राज्य सरकार का सहयोग जिले की अर्थ व्यवस्था में उच्च प्रगति ला सकते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. ढेगुला रामस्वरूप– दतिया का राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास आराधना ब्रदर्स व कानपुर 1987
2. डॉ0 पाण्डेय के0 वी0 एल– दतिया उद्भव एवं विकास 1986 पृ0 105
3. डॉ0 श्रीवास्तव ओ0पी0– दतिया जिले का आर्थिक विकास 'शोध प्रबन्ध 1994 जीवाजी विश्वविधालय ग्वालियर' पृ0 33
4. डॉ0 गौर लक्ष्मण सिंह– ओरछा का इतिहास 1988 लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल पृ0 192
5. डॉ0 कामनी– दतिया एक परिचय 1999 जीवाजी वि0वि0 ग्वालियर पृ0 21
6. डॉ0 गुप्त– भगवानदास दतिया के बुन्देला राजा 1986 पृ0 4

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Risk Management Practice in the Indian Banking Industry Lesson Learnt from Recent Financial Crisis

Dr. Preeti Anand Udaipure*

***Assistant Professor, Government Narmada College, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Abstract - Risk management has been a significant concentration in the banking industry since the 1980s, and particularly after the execution of the Basel II Accord. Since the coming of these progressions — financial progression, expanded rivalry between financial establishments, the improvement of credit showcases, the development of the credit subsidiaries market, and the innovation of new financial instruments — banks have had a more troublesome time staying aware of credit risk and other coordinated risks. Viable risk management starts with the distinguishing proof, estimation, and advancement of controls and alleviation methodologies for the many risks to which banks are uncovered. Basel Accords and other risk management principles forced by different bosses are considered at this level. The paper investigations the historical backdrop of risk management from its origin to its ongoing construction and checks out intently at the most common way of incorporating it.
Keywords: Risk management, Indian banking Industry, financial crisis.

Introduction - Throughout the course of recent many years, India has been hailed as one of the world's developing financial monsters. India's formal lawful foundations have a set of experiences extending back more than two centuries, yet the size of its financial area is a lot of beneath the gathering normal [1]. Thus, in spite of being effective (low above cost) and underutilized (in terms of providing credit) the banking area is moderately little in contrast with the size of the economy.

Financial risk is characterized as the vulnerability of future incomes and market values because of changes in ware costs, loan fees, and trade rates, and risk management is the most common way of recognizing and controlling these openings [2].

Because of variables, for example, the developing significance of financial items during the time spent financial intermediation and the huge financial misfortunes caused by organizations without risk management frameworks (like Enron and WorldCom), financial risk management has detonated in notoriety since the 1990s. The prerequisite to consent to guidelines like BASEL II, KonTraG in Germany, and Sarbanes-Oxley in the US seems to have spurred a few late changes in risk management practice [3]. Today, organizations can utilize more modern financial items like forward agreements, prospects, choices, and trades to give risk to parties better ready to take it.

In the present business world, risk management is a fundamental capability for any association. Great risk management practices might have forestalled a few of the horrendous misfortunes during the 1990s, remembering the Orange Region for 1994 and the Barings bank in 1995. Both traditional and ERM systems can be applied to the course of risk management. The ordinary, compartmentalized technique involves appointing liability regarding overseeing different dangers to different experts who utilize different apparatuses. The risk supervisor is answerable for tending to possible dangers, like those connected with property and lawful responsibility [4]. The financier is likewise responsible for supporting the organization's openness to showcase changes in cash rates, loan costs, and credit risk using subordinates contracts including choices, advances, fates, and trades.

The subsequent technique, known as Integrated Risk Management (IRM) or Enterprise Risk Management (ERM), implies gathering every one of the risks into a brought together and masterful course of action. The management of risk at the enterprise level requires a portfolio viewpoint. Hilter kilter data, exchange costs, nonneutral tax collection, and limited admittance to outer money are only a couple of instances of the market defects that lead partnerships to utilize corporate risk management techniques.

Literature Review

Chakraborty and Beam (2016) directed a review to look at the risk management rehearses in Indian banks, explicitly zeroing in on open and confidential area banks [5]. The creators utilized a quantitative examination approach and gathered information through organized surveys. The discoveries uncovered that both public and confidential area

banks in India have executed different risk management works on, including credit risk management, functional risk management, and market risk management. In any case, the investigation discovered that private area banks showed more elevated levels of risk management rehearses contrasted with public area banks. The creators credited this distinction to the more prominent accentuation on productivity and effectiveness in the confidential banking area.

Selection Of Participants: For the purpose of the study, ten male national level swimmers who represented the state of Rajasthan a minimum of five times (believing to have undergone different types of training and have basic knowledge of warm-up) were selected through random sampling. The chronological age of participants was 19 ± 2 years. The minimum training age of the subjects was 5 years. All the participants were enquired about their medical history and also they were requested to report any other condition, which causes them long 'term or short term problems in exercise. No drop out in participants was there. Thus, the findings included data of all 10 participants (n=10). The subjects were believed to have similar daily routine. The time trial (treatments) sessions were assigned randomly to the participants in a counterbalancing manner to avoid sequencing effects and to ensure internal validity. Carryover effect could not affect the experiment so, at least 48 hours of difference between two successive experimental sessions for the same participant was taken into consideration. The subjects were informed about the pros and cons of experiments during the course of the

research to be conducted in detail. The participants were active and did not report any obvious clinical complications. Participants were asked to refrain from exhaustive exercise for 48 hours.

Selection Of Variables: Keeping in mind the feasibility criteria and the specific purpose of the present investigation the below mentioned Physiological variables were found appropriate to assess the recovery pattern in swimmers:

1. Heart Rate
2. Core Temperature
3. Lactic Acid

These physiological variables were measured immediately after warm-up, 3min pre performance, immediately after performance and 3min after the performance with regular intervals during selected post-warm-up recovery times (independent variable) i.e.10mins, 20mins and 30mins.

Tests and criterion measure for the selected variables:

S.	Variables	Test and instruments	Criterion measures
1.	Heart Rate	Manual	Beats/minute
2.	Blood Lactate	Blood Test (Blood Lactate analyzer)	mmol /L (millimole per litre)
3.	Core Temperature	Thermometer	Temperature in Fahrenheit/ Celsius
4.	Swim Performance	Digital clock	Up to hundreds of asecond

Control variables: The control variables in the study which were controlled by the researcher were:

1. The Schedule: The participants who were selected used to have the same schedule for practice throughout the year.

2. Rest: The time for rest was control by the researcher at the time of the study.

3. Other activities: the subjects were not allowed to participate in other activities other than their schedule.

4. Carryover effect: To control the carry-over effects, the participants were given rest of 48 hours between each treatment and the treatments were randomly allocated to them in a counterbalancing manner.

Statistical Techniques: To examine the hypotheses of the study, descriptive statistics such as mean, standard deviation, standard error of mean were used to describe important characteristics of the data. One way repeated measures ANOVA was used to compare differences between 10minutes, 20minutes and 30minutes rest conditions at different time points during the protocol and to determine whether varying the time between warm-up and time trial influenced performance in a 100m time trial. Also, one way repeated measures ANOVA was used at $P<.05$ level of significance separately to establish significant changes in heart rate, core temperature and blood lactate at 4 (four) different time points in all the three post-warm-up recovery times. Bonferroni posthoc comparisons were used to determine where specific differences occurred when a significant effect was present. Statistical analysis was performed using the Statistical Software Package SPSS, version 20 for windows.

Conclusion:

1. The 100m time trial swim performance showed a significant difference when compared among the post-warm-up recovery times (10 minutes, 20 minutes, 30 minutes) wherein performance after 30 minutes of post-warm-up recovery time was better in comparison to others.
2. Heart rate decreased from the end of warm-up to the pre-time trial measurement in all the three conditions (10 minutes, 20 minutes, and 30 minutes).
3. Heart rate remained significantly higher, after 20 minutes of rest as opposed to 30 minutes of rest. Heart rate differed significantly in different time zones.
4. Core temperature remained almost the same level in all the time zones, the changes of which were significant only after post-warm-up recovery before the performance and immediately after the performance.
5. Lactate concentrations were significantly different from the end of the warm-up to the pre- time trial values in all three conditions. Blood lactate differed significantly in all the four- time zones.
6. Heart rate and blood lactate concentrations increased immediately after the performance and remained elevated till 3 minutes post-performance.
7. 7. Heart rate, core temperature and blood lactate did not have much change immediately after warm-up in all three conditions of post-warm-up recovery times but, differed invariably in rest of the time zones in all the three conditions.

Recommendations for further studies:

1. Studies may be undertaken with a large number of participants with other relevant variables contributing to warm-up and post-warm-up recovery times.
2. A similar study can also be conducted on female swimmers and also for swim performances on other strokes and different lengths/distances.
3. Further studies can be done utilizing more different variations of post warm-up recovery times.
4. Similar studies can be conducted using active rest during the post warm-up recovery times.
5. The same study may be replicated with the use of much more sophisticated equipment and real competitive conditions to have more objective and accurate data for the physiological analysis.

References:-

1. Anael Aurby, C. H. (2015, September). The Development of Functional Overreaching is Associated with a Faster Heart Rate Recovery in Endurance Athletes. PLOS ONE, 10(10).
2. B Saltin, A. G. (1968, December). Muscle Temperature During Submaximal Exercise in Man. Journal of

Applied Physiology, 25(6), 679-688.

3. Buchheit, M. (2014, February). Monitoring Training Status with HR Meausres: Do all Roads Lead to Rome. Frontiers fo Physiology, 5(73), 73.
4. Dr. Melinda Biro, D. L. (2015). Retrieved March 8, 2020, from https://sporttudomany.unieszterhazy.hu/public/uploads/swimming_56757dde865 41.pdf 13.
5. Ekstrand J, G. J. (1983). Prevention of Soccer Injuries: Supervision by Doctor and Physiotherapist. American Journal of Sports Medicine, 11, 116-20. 98
6. Fradkin, A. J. (2010). Effects of Warming-up on Physical Performance: Asystematic Review with Meta-analysis. Journal of Strength and Conditioning Research, 24(1), 140- 148.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

वैयक्तिक अध्ययन विधि - अर्थ, आधार, स्त्रोत, कार्यविधि और सांख्यकिय विधि

डॉ. सरिता मेनारिया* संध्या मेर**

* सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक (उदयपुर) (राज.) भारत
** शोधार्थी, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (मानित) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश - प्रस्तुत लेख में शोधार्थी ने वैयक्तिक अध्ययन विधि को विस्तार से बताने का प्रयास किया है संक्षेप में शोध पद्धतियों को प्रमुख रूप से दो भागों में बाँटा जा सकता है। सांख्यिकी विधि एक वृहद तथ्य संकलन, संमको का संग्रहण, सारणीयन तथा विश्लेषण करना होता है वही वैयक्तिक अध्ययन एक साधन प्रकृति की अध्ययन विधि है।

शोधार्थी ने इस लेख में वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषाऐं प्रमुख आधार, मुख्य स्त्रोत, प्रकार तथा वैयक्तिक अध्ययन की कार्यविधि पर विस्तार से विषय-वस्तु को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। वैयक्तिक अध्ययन सूक्ष्म अध्ययन के लिए सबसे उपयोगी विधि है, इसमें विश्वसनीयता अधिक रहती है। शोधकार्य की पूर्णता में इस पद्धति का विशेष महत्त्व है। अति गहन अध्ययन, व्यक्तिगत भावनाओं एवम् मनोवृतियों का अध्ययन, अति महत्त्वपूर्ण प्रपत्रों का साधन, व्यक्तिगत अनुभवों का स्त्रोत, महत्त्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का साधन, सामग्री की सम्पूर्णता तथा इकाइयों का वर्गीकरण एवं विभाजन इस विधि में विशेष महत्वता रखते है। शोधार्थी शोध में जन शिक्षण संस्थान के महिला शिक्षा के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थियें के द्वारा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु संस्थान के योगदान का वैयक्तिक अध्ययन है अत: शोधकर्त्री ने इस लेख के माध्यम से वैयक्तिक अध्ययन तथा सांख्यिकीय विधि तथा इस विधि से अध्ययन एवम् साक्षात्कार के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी है। शोधार्थी का यह लेख शोधकर्त्ताओं के लिए जिनके शोध विषय वैयक्तिक अध्ययन पर आधारित, है बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

प्रस्तावना - सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत आधुनिक शोध पद्धतियों को दो प्रमुख भागों में बांटा जा सकता है- सांख्यिकीय विधि तथा वैयक्तिक अध्ययन विधि। जहाँ सांख्यिकीय विधि एक ओर वृहद तथ्य संकलन, समंको का संग्रहण, सारणीयन तथा विश्लेषण करना होता है, वहीं वैयक्तिक अध्ययन एक साधन प्रकृति की अध्ययन विधि है। वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत तुलनात्मक रूप से सीमित विधि है, परन्तु यह अधिक गहरा अध्ययन है। इसका प्रमुख उद्देश्य किसी घटना, विषय के समस्त पक्षों का अध्ययन करना होता है।

प्रस्तुत लेख में शोधार्थी परिभाषा एवम् महत्त्व, स्त्रोत एवम् विशेषताऐं, वैयक्तिक अध्ययन तथा सांख्यिकीय विधि, अध्ययन के प्रकार, कार्यविधि एवम् सांख्यिकीय विधि के बारे में विस्तार से चर्चा की है। वैयक्तिक अध्ययन की मुख्य परिभाषाओं का भी यहाँ प्रस्तुत किया है:-

पी.वी. यंग के अनुसार - वैयक्तिक अध्ययन किसी सामाजिक इकाई जैसे किसी व्यक्ति, परिवार, संस्था तथा सांस्कृतिक समूह अथवा सम्पूर्ण समुदाय के जीवन का विश्लेषण है।

गुड़ एवं हॉट के अनुसार - वैयक्तिक अध्ययन सामाजिक समंकों की एकीकृत प्रकृति को संभावित करने की एक विधि है जिसके अन्तर्गत हम सामाजिक इकाई का सम्पूर्ण अध्ययन करते हैं।

बिसांज के अनुसार - वैयक्तिक अध्ययन की परिभाषा व्यक्तिगत ईकाई के गहन तथा सम्पूर्ण कुशलता व प्रविधियों का प्रयोग करता है।

एल्फ्रेड मार्शल के अनुसार - यह सावधानी पूर्वक चुने हुए परिवारों के घरेलू जीवन के समस्त पहलुओं का गहन अध्ययन है। अपने सर्वोत्तम रूप में यह सभी से श्रेष्ठ पद्धति है, लेकिन सामान्य हाथों में यह अधिक से अधिक अविश्वसनीय सामान्य निष्कर्षों को सुलझाने का कार्य ही कर सकती है।

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर हमें वैयक्तिक अध्ययन की निम्न प्रमुख विशेषताओं की जानकारी होती है। इस प्रकार की पद्धति द्वारा शोधकर्त्ता एक सामाजिक घटना को प्रभावित के करने वाले कारणों को एक समन्वित समग्रता के रूप में देखने का प्रयास करता है। वैयक्तिक अध्ययन किसी भी घटना के सम्बन्ध में पर्याप्त सूचना का एक व्यवस्थित संकलन है। वह एक ऐसी पद्धति है कि इसमें किसी भी आर्थिक घटना के सम्पूर्ण स्वरूप का अध्ययन हो जाता है। इसे हम एक गुणात्मक विश्लेषण भी कह सकते हैं, जिसके अन्तर्गत घटना से सम्बन्धित प्रत्येक पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। जिस प्रकार एक व्यापारी अपने व्यापार के लिए लाभ की प्रत्याशा में सम्पूर्ण अध्ययन कर के तथ्यों का संकलन करता है।

1. अध्ययन की इकाई एक व्यक्ति, संस्था, परिवार सांस्कृतिक समुदाय अथवा सम्पूर्ण समुदाय हो सकता है। इसमें कुछ अमूर्त स्थितियों का अध्ययन भी किया जा सकता है। किसी समुदाय के आकार को परिवर्तनशील रखते हुए भी मूल रूप से हम इकाई का सम्पूर्ण अध्ययन करते हैं।
2. वैयक्तिक अध्ययन किसी ईकाई का विस्तृत एवं गहनतम से किया गया अध्ययन है। इसी बिन्दु पर सांख्यिकीय तथा वैयक्तिक अध्ययन में अन्तर देखने को मिलता है, जहाँ सांख्यिकीय अध्ययन में हम समस्या का एक पत्र देखते हैं वहीं वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम इकाई का सम्पूर्णता से अध्ययन करते हैं।

3. वैयक्तिक अध्ययन का प्रमुख आधार यह है, किसी व्यक्ति या परिवार का जीवन एक अविभाज्य इकाई है तथा हम उसकी वास्तविकता उसके सम्पूर्ण अध्ययन के बिना नहीं माप सकते हालाँकी किसी सम्पूर्ण अध्ययन की अपनी सीमायें होती हैं –

गुड तथा हॉट के अनुसार, निम्न बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है:

1. एक विस्तृत समंकों का संकलन, इकाई से सम्बन्धित।
2. वैयक्तिक अध्ययन में ली जाने वाली इकाईयों की संख्या छोटी होती है, क्योंकि अध्ययन बहुत विस्तृत तथा बड़ी समय सीमा के अन्तर्गत किया जाता है।
3. वैयक्तिक अध्ययन एक बड़ी समय सीमा से सम्बन्धित होते हैं।
4. अध्ययन एक तय समय सीमा में ही किया जा सकता है।
5. इकाई का अध्ययन एक प्रतिनिधि के रूप में ही किया जा सकता है।
6. समंक केवल सामाजिक ही नहीं, राजनीतिक, मनोविज्ञानिक, जीव विज्ञानी इत्यादि भी होने चाहिए।
7. वैयक्तिक अध्ययन में मुख्य रूप से गुणात्मक पक्ष का अध्ययन किया जाता है। शोधार्थी के तार्किक ज्ञान तथा अवलोकन क्षमता पर यह अधिक निर्भर करता है। गुड तथा हॉट के अनुसार वैयक्तिक अध्ययन केवल एक गुणात्मक अध्ययन नहीं है।

वैयक्तिक अध्ययन के प्रमुख स्रोत – वैयक्तिक अध्ययन करने के लिए निम्न प्रमुख स्रोतों का प्रयोग किया जाता है।

1. व्यक्तिगत – डायरी, स्वजीवनी, स्मृतियाँ पत्र आदि।

2. जीवनी तथा जीवन का इतिहास अब हम संक्षेप में पाठकों से इन स्रोतों की चर्चा करेंगे।

1. व्यक्तिगत स्रोत – बहुधा लोगों की आदता होती है डायरी लिखने की इसके अतिरिक्त वे अपनी स्वजीवनी भी स्मृति के रूप में लिखते हैं। इन व्यक्तिगत स्रोतों में व्यक्ति अपने जीवन की घटनाओं तथा उन घटनाओं का भी उल्लेख कर सकता है जिनमें वह प्रत्यक्षदर्शी के रूप में प्रस्तुत रहा हो। इन स्रोतों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से पी. यंग के अनुसार, व्यक्तिगत अभिलेख अनुभवों की उस निरंतरता का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कि करते हैं जो कि लेखक के सामाजिक संबंधों तथा जीवन दर्शन को वस्तुनिष्ठ वास्तविकता तथा विषयपरक प्रोत्साहन से प्रदर्शित किया जा सकता है।

2. जीवनी – जीवनी किसी उत्तरदाता के जीवन के विभिन्न सामाजिक पहलुओं का अध्ययन होता है। जीवनी के द्वारा हमें ऐतिहासिक घटनाओं तथा तथ्यों के बारिकी से अध्ययन करने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार जीवनी मात्र तथ्यों तथा अनुभवों का सम्मिश्रण होता है। किसी व्यक्ति की जीवनी लिखने के लिए एक दीर्घावधि साक्षात्कार की आवश्यकता होती है। बहुधा देखने को मिलता है कि अवलोकनकर्ता, उत्तरदाता के साथ समय अधिक व्यतीत करता है। उत्तरदाता द्वारा प्रदत्ता सूचनाओं को सामान्य रूप में प्रस्तुत करने के लिये यह आवश्यकत है साक्षात्कारत्तार्ा को उत्तरदाता के बारे में अतिरिव जानकारी एकत्रित करना आवश्यक है।

वैयक्ति अध्ययन की विशेषतायें – उपरोक्त परिभाषाओं और विवेचना के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वैयक्तिक अध्ययन की कुछ विशेषताएँ भी होती है। अन्य अध्ययन पद्धतियों से महत्त्वपूर्ण होने के कारण इसकी प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

1. ऐतिहासिक अध्ययन
2. व्यक्तिगत अध्ययन
3. गुणात्मक अध्ययन न कि संख्यात्मक
4. सम्पूर्ण अध्ययन
5. समस्या का गहन अध्ययन
6. एक या कुछ आर्थिक समस्याओं का अध्ययन

(1) ऐतिहासिक अध्ययन – आर्थिक समस्या का अध्ययन वर्तमान परिस्थितियों में ही नहीं बल्कि निवर्तमान या भूतकाल के समय भी इस आर्थिक समस्या के कारणों का अध्ययन किया जाता है। क्योंकि इस समस्या की जड़ कहाँ है इसका पता लगाना बहुत आवश्यक होता है क्योंकि निष्कर्ष तथा सुझाव तब तक सही माने जायेंगे जब तक भूतकालीन परिस्थितियों का भी अध्ययन न किया जाय। जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था में आयात–निर्यात की स्थिति का अध्ययन करना है तो स्वतंत्रता के पूर्व की स्थिति क्या रही और आज की स्थिति क्या है दो स्थितियों का अध्ययन करना पड़ेगा।

(2) व्यक्तिगत अध्ययन – शोधकर्ता इसके अन्तर्गत एक आर्थिक घटना के ही विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करता है इससे सम्बन्धित अन्य घटनाओं या कारकों को छोड़ देता है। इस आर्थिक घटना के विषय में क्या और कितना अध्ययन किया जाय यह शोधकर्ता पर निर्भर करता है।

(3) गुणात्मक अध्ययन न कि संख्यात्मक – इस पद्धति से वर्णनात्मक शोध पद्धति का उपयोग इसलिए किया जाता है कि प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण वर्णनात्मक ढंग से ही किया जाय इसके अन्तर्गत संख्याओं का प्रयोग इसलिए नहीं किया जाता है कि शोधकर्ता किसी भी आर्थिक घटना का अध्ययन जब इस पद्धति से करता है तो जो तथ्य या सूचनाएँ प्राप्त होती हैं वह गुणात्मक ढंग से ही प्राप्त होती है न कि संख्यात्मक।

(4) सम्पूर्ण अध्ययन – इस पद्धति के अन्तर्गत आर्थिक समस्या के किसी एक पक्ष या पहलू का अध्ययन न करके बल्कि सम्पूर्ण का अध्ययन करते हैं अर्थात् एक समस्या के आर्थिक पहलू के साथ–साथ उसके सामाजिक मनोवैज्ञानिक, राजनैतिक, भौगोलिक और धार्मिक पहलू का भी अध्ययन करते हैं। इसका तात्पर्य यह है समग्र का अध्ययन इस पद्धति से किया जाता है, इसके लिए निम्नलिखित कार्यवाही आवश्यक होती है।

1. सम्पूर्ण अध्ययन को समय की दृष्टिकोण से किया जाता है अर्थात् वर्तमान और भूतकाल में समस्या की स्थिति का अध्ययन इस प्रकार किया जाता है कि दोनों समयों में तार्किक सम्बन्ध बना रहे।
2. सम्बन्धित प्रत्येक इकाई को वर्गों में विभक्त कर दिया जाता है ताकि प्रत्येक इकाई एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करें और सांख्यिकीय विश्लेषण सुगमता से किया जा सके।
3. समस्या से सम्बन्धित प्रत्येक इकाई के लिए तथ्यों का संकलन किया जाता है।
4. सूचना का क्षेत्र सीमित न रखकर बल्कि विस्तृत रखा जाता है।
5. समस्या का गहन अध्ययन व्यक्तिगत अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत की भी आर्थिक समस्या का गहन अध्ययन किया जाता है क्योंकि वर्तमान और भूतकाल में समस्या की स्थिति का अध्ययन होता है। यहाँ समय तो अधिक लगता है लेकिन कोई पक्ष अछूता नहीं रहता है। जो तथ्य प्राप्त होते हैं उसमें अधिक विश्वसनीयता भी रहती है।
6. एक या कुछ आर्थिक समस्यायों का अध्ययन इस पद्धति से एक या कुछ आर्थिक समस्याओं का गहन अध्ययन किया जाता है अनेक समस्याओं को लेकर एक साथ अध्ययन नहीं किया जा सकता है।

वैयक्तिक अध्ययन में जिस गहन अध्ययन पर बल दिया जाता है उसमें अध्ययन की इकाइयों को सीमित रखना आवश्यक है।

वैयक्तिक अध्ययन के प्रकार – वैयक्तिक अध्ययन के मुख्य रूप से दो प्रकार होते हैं –

(1) व्यक्ति का वैयक्तिक अध्ययन

(2) समुदाय का वैयक्तिक अध्ययन

व्यक्ति का वैयक्तिक अध्ययन – इस पद्धति में किसी भी आर्थिक घटना के अध्ययन के लिए उस घटना क्षेत्र में जहाँ आर्थिक घटना घटित हो रही है किसी एक का चुनाव करते हैं और उसी के द्वारा सम्पूर्ण घटना का विवरण प्राप्त करते हैं अर्थात् आर्थिक घटना उस चुने हुए प्रत्येक श्रोतों से सूचनाएँ प्राप्त करता है और यहाँ तक कि उसके पूर्व अनुभवों, डायरी, पत्र इत्यादि के द्वारा भी सूचनाएं प्राप्त होती हैं।

समुदाय का वैयक्तिक अध्ययन – इसका तात्पर्य यह है कि आर्थिक घटना के अध्ययन के लिए. उस घटना क्षेत्र के कुछ लोगों का चुनाव करके एक समूह बनाकर उसके द्वारा आर्थिक समस्या के बारे में शोधकर्ता सूचनाएँ प्राप्त करता है, यहाँ सावधानी यह रखनी पड़ती है कि उस समूह के अपने-अपने अलग-अलग उस समस्या के बारे में विचार होंगे। यहाँ तथ्यों का संकलन उसी प्रकार किया जाता है जैसे वैयक्तिक अध्ययन पद्धति।

वैयक्तिक अध्ययनों की कार्य-विधि – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत आर्थिक घटना से सम्बन्धित तथ्यों या सूचनाओं को जब एकत्रित किया जाता है वह सूचना उस समस्याके सम्बन्ध में भूतकालीन और वर्तमानकालीन दोनों होती है। यहाँ यह सोचना की शोधकर्ता साक्षात्कार, निरीक्षण इत्यादि पद्धतियों से ही तथ्यों का संकलन करता गलत है। क्योंकि वैयक्तिक अध्ययन किंवल प्राथमिक समंकों के आधार पर ही नहीं होता है बल्कि द्वितीयक समकों का भी उपयोग किया जाता है। वैयक्तिक अध्ययन पद्धति में गहन अध्ययन किया जाता है इसलिए शोधकर्ता को नियोजित ढंग से सोच-समझ कर इसे प्रारम्भ करना चाहिए ताकि पूर्ण अध्ययन संभव हो सके।

वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा शोधकर्ता को पूर्ण एवं गहन बनाने के लिए निम्नलिखित कार्य प्रणालियों को अवश्य अपनाना चाहिए।

(1) समस्या का विवेचना

(1) इकाइयों का चुनाव

(2) इकाइयों के प्रकारों का निर्धारण

(3) इकाइयों की संख्या का निर्धारण

(4) विश्लेषण का क्षेत्र

(2) घटनाओं के अनुक्रम का वर्णन

(3) निर्धारक अथवा प्रेरक कारक

(1) समस्या की विवेचना – आर्थिक शोध के अन्तर्गत आर्थिक घटनाओं का अध्ययन वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से करने के पूर्व समस्या के प्रतसेक पहलुओं का विस्तृत विवेचन आवश्यक होता है क्योंकि समस्या के प्रत्येक पहलुओं का अध्ययन आवश्यक है। इसी के साथ-साथ यह भी निर्धारित कर लेना चाहिए कि इस आर्थिक समस्या का सम्बन्ध अन्य सामाजिक समस्याओं से कैसा है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक पहलुओं के साथ निम्नलिखित का भी निश्चय कर लेना चाहिए-

(1) इकाइयों का चुनाव – शोधकर्ता को सर्वप्रथम यह निश्चित करना चाहिए किक आर्थिक घटना से सम्बन्धित किन-किन पहलुओं का अध्ययन करना है। इसके लिए निदर्शन पद्धति अति आवश्यक है।

(2) इकाइयों के प्रकारों का निर्धारण – समग्र में से जो निदर्शन का चुनाव करते हैं उसमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि उस निदर्शन का चुनाव किया गया वह समय का प्रतिनिधित्व करें।

(3) इकाइयों की संख्या का निर्धारण – उस समग्र में से जो निदर्शन का चुनाव करते हैं प्रयास यह करना चाहिए कि निदर्शन समग्र का प्रतिनिधित्व भी करे और उसमें संख्या कम हो. क्योंकि इस पद्धति में प्रत्येक का अलग-अलग गहन अध्ययन करना पड़ता है।

(4) विश्लेषण का क्षेत्र – समस्या के सम्बन्ध में विश्लेषण का क्षेत्र निर्धारित करना आवश्यक हो जाता है। क्योंकि समस्या के किस पहलू को हम अधिक महत्व देते हैं और किसको क्रम यहाँ कम या अधिक का इन यह नहीं है कि किसी भी पहलू को छोड़ दिया जाता है बल्कि सभी पहलओं का गहन अध्ययन किया जाता है।

(2) घटनाओं के अनुक्रम प्रेरक कारक – समस्या के अध्ययन के पश्चात् यह आवश्यक हो जाता है कि सामाजिक घटना के निर्धारक अथवा प्रेरक कारकों का भी अध्ययन किया जाय। इसके अन्तर्गत उन तथ्यों को एकत्रित किया जाता है जिनके द्वारा घटना घटित हुई जैसे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का अध्ययन करने के पश्चात् यह आवश्यक हो गया कि उन कारकों का भी विस्तृत अध्ययन किया जाय जिनके कारण अर्थ व्यवस्था में मुद्रास्फीति की स्थिति आयी है।

वैयक्तिक अध्ययन पद्धति का महत्व – किसी भी आर्थिक घटना के सूक्ष्म अध्ययन के लिए वैयक्तिक अध्ययन पद्धति सबसे उपयोगी है क्योंकि तथ्यों और सूचनाओं का जो संकलन इस पद्धति के द्वारा किया जाता है उसमें विश्वसनीयता अधिक रहती है। शोधकार्य की पूर्णता में इस पद्धति का निम्नलिखित महत्व है।

1. **अति गहन अध्ययन** – सामाजिक शोध के अन्तर्गत जब इस पद्धति का उपयोग किया जाता है तो आर्थिक दृष्टि से समस्या के केवल आर्थिक पहलू का ही अध्यन नहीं करते हैं बल्कि अन्य पहलुओं का भी गहन अध्ययन किया जाता है। क्योंकि आर्थिक समस्या का सम्बन्ध अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़ रहता है इसलिए इनका अध्ययन आवश्यक हो जाता है।

2. **व्यक्तिगत भावनाओं और मनोवृत्तियों का अध्ययन** – शोधकर्ता द्वारा यहाँ यह भी अध्ययन हो जाता है कि आर्थिक घटना से सम्बन्धित तथ्यों के सम्बन्ध में विभिन्न वर्गों या विभिन्न लोगों की क्या भावनाएँ हैं तथा उनकी मनोवृत्ति इसके प्रति क्या है? क्योंकि अलग-अलग लोगों की भावनाएँ एक ही समस्या के लिए अलग-अलग होती है। इनके अध्ययन से हम पूर्वानुमान ला सकते हैं कि भविष्य में इस आर्थिक घटना का अर्थ-व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

3. **अति महत्वपूर्ण प्रपत्रों का साधन** – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा हमें महत्वपूर्ण प्रपत्रों जैसे प्रश्नावली, अनुसूची साक्षात्कार, निरीक्षण आदि निर्देशिका तैयार करने में सहायता मिलती है। सूक्ष्म और गहन अध्ययन के लिए यह निर्देशिका आवश्यक है।

4. **व्यक्तिगत अनुभवों का स्रोत** – इस पद्धति में शोधकर्ता का आर्थिक घटना के अध्ययन के सम्बन्ध में व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त होता है। जिसका परिणाम यह होता है कि सूक्ष्म अध्ययन आसान हो जाता है। इसी के साथ-साथ उत्तरदाताओं को भी यह अनुभव प्राप्त होता है कि किस प्रकार एक आर्थिक घटना का अध्ययन होता है और उस घटना को किन-किन

दृष्टिकोणों से देखा जाता है।

5. महत्त्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का साधन – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के द्वारा महत्वपूर्ण प्राकल्पनाओं का निर्माण होता है साथ ही साथ उन महत्वपूर्ण पहलुओं की भी भी जानकारी हो जाती है जिनका आर्थिक घटना से सम्बन्ध होता है और उनका अध्ययन आवश्यक है। किसी भी प्राकल्पना के दो महत्वपूर्ण स्रोत हैं – प्रथम सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन, द्वितीय वैयक्तिक अध्ययन इस प्रकार प्राकल्पनाओं का निर्माण इससे संभव रहता है।

6. सामग्री की सम्पूर्णता – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति से जो तथ्यों का सूचनाओं को संकलित किया जाता है वह अपने मे सम्पूर्णता लिए हुए रहती है। ऐसा अन्य किसी अध्ययन पद्धति में नहीं पाया जाता है।

7. इकाइयों का वर्गीकरण एवं विभाजन – वैयक्तिक अध्ययन पद्धति के अन्तर्गत संकलित तथ्यों और सूचनाओं का वर्गीकरण एवं विभाजन आसानी से कर सकते हैं कि अध्ययन के समय ही विभिन्न वर्गों का अध्ययन किया गया है। इससे हम समग्र में से निदर्शन का चुनाव भी कर सकते हैं।

वैयक्तिक अध्ययन तथा सांख्यिकीय विधि– वैयक्तिक अध्ययन तुलनात्मक रूप से सांख्यिकीय विधि से निम्न प्रकार भिन्न है।

1. वैयक्तिक अध्ययन सामान्य रूप में कुछ अध्ययन की ईकाईयों का गहनता से अध्ययन करता है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत बड़ी संख्याओं का अध्ययन किया जाता है।
2. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम वर्णात्मक अध्ययन विधि का प्रयोग करते हैं, जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत हम परिमाणात्मक रूप में विषय के पक्षों को रखते हैं। वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम मुक्त व्याख्या करने के लिए स्वतंत्र होते हैं, जबकि सांख्यिकीय विधि में करने के लिय स्वतंत्र होते हैं, जबकि सांख्यिकीय विधि में संरचनात्मक गठन अधिक मजबूत होता है। वैयक्तिक अध्ययन में किसी वर्गीकरण तथा विभेद के लिये पूर्व सूचनाएं एवं जानकारियों का होना आवश्यक नहीं होता।
3. वैयक्तिक अध्ययन किसी व्यक्ति, घटना अथवा समूह का गहनता से सभी पक्षों का अध्ययन करता है जबकि सांख्यिकीय विधि के अन्तर्गत सभी अथवा कुछ ईकाइयों के एक या दो पक्षों का ही अध्ययन किया जा सकता है।
4. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम सामान्य रूप में निष्कर्षो पर हुँचते है जो कि हमारे सामान्य निर्णय एवं संवेदन क्षमता पर निर्भर करता है। इन निष्कर्षों पर कोई निश्चित गणितीय अथवा सांख्यीय परीक्षण नहीं किये जाते है।
5. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम अध्ययन की इकाई का चयन किसी निदर्शन के आधार पर न कर के इसका चयन अपनी सुविधा तथा अध्ययन की अवधि को ध्यान में रखते हुए करते हैं।
6. वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत हम किसी सामाजिक घटना के भावनात्मक पक्ष पर अधिक ध्यान देते हैं, यह इस मान्यता पर आधारित है कि अमुक सामाजिक घटना पर किसी वर्ग के भावनात्मक पक्ष का कितना प्रभाव रहा है, किसी व्यक्ति के जीवन पर वास्तविक जीवन की घटनाओं का विशेष प्रभाव पड़ता है जिसे हम किसी भी तरह से उसके जीवन से अलग नहीं कर सकता।

वैयक्तिक अध्ययन तथा साक्षात्कार – अभी तक की चर्चा में पाठकों ने समझा, कि वैयक्तिक अध्ययन एक गुणात्मक अथवा दीर्घ साक्षात्कार के समान होता है जिसमें कथानक का तत्तव मौजूद होता है। यहाँ पर पाठकों से साक्षात्कार एवं वैयक्तिक अध्ययन में स्पष्ट करना आवश्यक है।

यह सभी को विदित होगा कि, वैयक्तिक अध्ययन तथा साक्षात्कार दोनों में ही वर्णनात्मक रूप से जीवन घटना अथवा उत्तरदाता की प्रतिक्रिया समझायी जाती है, परन्तु दोनों में एक प्रमुख अन्तर यह है कि वैयक्तिक अध्ययन के अन्तर्गत लिये जानी वाली इकाइयों की संख्या बहुत कम होती है।

वहीं साक्षात्कार, वैयक्तिक अध्ययन की एक विधि हो सकती है तथा अवलोकन एवं विभिन्न वस्तुनिष्ठ परीक्षणों के द्वारा भी वैयक्तिक अध्ययन किया जा सकता है।

साक्षात्कार के अन्तर्गत हम बड़ी संख्या की इकाईयों की प्रतिक्रिया को साक्षात्कार विधि से अध्ययन करते हैं। अतः वैयक्तिक अध्ययन साक्षात्कार से अधिक विस्तृत विधि है जिसमें इकाइयों की संख्या कम होती है, परन्तु अनेक विधियों के प्रयोग से अध्ययन किया जाता है।

प्रस्तुत लेख में शोधार्थी वैयक्तिक अध्ययन विधि के बारे में विस्तार से वर्णन प्रस्तुत किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुड तथा हॉट (2012) – मेथडस इन सोशल रिसर्च Surjeet Publicaton, नई दिल्ली।
2. डी.एन चतुर्वी, वी सी सिन्हा – आर्थिक शोध के तत्त्व लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
3. Arthur Orhauser “Are Public Opinion Polls fair to organized Labour ? Public opinion Quartely Vol. X (19412), PP-484-500.
4. Norman C Meier and Cletus J. Burke - “Laboratory Tests of Sampling Techniques” Public opinion Quartely.
5. Deming W.Edward, “On Errors in Surveys” American Sociological Review, Vol. X (August 1944) pp 359-3129.
6. Dr. Ankita Gupta (2015) - questionnaire - Uttarakhand Open University, Haldwni Distance Learning Material
7. http://wwwdissertation.com
8. wikipedia.The area Encyclopedia
9. http://www.thejaps.org.pk

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

राजस्थान की पालनहार योजना द्वारा अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा की दशा और दिशा में बदलाव का अध्ययन

डॉ. प्रेम सिंह रावलोत* कल्पित शर्मा**

* सह आचार्य (लोक प्रशासन) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारत देश गाँवों का देश है। ग्रामीण संस्कृति एवं परिवेश यहाँ की मूलभूत विशेषता है तथा गाँव यहाँ सभी के हृदय में बसते हैं। वर्तमान में भारत के कई प्रदेशों में उद्योग, विकास एवं सेवाओं के प्रदाय की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों का शहरीकरण करने का प्रयास जारी है। देश की कृषि से प्राप्त होने वाली सकल आय बहुत अधिक है, यद्यपि इसका सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product) में योगदान प्रतिवर्ष कम होता जा रहा है, परन्तु ग्रामीण परिवेश आज भी कृषि पर निर्भर है तथा ग्रामवासियों का इन क्षेत्रों से इतना स्नेह है कि वे आज भी सेवाओं के लोभ में शहर जाना स्वीकार्य नहीं समझकर अपने क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान की जाएँगी, इस प्रतीक्षा में हैं।

अनुसूचित जाति व जनजाति का एक बडा तबका ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। इन जातियों के ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले लोग आज भी सेवा क्षेत्र से अथवा रोजगारों से उस अनुपात में नहीं जुड पाये हैं जितने सरकार द्वारा समय–समय पर इस हेतु प्रयास किये गये हैं। इनकी आय के मूल स्त्रोत कृषि क्षेत्र, मजदूरी, विभिन्न प्रकारों की दूकानों पर काम–काज तथा भवन निर्माण के कार्यों में माल ढुलाई इत्यादि के कार्य होते हैं, जिनसे इन्हें जीवन जीने हेतु भी पर्याप्त धन नहीं मिल पाता तब जीवन स्तर में सुधार की कल्पना भी निरर्थक है।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संविधान निर्माण के पश्चात् से ही निरन्तर इस सम्बन्ध में प्रयास किये जाते रहे कि किसी भी स्थिति में हमें इन जनजातियों के जीवन स्तर, सकल आय एवं इनके द्वारा राष्ट्रीय आय में योगदान की स्थिति में सुधार लाना होगा ताकि इन जनजातियों की प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि हो एवं यही वृद्धि इनके जीवन स्तर में सुधार का कारण बनेगी तथा इससे जिस समावेशी संस्कृति के निर्माण की हम कल्पना करते हैं वह साकार हो सकेगी अन्यथा समाज में इनकी स्थिति अलग–थलग पड जायेगी एवं समाज विघटन की स्थितियाँ पैदा हो जायेंगी। इसी सोच के साथ आरक्षण जैसे प्रावधानों को लाया गया जिससे इन जनजातियों को रोजगार प्राप्त करने का अधिक अवसर प्राप्त हो सके और पीढी दर पीढी इनकी स्थितियों में गुणात्मक सुधार आ सके।

ग्रामीण क्षेत्रों की इन जातियों में विकास की धीमी गति के पीछे एक प्रधान कारण अशिक्षा की स्थिति है क्योंकि शिक्षा के अभाव में विवेक का जन्म असंभव है और अविवेक जीवन निर्माण हेतु सही दिशा के चयन में बाधा उत्पन्न करता है। इसीलिए शिक्षा का विकास इन क्षेत्रों में तथा इनके विकास में आमूलचूल परिवर्तन ला सकता है क्योंकि शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इनमें यह वैचारिक शक्ति उत्पन्न होगी कि प्रगति के पथ पर कैसे बढा जाए एवं इसके मायने क्या हैं, इत्यादि।

राजस्थान राज्य के विशेष सन्दर्भ में यहाँ राज्य सरकार द्वारा उक्त स्थितियों पर पार पाने हेतु सन् 2004–05 में पालनहार योजना का प्रारम्भ किया गया, हालांकि उस समय योजना का विस्तार इतना नहीं था, अर्थात इसमें शामिल श्रेणियां कम ही थीं। समय के साथ–साथ योजना का विस्तार होता रहा तथा लाभ श्रेणियों को जोड़ा जाता रहा। दिसम्बर 2015–16 के पश्चात् इस योजना का अत्यधिक विस्तार किया गया एवं सभी सामाजिक श्रेणियों (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग) के अन्तर्गत 9 विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया गया जिससे लाभान्वितों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। वर्तमान में सिलिकोसिस बिमारी से पीडित लोगों के बच्चों को भी एक लाभार्थी पात्रता श्रेणी के रूप में इस योजना में जोडा गया है। अत: अब कुल पात्रता श्रेणियां 10 हैं।

सामान्यतया ऐसी स्थिति जिसमें महिला विधवा हो, परित्यक्ता हो, अथवा कोई दिव्यांग महिला/पुरुष हो अथवा किसी अनाथ के बच्चे हों, तब समाज उन्हें अलग–थलग कर देता है तथा उनके विकास में समाज की भूमिका शून्य होकर केवल मूल बच्चे अथवा परिवार पर ही निर्भर हो जाती है तथा ऐसे में उस परिवार का मुखिया अथवा कमाने वाले पुरुष सदस्य का काल का ग्रास बन जाना उस बच्चे एवं परिवार हेतु अभिशाप बन जाता है। शिक्षा की तो कल्पना भी दूर परिवार की जिम्मेदारियों के बोझ के चलते उसे मेहनत–मजदूरी से जुड़ना पड़ता है ताकि घर के सदस्यों का जीवनयापन हो सके। इस स्थिति में पला–बढ़ा बच्चा सदैव इस समाज के प्रति हीन भावना से ग्रस्त होता है और राष्ट्र के विकास में योगदान की मानसिकता से रहित होता है।

इसी समस्या के निराकरण के उद्देश्य से पालनहार योजना का निर्माण किया गया जिसमें विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, नाता जाने वाली महिला, अनाथ, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी, एचआईवी ग्रसित एवं आजीवन कारावासी के बच्चों को नियमित अध्ययनरत होने की स्थिति में 0 से 6 वर्ष के बच्चों को 750 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि एवं 6 से 18 वर्ष के बच्चों को 1500 रूपये प्रतिमाह की सहायता राशि उनके अध्ययन हेतु पालनहार को दी जायेगी साथ ही विधवा एवं नाता महिला के बच्चों के अलावा शेष बच्चों को 2000 प्रति वर्ष एकमुश्त जुलाई के माह में दिए जाएंगे। इस योजना के

क्रियान्वित होने से बच्चों की शिक्षा के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक बोझ से माता-पिता अथवा पालनहार मुक्त हो गये और बच्चों को नहीं पढ़ाने के विपरीत योजना के लाभ हेतु बच्चों को विद्यालय भेज भेजा जाने लगा।

ऐसे में जो परिस्थितियाँ वज्रपात बनकर परिवार एवं उसकी संतति को निष्प्राण कर रही थीं, इस योजना के माध्यम से उन्हें नवजीवन प्रदान कर दिया और ऐसे बच्चों को समाज के भीतर ही एक गरिमामय जीवन जीते हुए अध्ययन के अवसर प्रदान किये जाने लगे। ऐसे बच्चे जो अच्छी शिक्षा से युक्त हैं, भविष्य में अच्छे रोजगार प्राप्त कर सकेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह भी कर सकेंगे और साथ ही जिन पिछडे क्षेत्रों से निकलकर वे उस मुकाम तक पहुंचेंगे अवश्य ही उन क्षेत्रों के प्रति आत्मीयता के चलते वे उनका भी पुनरुद्धार करने का प्रयत्न करेंगे।

पूर्व में जहाँ अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा का प्रतिशत कम होता जा रहा था और विशेषकर दक्षिणी राजस्थान के बच्चों में परिवार की आर्थिक समस्याओं को दूर करने हेतु पलायन की वृत्ति बढ़ती जा रही थी, ऐसे में इस योजना से केवल पलायन की स्थिति पर ही नहीं बल्कि शिक्षा से जुड़ाव एवं ठहराव की स्थिति में भी सकारात्मक वृद्धि हुई है।

प्रस्तुत शोध में हमने दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों जिनमें अनुसूचित जनजाति की संख्या अधिक है, के बच्चों एवं इन जनजातियों पर पालनहार योजना के माध्यम से आये परिवर्तनों एवं उनकी शिक्षा में आये गुणात्मक सुधारों के आकलन करने का प्रयास किया है।

परिवार की विषम परिस्थितियों के चलते जो बच्चे अपने रोजगार की तलाश में अन्य क्षेत्रों में प्रवास कर जाते थे, उनकी संख्या में प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर कमी आकर विद्यालय के नामांकन में वृद्धि हुई है। अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में जहां प्रतिमाह नियमित आय का कोई स्त्रोत नहीं होता, ऐसे में यह योजना नियमित आय के रूप में भी कार्य करती है।

प्रस्तुत शोध में हमने यह आंकलन करने का प्रयास भी किया है कि भविष्य में इस योजना का क्या प्रभाव इन जनजाति क्षेत्र के बच्चों पर पड़ेगा एवं क्या यह इन ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसूचित जनजाति वर्ग की शिक्षा के प्रति मानसिकता में भी बदलाव कर पाएगा या नहीं।

सन्दर्भ साहित्य का पुनरावलोकन : प्रयास एवं प्रगति, प्रशासनिक प्रतिवेदन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसार पालनहार योजना का प्रारम्भ सन् 2005 में अनुसूचित जाति के अनाथ बच्चों को योजना से जोडकर किया गया था। छः माह बाद ही सभी जातियों के अनाथ बच्चों हेतु योजना का विस्तार कर दिया गया। धीरे-धीरे 2007, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014 एवं 2015 में योजना में हुए विभिन्न परिवर्तनों के माध्यम से इस योजना का विस्तार होता गया एवं सभी जातियों की 9 विशेष श्रेणियाँ निर्धारित कर योजना का लाभ दिया जाने लगा। सम्पूर्ण राजस्थान में वर्तमान में इस योजना के 3 लाख से अधिक लाभान्वित हैं तथा दक्षिणी राजस्थान में इस योजना से सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव अनुसूचित जनजाति के बच्चों पर ही पडा है क्योंकि इस योजना से प्राप्त राहत के कारण वे बिना आर्थिक दबाव के शिक्षा से जुडकर अपने शैक्षिक स्तर का प्रतिदिन उन्नयन कर पा रहे हैं।

यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित अध्ययन इम्पैक्ट के शोध पत्र के अनुसार सन् 2008 में पालनहार योजना में पूरे राजस्थान में 20,000 लाभार्थी संख्या थी, जो योजना के विस्तार के साथ ही 2018 तक 2.5 लाख तक पहुँच गई, और इसके निरन्तर बढने की वृहद् संभावना है। राजस्थान में ऐसे परिवारों की संख्या अत्यधिक है जिनकी आय अत्यन्त न्यून है, और विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत वे योजना के पात्र भी हैं, ऐसे में अत्यधिक लाभार्थियों को योजना से जोडे जाने की अपार संभावनाएँ विद्यमान हैं। इससे स्पष्ट है कि कम आय प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के लिए यह योजना एक वरदान का कार्य कर रही है।

राजस्थान स्टेट रिपोर्ट एंड टर्म इवेल्यूएशन ऑफ चाईल्ड लाईफ प्रोजेक्ट, न्यू कॉन्सेप्ट के शोध पत्र के अनुसार जितने भी कानून अथवा योजनाएँ बच्चों के क्रमिक उन्नयन एवं उनकी सामाजिक सुरक्षा हेतु लाये जाते हैं उनसे निश्चित ही उनके जीवन एवं भविष्य निर्माण पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम, बाल मजदूरी अधिनियम, समेकित बाल सुरक्षा योजना, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समेकित बाल विकास सेवाएँ इत्यादि ने बच्चों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन ला दिया है। ऐसे में ऐसी योजनाएँ जो बाल सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं, अनिवार्यत: इनके जीवन को और सुदृढ़ बनाने में सहायकारी सिद्ध होंगी।

सेव द चिल्ड्रन इण्डिया की वार्षिक रिपोर्ट 2015 **एवं** 2018 के अनुसार समूचे भारतवर्ष में यह नितान्त आवश्यक है कि हम बच्चों एवं उनके बचपन को बचाने का हर सम्भव प्रयत्न करें एवं उसका लाभ पंक्ति के अन्तिम बच्चे को तक मिले। इसके अनुसार बच्चों की सुरक्षा हेतु तीन अत्यन्त महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किये जाने चाहिए- पाँच वर्ष से छोटे किसी बच्चे का चिकित्सा के अभाव में मृत्यु ना हो, बाल विवाहों का आयोजन ना हो एवं सामाजिक सुरक्षा तथा शिक्षा से सम्बन्धित प्रावधानों से गुणात्मक दृष्टि से इन्हें जोडा जाए, जिससे भारत में बाल सुरक्षा मूर्त रूप में सिद्ध हो सके।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. पालनहार योजना के माध्यम से अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा स्थिति में आए परिवर्तन का आंकलन करना।
2. स्थानीय निवासियों के शिक्षा के प्रति आये विचारों में परिवर्तन का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि: प्रस्तुत शोध की शोध प्रविधि निम्नवत् है-

अध्ययन क्षेत्र का चयन – भारत एक पारम्परिक राष्ट्र है। यहाँ रीति-रिवाज, धार्मिक मान्यताओं, आदर्शों एवं रूढ़ियों का मानव जीवन पर अत्यधिक प्रभाव है। जिस ग्रामीण भारत का शोध के संदर्भ में विमर्श किया है वे ऐसे क्षेत्र हैं जो विशुद्ध रुप से ग्रामीण हैं तथा इनमें रहने वाली अधिकांश जनता अनुसूचित जनजाति वर्ग की है, ऐसे में यहां पारम्परिक मानसिकता एवं अंधविश्वास से घिरे रहने की स्थिति किसी परिचय विशेष की मोहताज नहीं है।

राजस्थान राज्य के दक्षिणी जिले अनुसूचित जनजाति की गौरवमयी एवं सांस्कृतिक परम्पराओं से प्राचीन काल से ही सम्बद्ध हैं तथा यहाँ ऐसी जनसंख्या का प्रतिशत भी सर्वाधिक है परन्तु शिक्षा के क्षेत्र में विकास की यहां प्रचुर संभावनाएँ हैं क्योंकि विभिन्न नकारात्मक वृत्तियों का प्रभाव अर्थात् बाल मजदूरी, आय हेतु बाहरी क्षेत्रों में पलायन इत्यादि यहाँ अत्यधिक है। ऐसे में किसी ऐसी योजना का सरकार के द्वारा लाया जाना जिससे शिक्षा हेतु आर्थिक परिलाभों की प्राप्ति निश्चित ही इन लोगों को शिक्षा से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम है।

पालनहार योजना का मूल उद्देश्य एक बालक को मानव समाज के

भीतर रहकर पढ़ने का अवसर देना, पालनहार हेतु बालक की पढ़ाई में खर्च से उत्पन्न आर्थिक दबाव को समाप्त करना, वर्ष पर्यन्त एक नियमित आय स्त्रोत के रूप में कार्य करना एवं बालक को नियमित अध्ययनरत रहने हेतु प्रोत्साहित करना है। इससे बालकों को मजदूरी एवं अन्य आय अर्जन की वृत्तियों में शामिल होने से रोककर शिक्षा से जोडना एवं उसके सुदृढ़ भविष्य का निर्माण करना है।

इन अनुसूचित क्षेत्रों के परिवारों का कोई नियमित आय स्त्रोत नहीं होता जिससे वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करवा सकें, ऐसे में इस बात का आंकलन आवश्यक हो जाता है कि पालनहार योजना से इन क्षेत्रों की जनजातियों के बालकों की शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा है, अतः हमने शोध में दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया है।

प्रतिदर्श रचना – प्रस्तुत शोध में हमने दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर जिले की साबला पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया है। इस पंचायत समिति में प्रचुर मात्रा में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या होने से लाभ प्राप्त करने वाला एक बड़ा समुदाय विद्यमान है। हमने पालनहार योजना के अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव के सूक्ष्म आंकलन हेतु निम्न पंचायतों का चयन उद्देश्य पूर्वक किया है:

1. ग्राम पंचायत भेखरेड
2. ग्राम पंचायत बोडीगामा
3. ग्राम पंचायत काब्जा
4. ग्राम पंचायत लेम्बाता
5. ग्राम पंचायत माल
6. ग्राम पंचायत मुंगेड
7. ग्राम पंचायत नान्दली अहाडा
8. ग्राम पंचायत निठाउवा
9. ग्राम पंचायत पचलासा छोटा
10. ग्राम पंचायत पाल निठाउवा
11. ग्राम पंचायत पिण्डावल
12. ग्राम पंचायत रीछा
13. ग्राम पंचायत साबला

आंकडों का संकलन – प्रस्तुत शोध में हमने चयनित विभिन्न ग्राम पंचायतों के विभिन्न वर्षों से लाभ प्राप्त कर रहे अनुसूचित जनजाति के बच्चों की संख्या का तुलनात्मक अध्ययन किया है जिसकी अनुसूची विशिष्ट रूप से तैयार की गई है, ताकि यह ज्ञात किया जा सके कि इस योजना के प्रभाव से कितने अनुसूचित जनजाति के बच्चे प्रतिवर्ष शिक्षा से जुड़कर अपने बेहतर जीवन निर्माण हेतु लाभान्वित हैं।

तालिका 1 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

विवेचन एवं परिणाम – उक्त ग्राम पंचायतों में लाभार्थियों के विस्तृत अध्ययन एवं उनके तालिका एवं पाई चार्ट निरूपण से स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष पालनहार योजना का लाभ प्राप्त करने वाले अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी बच्चों की संख्या में उन्नयन होता रहा है। ऐसे में यह तो अतिस्पष्ट है कि इस योजना से प्रतिवर्ष शिक्षा से जुडने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है अर्थात् इन जनजातियों के बच्चों का विद्यालयों में ठहराव, नामांकन की स्थिति इत्यादि प्रतिवर्ष बढ रही है जिससे इनकी बाल मजदूरी एवं पलायनवृत्ति की मानसिकता में परिवर्तन आकर शिक्षा प्राप्ति की मानसिकता जन्म लेने लगी है।

उक्त तालिकानुसार 2019–20 में लाभार्थी बच्चों की संख्या 201 थी, जो 2020–21 में बढकर 355, 2021–22 में 466 एवं 2022–23 में 524 हो गई। आंकड़ों से स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष पालनहार योजना में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हो रही है जो कि आगे भी इसी प्रकार अनवरत जारी रहने की संभावना भी है क्योंकि विभिन्न पात्रता श्रेणियों में नित नवीन व्यक्ति पात्र होते जाएंगे एवं आवेदन के माध्यम से योजना में जुडते जाएंगे। प्रतिवर्ष हो रही प्रतिशत वृद्धि यह सुनिश्चित करती है कि लगातार अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में जागरूकता में वृद्धि हुई है और राजकीय योजना का लाभ लेने के प्रति लोगों में उत्सुकता भी है जिससे सरकार भी अपने लक्ष्यों की प्राप्त करने की ओर तेजी से अग्रसर हो पा रही है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – तालिका एवं पाई चार्ट में प्रदर्शित एवं प्रतिशत के आंकडों से स्पष्ट है कि किस प्रकार पालनहार योजना इन अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों एवं उनके बच्चों को प्रभावित कर रही है। पालनहार योजना द्वारा प्रदत्ता सहायता राशि से शिक्षा पर होने वाले व्यय के कारण उत्पन्न आर्थिक बोझ से अनुसूचित जनजाति परिवार आसानी से उबर जाते हैं, यद्यपि उन्हें सामान्य निर्वहन में भी सहायता मिल जाती है। ऐसे में स्पष्ट है कि यह योजना इन क्षेत्रों के बच्चों हेतु वरदान सिद्ध हुई है।

किसी भी योजना का लक्ष्य पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक उस योजना के लाभ को पहुँचाना होता है, यदि अधिकतम समुदाय इसका लाभ नहीं ले पाता है तो योजना का उद्देश्य विफल हो जाता है। इसीलिए योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु इसका दूर–दराज के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी, आँगनवाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी इत्यादि द्वारा डोर–टू–डोर सर्वे किया जाकर लोगों को योजना एवं इस हेतु आवेदन की व्यापक जानकारी दी जानी चाहिए तथा आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिले और प्रक्रिया बोझिल ना लगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रयास एवं प्रगति, प्रशासनिक प्रतिवेदन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर 2016–17
2. Impact, “Availability And Utilisation Of Palanhar Scheme In Rajasthan Among Children Affected by HIV And Other Vulnerabilities(A Situational Analysis)”, Published by Unicef, 2012
3. New Concept, “Rajasthan State Report And Term Evaluation Of Child Life Project” Published by Unicef, 2014
4. Arora Pulkit And Mishra Aditi, “Annual Report, Save The Children” Designed by Mustard tree, 2015
5. Malik Prachi And Gandhi Jyoti, “Annual Report, Save The Children” Designed by Chaos Design Pvt. Ltd., 2017-18
6. नाथूरामका लक्ष्मीनारायण, ‘राजस्थान की अर्थव्यवस्था’ आर.बी.डी. पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2015
7. Centre For Unfolding Learning Potentials, “Annual Progress Report” Published by CULP, 2018

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

तालिका 1

क्र.	ग्राम पंचायत	पालनहार योजना में लाभान्वित अनुसूचित जनजाति के बच्चे			
		2019-20	2020-21	2021-22	2022-2023
1	भेखरेड	15	42	49	54
2	बोडीगामा	10	22	24	24
3	काब्जा	15	20	21	22
4	लेम्बाता	27	52	70	78
5	मल	12	14	19	21
6	मुंगेड	16	26	36	47
7	नान्दली अहाडा	24	29	31	36
8	निठाउवा	10	16	25	26
9	पचलासा छोटा	8	8	9	9
10	पाल निठाउवा	15	37	67	80
11	पिण्डावल	6	12	13	16
12	रीछा	20	31	49	52
13	साबला	23	46	53	59
	योग	201	355	466	524

(स्त्रोत:-पोर्टल से प्राप्त आंकडे)



(2019-20 से 2022-23 तक लक्षित समूह के लाभान्वितों का पाई-चार्ट निरूपण)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

18 वीं एवं 19 वीं शताब्दी: वागड़ में धार्मिक व सामाजिक सुधार आंदोलन

राकेश कुमार रोत*

* सहायक आचार्य, इतिहास (विद्या संबल) राजकीय महाविद्यालय, चिखली, डूंगरपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – मानव शास्त्र के अनेक अंग्रेज विद्वानों ने भारत के आदिवासियों को यहां के अन्य निवासियों से पृथकता का जीवन व्यतीत करने वाला बताया है। लेकिन भारतीय विद्वानों ने इस मत का खंडन किया है। घुरये के अनुसार हमारे देश में जनजातियों ने अपने पड़ोस में रहने वाली अन्य जातियों से कभी भी पृथकता का जीवन व्यतीत नहीं किया। मजूमदार और ऐय्प्पन के मत में भारत की जनजातियों ने अपने क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीण समुदाय की संस्कृति और भाषा को अपनाया है। उनके मत का समर्थन कुछ इतिहासकारों ने भी किया है। डी.डी. कौशाम्बी के अनुसार प्राचीन काल से ही राजाओं और जागीरदारों ने ब्राह्मणों को दान में भूमि अथवा अन्य प्रकार से प्रलोभन देकर जनजातियों क्षेत्रों में बसने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रारंभिक मध्यकालीन युग में प्रक्रिया जारी रही। जनजाति क्षेत्रों में बसने वाले निवासियों ने उनमें ब्राह्मण समाज के आदर्श और नियमों को प्रचलित करने का प्रयत्न किया।जनजातियों प्रतिरोध की चिंता न करते हुए भी शासकों वह बाहर से आकर उनके क्षेत्रों में बसने वाले निवासियों ने इस प्रक्रिया को जारी रखा। ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर कहा जाता है कि पूर्व औपनिवेशिक काल में गैर जातियों और जनजातियों के पारस्परिक समन्वय की प्रक्रिया में निम्नलिखित प्रवृतियों–

(अ) मुगल शासकों और जमींदारों ने कृषक जातियों को भूमि के अधिग्रहण के लिए तथा अन्य प्रकार के प्रवासियों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन देकर क्षेत्रों में बसने के लिए प्रोत्साहित किया।

(ब) सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनजातीय क्षेत्र में उनके अपने राज्य से राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात में भी लोगों ने राजपूतों को उनके राज्यों को संगठित करने में सहयोग दिया था।जनजातियों के इलाकों में व्यापार के विकास के लिए मार्ग भी बनाए गए। इसके लिए वहां के कुछ वनों को साहब भी किया गया। अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए भी मुगल शासकों वह जमींदारों ने वनों की कटाई करने के आदेश दिये।

उक्त नीतियों के फलस्वरूप जनजातिय क्षेत्रों में कृषि उत्पादन के नए तरीकों का प्रादुर्भाव हुआ तथा इन के मध्य से गुजरने वाले व्यापार का भी महत्व बढ़ने लगा। आदिवासी भी वनों से एकत्र की गई सामग्री संग्रहण कर बाहर भेजने लगे। उनके व्यापारियों की संख्या बढ़ने लगी। कृषि उत्पादन व व्यापार के नए तरीकों से जनजाति क्षेत्रों को बाजार व्यवस्था के अंतर्गत लाने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त सामंतवादी शासन ने जनजातियों में प्रचलित भूमि का सामूहिक स्वामित्व की प्रथा पर न केवल आघात किया अपितु उनके समाज में वर्गीकरण की प्रक्रिया को भी जन्म दिया। उदाहरण के तौर पर मेवाड़ में ओगना,पानरवा, जावरा, जवास के भोमिया भील होते हुए भी स्वयं को राजपूत का वंशज बताने लगे। इसी प्रकार विंध्याचल पर्वत के कुछ मुख्य भील भी स्वयं को राजपूत कहने लगे।

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत में अंग्रेजों के प्रभुत्व की स्थापना के समय भारत की विभिन्न जनजातियां पृथकता का जीवन व्यतीत नहीं कर रही थी। वे काफी समय से ऐसे लोगों के संपर्क में थे जो या उनके इलाकों में बस गए थे अथवा निकटवर्ती प्रदेशों में रहते थे। लेकिन इन समुदायों को पारस्परिक संपर्क विभिन्न क्षेत्रों में एक समान नहीं था।

(क) कुछ जनजातियां जैसे राज गौड़ आदि हिन्दू धर्म के अंतर्गत उच्च स्तर के माने जाते थे।

(ख) हिंदू प्रदेशों के निकट में रहने वाली जनजातियों के सदस्य जो कि, हिंदुओं के निकट संपर्क में आने के कारण हिंदू धर्म व समाज की रीतियों से अधिक प्रभावित है,

(ग) दुर्गम पहाड़ी व आंतरिक क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासीरू इन्होंने इस प्रकार के संपर्क का निरंतर विरोध किया है।

यद्यपि उक्त वर्गीकरण पूर्ण रूप से स्वीकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि गैर जनजातियों का प्रभाव जनजातीय क्षेत्र में समान नहीं है। लेकिन यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि वह पूर्ण रूप से हिंदू समाज में न तो लीन हुए और ना ही हिंदू व्यवस्था के एक अंग बने हैं। आज भी अनेक जनजातियों ने हिंदुओं के सामाजिक व धार्मिक जीवन के तरीकों को एक बड़ी सीमा तक नहीं अपनाया है। इसके साथ साथ वे 'संस्कृतिकरण' की प्रक्रिया, जो लंबे समय से चली आ रही है, विरोध कर रहे हैं। इन परिस्थितियों में उनमें 'अस्तित्व के संकट' की भावना पैदा कर दी है और उन्हें अपने पृथक अस्तित्व को बनाए रखने की चिंता हो गई। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए एक ओर उन्होंने बाहरी घुसपैठ के विरोध में प्रतिरोध किया तो दूसरी और हिंदुओं आदर्शों पर अपने समुदाय में सामाजिक व धार्मिक सुधार आंदोलन किये।

यह प्रतिरोध और सुधार आंदोलन काफी समय से चले आ रहे हैं। प्राचीन काल में अपने क्षेत्रों में बाहर से आकर बसने वाले निवासियों का उन्होंने विरोध किया था। मुगल काल में उन पर सत्ता स्थापित करने वाले समूहों का जिन्होंने मुगलों का प्रभुत्व स्वीकार किया था अथवा अपने ही समुदाय के प्रभावशाली व्यक्तियों के प्रभुत्व का प्रतिरोध किया था।

दक्षिणी राजस्थान व उसके आसपास के प्रदेशों में भील लोगों, राजपूत

शासकों का सहयोग की भावना बनी। लेकिन आमतौर पर सब स्थानों में उन्होंने अपने पर थोपी गई सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं का विरोध किया। यद्यपि मध्यकालीन युग में जनजातियों के सुधार आंदोलन सशक्त नहीं हो सके किंतु फिर भी कई क्षेत्रों में उन्होंने हिंदुओं के सुधार आंदोलन के कुछ तत्वों को अपनाया।

भक्ति मत का प्रभाव बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छोटानागपुर, राजस्थान की जनजातियों पर पड़ा। मध्यकालीन युग में मुंडा और जनजातियों में कबीरपंथीयो को आदर की दृष्टि से देखा जाता था। उस समय में रांची के पूर्व प्रदेशों में रहने वाले मुंडाओ के कुछ परिवार वैष्णव मत के अनुयाई थे। उनके अतिरिक्त समस्त मुंडा जनजाति क्षेत्र में भी दूर-दूर तक इस मत का किसी न किसी रूप में पालन किया जाता था। छोटा नागपुर में अंग्रेजी शासन की स्थापना के समय इस प्रदेश के भूमि जनजातियों के मुखिया हिंदुत्व के रंग में इतने रंग गए थे कि वे साधारण आदिवासी को अपने से ही हिन मानने लगे थे। दक्षिणी गुजरात में भी सूरत व उसके आसपास के प्रदेशों में रहने वाली जनजातियों में भी भक्ति मत का प्रचार हो रहा था।

इससे स्पष्ट हो जाता है कि आमतौर पर जनजातियों में धार्मिक व सामाजिक सुधार का कार्य करने वाले व्यक्तियों ने अपने आदर्शों की पालना करने की चेष्टा की। वस्तुत: जनजाति क्षेत्रों में हुए सुधार भक्ति आंदोलन संस्कृति की परंपराओं से प्रेरित थे।

राजस्थान व उसके निकटवर्ती प्रदेशों में भीलों के सुधार आंदोलन- यह पहले ही बताया जा चुका है कि इन प्रदेशों में रहने वाले भीलों का काफी समय से पहाड़ी क्षेत्र में रहते थे। अनेक जनजातियों के समान वे भी पहले आर्यों के द्धारा वनों के आंतरिक भागों में खदेडे गए और बाद में राजपूतों की विजय के समय भी कुछ हद तक इस प्रकार की स्थिति उनके सामने आई। लेकिन राजपूतों ने अपनी आवश्यकता को देखते हुए उनका सहयोग प्राप्त करने की नीति अपनाई उन्होंने भीलो के मुखिया ने अपनी आवश्यकताओं को देखते हुए उनका सहयोग प्राप्त करने की नीति अपनाई। उन्होंने भीलों के मुखियाओं को अस्तित्व अपनी राजधानियों के पास बने रहने दिया। क्योंकि वह वनों और पहाड़ियों के आंतरिक भागों में अपनी सत्ता बनाए रखने में कठिनाइयों का अनुभव करते थे। इसलिए उन्होंने इन क्षेत्रों में भी भील मुखियाओ के अधिकारों को मान्यता दी। इसके फलस्वरूप राजपूतों व भीलो में सहयोग का एक युग आरंभ हुआ। मेवाड़ में गोहिल वंश के संस्थापक बप्पा रावल को ओगना और उदरी के बेल मुखिया का सहयोग मिला। कुशलगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा में भी भीलों को राजपूतों ने हराकर उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। गुजरात में ईडर, राजपिपला रेवा काठा ने भी इसी प्रकार की नीति अपनाई गई। इस नीति का परिचय मेवाड़ दक्षिणी राजस्थान के अन्य राजपूत तथा राजपीपला में एक राजा के सिंहासनारोहण के समय भील मुखियाओं द्धारा उनका 'टीका' किए जाने की प्रथा में मिलता है। टाड के अनुसार राजपूतों ने 'उजले' भीलों के साथ खानपान व्यवहार भी रखा। इसके फलस्वरूप भीलों के कुछ वर्गों ने स्वयं को राजपूत का वंशज बताया। कल्याणपुर के भील स्वयं को धार के पवारे, देवपुरा मांडवा अमरपुरा के सिसोदिया बिलक के बाबाओं, कागदर के राठौड़ चौहानों के वंशज मानते हैं।

वस्तु एवं सेवा कर की पृष्ठभूमि एवं क्रियान्वयन– भारत में 1 जुलाई 2017 से वस्तुओं के उत्पादन, विक्रय, वितरण और सेवाओं पर लगाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष करों को समाप्त करके उनके स्थान पर वस्तु एवं सेवा कर को लागू किया गया है। भारत में जीएसटी को लागू करने के प्रयास लगभग 2 दशक पूर्व प्रारंभ हुए थे। भारत में सर्वप्रथम वर्ष 1999 में प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एन.डी.ए की सरकार में जीएसटी की दिशा में कार्य प्रारंभ हुआ। वस्तु एवं सेवा कर का प्रस्ताव सर्वप्रथम वर्ष 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी और उनकी आर्थिक सलाहकार समिति की बैठक में रखा गया था। वर्ष 2003 में श्री विजय केलकर की अगुवाई में एक कार्यबल का गठन किया था, जिसने वर्ष 2005 में अपने प्रतिवेदन में वस्तु एवं सेवा कर को लागू करने की सिफारिश की थी। वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के लिये भिन्न–भिन्न सरकारों द्वारा वर्ष 2000 से 2017 तक अनेक अनेक कदम उठाये गये। सभी पूर्व सरकारों के प्रयास के बाद अंतत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 1 जुलाई 2017 को भारत में जीएसटी लागू किया गया और यह नई कर व्यवस्था एकीकृत कर प्रणाली के रूप में हमारे देश में लागू हो गई । नई कर व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष करों को समाप्त कर दिया गया और उनके स्थान पर **1 जुलाई 2017** से **एक देश एक कर** पर आधारित **वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली** को लागू किया गया। देश और दुनिया के विभिन्न विद्वान अर्थशास्त्रियों, राजनीतिज्ञों तथा कर विशेषज्ञों ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा सुधारात्मक कदम बताया और इसे देश के आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम बताया, वहीं दूसरी ओर कुछ राजनीतिज्ञों एवं कर विशेषज्ञों ने इसे सरकार द्वारा राजनीति से प्रेरित और जल्दबाजी में उठाया गया एक अव्यवहारिक कदम बताया और कहा कि जीएसटी के दुष्परिणाम देश को भुगतना होंगे और यह देश के आर्थिक विकास के लिए घातक होगा।

वस्तु एवं सेवा कर का अर्थ – वस्तु एवं सेवा कर भारत में वस्तुओं एवं सेवाओं की पूर्ति पर निर्धारित दरों से आरोपित एवं वसूला जाता है। यह एक अप्रत्यक्ष कर है जो सम्पूर्ण देश में वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति पर उत्पादक से लेकर उपभोक्ता तक एकल कर के रूप में लगाया जाता है। जीएसटी के अंतर्गत केंद्र सरकार व राज्य सरकार दोनों की समान भागीदारी है, इसीलिए इसे संघीय कर भी कहा जाता है। वस्तु एवं सेवा कर का अंतिम भार उपभोक्ता पर पड़ता है।

वस्तु एवं सेवा कर के सम्बन्ध में पारित किये गए कानून –1 जुलाई 2017 को भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली लागू की गई । इस हेतु मुख्यत: पांच अधिनियम बनाए गए है –

1. **केन्द्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम** 2017 – केन्द्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम केन्द्रीय कर लागू करने के लिए बनाया गया है।
2. **प्रांतीय माल एवं सेवा कर अधिनियम** 2017 – इस कानून के अंतर्गत राज्य कर वसूल किया जाता है। प्रत्येक राज्य द्वारा अपना पृथक कानून बनाया गया है। जैसे मध्यप्रदेश में मध्यप्रदेश माल एव सेवा कर अधिनियम लागू होता है।
3. **एकीकृत माल एवं सेवा कर अधिनियम** 2017 – यह अधिनियम माल एवं सेवाओं की अंतर्राज्यीय पूर्ति के लिये बनाया गया है। इसके अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा कर संग्रह किया जाता है एवं राज्यों के बीच वितरित किया जाता है।
4. **संघ राज्य क्षेत्र माल एवं सेवा कर अधिनियम** 2017 – यह अधिनियम केन्द्र शासित प्रदेशों में लागू होता है।
5. **माल एवं सेवा कर /राज्यों को क्षतिपूर्ति/ अधिनियम** 2017 – वस्तु एवं सेवा कर लागू होने से राज्यों को होने वाले नुकसान की पूर्ति के लिए यह अधिनियम बनाया गया है। इसमे सिगरेट, पान–मसालों आदि पर उपकर लगाया जाता है।

उपरोक्त पांचों अधिनियम भारत में 1 जुलाई 2017 से लागू हो गए हैं। इन सभी अधिनियमों के विभिन्न प्रावधानों को क्रियान्वित करवाने के लिए इनके अतिरिक्ति केन्द्रीय माल एवं सेवा कर नियम बनाये गए है।

भारत में स्वर्ण आभूषण बाजार– भारतियों के लिए सोना सिर्फ एक वस्तु नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत का भी हिस्सा है। भारतीय परम्परा में बच्चे के जन्म, अनुष्ठान एवं शादी समारोह के दौरान सोना–चांदी उपहार में दिया जाता है। भारत की अधिकांश आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है इसके बावजूद भी पूरे विश्व में भारत 140 करोड़ से अधिक लोगों के साथ सोने का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में सोने के आभूषणों को प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। निवेश की दृष्टि से भी इसे अत्यंत लाभदायक व सुरक्षित धन माना जाता है। आकस्मिक परिस्थितियों में वित्तीय आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर इसे बिना किसी मौद्रिक नुकसान के कभी भी नकद में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रकार इसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। सोना और सोने के आभूषणों का बड़ा धार्मिक महत्व है, बहुमूल्य धातुओं से बने आभूषण हिंदू धर्म की आराध्या देवी लक्ष्मी के प्रतीक हैं और अत्यधिक शुभ माने जाते हैं। इस प्रकार भारतीय परम्परा, रीति–रिवाज, धार्मिक महत्व तथा विशाल जनसंख्या के फलस्वरूप भारत में बहुमूल्य धातुओं के आभूषण व अन्य उत्पादों की वृहद मांग है। इस वृहद मांग की पूर्ति करने हेतु देश भर में लगभग सभी महानगरों, नगरों, कस्बों व गांवों में इनका व्यापार करने वाले व्यापारी हैं। इन महानगरों, नगरों व कस्बों में जिन स्थानों पर ये व्यापार किया जाता है उस स्थान को सराफा बाजार कहा जाता है। इन बाजारों में बहुमूल्य धातुओं से निर्मित आभूषण व

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

अन्य उत्पादों का व्यापार किया जाता है। अन्य वस्तुओं की तरह सोने और चांदी के आभूषणों के निर्माण व विक्रय पर भी सरकार द्धारा कर लगाया जाता है। सराफा बाजार का देश के राजस्व में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। इसके अतिरिक्त रोजगार की दृष्टि से देखा जाये तो सराफा बाजार ने हमारे देश में अनेकों रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि सराफा बाजार हमारे देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

स्वर्ण आभूषणों पर जीएसटी के पूर्व एवं पश्चात् लगने वाले कर का अध्ययन – जीएसटी लागू होने के पूर्व स्वर्ण व रजत आभूषणों के व्यापार पर 1 प्रतिशत उत्पाद शुल्क एवं 1 प्रतिशत वेट लगाया जाता था, इस प्रकार सराफा व्यापारियों को कुल 2 प्रतिशत की दर से कर देय था जबकि जीएसटी कानून के अंतर्गत इस व्यापार पर 3 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाता है। नई कर व्यवस्था में आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर भी 5 प्रतिशत जीरएसटी लगाया जाता है। इसे निम्न तालिका से समझा जा सकता है–

तालिका क्रमांक 1: वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व एवं पश्चात् करों का विवरण

विवरण	वस्तु एवं सेवा कर के पूर्व कर की दरें	वस्तु एवं सेवा कर के पश्चात् कर की दरें
आयात शुल्क	10 प्रतिशत	10 प्रतिशत
उत्पाद शुल्क	1 प्रतिशत	–
वेट (विक्रय कर)	1 प्रतिशत	–
जीएसटी	–	3 प्रतिशत
मेकिंग चार्जेस	10 प्रतिशत	10 प्रतिशत
मेकिंग चार्जेस पर जीएसटी	निरंक	5 प्रतिशत

(स्त्रोत – पुरानी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की अधिकृत वेबसाईट)

स्वर्ण आभूषणों के मूल्य पर जीएसटी के प्रभाव का अध्ययन –जीएसटी लागू होने के बाद स्वर्ण आभूषणों के मूल्य पर होने वाले प्रभाव को निम्न तालिका में प्रदर्शित किया गया है–

तालिका क्रमांक 2: वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व एवं पश्चात् आभूषणों के मूल्य का तुलनात्मक विवरण

विवरण	वस्तु एवं सेवा कर के पूर्व	वस्तु एवं सेवा कर के पश्चात्
10 ग्राम सोने का अनुमानित मूल्य	50000	50000
+ मूल सीमा शुल्क 10 प्रतिशत	5000	5000
योग	**55000**	**55000**
+ उत्पाद शुल्क 1 प्रतिशत	550	–
योग	55550	55000
+ वेट 1 प्रतिशत	555	–
योग	56105	55000
+ जीएसटी 3 प्रतिशत	–	1650
कुल मूल्य	56105	56650
+ मेकिंग चार्जेस 10 प्रतिशत	5500	5500
योग	61605	62150
मेकिंग चार्ज पर जीएसटी 5 प्रतिशत	–	275
आभूषणों का कुल मूल्य	**61605**	**62425**
आभूषणों की खरीदी पर कुल देय कर	**1105**	**1925**

तालिका की विवेचना – उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि जीएसटी लागू होने के बाद –

आभूषणों पर कर वृद्धि – 820 रू. (1925–1105), (कर की राशि में 74.2प्रतिशत वृद्धि)

आभूषणों में मूल्य वृद्धि – 820 रू. (62425–61605), (मूल्य में 1.34 प्रतिशत वृद्धि)

निष्कर्ष – इस प्रकार उपरोक्त अध्ययन से यह स्पष्ट हो है कि वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व 10 ग्राम सोने के आभूषण का कुल मूल्य 61605/ – रूपये हो रहा है जबकि वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के बाद यह बढ़कर 62425/– रूपये हो गया है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के बाद आभूषणों के मूल्यों में वृद्धि हुई है। हालांकि अल्पकाल में यह मूल्य वृद्धि हमें प्रतिकूल प्रतीत हो सकती है किंतु देश की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देखा जाये तो दीर्घकाल में यह अनुकूल साबित हो सकती है।

शून्य परिकल्पना का परीक्षण

शून्य परिकल्पना (H_0)– वस्तु एवं सेवा कर का स्वर्ण आभूषणों के मूल्यों पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है। **(अस्वीकृत)**

वैकल्पिक परिकल्पना (H_1)– वस्तु एवं सेवा कर का स्वर्ण आभूषणों के मूल्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हुआ है। **(स्वीकृत)**

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वस्तु एवं सेवाकर एवं सीमा शुल्क – डॉ. श्रीपाल सकलेचा
2. वस्तु एवं सेवाकर एवं सीमा शुल्क – डॉ. एच.सी.मेहरोत्रा
3. सांख्यिकी के सिद्धांत– डॉ. शुक्ल एवं सहाय
4. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, भारत सरकार की रिपोर्ट
5. जीएसटी की ऑफिशियल वेबसाईट
6. प्रमुख समाचार–पत्र एवं पत्रिकाऐं – दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, नई दुनिया

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

नैतिक मूल्य में साहित्य की भूमिका

डॉ. बिन्दु परस्ते*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - आज का समय बहुत आशांत है। मनुष्य के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव देखे जा रहे हैं। वह समझ नहीं पा रहा कैसे जिया जाए। वह एक ऐसी जीवन पद्धति की तलाश में है जो व्यावसायिक सफलता देने के साथ मानसिक शांति भी प्रदान करें। पुरानी जीवन पद्धति रास नहीं आ रही, साथ ही तकनीकी युग में व्यवहारिक भी प्रतीत नहीं होती। जहाँ वह पारिवारिक आनंद लेना चाहता है तब परिस्थितियों या सांसारिक कठिनाइयों के कारण बेवस नजर आता है। युवाओं की सारी शक्ति कैरियर बनाने तथा नयी कुशलता अर्जित करने में निकल जाती है। जीवन में जीविका भी आवश्यक है। व्यस्तता कितनी है कि ना तो बच्चों को समय दे पाता है और ना माता-पिता को। महिलाएं भी कामकाजी होने के कारण बच्चों की परवरिश संबंधी तकलीफों का सामना कर रही है। बच्चों में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना, रिश्तो में असमंजस तथा सामाजिक दायित्व निभाना आदि धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर है।

संसार में हम इतने खो गए हैं कि हमारे पास जिंदगी की खूबसूरत चीजों को देखने का समय नहीं है। प्रकृति, अध्यात्म, धर्म एवं सांस्कृतिक के देखने का समयाभाव है जिस कारण जीवन तनावपूर्ण हो रहा है। छोटी उम्र में भी शारीरिक व मानसिक समस्याएँ देखी जा रही है। मेरे विचार से इन कठनाईयों को कुछ कम करने में साहित्य का बड़ा योगदान है। साहित्य के मधुर उत्पाद जैसे- कहानी, कविता, उपन्यास, नाटक आदि जीवन में शांति एवं आनंद की धारा बहा सकते हैं। आधुनिक उपकरणों जैसे टेलीविजन, कम्प्यूटर, स्मार्टफोन आदि जिसमें आज भी युवा पीढ़ी एवं बच्चे भी अधिक समय व्यतीत करते हैं, साहित्य का स्वस्थ प्रदर्शन कर जिंदगी को आसान बनाया जा सकता है। हालांकि मानवीय स्वार्थ एवं बातचीत का कोई विकल्प नहीं है।

साहित्य मानवीय संवेदनाओं का लिखित संग्रह होता है जिसका उद्देश मनोरंजन, शिक्षा, समाज सुधार आदि होता है। साहित्य हर सदी का उतार चढ़ाव देखते हुए अमर हो जाता है। सभी साहित्य की कृतियाँ आज भी अमर है। तुलसीदास, सूरदास, कालिदास, कबीरदास आदि कवियों के काव्य आज भी हृदय को अंदोलित करते हैं। हिंदी के महान कवि दिनकर अपनी कविताओं के माध्यम से सीना तान कर जीना सिखाते हैं। अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर अपने नाटकों में समाजिक, नैतिक एवं मानवीय शिक्षा की मूल्यों को बखूबी से संप्रेषण के कारण विश्व विख्यात है।

आज के युग में साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य की विभिन्न विधाओं का अध्ययन कर मानव समाज अपनी समस्याओं का समाधान तथा तनाव कम कर सकता है। तभी कवि एवं लेखक अपनी कविताओं के माध्यम से सुझाव देते हैं कि अधिक से अधिक प्रकृति के पास रहे वर्तमान का समय आनंद ले तथा भविष्य के लिए आशावान रहें। साहित्य का हर रूप हमें कुछ सिखाता है साथ ही मनोरंजन भी कराता है।

साहित्य सांस्कृतिक धरोहर भी है। नैतिक शिक्षा का भंडार पंचतंत्र की कहानियों को पढ़ने से मिलता है। प्रेमचंद की कहानियाँ सामाजिक बुराइयों, शोषण, गरीबी का भावात्मक चित्रण करती है तथा मन मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ती है। सत्यता से परिचय कराते हुए जीवन जीना सिखाती है। इस धारा में भक्ति साहित्य भारतीय संस्कृति एवं उच्च आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करता है।

अच्छा साहित्य सदैव भावनाओं को शुद्ध एवं विचारों को परिमार्जित करता है। कहा जा सकता है साहित जीवन के सत्य एवं सौन्दर्य के सदर प्रदर्शन को मनुष्य तक पहुंचाने का माध्यम है जिससे मानव अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ग्रहण कर जीवन की कला पा सकता है।

किसी का सकते था
मेंने संदर्भ में जोड़ दिया।
कोई मधुकोष काट लाया था
मैंने निचोड़ लिया।
यों मैं कवि हूं आधुनिक हूँ नया हूँ
काव्य तत्व की खोज में कहां नहीं गया हूँ।
चाहता हूँ आप मुझे
एम- एन शब्द पर सराहते हुए पढ़े।
पर प्रतिमा - अरे वह तो
जैसी आप को रूचे आप स्वयं गढ़े।

उपर्युक्त पंक्तियां सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन वात्स्यायन अज्ञेय की नया कवि आत्म स्वीकार से उद्धत है आज्ञेय ने रचना सृजन के दौरान मनोस्थिति को बहुत ही सुंदर तरीके से सहाँ अभिव्यक्त किया है। साहित्य का अर्विभाव भी इसी समाज से होता है जिसे रचनाकार अपने भावों के साथ मिलाकर उसे एक आकर देता है। यही रचना समाज के नवनिर्माण में पथप्रदर्शन की भूमिका निभाने लगती है। अज्ञेय मानते हैं कि साहित्यकार होने के नाते अपने समाज के साथ उनका एक विशेष प्रकार का संबंध है। समाज से उनका आशय चाहे हिंदी भाषी समाज रहा हो जो कि उनका पहला पाठक होगा चाहे मानव समाज जो हो जो की शब्द मात्र में अभिव्यक्त होने

वाले मूल्यों की अंतिम कसौटी ही नहीं बल्कि उनका स्रोत भी है।

नैतिकता हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है यह हमें सही और गलत के बीच अंतर को समझने और सही कार्यवाही करने की क्षमता प्रदान करती है। नैतिकता मानवीय संबंधों समाज और समाज के नियमों को स्थापित करने में मदद करती है और हमें अपने जीवन को समृद्ध, संतुलित और आनंदमय बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संबंधों को लेकर नई सजगता जरूरी है जिससे जीवन में सकारात्मकता लाने के साथ मानव व्यक्तित्व के निर्माण में सहायता संभव है। परिवार और समाज किसी भी राष्ट्र के लिए स्नायुतंत्र की भूमिका निभाते हैं। नैतिकता ही वह पथ है जिसके माध्यम से समाज में आपकी विश्वास और भयमुक्त जीवन के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साहित्य कंज – रंजना जैन
2. हिंदी भाषा और नैतिक मूल्य – प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा
3. कविता संग्रह – श्री सच्चिदानंद हीरानंद वात्सायन अज्ञेय

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान प्रासंगिकता

प्रो. श्रीकान्त मिश्रा* डॉ. प्रवीण कुमार यादव**

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वश्रेष्ठ ज्ञान परंपरा है, जिसमें हमारे वेद, ग्रंथ, उपनिषद् सब निहित हैं। जो हमें संस्कार परम्परा, आदर्श, शिष्टाचार का ज्ञान देती हैं। प्राचीन काल से ही भारतीय ज्ञान परंपरा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास कर समाज व राष्ट्र का विकास करना था। भारत ने उच्च तत्व ज्ञान की मीमांसा की। हमारी सभ्यता के मानदंड की स्थापना की। प्रस्तुत शोध पत्र द्वारा मुख्य रूप से अध्यात्म, धर्म, समाज व शिक्षा के क्षेत्र में वेदों के अध्ययन के साथ भारतीय शिक्षा में वेदों के महत्व को देखते हुए वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता का मूल्यांकन करने का प्रयत्न किया है।

प्रस्तावना – अतीत वर्तमान की जड़ होती है। प्राचीन परम्पराएँ प्रेरणाएँ, ग्रंथ, उपनिषद्, वेद आदि हमारे राष्ट्र की वर्तमान स्थिति और प्रेरणा का मूल स्त्रोत हैं। वेद भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार हमारे चिंतन में अनेक धारणाएँ हैं। किन्तु पाश्चात्य परंपरा ने एक ही धारा को केवल प्रसारित किया है। विदेशी विचारकों में सदैव से ही हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को विखंडित कर दबाकर रखने का प्रयास किया है। और ऐसे ही पाश्चात्य सभ्यता में लिप्त सभ्यता वाले यूरोपीय देशों द्वारा वेदों को निरर्थक साबित करने के लिए अपना सम्पूर्ण प्रयास किया गया था। वेदों को चरवाहे और गड़रिये आर्यो के द्वारा लिखे गए मात्र गीत समझे गए। यूरोपीय देशों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर किया गया आक्रमण अन्य आक्रमणो में से सबसे बड़ा आक्रमण था सम्भवत: वेदों मे वर्णित प्रकृति में समाहित रहस्यों को अनर्गल प्रलापों से भरे होने के दावे किए गए। परन्तु वैदिक सनातन समाज द्वारा इन आक्रमणों का सामना किया, और आरोपो का जोरदार खंडन किया गया । और वेदों के ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित किया। पुरातन समय के संदर्भ में हमारे राष्ट्र का विवरण किया जाए तो पता चलता है कि इसका निर्माण राजनीतिक आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्र में न होकर धार्मिक क्षेत्र से हुआ था। हमारे राष्ट्र की परम्पराएँ और संस्कृति धार्मिक भावनाओं से व्याप्त हैं। धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो जीवन में सभी अंग धर्म प्राधान्य हैं। भारतीय संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा में धर्म, अर्थ, काम मोक्ष समाहित है। हमारे राष्ट्र की संस्कृति और सभ्यता का उत्थान भारतीय ज्ञान परंपरा से है न कि राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति। वर्तमान परिदृश्य में हमे अपनी ज्ञान परपंरा और सामाजिक व्यवस्था का मनन करने और अपने ढंग से जीने की आवश्यकता है। जहाँ एक ओर अपनी ज्ञान परंपरा, जीवनशैली और सामाजिक व्यवस्था को बाजारवाद से सुरक्षित करने की आवश्यकता है। वहीं हमें पश्चिमी परम्पराओं और विदेशी ज्ञान विज्ञान को अलग करके अपनी परम्पराओं और मान्यताओं का पुनर्उत्थान करते हुए भारतीयता में पूर्ण रूप से आत्मसात करना होगा। अन्य विचारधाराओं के लोगों से संवाद स्थापित करना होगा और साथ लेकर चलने का प्रयास करना होगा। हमारी परंपरा एक रूप मानते हुए सम्मान करने की है, और उनमें एकता प्रतिस्थापित करने की है जिसे वर्तमान में अच्छे तरीके से व्यवहार में उतारना होगा। जिससे भारत पूरे विश्व में एक बड़ी ताकत के रूप में उभर सकें। हमें अपनी मानसिक स्थिति को परिवर्तित कर अपने जीवन में व्यवहारिक भारतीयता को अपनाने की आवश्यता है। पश्चिमी सभ्यता के विकासवादी प्रारूप के आवरण को छोड़कर हम विश्व में समृद्धि ला सकते हैं। पश्चिमी दृष्टिकोण को अपनाकर हमने प्राचीन ज्ञान परंपरा का सदैव तिरस्कार किया है। हम भारतीय अपनी संस्कृति, ज्ञान परंपरा और यहाँ तक की महापुरूषों को जब तक सम्मान नहीं देते तब तक अन्य देशों में उन्हें सम्मान नहीं मिलेगा। यही कारण है वर्तमान में अन्य देशों में भी योग, आयुर्वेद, होम्योपैथी , यूनानीं, प्राकृतिक चिकित्सा जैसे प्रयोग प्रसिद्धि पा रहे हैं। हमें अपनी पारम्परिक जड़ी बूटियों, गोमूत्र का ध्यान तब आता है जब विकसित देश जैसे अमेरिका उन्हें पेटेंट करवा लेता है। योग को हमने दरकिनार कर दिया था जब वहीं योगा के रूप में आया तो हम उसके प्रति आकर्षित हो गए।

पाश्चात्य देशों में पले बढ़े लोग भारत में आकर संस्कार एवं मंत्रोउच्चारण के बीच विवाह के बंधन में बंधने में रूचि ले रहे हैं। और हमे अपने ही संस्कार पुराने खयालात व मिथक लगते हैं। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा भी बोलचाल की भाषा के रूप में प्रयोग की जाती है। मुझे आश्चर्य होता है कि जितनी मेहनत हम अंग्रेजी भाषा को सीखने में लगाते हैं, उतनी मेहनत यदि हम अपनी राष्ट्रभाषा को सीखने का प्रयास क्यों नहीं करते।

पाश्चात्य संस्कृति को दोष देने से पूर्व हमें अपने आप में झाँककर देखना चाहिए की हम स्वयं अपनी संस्कृति के प्रति कितनी आस्था व विश्वास रखते हैं। प्राचीन समय में हमारा राष्ट्र 'सोने की चिड़िया' था। उस दौरान भारत की व्यापारिक व राजनीतिक परिस्थितियाँ अत्यधिक सुदृढ़ थी। परन्तु ग्यारवीं सदी के बाद हमारे राष्ट्र की व्यापारिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति विघटित होने लगी। तत्पश्चात् भारत में पाश्चात्य सभ्यता वाले यूरोपीय देशों ने व्यापार की दृष्टि से रूख किया। मुख्यत: भारत में ब्रिटिश

साम्राज्य का आधिपत्य हो गया। ब्रिटिशियों द्वारा भारत के आर्थिक आधार को तहस नहस कर अपने आधिपत्य में कर लिया गया। अंग्रेजो द्वारा भारत की संपदा व समृद्धि को योजनाबद्ध तरीके से दोहन किया गया। फिरंगियों द्वारा देश की कानूनी व्यवस्था के चलते देश को एक साँचे में ढ़ालने का काम किया परन्तु उनकी 'फूट डालो और राज करो' की नीति ने हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक समसरसता को खंडित किया और सांप्रदायिक कुरूपता को बढ़ावा मिला।

फिरंगियों द्वारा हमारे राष्ट्र व लोक में व्याप्त भारतीय ज्ञान परंपरा व गुरूकुल शिक्षा प्रणाली को खत्म कर पाश्चात्य सभ्यता व अंग्रेजी शिक्षा की नींव रखी व इसको बढ़ावा दिया। इसी कारण हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर आम जन के लिए महत्वहीन हो गई। सभ्यता, परंपराएँ, शास्त्र इत्यादि भारतीय लोगों के लिए बहुत महत्व रखते थे। भारत में योग, पतंजलि व चिकित्सा शास्त्र को महत्व दिया जाता था परन्तु पाश्चात्य सभ्यता के बढ़ने के कारण इनका महत्व नहीं रहा। वेद हमारे राष्ट्र के विश्व ज्ञान का कोष माने जाते हैं। उपनिषद् ब्रहमाण्ड की जिज्ञाशाएँ मानी जाती हैं।

हमारे ग्रंथ, ज्ञान, साहित्य व संस्कारो को अपनाकर या आचरण में लाकर हम हमारे समाज संस्कृति से दुराचार को हटाकार प्रकृति को व समाज को राष्ट्रहित व जीव जगत के लिए लाभदायक बना सकते है। हमारा राष्ट्र पिछले कुछ दशकों से पाश्चात्य सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहा है। हम भारतीय मूल संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य सभ्यता में लीन हो गए। परन्तु हमें हमारे राष्ट्र की मूल सभ्यता व संस्कृति, ज्ञान परंपरा का अहसास तब हुआ जब हमने इसी ज्ञान के आधार पर वैश्विक मुकाम जीते। भारत में स्थापित अनेक विदेशी कंपनियों व व्यापारियों द्वारा ज्ञान प्रणाली से उत्पादन के तरीके चुरा लिए गए। विदेशों में लोग हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं और हम हमारी संस्कृति व ज्ञान परंपरा को पीछे छोड़कर पाश्चात्यीकरण की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हमारी संस्कृति व विद्या ऐसी धरोहर है जो पूरे विश्व को लाभान्वित कर सकती है।

वेद (सनातन) – भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार वेद हैं। विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म वेद को माना जाता है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य द्वारा किए जाने वाले सभी संस्कार वैदिक काल से ही वेदों पर निर्धारित हैं।

वेदों की प्रमुख शाखाएँ हैं।

1. वैदिक सभ्यता
2. वैदिक साहित्य

वैदिक सभ्यता – विश्व की प्राचीन सभ्यताओं में से एक वैदिक सभ्यता है, जिसमें वेदों की रचना हुई। पाश्चात्य सभ्यता के विद्वानों द्वारा बताया गया कि भारत में आर्यो का समुदाय 1500 ई.पू. आया। आर्यो के आने के बाद भारत में वैदिक सभ्यता की नींव पड़ी। वेदों के अतिरिक्त इस दौरान कई अनेक ग्रन्थों की रचना हुई। जिसमें पवित्र धार्मिक ग्रंथ शामिल हैं। पौराणिक ग्रंथ, रामायण और महाभारत की रचना संस्कृत भाषा में हुई।

वैदिक साहित्य –वेद प्राचीनतम आधारभूत ग्रन्थों में से एक हैं। वेद भारतीय संस्कृति का पवित्र साहित्य है। जो हिन्दुओं के प्राचीन धर्म ग्रन्थ के रूप में जाना जाता है। भारतीय दर्शन के अनुरूप प्राचीन भारतीय शिक्षा में वेदों का बहुत अहम महत्व है। वेदों के आधार पर शिक्षण परंपरा के सिद्धान्त विकसित हुए। और भारतीय ऋषियों द्वारा अध्यात्म और मुनियों द्वारा वेदों, पुराण, उपनिषद और ग्रंथ के माध्यम से भारतीय शिक्षा को सर्वश्रेष्ठ बनाया गया। प्राचीन भारतीय शिक्षा की मुख्य विशेषता यह थी कि शिक्षा जीवनपयोगी हो। ऋषि–मुनियों द्वारा विद्यार्थियों को आचरण, विनय तथा अनुशासन का पालन करना सिखाया जाता था। परन्तु वर्तमान समय में विद्यार्थियों में विनय व अनुशासन का अभाव पाया जाता है। प्राचीन समय में आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक जीवन के सिद्धांतों की अपेक्षा धर्म का योगदान अधिक प्रभावशाली होता था। प्राचीन काल में गुरूकुल शिक्षा प्रणाली थी। विद्यार्थी का गुरू गृह में रहना आवश्यक होता है। गुरू की सेवा करना भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार अत्यधिक महत्वपूर्ण था। गुरूकुल में शिक्षा नि:शुल्क दी जाती थी। सेवा भाव के आधार पर गुरूकुल का व्यय भार निहित किया जाता था। शिष्यों के श्रम के आधार पर सभी गुरूकुल आत्मनिर्भर थे। गुरू की सेवा कर शिष्य स्वयं को श्रेष्ठ पाते थे। शिष्यों द्वारा गुरू की भक्ति और मन, कर्म और वचन से की जाती थी।

वेदों के अनुसार वर्तमान प्रासंगिकता – वैदिक परंपरा के अनुसार हमारे राष्ट्र में प्राचीन काल में प्रत्येक कार्य संस्कार से आरंभ किए जाते थे जो आगे चलकर परंपरा का रूप धारण कर लेते हैं। समय में परिवर्तन के साथ–साथ संस्कार, सभ्यता, परंपरा नष्ट हो गई। भारतीय समाज में धर्मशास्त्र के अनुसार सोलह संस्कारों की व्याख्या की गई है। कुल बीते सालों से हमारी धर्म, संस्कृति पर पाश्चात्यीकरण के कारण खतरा बना हुआ है। हमारे आदर्श, नैतिक मूल्य छिन्न–भिन्न हो गए। परन्तु वर्तमान समय के कुछ तथ्यों व नियमों को देखा जाए तो कुछ चीजें आज भी वैदिक परंपरा को हमसे जोड़ती है। प्राचीन काल से ही भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली की प्रथा थी वो प्रणाली आज भी भारतीय समाज में देखने को मिलती है। विवाह–बंधन एक अटूट व पवित्र बंधन वैदिक काल से ही माना जाता था। वही वर्तमान समय में विवाह–बंधन वैदिक परंपरा से हमें जोड़े हुए है। प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति/समाज में बुजुर्ग व्यक्ति का सम्मान किया जाता था आशीर्वाद लेते थे। वही संस्कार आज भी जीवित हैं। प्रकृति से प्रेम, पवित्र वृक्षों की पूजा जैसे बरगद, पीपल इनकी पूजा देवी–देवताओं की तरह की जाती थी। जो वर्तमान समय में भी की जाती है। ऋषि–मुनियों का आदर करना इत्यादि अनेकों ऐसी परम्पराएँ हैं जो हमे वैदिक परंपरा से जोड़ती हैं।

शिक्षा व व्यवसाय– प्राचीन काल से ही भारत देश सांस्कृतिक व ऐतिहासिक दृष्टि से प्रसिद्ध है। विश्व में सबसे ज्यादा ग्रंथों की रचना भारत में हुई भगवत्गीता, वेद, उपनिषद्, पुराण सभी भारत की देन हैं। भारत की भूमि कर्मभूमि के नाम से जानी जाती है। अनेको ऋषि–मुनियों, सिद्ध पुरूषों ने भारत की कर्मभूमि पर जन्म लिया। भारतीय सभ्यता में संस्कार और परंपरा 'माँ' के दूध समान माने जाते थे। जिनके कारण भारतवासियों का जन्म लेना सार्थक होता था।

प्राचीन समय में शिक्षा व ज्ञान का अलग की महत्व था। ज्ञान को केवल धन–दौलत कमाने के लिए व सुख सम्पदा बढ़ाने के लिए नहीं माना जाता था। जो वर्तमान में समझा जाता है। प्राचीन समय में ज्ञान का मतलब संस्कारों व शिक्षा का संचय करना माना जाता था। हमारे राष्ट्र के ग्रंथों, वेद, उपनिषदों के अनुसार देखा जाए तो ज्ञान की प्राप्ति तब होती थी जब मनुष्य सभी प्रकार के विकारों से दूर हो जाता था। मोह, दुनियादारी से दूर होकर शिक्षा व ज्ञान प्राप्ती की जाती थी। प्राचीन समय में हमारे बड़ो ने कहा भी है कि, 'सुखार्थी कुतो न विद्या' अर्थात् जो मनुष्य सुख भोग रहा है वह मनुष्य कभी शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता। वर्तमान समय में केवल डिग्री का महत्व बचा है। ज्ञान की जगह केवल विद्या की तरफ गौर किया जाता है। ज्ञान का

अर्थ मनुष्य का सम्पूर्ण विकास करना होता है, मनुष्य का अध्यात्मिक-बौद्धिक, शारीरिक-मानसिक व व्यवसायिक विकास को सम्पूर्ण माना जाता था जो वर्तमान समय मे नहीं अपनाया जाता। ज्ञान का माध्यम मनुष्य द्वारा संस्कारो व परम्पराओं का पालन किया जाता था। तभी उनका जीवन अर्थपूर्ण होता था। परंतु वर्तमान समय में बच्चों को केवल स्कूली विद्या दी जाती है। हमारे संस्कार व परंपराएँ न सिखाकर पाश्चात्य सभ्यता को महत्व दिया जाता है जो केवल हमारे समाज व राष्ट्र के आर्थिक विकास में सहायक है परन्तु धार्मिक, सामाजिक व मोक्ष पाने के लिए आगे नहीं बढ़ाती। वर्तमान समय मे शिशु जन्म के साथ ही सभी सुविधाओं से ओत-प्रोत होता है। विद्यालयी शिक्षा प्राप्त करने जाता है। विद्यालय में भी सभी सुविधाओं से तृप्त होता है, विद्यालय में शिक्षक द्वारा डाँटे जाने पर शिक्षक को विद्यालय से माता-पिता के द्वारा निकलवा दिया जाता है। बच्चे के जन्म से ही वर्तमान में आज निर्धारित कर दिया जाता है कि उसे इंजीनीअर बनना है, डॉक्टर बनना है। जिससे बड़ा-होकर अच्छा धन कमा सके। परन्तु संस्कार, परपंरा के अनुसार ऐसी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है जिससे मनुष्य का सम्पूर्ण विकास न हो सके। मनुष्य को यदि यह नहीं पता कि मोक्ष प्राप्ति के लिए क्या करना चाहिए तो ऐसी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है, क्योकि आज वर्तमान में व्यक्ति द्वारा शरीर व विद्यालय जाकर बुद्धि को बढ़ा लिया जाता है, परन्तु अब जब अपने शिक्षक माता-पिता, बुजुर्ग के सामने सिर नहीं झुकाते तो ऐसी शिक्षा अर्थहीन है। ऐसी अंहकारी शिक्षा मनुष्य को जोड़ने का नहीं नष्ट करने का काम करती है। हमारी भारतीय ज्ञान-परपंरा के अनुसार अपना जीवन निर्वाह तो पशु-पक्षी भी करते हैं, परन्तु ऐसे जीवन निर्वाह करने का क्या फायदा जिसमें शिष्टाचार, संस्कार की भावना न हो। वर्तमान की शिक्षा से केवल मनुष्य की आधारभूत आवश्यकताएँ रोटी, कपड़ा, मकान की पूर्ति करती है परन्तु चरित्र, अनुशासन, संस्कार, मानवता नहीं दे सकती।

भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शिक्षा व व्यवसाय के क्षेत्र में देखा जाए तो मनुष्य को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो स्वयं में व्यवसाय का निर्माण कर सके। अथवा एक शिल्पकार एक पत्थर को तराशकर एक सुन्दर और भव्य मूर्ति की स्थापना करता है। प्राचीन समय ने भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार गुरूकलों में विद्यार्थियों को शिक्षा अपने शरीर, इन्द्रियो और आत्मा पर नियंत्रण पाने की शिक्षा दी जाती थी। क्योंकि मनुष्य का शरीर केवल शरीर नहीं है बल्कि आत्मा है जिसमें परमात्मा का वास होता है। जो हमारी देह व उसकी गतिविधियों को चलाता है।

प्राचीन काल की बात की जाए तो जब बच्चा सात साल का होता था। उसका यज्ञोपवीत की विधि की जाती थी, सात साल के बाद ज्ञान प्राप्ति के लिए तपोवन भेज दिया जाता था जहाँ उसे अध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक ज्ञान दिया जाता था। औषधियों व आयुर्वेद के बारे में ज्ञान दिया जाता था। जहॉ शरीर व मन की शुद्धि के लिए योग व सूर्य नमस्कार सिखाया जाता था। विद्यार्थी अपना कार्य स्वयं करते थे। ऐसी शिक्षा उनको अपने निजी जीवन में बहुत कारगर साबित होती थी। भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐसी अद्भुत व अनोखी ज्ञान शैली थी जो व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास करती थी। व्यक्ति जब तपोवन से बाहर निकलता सर्वगुण सम्पन्न होकर निकलता और बाहर आकर अपनी विद्या, ज्ञान, संस्कार को अपने जीवन में उतारता। जिससे समाज का भी आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक विकास होता था। परंतु वर्तमान शिक्षा केवल अर्थोपार्जन की डिग्री प्रदान करती है। जिससे आज मनुष्य स्वार्थी अंहकारी भावना से ओतप्रोत मिलता है। आज मनुष्य में विनय, सहनशीलता, शिष्टाचार का अभाव मिलता है। इस कारण न ही किसी का आदर करता है न हि स्वयं आदर पाता है। प्राचीन काल में वेद, उपनिषद् व ग्रंथों की बात की जाए तो उनके संदर्भ के अनुसार योग व साधना को भी महत्व दिया जाता था। योग व साधना से व्यक्ति का शरीर सम्पूर्ण विकारों से मुक्त रहता है। जिससे व्यक्ति का जीवन उत्कृष्ट होता है। व्यक्ति को नित उठकर योग, साधना व सूर्यनमस्कार करना चाहिए। हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा भी बताया गया व आज वर्तमान समय की बात की जाए जिसमें बाबा रामदेव जी ने भी कहा है कि प्रत्येक बात व्यक्ति के देह, स्वास्थ्य व समृद्धि पर निर्भर करती है। शरीर स्वस्थ है तभी व्यक्ति अच्छी विद्या प्राप्त कर सकता, अच्छे विचार, अच्छे कर्म करता है। अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर सकता है। मन व अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर योग व साधना को नियमित रूप से करके कर सकता है। जिससे अच्छे राष्ट्र का निर्माण होगा। राष्ट्र में तेजस्वी, पराक्रमी, ज्ञान से परिपूर्ण व्यक्तियो का निर्माण होगा। यदि मनुष्य को मन, बुद्धि को स्वस्थ रखना है तो प्रथम अपने शरीर को स्वस्थ रखना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान प्रासंगिकता –भारत प्राचीन काल में समृद्ध व सम्पन्न देशों मे से एक था। वर्तमान में देखा जाए तो आज भी भारत अनेक चीजों में समृद्ध है। भारत अनेकता में एकता का देश है। यहाँ संस्कार, परम्परा धर्म को पूजा जाता है। भारत की ज्ञान परम्परा प्राचीनकालीन है जो पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ थी। ऐसे शिष्टाचार, आदर्श, सिखाए जाते थे जो हमारे समाज का सम्पूर्ण विकास करते थे परन्तु वर्तमान समय में देखा जाए तो कितना भी पाश्चात्य संस्कृति को अपना लिया जाए परंतु भारत में अभी भी भारतीय ज्ञान परम्परा कहीं ना कहीं जीवित है। अपने बड़ो का आदर करना, आशीर्वाद लेना, नमस्कार करना, चरणस्पर्श ये हमारे समाज में अभी भी व्याप्त हैं। हमारे राष्ट्र में अनेक ऐसे गुरूकुल हैं जहॉ भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित नियम, आदेशों के तहत ज्ञान प्रदान कराया जाता है। ब्रह्मचर्य का पालन करना आज भी हमारे समाज में देखने को मिलता है। भारत में अनेक ऐसे शिक्षण संस्थान हैं जिसमें हमारे वेदों के अनुसार शिक्षा दी जाती है। जो आज की वर्तमान शिक्षा में अत्यंत आवश्यक है। उनमें से एक शिक्षा संस्कृति उत्थान ब्यास संस्थान है। जिनके राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी जी द्वारा व अन्य श्रीमतगणों द्वारा वैदिक शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आज पूरे विश्व में बड़ा संकट छाया है। पूरे विश्व में कोरोना जैसी भयंकर महामारी फैली है। जिसने पूरे विश्व को हिला कर रख दिया है। पाश्चात्य सभ्यता इतनी फैल गई थी कि व्यक्ति नमस्कार व चरण स्पर्श की बजाए हाथ मिलाने व गल मिलने लगा था। पूरे विश्व व साथ-साथ भारत भी अपनी परंपरा को छोड़कर पाश्चात्य सभ्यता को अपना रहा था। परंतु कोरोना जैसी महामारी के कारण आज पूरे विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा के आदर्शो को अपनाया जा रहा है। हाथ मिलाने की बजाए हाथ जोड़कर, झुककर नमस्कार किया जा रहा है। इसके साथ-साथ भारतीय वेदों के ज्ञान, उपनिषदों में निहित मंत्रों का उच्चारण जो हमारे मानसिक तनाव को कम करते हैं, हमारी स्मरण भक्ति को बढाते हैं, विश्व के अलग-अलग देशों में अपनाया जा रहा है। ऐसे में भारत हमारी ज्ञान परंपरा के कारण पूरे विश्व में एक शक्तिशाली देश बनकर उभर रहा है। और साथ ही इस महामारी में हमारे ऋषियों और मुनियों द्वारा बताया गया योग व साधना कारगर साबित हो रहा है। पूरा विश्व इस महामारी से बचने के लिए योग को योगा के रूप में प्रणायाम, आलोम-विलोम कर अपने आप को बचाने में लगा है। हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा बताई गई जड़ी-

बूढियाँ व अन्य औषधि व देशी नुस्खे अपनाए जा रहे हैं।

योग व साधना भारतीय ज्ञान परंपरा का हिस्सा था परंतु पाश्चात्यीकरण के कारण धीरे–धीरे व्यक्तियों द्वारा योग त्याग दिया गया। लेकिन वर्तमान समय में भारत में योगा को धीरे–धीरे अपनाया जा रहा है। और केवल भारत ने ही नहीं अपितु कई विकसित देशों में योग शिक्षा को चालू किया गया है। पूरे विश्व में स्पेशल दिनों की तरह 'योग दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा है। योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। बढ़ती तकनीकी और आधुनिकीकरण के चलते विज्ञान भी योग को महत्व देने लगा है। शरीर को रोगमुक्त करने के लिए बड़े–बड़े चिकित्सकों द्वारा भी योग का सहारा लिया जाता है। वर्तमान में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं सुबह उठकर योग और प्राणायाम करते हैं। और योग को स्पेशल योग दिवस के रूप में मनाकर लाखों भारतीय युवाओं को योग, प्राणायाम के लिए प्रेरित किया है। विदेशो में भी योग का महत्व बढ़ रहा है। अमेरिका व कनाड़ा जैसे देशों में योग को विषय के रूप में अपनाकर यूनिर्वसिटी में चालू किया गया है।

इन सब बातों से यह सिद्ध होता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ ज्ञान परंपरा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित आदर्शो को अपनाकर व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास होता है। मन, बुद्धि, शरीर, धर्म समाज इत्यादि सभी का विकास करने में भारतीय ज्ञान परंपरा सक्षम है। प्राचीन काल में गुरूकुलों व विश्वविद्यालयों के माध्यम से शिक्षा, ज्ञान दिया जाता था । प्राचीन समय नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशीला आदि विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शिक्षा दी जाती थी। वर्तमान में कुछ स्थलों पर ऐसे ही शिक्षा दी जाती है। उनमें मुंबई के थाना में तत्वज्ञान विद्यापीठ, हरिद्वार में अनेक पाठशालाएँ, स्वामीनारायण सम्प्रदाय के गुरूकुल, गायत्री ज्ञान मंदिर के गुरूकुल हैं, जिनमें भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शिक्षा दी जाती है। हमें यदि हमारे राष्ट्र में बदलाव लाना है तो व्यक्ति का संर्वागीण विकास करना होगा, भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाना होगा। वर्तमान में भारतीय ज्ञान परंपरा को अपना लिया जाए तो भारत सम्पूर्ण विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर कर आएगा। हमारा राष्ट्र आत्मनिर्भर होगा। प्रत्येक व्यक्ति का विकास होगा। हमारा राष्ट्र एक बार फिर से सोने की चिड़िया कहलाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अल्तेकर डॉ. अनंत सदाशिव (1979–80) प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति (संशोधित संस्करण) वाराणसी, नंदकिशोर एंड ब्रदर्स
2. ओमप्रकाश (1990) प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास (द्वितीय संस्करण) नई दिल्ली मैकमिलन इंडिया लिमिटेड
3. मिश्रा जयशंकर, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी पटना, (2013)
4. काणे, डॉ. पाण्डुरंग वामन, (1960), धर्म शास्त्र का इतिहास प्रथम भाग (तृतीय संस्करण)
5. मार्गय, मनोहर गोपाल (1972), मुद्राराबस, प्रथम संस्करण, इलाहाबाद, मधुलिका प्रकाशन
6. मित्तल ए.के. भारत का सामाजिक आर्थिक व सांस्कृतिक इतिहास (तृतीय संशोधित संस्करण) आगरा साहित्य भवन पब्लिकेशन।
7. डॉ. आनंद पाटिल (भारतीय ज्ञान परम्परा जनहित राष्ट्रहित की सिद्धि)
8. http://sablog.in/indian_knowledge-tradition-public-intrest-achievement-of-national-intrest-hov2019
9. ऋग्वेद
10. अथर्ववेद
11. बृहदारण्यक उपनिषद
12. कठोपनिषद्
13. कठ और ईश उपनिषद
14. छांदोग्य उपनिषद

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

A Study on Effect of Yoga on Physical Fitness

Ashwini Kumar* Dr. G.S. Chouhan**

*Research Scholar, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Associate Professor, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA

Introduction of Yoga - Everybody knows what yoga is, don't they? That stuff the movie stars are doing nowadays to keep themselves thin? Maybe, but its not what they call it that's important; its what they are actually doing that tells us whether it is yoga or not.

Physical jerks at the gym? The more they are smooth and easy, the more they may approach true yoga practices. But many are just aerobic series using yoga postures as their form, and because of their quick extreme stretching with bouncing ballistic movements they are not yoga. "No pain no gain". This may be a fundamental rule of the sport of masochism, but it has no place in yoga.

Corporate stress release? Yoga has been proved to be a beneficial stress relieving system, and can be used by anyone right in the middle of a stressful situation close but only a small part of it.

Impact of yoga on Fitness - Yoga can directly address a multitude of physical and mental ailments in terms of restoration, prevention and maintenance, and since good health is the immediate priority, the subject of asanas and pranayama exercises. Asana in Sanskrit means a steady comfortable or composed posture. These postures have been devised with the specific aim to nourish and activate the organs and their functions in their locations in different parts of the body, as well as the connective tissues, ligaments and joints, synovial fluid and the pranic body, to treat the system as a whole. The initial goal is to improve the functioning of the internal organs of the body, loosen up the joints, stretch and tone the muscles and improve the condition of the connective tissues and ligaments.

However, the main aim of asanas, according to advanced yogis, is to aspire and acquire a state of higher consciousness by initially eliminating all aches and pains and disease, alleviating mental stress and physical tension. This is achieved by influencing the three aspects of your being body, mind and consciousness and aligning them to be in harmony. Asanas can run into several hundreds in number, though about one hundred are perhaps better known today. There are two types of asanas the therapeutic preventive and the meditative.

Meditative asanas are basically sitting poses. There are eight meditative asanas, of which three most preferred. These are padmasana, siddhasana and siddha yoni asana. The highlights of these poses are that they:

1. Provide a firm base to ensure a stable position.
2. Ensure an upright position of the spine without much effort.
3. Distribute the weight of the body over a wider area, thus reducing the pressure on the buttocks and
4. Redirect the blood supply towards the pelvic and abdominal area as they reduce flow into the legs in these postures, thereby toning up the muscles, organs and nerves in the area.

Therapeutic preventive asanas are of two main types: the general category taught to most people, with the exception of those vulnerable to contra indications of the exercise, if any; and specific or restorative asanas taught to special individuals with the aid of props such as weights, ropes, pulleys, etc, to rectify imbalances and conditions and thereby assist the individual in completing the stretch to arrive at the required posture for a certain duration of time. Such asanas are classified into four types, each with its own salient features:

1. Standing poses
2. Bending and twisting movements
3. Inversions
4. Sitting postures

Procedure: For This Study Sixty male badminton players (n=60) from Delhi State were selected randomly as sample by employing Fishers Random Table sampling technique. The subjects' age group was ranging from 14 –18 years. All the participants were examined by the medical officer before start of the experiment. Those who were medically fit were allowed to participate in the study.

Making the use of table random numbers all the 60 participants were divided randomly into two groups (Table 3.1) viz., Group –A (Yoga + Badminton practice) and Group – B (Control i.e., only Badminton practice). The experiment was conducted in following three stages.

1. Stage – I: Pretest
2. Stage – II: Training or Treatment, and
3. Stage – III: Post test

Pre – Test (phase – I): As the purpose of the study was see the efficacy of yoga on fitness required for badminton players, all the subjects of the experimental and control groups were exposed to fitness tests to record the pre test data.

Treatment stimuli (phase – II): After the pre test was over, all the subjects of Group A were exposed to a practice of badminton followed by yoga training and Group B participated in the practice of badminton. This indicates that the subjects of both the groups were participated in badminton training, which is common. This common badminton training was imparted for both the groups 30 minutes daily in the evening except Sundays and holidays. However, after completion of 30 minutes training in badminton, Group A underwent training in yoga practices for 30 minutes, whereas Group B was engaged in some recreational activities for 30 minutes.

For total period of 12-week one yoga teacher and one badminton expert were also given responsibility to organize daily training programmes of the respective stimuli under the over all supervision of the present investigator.

Post test (phase III): Finally, when the treatment or training period of 12 week was over, the post test on fitness tests were assessed for all the subject of two groups.

A completely randomized group design (Rothstein, 1985) of two groups of equal numbers was adopted for this study. The score in each criterion measure were taken at the baseline and after the training period of 12 weeks.

Blue print of subjects' distribution

Group	No. of Subject
Gr. A– Yoga & Badminton training	30
Gr. B –Control	30
Total	**60**

Statistical Procedure: The descriptive statistics of the data have been presented in For Flexibility (Sit & reach test; A1), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 31.94 (SD= ±7.46) and 31.53 (SD= ±5.84) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Flexibility test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test performance scores (data) of the Yoga group and Control groups were 35.12 (SD= ±5.31) and 30.95 (SD= ±5.23) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Flexibility of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Arm Strength (Pull up test; A2), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 7.57 (SD= ±2.49) and 7.33 (SD= ±2.22) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Arm Strength test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test performance scores (data) of the Yoga group and Control groups were 10.30 (SD= ±2.38) and 7.30 (SD= ±2.23) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Arm Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Leg Strength (Vertical jump test; A3), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 47.60 (SD= ±6.03) and 47.50 (SD= ±5.91) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Leg Strength test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test performance scores (data) of the Yoga group and Control groups were 54.47 (SD= ±6.34) and 47.90 (SD= ±5.65) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Leg Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Abdominal Muscles Strength (Sit up test; A4), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 28.13 (SD= ±5.29) and 27.83 (SD= ±4.65) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Abdominal Muscles Strength test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test status of the Yoga group and Control groups were 33.93 (SD= ±6.13) and 27.10 (SD= ±4.79) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Abdominal Muscles Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Speed (Sprint time over 20 meter test; A5), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 8.57 (SD= ±1.13) and 8.46 (SD= ±1.82) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Speed test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test scores (data) of the Yoga group and Control groups were 6.45 (SD= ±2.20) and 8.56 (SD= ±2.13) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Abdominal Muscles Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Agility (Shuttle run test; A6), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 17.59 (SD= ±1.22) and 17.24 (SD=±1.41) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Agility test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test scores (data) of the Yoga group and Control groups were 16.55 (SD= ±1.10) and 17.41 (SD= ±1.25) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Agility of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Aerobic Fitness (1 mile run test; A7), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 8.18 (SD= ±1.06) and 8.51 (SD= ±1.13) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Aerobic Fitness of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test scores (data) of the Yoga group and Control groups were 6.56 (SD= ±1.09) and 8.57 (SD= ±1.33) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Aerobic fitness of both the Yoga and the Control group were not similar.

Central Tendency and Dispersion of the Groups in Physical Fitness Tests Required for Badminton Players (See below)

Thus, the information, as obtained from the measures of central tendency and dispersion, as given in indicates that the yoga training provided to the experimental group may have significant effect in enhancing physical fitness needed for Badminton players. Of note, from the central tendency and dispersion, it is cannot be concluded that training intervention might have improved physical fitness of Badminton players.

References :-

1. Admin. (2011). Basic tips for new badminton players available from file :// H:/*congshalm.htm*.
2. Anderson, Carolyn. (1974) *The use of a tutoring program for emotionally disturbed children as a vehicle for attitude change in predelinquent adolescent tutors.* (M. S. in Health Science). Brigham Young University, Provo, Utah.
3. Bynum, Lynne Joy.(1959). *Identifying the mental health problems of selected college students*. (Unpublished Masters thesis). University of California, Los Angeles 24, California.
4. Cabello, D., Manrique, J., & Gonzalez-Badillo, J. (2003). Analysis of the characteristics of competitive badminton. *Br J Sports Med, 37*, 62–66.
5. Price, Sandra. (1974). *The effects of weight training on strength, endurance, girth, and body composition in college women.* (M. S. in Physical Education). Brigham Young University, Provo, Utah.
6. Ray, U. S., Hegde, K. S., & Selvamurthy, W. (1986). Improvement in muscular efficiency as related to a standard task after yogic exercises in middle aged men. *Indian J Med Res., 83*, 343–348.

Central Tendency and Dispersion of the Groups in Physical Fitness Tests Required for Badminton Players

Variables (A)	Groups			
	YogaGroup (B)		ControlGroup (C)	
	Pre-test	Post-test	Pre-test	Post-test
Flexibility (Cms.) (A1)	31.94(±7.46)	35.12(±5.31)	31.53(±5.84)	30.95(±5.23)
Arm Strength (No./min)(A2)	7.57(±2.49)	10.30(±2.38)	7.33(±2.22)	7.30(±2.23)
Leg Strength (Cms.) (A3)	47.60(±6.03)	54.47(±6.34)	47.50(±5.91)	47.90(±5.65)
Abdominal Muscles Strength (No./min) (A4)	28.13(±5.29)	33.93(±6.13)	27.83(±4.65)	27.10(±4.79)
Speed (Sec.) (A5)	8.57(±1.13)	6.45(±2.20)	8.46(±1.82)	8.56(±2.13)
Agility (Sec.) (A6)	17.59(±1.22)	16.55(±1.10)	17.24(±1.41)	17.41(±1.25)
Aerobic Fitness (Min.Sec.) (A7)	8.18(±1.06)	6.56(±1.09)	8.51(±1.31)	8.57(±1.33)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Analytical Study on Job of Physical Education Teachers

Manu Vats* Dr. B.S. Chouhan**

*Research Scholar, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Dean, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA

Introduction - "Physical education an integral part of the total education process is a field of endeavor that has an its aim the development of physically, mentally, emotionally and socially fit citizens through the medium of physical activities that have been selected with a view to realizing these out comes.

"Physical is the interaction of persons and social group with certain in view for the development of persons and the welfare of society through the medium of psychomotor activity.

"Physical education on essential aspect of general education in which physical activities are used as a mean of educating and modifying a person for better and fuller living.

"Physical education is a profession, discipline and program of activity. (Govt. of India) 1964.

"Physical education is a process by which changes in the individual are brought about through movement experiences.

Long fitness habits through skills development and term play is provided to develop attitudes of fairness, co-operation and sportsmanship.

Job satisfaction has been considered as a balance between an employee's desire and what he is actually offering in Job. Various factors are believed to influence job satisfaction i.e. degree of fulfillment in work, quality of environment, relationship with higher authorities, opportunity for promotion, opportunities to be a part of decision-making and other service benefits. Job Satisfaction refers to the fulfillment acquired by experiencing various rewards and job activities in his Job.

Significance of the A Study:

1. The present Study will help to find out the contributory component of stress and job satisfaction.
2. The present Study may throw light on the relationship between the job satisfaction and Stress of physical education teachers.

Thakur investigated the significance of difference between the means of Stress and job satisfaction and also to determine the relationship between the scores of Stress and job satisfaction of physical education teachers working in different management schools of Madhya Pradesh. Out of 45 districts of Madhya Pradesh 20 districts were selected at random, using lottery method. The Stress and job satisfaction scales were administered to all the schools situated in the selected districts and the research scholar received only 494 returns. Out of 494 subjects, 210 teachers were from government schools, 179 from private schools and 105 were from semi government schools. After getting responses from the subjects, the scoring was done on the basis of key provided by Paliwal and Muthyya in their Manuals of the questionnaires. The scores obtained in both the questionnaires by the subjects were considered as criterion measures, and the single group design was adopted. Analysis of Variance (F-ratio) and The Pearson's Product Moment Co-relation were used as statistical tools.

The purpose of the A Study has been to Study the Study of Job Satisfaction and stress of physical education techers of delhi state. The statistical analysis of data collected on 400 physical education teachers belonging to Delhi State Government School and Non Government schools have been presented in this chapter. The data was collected for Job satisfaction and Stress. Factor analysis: Principal components analysis was used to indicate which questions examined similar aspects for each component/ factor. The data's have been analyzed by using SPSS (version 20) and AMOS software. Suitable statistical techniques were applied to analyze the data.

Objective: To determine which of the items of Job satisfaction shows similar aspects for each component.

Table : Exploratory Factor Analysis of General working condition

Working condition	Communalities Extraction of all the statements	Communalities of selected items
ST. 1. Hours worked each week	.879	.879
ST. 2. Flexibility in scheduling	.664	.667
ST. 3. Location of work	.798	.803
ST. 4. Amount of paid	.016	

vacation time/sick leave offered		
% of Variance Explained	58.960	78.297
Cronbach's Alpha	.673	.860

Second column of above table shows the communalities of all the statements but only those statements were selected whose values where more than 0.45. In the third column the communalities value of the items whose values were more than 0.45 were once again analyzed. Eleventh row explained the total variance of all the items .673% with cronbach alpha of .673 but for the selected items total variance explained was 78.297% with a cronbach alpha of .860

Analysis of variance shows that variability exists in respect of STRESS and job satisfaction of PET s because the obtained values are significant at 0.05 level of significance. Posthoc Test Scheffe s test revealed that the teachers working at private schools had more stress than the teachers of semi government schools. The teachers of semi government schools also had more Stress than the teachers of government schools. The analysis of data also revealed that the teachers of private schools are more dissatisfied than the teachers working in semi government schools and government schools. The teachers working in semi government schools had high dissatisfaction than the teachers of government schools. The co-efficient and co-relation of score showed that there was a significant relationship between the scores of Stress and job satisfaction test scales.

Table (see below)

Table reveals that the mean score of all the physical education teachers in totality or from Government and Non-Government were slightly satisfied with their opportunities for promotion, benefits and with their job securities. There was no significant difference between the mean response between the Government and Non-Government physical education teachers.

References :-

1. Bucher , Charles A. and Eveyn M. Reade, Physical Education and Health in the Elementary School (New York: The Macmillan Company, 1994)
2. Cranwell-Ward,J., & Abbey A (2005). Organizational Stress.Basingstoke: Palgrave Macmillan
3. Edward F. Voltoner, Arthour A, Esslinger, Belly Foster Mccue and Kenneth G. Tillman, **The Organisation and Administration of Physical Education**. (Englewood Cliffs; N.J. Prenticd Hall, 1979)
4. Edward F. Voltoner, Author A. Essinger, Betty Foster Mc Cue and Kenneth G. Tillman, The Organisation and Prectice Hall, 1979) p.98
5. Gardener , E.N., **Greek Athletic Sports and Festivals** , London: Macomillan and Co. Ltd., 1910
6. Richard T PENSON, Lari B WENZEL, Ignace VERGOTE and David CELLA, "Quality of Life Considerations in Gynecologic Cancer", **International Journal of Gynecology & Obstetrics**, (2006) S247-S257
7. Siau, Jessie, Ganz, Patricia A., Lee and J. Jack, "Quality of life assessment: an independent prognostic variable for survival in lung cancer", **Journal of Clinical Oncology**, (2005), 591-598

Table: Mean and standard deviation and mean comparison of dimension of Job Satisfaction (Pay and Promotion Potential) between Delhi Government and Non-Government of secondary educations teachers of physical education

Pay and Promotion Potential	Schools	Mean	Std.Deviation	"t" value (df=398)Tab."t" =1.96
JS.6.Opportunities for Promotion	Government	2.31	1.737	1.475
	Non-Goverment	2.56	1.721	
	All	2.43	1.731	
JS.7.Benefits (Health insurance, life insurance, etc.)	Government	2.38	1.673	.831
	Non-Goverment	2.52	1.695	
	All	2.45	1.683	
JS.8. Job Security	Government	2.38	1.797	.511
	Non-Goverment	2.47	1.722	
	All	2.42	1.758	

1. Not at all satisfied, 2. Slightly satisfied, 3. Somewhat satisfied, 4. Much satisfied,5. Extremely satisfied

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

प्राचीन काल में काशी की धार्मिक स्थिति

डॉ. सुमित मेहता*

* सहायक आचार्य, राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्राचीन काल में काशी की स्थापना का आधार धार्मिक नहीं था अपितु उस समय काशी का विशेष रूप से महत्व उसकी व्यापारिक और भौगोलिक स्थिति के कारण था। वाराणसी उस महाजनपथ पर स्थित था जो तक्षशिला से राजगृह होता हुआ पाटलिपुत्र तक जाता था और पाटलिपुत्र से वस्त्र और चन्दन का व्यापार पूरे देश में किया जाता था। इस तरह से काशी भारत में अपनी व्यापारिक महत्ता के कारण जाना जाता था। जब आर्य सरस्वती नदी के किनारे से उत्तरप्रदेश के जंगलों को पार कर गंडकी नदी के किनारे पंहुचें और वहां कोसल जनपद की नींव पडी, माना जाता है कि उसी समय काश्यों ने बनारस में पड़ाव डाला। बनारस शहर गंगा नदी के बायें किनारे पर अर्द्धचन्द्राकार आकृति में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि काशी, गाजीपुर और उसके आस-पास के इलाकों में प्राचीन समय में अनार्य जातियों का प्राधान्य था। वाराणसी जिले के बैराँट से, मिर्जापुर के आस-पास के इलाके से और गाजीपुर के मसोनडीह से कालाईल को प्रस्तर युग के हथियार प्राप्त हुए हैं।[1] इससे यह पुष्टि होती है कि बनारस और उसके आस-पास के इलाकों पर इन हथियारों को बनाने वाली आदिम सभ्यता का अधिकार रहा होगा।

आदिम सभ्यता का अर्थ यहाँ राक्षसों से ही लिया जाता है। क्योंकि पौराणिक मान्यता[2] है कि जब है राजा भद्रश्रेण्य ने काशी के राजा दिवोदास को पराजित कर काशी पर अधिकार किया तो राक्षस क्षेमक ने मौका पाकर वाराणसी पर अधिकार कर लिया। उसके बाद दिवोदास के पोते अलर्क ने क्षेमक को मारकर पुन: वाराणसी पर अपना अधिकार कर लिया। अलर्क को काशी का बहुत प्रतापी राजा माना जाता था। मत्स्य पुराण में तो वाराणसी को अलर्क की पुरी कहा गया है। मान्यता है कि लोपामुद्रा की अलर्क पर अनुकंपा होने के कारण अलर्क प्रतापी और लम्बे समय तक राज्य करने वाले रहे।[3]

काशी का सर्वप्रथम उल्लेख अथर्ववेद की पैप्लाद शाखा में मिलता है। इसमें एक मंत्रकार द्वारा ज्वर से एक रोगी के लिए प्रार्थना की जाती है कि वह उस रोगी को छोड़ कर मगध, काशी और गांधार में फैले। इससे यह माना जाता है कि कुरू पांचाल देश के वैदिक सभ्यता के अनुयायी आर्य मगध, काशी और गांधार के लोगों की अवनति देखना चाहते थे।

महाभारत में भी काशी का उल्लेख मिलता है। काशिराज की पुत्री सार्वसेनी का विवाह भरत दौष्यन्त से हुआ था। भीष्म ने काशिराज की तीन पुत्रियों यथा अंबा, अंबिका और अबांलिका को स्वयंवर में अपने भाई विचित्रवीर्य के लिए जीता था। यह भी उल्लेख है कि काशीराज युधिष्ठिर के मित्र थे और युद्ध में उन्होनें पांडवों की मदद की थी।

प्राचीन काल से ही काशी को शैव धर्म के लिए प्रसिद्ध माना गया है। लेकिन वैदिक और बौद्ध साहित्य में व्यापार और संस्कृति के कारण काशी और वाराणसी को महत्वपूर्ण माना गया। पुराणों के मतानुसार भगवान विष्णु द्वारा भगवान शिव को काशी उपहार में दी गई थी और तभी से काशी भगवान शिव का प्रधान क्षेत्र रही है। प्राचीन पुराणों यथा काशीखण्ड के अनुसार राजा दिवोदास ने भगवान शिव को छोड़कर अन्य सभी देवताओं को काशी से बाहर कर दिया। वायुपुराण के मतानुसार दिवोदास के अन्त के पश्चात् भी भगवान शिव ने काशी नहीं छोड़ी। प्राचीन काल में काशी को धार्मिक दृष्टि से अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण माना जाता था। प्राचीन धर्म ग्रन्थ महाभारत में भी वाराणसी का अधिक उल्लेख नहीं मिलता है। आरण्यक पर्व के अनुसार प्राचीन समय में वाराणसी में वृषभध्वज की पूजा होती थी। इसके अतिरिक्त मार्कण्डेय तीर्थ का भी उल्लेख मिलता है जिसे बनारस के पास गंगा और गोमती नदी के संगम पर स्थित माना गया।

बौद्ध और जैन साहित्य के अनुसार तो काशी में नागों और यक्षों की पूजा का प्रचलन था। बौद्ध साहित्य और जैन साहित्य में शिव की पूजा का उल्लेख नही मिलता है अपितु बौद्ध साहित्य में तो भगवान शिव को यक्ष माना गया है। महामायूरी[4] में बनारस के प्रधान यक्ष को महाकाल के नाम से संबोधित किया गया है और महाकाल भगवान शिव का भी एक नाम है। बनारस के बरम और बीर में स्थित यक्ष पूजा के अवशेष[5] बनारस और यक्ष पूजा के प्राचीन संबंध को दर्शाते हैं। माना जाता है कि काशी की यक्ष पूजा में बलि प्रथा का प्रचलन था। पूजा में पशुओं और पक्षियों की बलि दी जाकर उनकें शवों को भी अर्पित किया जाता था। मत्स्यपुराण के अध्याय 180 में काशी की यक्ष पूजा का उल्लेख मिलता है जिसमें उल्लिखित हरिकेश यक्ष की कहानी इस बात को दर्शाती है कि शिव पूजा के प्रभाव ने कैसे काशी से यक्ष पूजा को समाप्त किया। हरिकेश यक्षों के आचरण के विपरित स्वभाव वाला यक्ष था। वह हिंसक न होकर मनुष्य के समान आचरण वाला था। उसके इस स्वभाव से नाराज होकर उसके पिता ने उसे घर से निकाल दिया और उसने वाराणसी आकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने वरदान स्वरूप उसकी शिव के वाराणसी में सदा बसे रहने की इच्छा पूरी की और उसे काशी का क्षेत्रपाल नियुक्त किया। यह कथा इस बात की ओर संकेत करती है कि प्राचीन समय में बनारस में यक्ष पूजा के

साथ शिव पूजा भी की जाती थी और गुप्तकाल तक शैव पूजा की यक्ष पूजा पर पूर्ण विजय हो गई। किन्तु आज भी बनारस से कुछ दूर स्थित भभुआ में छोटी जातियों के द्वारा हरसूबरम के नाम से हरिकेश यक्ष की पूजा की जाती है।

महाजनपद युग में हिमालय के अनेक तपस्वी बनारस आते रहते थे तथा उन्हें बनारस के लोगों से भरपूर मान–सम्मान भी मिलता था। उस समय वाराणसी के नागरिक नाग पूजा भी किया करते थे। वे मानते थे कि नाग अपनी इच्छानुसार कोई भी रूप धारण कर सकते हैं। बुद्ध के समय भी बनारस में नाग पूजा प्रचलित थी। धम्मपद अट्ठकथा के अनुसार बुद्ध ने बनारस के पास स्थित सात सिरीस के पेड़ों के झुरमुट के नीचे एरकपत्ता नामक नाग को उपदेश दिया था। बनारस में आज भी नागपंचमी को एक प्रमुख त्यौहार माना जाता है।

वृक्ष पूजा को भी उस समय बनारस में काफी महत्व दिया जाता था। जातकों में वृक्षों को नर बलि देने और उनसे भविष्य की बातें जाननें का भी उल्लेख मिलता है। वृक्षों के चारों ओर दीपक जलाकर उन पर मालाऐं लटकायी जाती थी।[6] महाजनपद युग में लोग ज्योतिष, जादू–टोने और तंत्र–मंत्र में भी विश्वास करते थे। धम्मपद अट्ठकथा के अनुसार बनारस के एक राजा ने एक ब्राह्मण को मंत्र सीखाने के बदले में एक हजार कार्षापण दिये थे। माना जाता है कि आर्यो के आगमन से पहले ही उपर्युक्त सभी विश्वास यथा यक्ष पूजा, वृक्ष पूजा, नाग पूजा, जादू–टोने में विश्वास आदि आदिम युग में प्रचलित थे। अथर्ववेद के अनुसार आर्यो के आगमन के बाद आदिम धर्म और आर्य धर्म में टकराव हुआ।

बौद्ध धर्म से पहले से ही भारत में तपस्वियों को प्रधानता दी जाती थी। तपस्वी स्वयं को ब्राह्मणों से अलग मानते थे क्योंकि ब्राह्मण ग्रहस्थ होते थे जबकि तपस्वी ब्रह्मचारी एवं हिमालय में रहने वाले और तपस्या करने वाले होते थे। बनारस में संथगार–साला का उल्लेख मिलता है जिसका उपयोग धार्मिक कार्यों में किया जाता था। बनारस प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र रहा है।

जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म भी ईसा पूर्व आठवी शताब्दी में बनारस में ही हुआ। इनके पिता अश्वसेन बनारस के राजा थे। पार्श्वनाथ ने 30 वर्ष की उम्र से ही श्रमण धर्म स्वीकार कर धर्मोपदेश देना स्वीकार कर लिया था। स्वयं महावीर स्वामी के माता–पिता भी इनके मत को मानने वाले थे। बौद्ध साहित्य के अनुसार महात्मा बुद्ध ने बनारस में कई बार उपदेश दिया और अपने बहुत से मित्रों को दीक्षित किया। वाराणसी में ही इन्होंनें भिक्षुओं को ताड़ के जूते न पहनने तथा मांस खाने का निषेध किया। यहीं पर इन्होनें धर्मचक्र प्रर्वतन सूत्र, ढोपासं सुत्ता, कटुविजय सुत्ता आदि का पाठ किया तथा धम्मदिन्न नाम के एक प्रसिद्ध व्यक्ति को धम्मदिन्न सुत्ता का उपदेश दिया।

सारनाथ और राजघाट से मिली मूर्तियों से पता चलता है कि कनिष्क के समय से ही बनारस में बौद्ध धर्म का प्रचलन था। सर्वप्रथम 81 ईस्वी में बनारस में भिक्षु बल द्वारा मथुरा से लाकर बोधिसत्व की मूर्ति स्थापित की गई थी। उस समय मथुरा और काशी दोनों में ही बौद्ध धर्म काफी विकसित अवस्था में था। बौद्ध धर्म के प्रभाव को स्पष्ट करने वाली कुछ मुद्राऐं भी बनारस और राजघाट से प्राप्त हुई है। एक मुद्रा पर 'भगवतो सितस' अंकित है। दूसरी मुद्रा पर कुषाण लिपि में 'बुद्धस्य' लेख अंकित है। इसके अतिरिक्त कुषाण युग के कुछ नामों के आधार पर भी बनारस में बौद्ध धर्म के संकेत मिलते हैं। राजघाट से किसली बौद्ध की मुद्रा मिली है। सारनाथ में भी एक पत्थर के टुकड़े पर भगवान बुद्ध का धर्मचक्र प्रर्वतन का उपदेश उत्कीर्ण है। इस लेख की लिपि अंतिम कुषाण काल की है। स्टेन कोनो के अनुसार उत्तर भारत से प्राप्त पालि का यह एकमात्र लेख है जो कि यह दर्शाता है कि उस समय बनारस में लोग पालि त्रिपिटक के ज्ञाता थे।[7]

राजघाट से प्राप्त हुई कुषाण युग की बलराम अथवा किसी नाग की मूर्ति और राजघाट से मिला कुषाण काल का एक स्तम्भ जिस पर यक्ष बने हुए हैं यह दशाते हैं कि बौद्ध धर्म के साथ–साथ काशी में यक्ष पूजा, यज्ञ इत्यादि भी प्रचलित थे। कुषाण युग के साहित्य के अनुसार महाकाल यक्ष को द्वितिय शताब्दी में वाराणसी का क्षेत्रपाल माना गया है। यद्यपि बनारस को शैव धर्म का गढ़ माना गया है किन्तु राजघाट से मिली कुषाण युग की वस्तुओं से पता चलता है कि ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में बनारस में शैव धर्म का कोई विशेष स्थान नहीं था। क्योंकि आरम्भिक समय में शैव धर्म का ना तो कोई संघ था और ना ही कोई इसे मूर्त रूप देने वाला था अत: बनारस में शैव धर्म के प्राचीन अवशेष बहुत कम प्राप्त होते हैं।

श्रीकृष्णदेव को राजघाट के चौथे स्तर में आठ इमारतों के एक चक में 65 फुट लम्बी, 54 फुट चौड़ी और 18 फुट गहरी एक इमारत की नींव मिली है। इसमें एक खुले चौक के बीच में एक खम्भों वाली इमारत है। इमारत के चारों ओर दालानें हैं। गहरी नींव यह दर्शाती है कि यहां पर कभी ऊँची इमारत रही होगी। कृष्णदेव राय के अनसार यह एक मंदिर रहा होगा क्योंकि इमारत के चारों तरफ बनी गली प्रदक्षिणा पथ को दर्शाती है। यह नींव काशी में शैव धर्म के इतिहास पर प्रकाश डालती है। कृष्णदेव के मतानुसार यह मंदिर एक से तीसरी सदी ईस्वी तक का है।[8] मंदिर में दूसरी सदी के आरंभ में कौशांबी के राजा रहे धनदेव की बहुत अधिक मुद्राऐं प्राप्त हुई है। बनारस भी उस समय कौशांबी के अधिकार क्षेत्र में ही था। उनकी मुद्राओं पर बने यूप, पहाड़ी, वृषभ आदि उनकी वैदिक धर्म से निकटता को दर्शातें हैं। जिससे इस मंदिर को शिव मंदिर माना जा सकता है।

आठवीं सदी से ग्याहरवीं सदीं के मध्य में भी बनारस में शैव धर्म का ही बोलबाला रहा। बौद्ध धर्म और भागवत् धर्म के साथ–साथ इस युग में देवियों की पूजा भी होने लगी। पंथ के आठवीं सदी के लेख के अनुसार वाराणसी में लोग दूर–दूर से आते और मोक्ष पाने के लिए तप किया करते थे। एक तरह से वाराणसी ने त्रिभुवन को अपने में समेट रखा था। शिव की काशी को न छोड़नें की प्रतिज्ञा आठवीं सदी में पूरी तरह से यहां प्रचलित थी। काशी को अत्यधिक पवित्र माना जाता था।

काशीखण्ड के अनुसार चन्द्रमा ने भी बनारस में तपस्या की और फलस्वरूप यहाँ चन्द्रेश्वर की स्थापना हुई। पंथ के लेख में उल्लेख है कि पंथ ने भी अनेक धार्मिक कृत्य करके चंडी की एक भीषण मूर्ति स्थापित की। जिसके गले में नरमुंडों की माला और गलें में रेंगते हुए सर्प लटके हुए थे। इस बात का पता नहीं चलता है कि पंथ द्वारा स्थापित चंडी का यह मंदिर कहां है परन्तु इस निर्माण का संकेत आधुनिक युग के भीमचंडी की ओर किया जाता है। शंकराचार्य ने भी बनारस जाकर ही अपने मत की पुष्टि वहां के विद्वानों से करवायी थी और मान्यता है कि शायद बनारस में गंगा किनारे ही उन्होनें ब्रह्मसूत्र की रचना की। यह बात बनारस की आठवी सदीं में व्याप्त ख्याति को दर्शाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ए. एस. आर., भाग 22, पृ. 11।
2. वायु पुराण, 92/23-28
3. पार्जिटर, इंडियन हिस्टारिकल ट्रेडिशन, पृ. 168
4. जर्नल. यू.पी.हि.सो., भाग 15, पार्ट 7, पृ. 27
5. वाराणसी वैभव, पं. कुबेरनाथ सुकुल, पृ. 264
6. रतिलाल मेहता, प्री-बुद्धिस्ट इंडिया, पृ. 326
7. केटलाग ऑफ दि म्यूजियम ऑफ आर्कियोलॉजी सारनाथ, पृ. 230
8. बिब्लिओग्राफी ऑफ इंडियन हिस्ट्री, 1940, पृ. 41-51

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

हरियाणवी लोकगीतों में अलंकार विधान एवं रस- एक विश्लेषण

डॉ. तारा देवी*

* सहायक प्रवक्ता (हिन्दी) फतेह चन्द महिला महाविद्यालय, हिसार (हरियाणा) भारत

शोध सारांश - हिन्दी साहित्य में लोक साहित्य का अपना विशिष्ट स्थान है। लोक मानस की सबसे अधिक निश्छल अभिव्यक्ति जिसमें प्रदेश की सांस्कृतिक विशिष्टताएं परिलक्षित होती हैं। वह लोक साहित्य की विधा लोकगीत है।

दास श्रीकृष्ण ने कहा कि लोकगीतों का अनूठा संसार अपने अन्तर्मन में ग्राम्य जीवन को दर्शाता है। जनमानस का दिल से गाया हुआ गीतों का यह हार परम्पराओं तथा जीवनशैली रूपी विभिन्न मनकों से अलंकृत है। यह सदियों से चलता आ रहा है तथा सदियों तक चलता रहेगा। कोई भी कला कच्चे माल की भांति पहले लोक में उद्‌भूत होती है। कालान्तर में उसका परिमार्जन एवं परिष्कार करके उसकी परिणीति शास्त्रीय कोटि में कर ली गई। यही अलंकारों के साथ भी हुआ, यहां चमत्कारी कविता का मानदंड **'भूषण बिनु न विराजई कविता बनिता मित'** अलंकार भी हरियाणवी लोकगीतों में आए हैं, परन्तु उनकी संख्या बहुत अल्प (कम) है। उनमें संयम के लिए विशेष स्थान है। अलंकारों में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि सादृश्यमूलक अलंकार ही हरियाणवी लोकगीतों में अधिक देखने को मिले हैं।

आरता हे आरता, सांझी माई आरता
नौ-नौ नोरते दुरगा माई कै
पीली-पीली पट्टियां सदा सुहाग

लोकगीतों में रस सामान्यत: शब्द पदार्थो का रस, आयुर्वेद का रस, साहित्य का रस और शक्ति का रस आदि अर्थों में प्रयुक्त होता आया है। वास्तव में लोकतीवों का प्राण रस ही है। उनको सुनते-सुनते या पढ़ते-पढ़ते हृदय एक नवीन रस की मन्दाकिनी में अवगाहन करने लगता है। हरियाणवी लोकगीतों में प्राय: सभी रसों का समावेश देखा जा सकता है। परन्तु शृंगार, हास्य और करुण रस बहुतायत से उभर कर आए हैं। वियोग शृंगार- श्रावण और फाल्गुन में गाये जाने वाले गीतों का प्रधान विषय है-

जब साजन ही परदेश गए, मस्ताणा फागण क्यूं आया?
जब सारा फागण बीत गया, तै घर मै साजन क्यूं आया?

अत: यदि हम आज के भौतिकतावादी युग में कृत्रिमता को त्यागकर प्रकृति के मौलिक रूप पर ध्यान दें, उसे उचित संरक्षण प्रदान करें एवं अपनी जीवनचर्या में लोकगीतों में निर्देशित संयम को आत्मसात् करें तो हम निश्चय ही लोकगीतों द्वारा अलंकार विधान एवं रस की कल्पना को साकार कर सकेंगे। केवल लोकगीतों का सांमजस्य ही मानव जीवन को संतुलित और अनुस्यूत मार्ग प्रदान कर सकता है।

प्रस्तावना - हरियाणवी लोकगीतों में अलंकार विधान एवं रस का विश्लेषण करने से पूर्व हरियाणा प्रान्त का अवलोकन आवश्यक है। हरियाणा प्रदेश का नाम 'हरियाणा' क्यों पड़ा और इस नाम का अर्थ क्या है? इस विषय में अनेक विद्वानों ने भांति-भांति की कल्पनाएं की हैं। हरियाणा शब्द का विकास 'हर' (हरियाली) से हुआ है। 'हरि' शब्द इस बात का द्योतक है कि यह भूखण्ड पूर्व युग से हरा-भरा और उपजाऊ था। महापंडित राहुल सांकृत्यायन का मानना है कि 'हरिधान्यक हरिहानक हरिआनक हरिआनव हरिआन हरियान हरियाना आदि प्रक्रिया से अपभ्रंश की चक्की पकड़कर बना है।'[1]

अत: पं. श्रीराम शर्मा द्वारा पक्षीराज गरुड़ की तपोभूमि मानकर भी इस प्रदेश का नामकरण हरियाणा संभव है।[2] यह प्रदेश आर्यावर्त और ब्रह्मवर्त का एक अभिन्न अंग है जिसे बहुधान्यक और भारतीय संस्कृति का हृदयस्थल कहा गया है। यह प्रदेश सरस्वती, तृषदवती के बीच बसा है। यमुना तथा घग्घर नदी की धारा से सिंचित गंगा के पठार से मिला हुआ है।

उद्देश्य:

1. हरियाणवी लोकगीतों को परिभाषित करना।
2. लोकगीतों के साहित्यिक योगदान को प्रदर्शित करना।
3. लोकगीतों द्वारा अलंकार विधान की खोज करना।
4. लोकगीतों में निहित रसों को उजागर करना।

हरियाणवी लोकगीत- हरियाणवी लोकगीतों की परम्परा बड़ी पुष्ट एवं प्राचीन है। लोकगीत किसी भी समाज के समूचे सामाजिक जीवन एवं आध्यात्मिक आस्था की रीढ़ है। सम्पूर्ण संस्कृति में परिव्याप्त तथा कथित भावभीनी गेय अभिव्यक्ति ही गीत है। इस गीत परम्परा की एक धारा जब अपनी देशज बोलियों में लोकवाणी के रूप में प्रवाहित करने लगी तो उसे लोकगीत के नाम से ज्ञापित किया गया। लोकगीत के तीन अर्थ हैं- 1) लोक में प्रचलित गीत 2) लोक-निर्मित गीत 3) लोक विषयक गीत।

हरियाणवी लोकगीत यथार्थपरक सामाजिकता व रीति-रिवाजों का प्रतिफलन है। प्रस्तुत शोध-पत्र हरियाणा जनजीवन पर आधारित लोकगीतों

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

में सामाजिक एवं आध्यात्मिक परिदृश्य को अन्वेषित करता है। हरियाणा प्रान्त प्रारम्भ से ही सामाजिक एवं आध्यात्मिक दर्शन के लिए चर्चित रहा है। लोकगीतों के सौन्दर्य के साथ-साथ यहां समाज में व्याप्त सामाजिक व सांस्कृतिक परिदृश्यों को प्रतिलक्षित करने का प्रयास किया जाएगा।

लोकगीतों में अलंकार-विधान – काव्य की शोभा बढ़ाने वाले उपादानों को अलंकार कहा जाता है। अलंकार मूलत: लोक में ही अंकुरित हुए हैं क्योंकि भाव, भाषा एवं अभिव्यक्ति के समस्त उपादान लोक में ओत-प्रोत है। कोई भी कला-कच्चे माल की भांति पहले लोक में उद्भूत होती है। कालान्तर में उसका परिमार्जन एवं परिष्कार करके उसकी परिणीति शास्त्रीय कोटि में कर ली गई है। यही अलंकारों के साथ भी हुआ।[3] यहां चमत्कारी कविता का मानदंड- **'भूषण बिनु न विराजई कविता बनिता मित'** है। वहां ये हृदय से निकले सीधे-सादे कथन है जिसमें भाव या अर्थ की प्रधानता है। अलंकार भी हरियाणवी लोकगीतों में आए हैं, परन्तु उनकी संख्या बहुत थोड़ी है और उनमें संयम के लिए विशेष स्थान है। इनकी एक विशेषता यह भी है कि ये अनायास (स्वत:) ही आ गये हैं। प्रयत्नपूर्वक लाने की चेष्टा कहीं भी नहीं की गई है। अलंकारों में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि सादृश्यमूलक अलंकार ही हरियाणवी लोकगीतों में प्राय: अधिक देखने में आये हैं।[4]

अनुप्रास- व्यंजन वर्णों की आवृति को अनुप्रास कहते हैं। जहां एक या अनेक वर्णों की क्रम से एक या अनेक बार आवृति हो, वहां अनुप्रास अलंकार होता है। जैसे-

(क) **बाजीगर की बजै बांसली, बिन्दावण के मेले मै**[5]

(ख) **मैल झंड़ै, झड़-झड़ पड़े, नूर चढ़ै गरणाय, हथ लाडो**[6]

(ग) **रे भजलै राम-राम-राम, तेरे आवेगा काम**[7]

(घ) **काहे कचौली मै तेल, काहे कचौली मटणा**
चांदी कचौली मै तेल, सोने की कटोरी मै मटणा[8]

(ङ) **हमने बुलाए सुथरे-सुथरे, भूंडे-भूंडे आए री पहर्सेरे**
हमने बुलाए लाम्बे-लाम्बे, मोटे-मोटे आए री पहर्सेरे[9]

(च) **आरता हे आरता, सांझी माई आरता**
नौ-नौ नोरते दुरगा माई कै
पीली-पीली पट्टियां सदा सुहाग[10]

उपमा- अभिव्यक्ति को पुष्ट एवं स्पष्ट करने के लिए उपमानों का हवाला देकर अर्थात् उनमें सादृश्यता दिखाकर किसी वस्तु, भाव आदि का प्रतिपादन इसमें किया जाता है। जहां प्रस्तुत वस्तु (उपमेय) में रंग, रूप, गुण, ढोष में अप्रस्तुत (उपमान) से समता की जाए, वहां उपमा अलंकार होता है।

(क) **आँख नीबू की फांक, बच्ची सोने की चिड़ियां**
मूंगफली-सी आंगली, नाक सुए की चोंच
होठ पीपल के पात-से, किनै तेरी बांधी अर्थी।[11]

(ख) **चंदा जैसी चांदणी, गुलाब जैसो फूल**
सूरज जैसी किरण, म्हारै राम दियौ ललणा।[12]

(ग) **उड़ज्या रे कागा लेज्या रे तागा जांदा तो जाइये मेरे बाप कै**
मैं तो नाम ना जाणूं बेबे, गाम ना जाणूं कौण-सी तो मैडी तेरे बाप की।[13]

(घ) **ज्यूं जल जैसे दूध में, ज्यूं पाणी में लौण**
ऐसे आतम राम सौ, मन हठ साथै कौंण।[14]

(ङ) **सासू तो बीरा चूल्हे की आग**
ननद भादों की बिजली
सौरा तो काला-सा नाग
देवर सांप संपोलिया[15]

(च) **दादा देस जान्दा परदेस जाइये, म्हारी जोड़ी का वर दूढ़िए**
हंस खेल हे दादा की पोती, दूइया सै फूल गुलाब का[16]

उत्प्रेक्षा- जहां उपमेय में उपमान की संभावना की जाती है, वहां 'उत्प्रेक्षा' अलंकार होता है। दोनों वस्तुओं में कोई सामान्य धर्म होने के कारण ऐसी सम्भावना करने के लिए कुछ शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जो उत्प्रेक्षा के वाचक शब्द कहलाते हैं। यथा- मानौ, जानौ, जनु इत्यादि।

(क) **आँख नीबू की फांक, मूंगफली-सी आंगली**
नाक सुए की चोंच, होठ जनु पीपल के पात[17]

(ख) **दादा देस जान्दा परदेस जाइये, म्हारी जोड़ी का वर दूंढिए**
हंस खेल हे दादा की पोती, दूंढ्या सै मानौ फूल गुलाब का[18]

रूपक- प्रस्तुत (उपमेय) पर अप्रस्तुत (उपमान) का आरोप 'रूपक' अलंकार कहलाता है। वाचक शब्द तथा सामान्य धर्म को हटाकर उपमेय पर उपमान का आरोप करके, उनके अभेद का वर्णन रूपक का चमत्कार है। जैसे-

(क) **मनै रट लेण दे सासू, माला राम नाम की लेरी**
राम नाम की माला लेके नार अहिल्या तिरगी।[19]

(ख) **बाजीगर नै खेल रचाया, माटी का कलबूत बणाया।**[20]

श्लेष- जहां एक शब्द में एक से अधिक अर्थ जुड़े हों (जहां कोई शब्द एक ही बार प्रयुक्त हो किन्तु प्रसंग भेद में उसके अर्थ अलग-अलग हों), वहां श्लेष अलंकार होता है।

(क) **चरखा परे हटा ले री, मेरी सूरत राम तै लागी।**[21]

(ख) **बाबा उसकी कर दे मोज, जिसनै सुरति डाट लेई।**[22]

यहां 'सूरत-सुरति' का अर्थ देह, मन, ध्यान इत्यादि से लिया है।

अतिश्योक्ति अलंकार- जहां किसी वस्तु का बहुत बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जाए या सीमा से बाहर की बात की जाए, वहां अतिश्योक्ति अलंकार होता है। जैसे-

(क) **बिना पां धरती प डौले, बिन मुखड़े सब्दाणी बोले**
बिना हाथ डाण्डी तै तौले, ऐसा बल अलबेले मै।[23]

(ख) **रै चुंदड़ी तेरा जुलम कसीदा**
कुण सै महीनै बौल्ले मोर पपैया?
कब सी चमकै सीसा? रै चुंदड़ी तेरा जुलम कसीदा।[24]

अन्योक्ति अलंकार- अप्रस्तुत प्रशंसा-समासोक्ति का उल्टा यानी अप्रस्तुत (प्रतीकों) के माध्यम से प्रस्तुत का वर्णन हो, वहां अन्योक्ति अलंकार होता है। जैसे-

(क) **एक डोर त सब न नचावै, उसका भेद किसै नै ना पावै**
किसै नै रूलावै, किसै नै हसावै, ऐसा बल अलबेले मै।[25]

विभावना अलंकार- जहां बिना कारण के कार्य का होना बताया जाए, वहां विभावना अलंकार होता है। जैसे-

(क) **हनुमत मनै बता दे रै ये पत्थर कैसे तिरगे**
देखया मनै अजब अचम्भा, कैसे बांध्या पुल यो लाम्बा
बिना ईंट और चूना गारा, कैसे बांध्या पुल यो भारया
करतब मनै भी सिखा दे रै, हनुमत.........[26]

विशेषोक्ति अलंकार- जहां कारण के होते हुए भी कार्य न हो, वहां विशेषोक्ति अलंकार होता है। जैसे-

(क) **जिस दिन लाडो तेरा जन्म होया था, होई ए बंजर की रात**
नौ लख दिवले लाडो चास धरे थे, तो बी घोर अन्धेर[27]

(ख) **सखी री, पवन ठण्डी हवा चली, मन्नै कैसे मिले भगवान**
सखी री, बागां मै आवै भगवान, बागा की मालण मै बणी
मन्नै कहीं ना मिलै भगवान।[28]

भाषासम अलंकार– जहां विभिन्न भाषाओं के शब्दों से किसी काव्य का निर्माण हुआ है, वहां भाषासम अलंकार है। जैसे–

(क) **कै गोरे रंग का लाड करै सै एक दिन होज्या माट्टी।**
बिना टिकट मत सफर करै रै बाबले फिरै रेल मै टिट्टी
सख्त जुर्माना देना पड़ै रै वो पकड़ैगा तेरी घिट्टी
टेम हो लिया पूरा आखिर चालै दे के सिट्टी[29]

इस उदाहरण में उर्दू, हिन्दी और हरियाणवी के शब्दों से अनायास ही भाषासम अलंकार बन गया है।

दृष्टांत अलंकार– जहां उदाहरण (दृष्टान्त) किसी ऐतिहासिक या पौराणिक रूढ़ सन्दर्भ से किया जाए, वहां 'दृष्टान्त' अलंकार होता है। जैसे–

(क) **कान्हा जी नै पालणै सुवा कै हुए गोकुल नै तैयार**
कंस राज कै खबर होई स पाटड़ा दिया बिछाय
पाय पकड़ कै मारण लाग्या, हाथ तै गई छुटाय
मेरे मारण तै के हो पापी, तेरे मारण आला गोकुल माय
नारायण क्यूं ना भजो।[30]

(ख) **चरण धोय चरणामरत लीन्हा गहरा नाद बजाया**
तेरा पूत मेरा ए भैया, एक मैया दो जाया
तेरे बालक कै दरस करण नै कैलासा तै आया
मस्तक थारै चंदा बिराजै बहै लटा म्ह धारा
सिब शंकर थम कृपा कीजौ, गोरा के भरतारा।[31]

लोकगीतों में रस – भारतीय वाङ्मय में 'रस' शब्द का प्रयोग आदिकाल से ही विविध अर्थों में होता रहा है। सामान्यत: यह शब्द पदार्थों का रस, आयुर्वेद का रस, साहित्य का रस और भक्ति का रस आदि अर्थों में प्रयुक्त होता आया है। साहित्य के रस के संबंध में आचार्य भरतमुनि का कथन है कि जैसे नाना व्यंजनों में औषधियाँ एवं द्रव्यों के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है, वैसे ही नाना भावों के अनुभूत होने पर स्थाई भाव रसत्व को प्राप्त करते हैं। उन्होंने काव्य में श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स और अद्भुत आठ रस बताए हैं। कहा कि रस के बिना काव्य का कोई अर्थ हो ही नहीं सकता।[32] **वाक्य रसात्मक काव्यम्** (रसात्मक वाक्य ही काव्य है) कहकर आचार्य विश्वनाथ ने रस को काव्य की आत्मा माना है। लोकगीतों पर उनका यह कथन पूरी तरह चरितार्थ होता है। वास्तव में लोकगीतों का प्राण 'रस' ही है, उनको सुनते–सुनाते या पढ़ते–पढ़ाते हृदय एक नवीन रस की मन्दाकिनी में अवगाहन करने लगता है। कुछ पलों के लिए हम आनंदविभोर होकर स्वयं को भूल से जाते हैं।[33] वैसे तो हरियाणवी लोकगीतों में प्राय: सभी रसों का समावेश देखा जा सकता है, परन्तु श्रृंगार, हास्य और करुण रस बहुतायत से उभर कर आए हैं।

श्रृंगार रस– साहित्य में 'श्रृंगार' को रसराज कहा गया है। इसका स्थायी भाव 'रति' है। विवाह के समय गाए जाने वाले बदड़ों में श्रृंगार के नद फूट पड़ते हैं। ये दोनों समय, वास्तव में संयोग श्रृंगार के लिए बड़े उपयुक्त है। विवाह गीतों के प्रवाह में श्रृंगार रस के सभी संचारी भाव बहते हैं। छन, सीटणे और गाली–गीतों में यह खूब खुलकर गाया जाता है। पुत्र जन्म के अवसर पर गाए जाने वाले 'होलड़ों' में भी श्रृंगार रस की पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। गर्भिणी की व्यथा का कितना स्वाभाविक वर्णन एक गीत में हुआ है–

कौड़ी–कौड़ी बगड़ बहारू, दर्द उठै सै कमर मै, हो रजीड़ा
इबना रहूंगी तेरे घर मै
घोर–जिठाणी मेरी बोल्ली–ठोल्ली मारै, जिब क्यों सोई थी बगल मै
सास ननद मेरी धीर बधावैं होती आवै सै जगत मै, इबना रहूंगी....
छोटा देवर बड़ा रसीला दाई बुलाई इक छन मै, इबना रहूंगी....
छोटा देवर नै बाह्ळ बिहाद्यू, दाई बुलाई इक छन्न मै, इबना रहूंगी....[34]

प्रसव पीड़ा से व्यथित गर्भिणी अपनी वेदना की बात अपने पति से कह रही है। देवरानी, जेठानी का हास–परिहास उसे असहाय हो उठा है। अत: वह घर छोड़ जाने की धमकी देती है। परन्तु देवर और सास–ननद के मधुर व्यवहार से उसे कुछ सांत्वना मिली है। देवर को एक अच्छा पारितोषिक भी मिला है।[35]

वियोग श्रृंगार–श्रावण और फाल्गुन में गाये जाने वाले गीतों का प्रधान विषय है। उदाहरण प्रस्तुत है–

जब साजन ही परदेश गए, मस्ताणा फागण क्यूं आया?
जब सारा फागण बीत गया, तै घर मै साजन क्यूं आया?
छम–छम नाचै सब नर–नारी, मै बैठी दुखां की मारी
मेरे मन मै जब अंधेर माच्या, तै चांद का चांदण क्यूं आया?
इब पी आया जी खिल्या ना, जब जी आया पी मिल्या ना
साजन बिन जोबन क्यूं आया, जोबन बिन साजन क्यूं आया?
मन की तै अर्थी बंधी पड़ी, आंख्या मै लागी हाय झड़ी
जब फूल मेरे मन का सूक्या, लजमार्या फागण क्यूं आया?[36]

जिनके साजन घर पर नहीं वे प्रेषितपतिकाएं तो मन ही मन बिसूरती रहती हैं। प्रिय का वियोग उन्हें बुरी तरह कचोटता है। 'पिय बिन सूनी सेज' सूली सी लगती है। चन्द्रोज्वला दूधिया रातों में रमणियों का राग–रंग उनके जी को सताता है। उनके विदग्ध मन की व्यथा गीतों द्वारा व्यक्त हो जाती है।

हास्य रस– जीवन को उत्फुल्ल एवं स्वस्थ बनाने के लिए हास्य रस की घूंटी सबसे मुरीद औषधि है। यह किसी वैध डाक्टर या दवा विक्रेता के पास नहीं मिलती। यह मानव मात्र को ईश्वर का वरदान है। जो अनादिकाल से मानव मन को अवसाद से मुक्त करता चला आ रहा है। आज भौतिकता से आक्रान्त मानव समाज के लिए हास्य की उपयोगिकता और भी बढ़ गई है। इसका स्थायी भाव 'हास' है। हरियाणा के लोकगीतों में हास्य रस की फुहार विवाह संस्कार के गीत 'सीटणे, छन्न' में खूब देखी गई है।[37]

छन्न पक्कियां छन्न पक्कियां, छन्न के ऊपर आरसी।
थारी बेटी राज करेगी, हम पढ़ांगे फारसी।।
छन्न पकाइआं छन्न पकाइआं, छन्न पै धरी आंगी।
एक तो ब्याह ले चालै, दूज्जी दे द्यो मांगी।।[38]

अत: कह सकते हैं कि हरियाणा का लोक साहित्य हास्य रस से ओत–प्रोत है।

करुण रस– करुण रस का स्थायी भाव 'शोक' होता है। इसकी निष्पत्ति प्रिय व्यक्ति के वियोग, उसकी दयनीय दशा या उसकी मृत्यु आदि के दुख

की अनुभूति से होती है। कन्या की विदाई एवं मृत्यु गीतों में करुण रस का सागर उमड़ पड़ता है।

(क) **हाय! हाय! हे बागां की कोयल**
आंख नीबू की फांक, बच्ची सोने की चिड़ियां
मूंगफली-सी आगली, नाक सुए की चोंच
होंठ पीपल के पात-से, किनै तेरी बांधी अर्थी.....[39]

(ख) **कांधी लागै खानी बचड़े, हेट लगा परिवार**
पोते चंवर डुलाइयां, दोहते शंख बजाये
हर-हर करते ले गए मुख नारायण नाम।[40]

लोकगीत में आन-बान को बनाये रखने के लिए 'चन्द्रावली' का जीवन उत्सर्ग 'करुण रस' का उत्कृष्ट उदाहरण है।

घड़ा ए घड़ा पै टोकड़ी चंदो पाणी नै जाय
आगै फौज मुगल पठान की चदो पकड्य लई
आंगली तै गैल चन्द्रावली बाई राजकंवर
उड़ती जाती चिड़कली एक सन्देशो ले जाय
बाप मेरे नै न्यो कहो, थारी धी पकड़ लई। उड़ती जाती....
बीर मेरे नै न्यूं कहो, थारी बाहण पकड़ लई
बाबल सुण कै रो पड्यो, भाई खाई कै पछाड़
मुगली के पीठ फिराई ओ, तम्बुआ में ला दई आग
तम्बू जल गया ड्योड्सै डोर जली लखचार
बीच जली चन्द्रावली बाई राजकंवार
सत की रही चन्द्रावली दो कुल तारी जा
तारा पीहर सासरा तार दई नंदसाल।[41]

कन्या के विदा के गीतों में ही करुणा नहीं उमड़ती, अपितु कन्या का जन्म भी करुणामय है। वह हिन्दू समाज में धूमकेतु के सदृश मानी जाती है। उनके जन्म से किसी को हर्ष नहीं होता। माता को पुत्री जन्म की रात व्रज के समान लगती है और चारों ओर शोक छा जाता है।

जिस दिन लाडो तेरा जनम हुआ था हुई ए बजर की रात।
चौसठ दीवला जोय धरया था, तो भी घोर अंधेरा।।[42]

जिसको अपने हाथों से पाला-पोसा है, वह बिछुड़ने लगती है तो माता-पिता की करुणा का बांध टूट जाता है।

मैं तो गुड़िया भूलि ओ बाबल तेरे आले मै
म्हारी पोती खेल ए दिहड़ घर जा अपणे
थारै पैड़े रीतै हो, बाबल थारी दीहड़ बिना
म्हारी बहुए भरैगी ए, दिहड़ घर जा अपणे।[43]

उपसंहार- हरियाणा के भोले-भाले व सरल हृदयी जनार्दन ने लोकगीतों द्वारा अलंकार विधान एवं रस का विकास आन्तरिक व बाह्य वस्तुओं, विषयों, व्यवहारों द्वारा आकस्मिक ही हो गया है। यह तभी सम्भव हो पाया जब समाज के सभी क्रियाकलापों में, सत्य, पवित्रता, प्रेम, निःस्वार्थता और धार्मिकता प्रकट सारी घृणा, त्याग, अहंकार एवं क्रोध को मिटा कर अन्तर्निहित लोकगीतों का गायन किया। तभी अलंकारों व रसों का स्वतः ही आनन्द सम्भव हो पाया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. शकर लाल यादव, हरियाना प्रदेश का लोकसाहित्य, पृ. 9
2. जनार्दन शर्मा, लोकरंग (हरियाणवी जकड़ी गीत), पृ. 1-2
3. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ. सं. 299
4. डॉ. शंकरलाल यादव, हरियाना प्रदेश का लोक साहित्य, पृ. सं. 320
5. डॉ. रेखा शर्मा, हरियाणा के लोकगीतों में भक्ति भावना, पृ. सं. 101
6. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ. सं. 51
7. डॉ. रेखा शर्मा, हरियाणा के लोकगीतों में भक्ति-भावना, पृ. सं. 144
8. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ. सं. 51
9. डॉ. साधुराम शारदा, हरियाणा के लोकगीत, पृ. सं. 171
10. तिलक नगर, हिसार की रोशनी देवी से श्रुत लोकगीत।
11. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ.सं. 88
12. श्रीमती लीलो देवी, क्वार्टर नं. 487-सी, पुलिस लाइन, हिसार
13. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ.सं. 98
14. दादूदयाल की बाणी, बेलवेडियर प्रेस, प्रयाग
15. डॉ. साधुराम शारदा, हरियाणा के लोकगीत, पृ.सं. 15
16. शोधार्थी एवं हिन्दी प्रवक्ता मुनेश कुमारी से श्रुत लोकगीत
17. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ.सं. 88
18. वही, पृ.सं. 98
19. ममता विशवाल, हरियाणा के लोकगीत, पृ.सं. 20
20. डॉ. रेखा शर्मा, हरियाणा के लोकगीतों में भक्ति भावना, पृ.सं. 101
21. श्रीमती इन्द्रावती देवी, पटेल नगर, जिला हिसार से श्रुत लोकगीत
22. श्रीमती चन्द्रपति देवी, गांव ढंढेरी, जिला हिसार से श्रुत लोकगीत।
23. डॉ. रेखा शर्मा, हरियाणा के लोकगीतों में भक्ति भावना, पृ.सं. 101
24. डॉ. साधुराम शारदा, हरियाणा के लोकगीत, पृ.सं. 29
25. डॉ. रेखा शर्मा, हरियाणा के लोकगीतों में भक्ति भावना, पृ.सं. 101
26. सरोज घणघस, जींद से श्रुत लोकगीत।
27. डॉ. शंकरलाल यादव, हरियाना प्रदेश का लोक साहित्य, पृ.सं. 326
28. श्रीमती स्योबोई, गांव खानपुर, जिला हिसार से प्राप्त लोकगीत।
29. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ.सं. 193, 94
30. ओमप्रकाश कादयान, हरियाणा के लोकगीत, भाग-2, पृ.सं. 164
31. वही, पृ.सं. 154
32. भरतमुनि प्रणीत् नाट्यशास्त्रम्, अध्याय-6, श्लोक 31, 39
33. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ.सं. 295, 96
34. डॉ. शंकरलाल यादव, हरियाना का लोक साहित्य, पृ.सं. 324
35. वही, पृ.सं. 324
36. डॉ. साधुराम शारदा, हरियाणा के लोकगीत, पृ.सं. 27
37. वही, पृ.सं. 297
38. डॉ. हरीशरन वर्मा, हरियाणवी संस्कार गीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, पृ.सं. 152
39. डॉ. पूर्णचन्द शर्मा, लोकगीतों की गूँज, पृ.सं. 88
40. जगदीश नारायण भोलानाथ शर्मा, हरियाणा प्रदेश के लोकगीतों का सामाजिक पक्ष, पृ.सं. 103
41. डॉ. शंकरलाल यादव, हरियाना का लोकसाहित्य, पृ.सं. 216
42. वही, पृ.सं. 326
43. श्रीमती मल्लो देवी, जिला दादरी, गांव समसपुर से श्रुत लोकगीत।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Merger of Banks: A Step Towards Enhancing the Financial Health and Efficiency of Indian Public Sector Banks

Mahendra Krishna* Dr. Anil Saxena**

*Research Scholar, Accounts & Law (Commerce), K.R. (PG) College, Mathura (U.P.) INDIA
** Research Supervisor & Associate Professor, Accounts & Law (Commerce) K.R. (PG) College, Mathura (U.P.) INDIA

Abstract - Merger means finding an acceptable partner, determining upon how topay each other and also ultimately creating a new company. A combination of any two or more than two industries into one is called merger. One industry can merge either with some already existing industry or with some new one with a view to forming a new industry. The condition of merger is the acquiring of the assets and liabilities of the targeted company by the acquiring company or industry.

The sole purpose of a company to merge with another is growth which can be internal, external or both. However, the in the path of internal growth, there occur several impediments and problems, such as, problems of raising adequate finance, longer implementation time of the projects etc.

As regards the mergers of banks, a weak bank and a stronger Bank make an agreement between them to become one and improve the functioning and widen capital base of the newly made bank. Another condition of the mergers of banks is the one when two equally strong Banks make agreement between them to improve their market share.

In this study, the merger of banks as a step towards enhancing the financial health and efficiency of public sector banks has been discussed in detail. The findings of the study reveal that the merger of banks has a positive impact on both the financial health of a nation and efficiency of public sector banks. The study also finds out that the merger of banks takes place not only between a weak bank and a strong bank, rather it may also take place between two strong banks.

Key Words: Merger, Step, Enhancing, Financial, Health, Efficiency, Sector.

Introduction: A Historical Peep into the Initial Proposals Much earlier during 1970s, the idea of consolidating all the banks in India struck some of the policy makers and the government, but it could not be implemented finally for several reasons. The 1990s was a decade known for liberalization. It was the time when the Narasimham Committee made a strong recommendation for around 2/3 of the total international Banks, about 10 national banks and a number of local banks boost up competition and spread risks. As a result, a large number of private sector banks and a few public sector banks got merged into larger Banks.For better customer services, there is a tremendous competition among both the private sector and the public sector banks.

There has been a successful merger of associate banks of SBI and Mahila bank with State bank of india and many others like Bank of Baroda, Dena Bank, Vijaya Bank etc. It helps us deduce that merger is good in the interest of the nation as it has a positive impact on financial health of the nation and on the efficiency of the public sector banks. Indeed, the merging is one of the strategies to make our banks globally competitive. Moreover, in banking sector, as in other sectors, quality ought to be preferred to the quantity. Merger of banks provides employees and officers to work with well managed and larger organizations, which finally results into personal growth.

The Indian Banking Sector& Its Services: In its structure, the Indian banking system is divided into scheduled banks and non-scheduled banks. The banks that are covered and encompassed within the Second Schedule of RBI Act, 1934 fall in the category of the scheduled banks. Financial assistance is provided to them by RBI as per the terms and conditions. On the contrary, the non-scheduled banks are those that do not find room in the Second Schedule of Reserve Bank of India Act, 1934. The Scheduled Banks in India are of the following three categories-

Public sector banks: The public sector banks, such as, State Bank of India, Bank of Baroda and Bank of India,have

thecontrol of the Government of India over them.

Private sector banks: The private individuals or organizations control the private sector banks. Some of the examples of the private sector banks in India are ICICI Bank and HDFC Bank.

Foreign banks: Foreign banks are those banks in India the headquarters of which are in the countries other than India. Besides the public sector banks, the private sector banks and foreign banks in India, there are some others such as cooperative banks and regional rural banks in India. The RBI is responsible for regulating and supervising the banking sector in India, and it plays a key role in maintaining the stability of the financial system. It also serves as the lender of last resort for banks in times of financial crisis.

Bank Merger & Strengthening the Indian Economy: The economy of a nation is its backbone and reveals the economic status of it. Every nation wishes to see a tremendous growth in it as the economy wins identity to a nation. The same is true of India. The economists work day and night to explore strategies that can be helpful in the enhancement and growth of economy. KashyapChetan (2021) is of the view that 'bank mergers are one of the strategies for strengthening the Indian Economy by enhancing the banking sector.Now a days, Mergers and acquisitions in the Banking sector are very important for the growing of Indian Banking Sector.

This can be achieved through Cost Reduction and Increasing Revenue. Merger and acquisition emerge as a reality.'[1]Krishn A Goyaletc.(2011) find that'Indian economy has witnessed fast pace of growth post liberalization era and banking is one of them. M&A in banking sector has provided evidences that it is the useful tool for survival of weak banks by merging into larger bank.'[2]

According to Ravi.B (2019), 'A merger is a combination of two or more companies to form a single entity. A merger is more over similar like an acquisition or takeover but the only difference is that in merger existing shareholders of both companies involved they retain a shared interest in the new corporation while in acquisition one company acquire of a bulk of acquired company's stock by willingness or unwillingness of another company.'[3]

Public Sector Banks: Merged (see in last page)

PositiveEffects of Merger of Banks: Merger of banks has brought about several positive effects and has improved the financial health and efficiency level of the public sector banks. Some of the effects are as follows-

1. Shrinkage of banks or branches.
2. An increase number of bank employees to work efficiently
3. Increased deposit and other transactions in the merged banks
4. An increase number of customers in merged bank.
5. Bigger target of cross selling, advances, mutual fund or any third party linked products before the merged bank.
6. Better services to accepting deposit of merged bank.
7. Successful use of different useful software and latest technology
8. Reduction in expenditure and operational cost
9. More profitable

Negative Effects of Merger of Banks: Culture of the merged bank, the merged bank's net network at places where SBI is already well established, sudden increase of the size of an already sizeable bank, placement of the staff of the merged banks, facing the problem of unequal salary of similarly placed cadres of SBI and merged banks, mental makeup of the staff of the merged banks, clash of work culture, etc. make one realize the problems that suddenly occur as a result of the merger of the banks. In the interest of the nation as a whole and efficiency and financial health, the merger of banks is considered good, but its negative aspect cannot be denied that can be seen through the following-

1. Increased discomfort level of the customers
2. Distance of the merged bank
3. Inconvenience to the customers
4. Transfer of the accounts and loans to the merged bank
5. Overcrowded environment in the merged bank
6. Closing of the banks in many of the villages
7. Inaccessible and unapproachable to the women, aged and disabled

Objectives of the Study:

1. To produce a brief account of the Indian banking system
2. To highlight the need and significance of the merger of small private and public sector banks
3. To explore the positive and negative aspects of the merger of the banks
4. To comment on the impact of the merger and acquisition of banks on the financial health and efficiency of the public sector banks.

Related Literature Review

- **NidhiSrivastava (2022)** in her study entitled **'A Study of Mergers and Acquisitions in Indian Banking Sector',** discussing the ongoing trends in the field of business and on the significance of bank merger and acquisition, writes that'Beginning a business in today's scenario has become rather simple, but maintaining it, is a harder job after the organization reaches a certain level but one the most obvious method to strengthen and expand the organization further, is only through Mergers and acquisitions. It is also seen that the Merger and Acquisitions are nowadays becoming more viable sources of strengthening the organization and also being directed in many countries all around the globe because they bring with them many benefits. The financial innovations in India have certainly procured various extraordinary accomplishments, in a brief period of time, for the world's biggest and the most diversified vote-based country. The innovation has helped beautifully overcome several complexities of Indian financial sector by launching new reforms and consolidating robust

and bothered banks.'[4]

- **Dr.SmitaMeena&Dr.Pushpender Kumar (2014)**, in their jointly prepared research paper on the topic'**Mergers and Acquisitions Prospects: Indian Banks Study'**, reveals the the necessity of merger and acquisition of banks in the interest of the customers and the nation at large, and observes that 'In today's global marketplace, banking organizations have greatly expanded the scope and complexity of their activities and face an ever changing and increasingly complex regulatory environment. It has been realized globally that M&A is only way for gaining competitive advantage domestically and internationally and as such the whole range of industries are looking for strategic acquisitions within India and abroad. Today, the banking industry is counted among the rapidly growing industries in India. In the last two decades, there has been paradigm shift in banking industries. A relatively new dimension in the Indian banking industry is accelerated through M&A. In order to attain the economies of scale and also to combat the unhealthy competition Consolidation of Indian banking sector through M&A's on commercial considerations and business strategies are the essential pre-requisite. Consolidation has been a significant strategic tool and has become a worldwide phenomenon, driven by advantages of scale-economies, geographical diversification, and lower costs through branch and staff rationalization, cross-border expansion and market share concentration. The new Basel II norms have also led banks to consider M&As.'[5]
- **Sanyukta (2020)**, in her report **'Mergers And Acquisitions In The Indian Banking Sector: Impact On Shares And Performance Check'**raises the problems of the small banks that generally fail to perform well due to several factors, and comments that'the economic environment is full of problem for the small and medium sized banks, due to superseded technology, insufficiencies of resources, faltering marketing efforts and weak financial structure. Their existence becomes a question of doubt without new techniques and innovations and they have a threat from the larger banks. Their restructuring through merger could offer a relief and help them to revive. So far bank mergers have provided a protection to weak banks from closing down and failure. Smaller banks fearing aggressive acquisition by a large bank sometimes enter into a merger to increase their market share and protect themselves from the possible acquisition. Even RBI has taken initiative for the same and the primary objective behind this move is to attain growth at the strategic level in terms of size and customer base.'[6]
- **K. Naveen Kumar and ManaliUpadhyay (2022)**, in their jointly made study on **'A Study on Mergers and Acquisitions in Indian Services Industry-With Special Reference to Banking Companies'**, inform about the types of merger and acquisition saying that they include horizontal merger which represents a merger of firms engaged in the same line of business (Merger of Bank of Mathura with ICICI Bank); Vertical Merger occurs when firms that engage in different stages of production merged; Conglomerate Merger which refers to the merger between firms that are involved in totally unrelated business activities; Co-Generic Merger which represents a merger of firms engaged in related lines of business but do not offer the same products.[7]
- **Sowmya Praveen K & C.K. Hebbar (2021)**, in their study **'A Review on Merger of Commercial Banks in India: Its Impact, Pros and Cons'** producing a brief historical perspective of the beginning of bank merger, inform that 'merger of banks started in India in the year 1960's. A Merger implies mix of two organizations into one organization. During the merger interaction, one organization endures and the other organization loses their corporate presence. To put it plainly, it's anything but a circumstance where, two banks pool their assets and liabilities to become one bank. In the period of August 2019, the Finance Minister of India, MS NirmalaSitaraman has reported to merger ten public area banks into four substances. The essential rationale behind this merger is to expand the worldwide seriousness of the Indian Banks. Presently the all-out public sector banks decreased to 12 from 27 out of 2017 in India. Merger of banks will protect the financial system and depositor's money, since the merged banks will be more profitable and in better condition.[8]

Hypothesis:

1. Private Sector banks do not have adequate infrastructure and facilities and lack the knowledge and proper application of the latest technology.
2. Private banks fail to fulfill the norms and terms and conditions as prescribed by Reserved Bank of India.
3. Merger allows the private sector banks or the public sector banks that fail to meet out their targets to get merged with some public sector bank
4. The merger and acquisition of banks facilitate the customers in all respects.

Method: This study, designed and carried out on the basis of the secondary data in addition to the personal observation of the authors, falls chiefly in the category of the qualitative and interpretative research which aims at making interpretation of the impact of the merger and acquisition of the banks on the financial health and efficiency of the public sector banks. For it, all the steps of qualitative research or the prescribed research process were rigidly observed without fail.

The secondary data used for the purpose of making the study was collected from the books and research studies available at the various sites with the theme-based selected material in the form of research articles and research papers on them. Adhering to all the prescribed steps of scientific method and research, no stone was unturned to keep up and maintain the scientific spirit of the work. For the purpose, after the selection of the theme and title, 10 relevant theme-related research articles available on the

various sites of internet were selected for the review which provided the authors a good deal of feedback on the issue. Considering the contents served through the selected studies, and following the steps of research, finally the conclusion was drawn with the generalization that for the constant higher growth of the economy of India, merger and acquisition of banks is essential.

Individual disparities between men and women have been established in several areas (Halpern, 2000). Females outperform males on the test performances related to episodic memory and verbal memory both, (Herlitz, Nilsson, &Bäckman, 1997), whereas males exhibit a demonstrated advantage in visual-spatial skills (Collins & Kimura, 1997). Females find it difficult to perform on the tasks of sustained attention (Giambra& Quilter, 1989). Gender disparities in construal of selective attention and the performances on it might add to explore gender differences in other related tasks. For example, the ability to block information (Hasher, Zachs, & May, 1999) could be a factor in female's advantage on episodic memory.

Women tend to believe easily than males (e.g., Arrindell, 2000, Bourdon, Boyd, Rae, Burns, Thompson, & Locke, 1988, Davey, 1994). Tucker and Bond (1997), for example, gender based differences have been observed for harmless e.g., dogs and unpleasant animals e.g., snakes, both, but no differences in terms of traditional fears e.g., fear from noise or injuries; and phobias e.g., fear of enclosed spaces. Comprehensive cross-cultural research has indicated the biggest gender discrepancies in phobias of harmless animals (Arrindell, Eisemann, Richter, Oei, &Caballo, 2003). In addition, when it comes to social presenting and social-evaluative anxieties, there are limited gender variations (Klorman, 1974).

Review of related literature:

Attentional bias is evident in most of the models of anxiety with cognitive basis (Bar - Haim et al., 2007; Teachman, Joormann, Steinam & Gotlib, 2012) contributing the fact that threat related attentional bias cause anxiety states to last longer. Attentional biases to threats have been shown in people with high anxiety and clinical samples, but they have rarely been reported in non-clinical samples. According to some empirical research in this area the effectiveness of the attentional system is a precondition for several fundamental regulation processes, such as attentional deployment, appraisal, or suppressing, demonstrating a connection between attention and disorders related to anxiety (Amstadter, 2008; Gross, 2002). Cognitive theories of anxiety have considered a significant body of informationprocessing biases to understand how the individuals with anxiety attend to the outside environment when anxiety is so closely associated with attention (Yiend, 2010).

Stewart, Taylor, and Baker (1997) explored the anxiety sensitivity index (ASI) and its item scoring pattern varies depending on whether they are constructed of low to middle or higher-order factors, respectively. The fear of anxiety-related symptoms, also known as anxiety sensitivity (AS), is a reaction to the belief that these experiences may have negative physical, psychological, or social effects. With the help of a 16-item self-report questionnaire called the Anxiety Sensitivity Index (ASI), AS is measured according to the results, women perform substantially better on the ASI on average than males. Males and females in the overall sample, as well as the AS1 items, each subjected to a separate principal component analysis, indicated almost similar three lower structures, with variables relating to worries of the predicted bodily, psychological, and social effects of anxiety. Similar unidimensional 20 relatively high solutions for each group were found by conducting separate factor analyses on the relatively low factor scores of the three samples.

Egloff and Hock (2000), the study examined the interaction and quadratic impacts of both anxieties i.e., trait and state on attentional bias against threat-related stressors and provide evidence that there were very few effects for trait anxiety or state anxiety; however, state anxiety was positively correlated with Stroop interference among individuals with high trait anxiety. On the other hand, the low anxiety group displayed the opposing pattern of behaviour. Trait anxiety exhibited a quadratic effect, but the most important predictor was found to be the interaction term.

Research objective:

1. To examine the functioning of each attentional network sub-systems i.e., alerting network, orienting network, and executive control network in low and high anxiety participants on reaction time and accuracy performance measures.
2. To examine the functioning of attentional network sub-systems i.e., alerting network, orienting network, and executive control network in male and female participants on reaction time and accuracy performance measures.
3. To examine the interaction effects between gender and anxiety groups in the functioning of three attentional networks i.e., alerting network, orienting network, and executive control network on reaction time and accuracy performance measures.

Research hypotheses:

1. There would be a significant difference in low and high anxiety groups in the functioning of attention network sub-systems on reaction time and accuracy performance measures.
2. There would be a significant difference in male and female groups in the functioning of attention network sub-systems on reaction time and accuracy performance measures.
3. There would be significant differences in the interaction between low and high anxiety group and in the functioning of three attentional network sub-systems i.e., alerting network, orienting network, and executive control network subsystems on reaction time and accuracy performance measures.
4. There would be significant differences in the interaction between male and female group and in the functioning of three attentional network sub-systems i.e., alerting network, orienting network, and executive control network subsystems on reaction time and accuracy performance measures.

Research methodology:

Participants: Ninety-six participants (N = 96) participants participated in the study. The participants included graduate students of Universities from Rajasthan between the age range of 18 - 30 (mean age = 27.25). The selection criteria of participants were based on anxiety scores on the State Trait Anxiety Inventory (STAI: Rastogi&Tripathi, 1986). An informed consent was obtained from the participants regarding their voluntary participation. The participants had normal (6/6) or corrected to normal (6/9) visual acuity. Refreshments and incentives were offered to the participants for their valuable participation. The participants with any known psychiatric or chronic illness were excluded. The following inclusion **criteria were followed for selecting the participants.**

Inclusion criteria:

1. Education level at least undergraduate.
2. Basic knowledge of computer.
3. Participants should follow the pre-decided criteria of selection, based on Hindi adaptation of State Trait Anxiety Inventory (Rastogi&Tripathi, 1986) which was used to assess the levels of anxiety.

Exclusion criteria:

1. Cognitively impaired patients.
2. The participants with any known psychiatric or chronic

illness or medication were excluded from the experiment.

Tool and Apparatus: The level of anxiety was examined through State Trait Anxiety Inventory (STAI: Rastogi&Tripathi, 1986), first developed by Spielberger, in 1983. This scale in fact contains two subscales – one each for state and one for trait anxiety. The 48- items of STAI measures both - relatively permanent (trait) anxiety tendencies, or how the participants usually feel, as well as current, temporary (state) levels of anxiety, or how the participants feel right while responding to a STAI. The trait anxiety subscale comprises of twenty-eight items, its reliability and convergent validity being 0.892 and 0.794, respectively. Additionally, the state anxiety subscale has twenty items. Its, reliability (Coefficient alpha) and validity (convergent validity coefficient) are 0.931and 0.533, respectively. For the state subscale, responses range varies from “Nominally” (1) to “Exceedingly” (5). And the trait subscale, responses range varies from “Seldom” (1) to “Always” (5).

Experimental Design: A 2(Group: Male and female) x 2 (Anxiety: Low and high) x 4 (Cue condition: No cue, central cue, spatial cue, and double cue) x 2 (Stimuli congruency: Congruent and incongruent) mixed factorial design was used in this study. The independent variable included - anxiety levels i.e., low, and high and gender i.e, male and female. The dependent variables contained reaction time and accuracy along with alerting, orienting and executive control scores.

The following formulae were used to compute the components of the attentional network –

1. Alerting effect = RT No cue – RT Double Cue
2. Orienting effect = RT Centre cue – RT Spatial Cue
3. Conflict effect = RT Incongruent – RT Congruent

Statistical Analyses: On each experimental condition, mean scores, standard deviations, and standard error were computed for the measurements of reaction time and accuracy response. Descriptive measure was also used to compute the demographic data. The research also determined at the variations in attentional network group interactions. The data were conducted through an analysis of variance (ANOVA) with various groups (anxiety and gender) as between subject factor and cue conditions and flanker conditions as within subject factors to evaluate at the main effects of variables and their interactions. The significance level was selected because it is one that is generally used in the discipline of psychology. To examine the response processing and accuracy of the experimental conditions in various groups, repeated measure analysis of variance (ANOVA) was used. The cognitive subtraction method was used to calculate the alerting, orienting, and executive control network effects.

Conclusion: The obtained results on reaction time performance and correct detection measures support all four hypotheses of this study that there was significant effect of gender and anxiety on alerting, orienting and executive control networks functioning. For each attentional sub-systems i.e., alerting, orienting and executive control was examined separately by paired subtraction across all subsets of cue and flanker arrow, excluding the neutral target condition. The results of all these paired subtractions were referred to as subsystem difference scores.

In sum, result of current study, explored a significant difference in the functioning of alerting subsystem (on accuracy and RT), orienting subsystem (on accuracy) and executive control subsystem (on RT) for low and high anxiety participants and the difference in the functioning of alerting subsystem and orienting subsystem on accuracy, and RT and executive control subsystem on accuracy and RT of male and female participants. The results confirm the interaction effect of alerting, orienting and executive control in low and high anxiety and both male and female groups on reaction time and accuracy performance measures.

Results further revealed that accuracy of correct detection is greater for low anxiety group in comparison to high anxiety group. High anxiety group performed better under congruent and incongruent condition, irrespective of cue conditions. In contrast, female participants performed better under congruent and incongruent condition in terms of correct detection in cue conditions. Male participants performed better under congruent and incongruent condition, irrespective of reaction time in cue conditions. Men generally responded faster than females however, males were not found efficient in comparison to his counterpart i.e., female participants on alerting and orienting networks in the ANT. However, both groups exhibited delayed reaction time in incongruent condition than congruent condition.

References:-

1. Allen, B. P., & Potkay, C. R. (1981).On the arbitrary distinction between states and traits.Journal of personality and social psychology, 41(5), 916.
2. Barlow, D. H. (2000).Unraveling the mysteries of anxiety and its disorders from the perspective of emotion theory.American psychologist, 55(11), 1247.
3. Calvo, M. G., & Dolores Castillo, M. (2001). Selective interpretation in anxiety: Uncertainty for threatening events. Cognition & Emotion, 15(3), 299-320.
4. Carr, H. A., & Kingsbury, F. A. (1938).The concept of traits.Psychological Review, 45(6), 497.
5. Derakshan, N., & Eysenck, M. W. (2009). Anxiety, processing efficiency, and cognitive performance: new developments from attentional control theory. European Psychologist, 14(2), 168.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में महिला सहभागिता: आरक्षण की आवश्यकता के सन्दर्भ में

डॉ. निशा शर्मा *

* बाबा नर्सिंग दास पीजी कॉलेज, नेछवा, सीकर (राजस्थान) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान समय में महिला सशक्तीकरण का मुद्दा न केवल भारत बल्कि विश्व भर में गहन चिन्तन एवं चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके मूल में यही भाव रहा है कि जब तक आधी आबादी की सहभागिता राजनीति, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में ओझल रहेगी, तब तक समग्र विकास का सपना अधूरा रहेगा। महिला एवं पुरुष दोनों एक-दूसरे के विपरीत होते हुए भी न केवल पूरक हैं वरन् एक के बिना दूसरे का अस्तित्व सम्भव नहीं है। दोनों के सहयोग से ही सृष्टि की निरन्तरता बनी हुई है। **महात्मा गाँधी** का कहना था कि, 'महिला पुरुष की साथिन है, जिसकी बौद्धिक क्षमताएँ पुरुषों की बौद्धिक क्षमताओं से किसी भी तरह कम नहीं है, पुरुष की प्रवृत्तियों में उन प्रवृत्तियों के प्रत्येक अंग और उपांग में भाग लेने का उसे अधिकार है और स्वाधीनता का उसे भी उतना अधिकार है, जितना पुरुषों को'[1] इसके बावजूद भारतीय समाज में पुरुष एवं महिला के आपसी सम्बन्धों के बीच समानता व सन्तुलन के अभाव के साथ-साथ दोनों के महत्व, स्थान एवं रूतबे में काफी अन्तर दिखाई देता है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और पारिवारिक स्तरों पर महिला को पुरुष से हीन और दुर्बल माना जा रहा है।

प्राचीन भारतीय समाज में निश्चित रूप से महिलाओं की स्थिति श्रेयस्कर थी। **महात्मा मनु** ने 'मनुस्मृति' में उल्लेखित किया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूजन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् देवता का वही निवास होता है जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है। उस समय की व्यवस्था में महिलाओं को विशेष स्थान प्राप्त था तथा उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। इसी प्रकार वैदिककाल में भी महिलाओं की स्थिति सम्मानजनक बरकरार रही तथा सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में उनका महत्व बना रहा।

मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति में क्षरण होना प्रारम्भ हुआ धीरे-धीरे महिलाओं की स्थिति सामाजिक रूप से बिगड़ती चली गई। परम्पराओं के नाम पर महिलाओं पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ। समय के साथ-साथ पर्दा प्रथा आरम्भ हुई महिलाओं की शिक्षा पर रोक लग गई और सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी को सीमित कर दिया गया। अशिक्षा, अंधविश्वास, धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं के नाम पर महिला को निरन्तर यह बोध कराया गया कि वह अबला है, पुरुष के अधीन है और उसे घर में चूल्हे-चक्की और बच्चों के लालन-पालन तक सीमित रहता है। उसे राजनीति एवं समाज के कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है। महिला चाहे उच्चवर्ग की हो या निम्नवर्ग की लगभग यही स्थिति कुछ अपवादों को छोड़कर बनी रही है।[2]

आधुनिक काल में पाश्चात्य शिक्षा एवं विभिन्न समाज सुधारकों के समाज सुधार आन्दोलनों के परिणामस्वरूप महिलाओं की स्थिति एवं जनजागरूकता में सुधार हुआ। परिणामस्वरूप भारत के स्वाधीनता आन्दोलनों में देश के महान नेताओं के साथ महिलाओं की भी सक्रिय भूमिका रही थी। भारतीय महिलाओं ने अपने देश के पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर स्वाधीनता आन्दोलन में भागीदारी की। इसमें सरोजनीनायडु, कमला नेहरू, मैडम भीकाजी कामा, स्वरूपरानी नेहरू, अरूणा आसफ अली, कस्तूरबा गांधी, सुश्री ऐनीबेसेन्ट आदि नाम गिनाये जा सकते हैं।[3] राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान बहुत महिलाओं ने गाँधी जी के नेतृत्व में भी संगठित हुई थी। असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन और नमक सत्याग्रह के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ जनमानस तैयार करने में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, परन्तु आजादी के पश्चात् महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता में शिथिलता आती चली गई, विशेषकर विधायी संस्थाओं में गिनी-चुनी महिलाएं रह गईं।'[4]

आजादी के पश्चात् से ही इस तथ्य को मूल आधार के रूप में स्वीकार किया गया कि जब तक देश की आधी आबादी की प्रगति नहीं होगी, तब तक देश का समग्र विकास का सपना अधूरा ही रहेगा जैसा कि **स्वामी विवेकानन्द** ने कहा था कि, 'मानव समाज एक पक्षी की भाँति होता है, जिसका एक पंख पुरूष और दूसरा पंख महिला है और इन दोनों में से किसी की भी अवहेलना नहीं की जा सकती। एक पंख से समाजरूपी चिड़िया उड़ान नहीं भर सकती। महिलाओं की स्थिति में सुधार लाये बिना विश्व का कल्याण सम्भव नहीं है।'[5] इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए तथा इस क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के साथ ही महिलाओं में आत्मसम्मान की भावना जागृत करने, उन्हें क्षमतावान बनाने और निर्णय करने की क्षमता में वृद्धि कर समाज को मुख्यधारा में लाने हेतु भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार और नीति निर्देशक तत्वों में कई प्रावधान शामिल किए गए। संविधान में पुरूषों की तरह महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों को मान्यता दी गई है। बहुत सारे अधिनियमों को पारित कर कानूनी समानता स्थापित की गई है ताकि संवैधानिक समानता को अमलीजामा पहनाया जा सके। **महात्मा गांधी** ने भी कहा था कि, 'महिलाओं को समान वैधानिक एवं राजनैतिक अधिकार दिये जाने चाहिए और तभी भारत की आजादी सार्थक हो पायेगी।'[6]

यद्यपि कि भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरूषों के समान

राजनीतिक समानताएं और स्वतन्त्रतायें प्रदान की गई हैं। भारत के प्रत्येक स्त्री-पुरुष को सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने तथा देश की विधान निर्मात्री सभाओं को सदस्य बनकर नीति-निर्माता के रूप में अपनी सेवाओं से देश को लाभान्वित करने की पूर्ण स्वतन्त्रता है, परन्तु स्वतंत्रता के बाद के निर्वाचनों के इतिहास को देखा जाय तो हम देखते हैं कि स्वतन्त्रता का उपभोग महिलाओं से ज्यादा पुरुषों ने किया है। यदि देश की सर्वोच्च विधायी संस्था लोकसभा, राज्यसभा एवं राज्य की विधानसभा में महिलाओं की उपस्थिति को देखते हैं तो निराशा प्रकट होती है।

यद्यपि संसद से लेकर राज्य की विधान सभाओं में महिलाओं एवं पुरुषों का प्रतिनिधित्व शुरूआत से ही असमान रहा है, परन्तु सबसे चिंता की बात यह है कि महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या के बावजूद विधायी संस्थाओं में उनकी उपस्थिति मात्र आठ फीसद है तो संसद के निचले सदन में उनकी मौजूदगी मात्र 14.36 प्रतिशत है। निर्वाचनों के इतिहास को देखें तो 1952 के प्रथम लोकसभा चुनाव में महिलाओं की उपस्थिति 4.4 प्रतिशत था जबकि कुल स्थान 499 थे। 1962 के संसदीय चुनाव में यह प्रतिशत 6.7 था जबकि 2014 एवं 2019 के आम लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व क्रमशः 11.33 तथा 14.3 के लगभग ही रहा।[7]

यदि बात राज्यसभा में महिलाओं की सहभागिता की, की जाय तो 1952 में जहाँ उनका प्रतिनिधित्व 0.731 तथा वही 2021 में उनका प्रतिशत 11.6 है।[8]

इस प्रकार देखा जाए तो दोनों सदनों में महिलाओं की स्थिति में ज्यादा अन्तर नहीं है। एक बात स्पष्ट है कि लोकसभा एवं राज्यसभा दोनों में महिलाओं की सहभागिता में आजादी के बाद हुए प्रथम आम चुनाव से अब तक बहुत धीमे गति से बढ़ी। भारत में यद्यपि कि तकरीबन आधी आबादी महिलाओं की है, किन्तु राजनीति व्यवस्था में इनकी भागीदारी 10 प्रतिशत के आस-पास सिमटकर रह गई है। सभी राजनीतिक पार्टियां दावा भले ही करती हैं कि वे राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के पक्ष में है परन्तु प्राप्त आँकड़े उनके दावों को खोखला साबित करते हैं।

यदि राज्यवार देखा जाय तो उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों में सुश्री मायावती एवं सुश्री ममता बनर्जी जैसी महिलाओं की हाथ में पार्टी की कमान है वहाँ भी मात्र ग्यारह, ग्यारह महिलाओं का ही प्रतिनिधित्व हो पाया। अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र में आठ, उड़ीसा में सात, गुजरात में मात्र छः महिलाओं का ही चुनाव हो पाया। दूसरी तरफ सात ऐसे राज्य हैं जिसमें एक भी महिला प्रतिनिधि नहीं है। जैसे-अरूणाचल, हिमाचल प्रदश, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मिजोरम, नागालैण्ड एवं सिक्किम।

राज्य की विधानमण्डलों में भी महिलाओं की स्थिति में ज्यादा अन्तर नहीं आया है। छत्तीसगढ़ एवं हरियाणा जैसे राज्यों में देश में सबसे ज्यादा 14.44 प्रतिशत, 14.44 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने वाले राज्य हैं। पश्चिम बंगाल द्वितीय सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व देने के मामले में हैं तो कई ऐसे राज्य हैं, जिसमें महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है यथा-नागालैण्ड एवं मिजोरम। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य बड़े राज्यों में मामूली ही हैं।[9]

यदि वर्तमान सरकार की कैबिनेट में देखा जाय तो 58 सदस्यीय कैबिनेट में मात्र 6 महिलाएँ हैं, जिसमें 3 कैबिनेट मिनिस्टर हैं। यदि आजादी के बाद गठित प्रथम कैबिनेट में एक मिनिस्टर हुई थी, राजकुमारी अमृता कौर।[10] इस प्रकार दोनों में तुलना की जाय तो एक बात स्पष्ट है कि प्रथम एवं वर्तमान कैबिनेट में महिलाओं की प्रतिनिधित्व में ज्यादा अन्तर आया है।

यदि वर्तमान सरकार में सेक्रेटरी रैंक के ऑफिसरों की बात की जाय तो केन्द्रीय सरकार में 88 सेक्रेटरी रैंक के आफीसर हैं, जिसमें मात्र 11 महिलाएं हैं।[11]

वर्तमान भारतीय न्यायपालिका की सर्वोच्च पीठ सुप्रीम कोर्ट में कुल 31 न्यायाधीशों में से मात्र तीन महिला न्यायाधीश हैं। आर0 भानुमती, इन्दु मलहोत्रा और इन्दिरा बनर्जी[12] जिससे स्पष्ट है कि महिलाओं को निर्णयन प्रक्रिया में सीमित भागीदारी प्राप्त है। वहीं भारतीय राजनीति में पुरुषों के समान महिलाओं की विशाल भागीदारी है तथापि राजनीति में उनका हिस्सा नहीं के बराबर है। जैसा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि, 'महिलाओं को वोट देने का अधिकार और बराबर का कानूनी दर्जा मिलना चाहिए लेकिन समस्या वहीं समाप्त नहीं होती। यह उस बिन्दु से शुरू होती है जहाँ से महिलाएँ देश की राजनीति पर असर डालना शुरू करेंगी।'[13]

वास्तव में अभी तक यह देखा गया है कि अधिकतर महिलाएँ 'कम महत्व' के विभागों को संभाला है यथा-शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास। वित्त, रक्षा एवं विदेश मंत्रालय बिरले ही महिलाओं को आवंटित होते हैं।[14] निर्णय प्रक्रिया के मौजूदा तौर-तरीके महिलाओं की हिस्सेदारी को ज्यादा जगह नहीं देते और महिलाओं की अनुपस्थिति में इस स्थिति को बदलने के लिए कोई प्रयास नहीं किये जाते हैं। इन स्तरों पर महिलाओं की अनुपस्थिति पुरुष केन्द्रित और पुरुषों के लिए फायदेमंद फैसलों के लिए रास्ता साफ कर देती है। इसलिए उन्हें एक सहायक व्यवस्था की जरूरत है, जो इन्हें सार्थक हिस्सेदारी करने के लिए क्षमता और दृढ़ता दे सकें।

यदि स्थानीय निकायों के स्तर पर देखा जाय तो 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन के परिणामस्वरूप देश की ग्रामीण एवं नगरीय दोनों क्षेत्रों के स्वशासी संस्थाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण व्यवस्था को जाने से लगभग 14 लाख महिलाओं को जनप्रतिनिधियों के रूप में विभिन्न प्रकार के अधिकार एवं उत्तरदायित्व लेने का सुअवसर मिला है। इन निकायों में चुनी हुई महिला प्रतिनिधियों ने कुछ अपवादों को छोड़कर अपनी भूमिका सक्षमता से निभाते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि महिलाएँ किसी भी प्रकार से पुरुषों से कम नहीं है। कुछ राज्यों ने प्रगतिशील कदम उठाते हुए महिलाओं को पंचायतों में प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत कर दिया है तथा बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश आदि।[15]

यदि पूरे दुनिया के परिदृश्य में देखें तो महिलाओं की राजनीति में भागीदारी देने के मामले में कई देश हमसे काफी आगे हैं। आईपीयू की वरीयता सूची में रवाडा आश्चर्यजनक रूप से पहले स्थान पर है। रवाडा में हुए 2018 के आम चुनाव में 80 सदस्यीय निम्न सदन में 49 महिलाओं ने जीत दर्ज की है जो कुल प्रतिनिधित्व का 61.3 प्रतिशत है। दुनिया में यह पहला मौका था जब किसी भी देश में महिला सांसद सदस्यों की संख्या 60 प्रतिशत से ऊपर गयी हो। बाद के दस स्थानों पर क्यूबा, बोलेविया, मैक्सिको, स्वीडन, ग्रेनेडा, नमीबिया, कोस्टारिका, निकारगुआ, साउथ अफ्रीका जैसे देश आते हैं। दक्षिण एशियाई देशों की तुलना की जाय तो श्रीलंका एवं मालदीव को छोड़कर बाकी सभी देशों की स्थिति भारत से बेहतर है। श्रीलंका की 225 सदस्यों वाली निचले सदन में मात्र 12 महिलाएँ हैं। यह हालात तब है जब श्रीलंका में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का पद खुद महिला संभाल चुकी है। भूटान में 47 सदस्यों में 7 महिलाएँ हैं। वहीं चीन में करीब 25 प्रतिशत

महिलाओं का प्रतिनिधित्व है।

जहाँ तक महिला अधिकारों का समानता की बात है मुस्लिम बाहुल दो पड़ोसी देशों, बांग्लादेश एवं पाकिस्तान की स्थिति अच्छी नहीं मानी जाती है, परन्तु संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के मामले में भारत से भी आगे हैं। पाकिस्तान के निचले सदन में 20.2 प्रतिशत एवं ऊपरी सदन में 19.2 प्रतिशत महिलाएं हैं। वहीं बांग्लादेश में निचली सदन में 20.7 प्रतिशत महिलाएं हैं।

पश्चिम एवं यूरोपीय देशों की बात की जाय तो जिसमें अमेरिका, फ्रांस, यू0के0, डेनमार्क, फिनलैण्ड आदि देशों में महिला राजनीति एवं प्रशासन में काफी आगे है। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों को मिलाकर 533 सदस्यों में से 127 महिला सदस्य हैं। वहीं ब्रिटेन में निचले सदन में 650 सदस्यों में से 208 (32 प्रतिशत) महिलाएं हैं।[16]

यदि हम भारत में महिलाओं की राजनीतिक विकास एवं उनकी क्रियाशीलता के व्यावहारिक पक्ष को देखें तो पाते हैं कि भारत के राजनीतिक पर सर्वोच्च स्थान पर श्रीमती इन्दिरा गांधी का आसीन होना तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में श्रीमती लक्ष्मी पण्डित एवं श्रीमती सरोजनी नायडु आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में भारतीय राजनीति पटल पर श्रीमती सोनिया गांधी, सुश्री ममता बनर्जी, सुश्री मेनका गांधी, सुश्री गिरिजा व्यास, सुश्री मायावती, सुश्री महबूबा मुफ्ती आदि महिलाएँ भारतीय राजनीति में अपनी प्रतिभा एवं सूझ–बूझ एवं संघर्ष करने की क्षमता से आगे आई और आगे बढ़ रही हैं, परन्तु भारतीय राजनीति में महिलाओं की स्थिति का सम्यक् विश्लेषण करें तो कुल मिलाकर महिलाओं की सहभागिता और सत्ता में भागीदारी बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसी भी अविकसित अथवा पिछड़े वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उसे आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में विकसित वर्गो के बराबर लाने में राजनीति की अहम भूमिका होती है। यदि ऐसे वर्गो की राजनीति में समान सहभागिता अथवा भागीदारी सुनिश्चित कर दी जाय तो निश्चित रूप से उन्हें अपने उन्नयन के समुचित और अच्छे अवसर प्राप्त होगें।

यह समय की मांग है कि भारत जैसे देश में मुख्यधारा की राजनीति गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी के लिए समान अवसर मिलने चाहिए। चूंकि आधुनिक राष्ट्र राज्य की व्यवस्था में, राज्य द्वारा बनाई जाने वाली नीतियाँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यक्ति के बेहद निजी पहलुओं तक को प्रभावित करती है इसलिए बेहद जरूरी है कि व्यक्ति के पास इन नीतियों को प्रभावित करने के लिए कुछ क्षमता होनी चाहिए। हालांकि जहाँ तक एक वोट का संदर्भ है यह साफ है कि व्यक्तिगत राय का भी महत्व होती है, लेकिन एक प्रतिनिधि केन्द्रित लोकतन्त्र में सार्वजनिक नीतियों को मूलत: पूरे समुदाय/समूह की क्षमता निर्धारित करती है। इस संदर्भ में ही एक समूह के रूप में महिलाओं का राजनीतिक सबलीकरण आवश्यक हो उठता है ताकि वह भी सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित करने में सक्षम हो सके। चूंकि भारतीय समाज के प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की हिस्सेदारी के लिए किसी अंतरिम प्रावधान के न होने के कारण आरक्षण की व्यवस्था का महत्व बहुत अधिक है। इसलिए विभिन्न उपायों के साथ महिला आरक्षण का प्रावधान आवश्यक है। दुनियाभर के कई देशों में राजनीतिक दलों में आरक्षण का प्रावधान है। इसमें स्वीडन, नार्वे, कनाडा, यू0के0, फ्रांस जैसे देश शामिल हैं। यदि भारत में भी देखा जाय तो पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है यहाँ तक कि कुछ राज्यों में 50 प्रतिशत तक का आरक्षण महिलाओं के लिए हैं जिसका परिणाम सकारात्मक रहा है।[17]

महिला आरक्षण बिल पर अमल से संसद में महिलाओं की स्थिति सुधारा जा सकता है। महिलाओं को लोकसभा एवं राज्य विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए लगभग हर पार्टी सैद्धान्तिक रूप से सालों से सहमत हैं। सार्वजनिक मंच पर इसे वैचारिक बहस का मुद्दा जरूर बना दिया जाता है, लेकिन जब इस पर कानून बनाने की बात आती है तो सभी बगलें झांकने लगते हैं। आधे–अधूरे तर्कों के सहारे महिला आरक्षण का विरोध किया जाता है उससे पैरोकार इसी को बहाना बनाकर कदम पीछे खींचने लगते हैं।

भारत में महिला आरक्षण सम्बन्धी विधेयक कुछ समय सत्ता में रही एच0डी0 देवगौड़ा की सरकार ने 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पहली बार संसद में पेश किया, किन्तु उसके कुछ ही दिन बाद देवगौड़ा की सरकार अल्पमत में आ गई और ग्यारहवीं लोकसभा भंग कर दी गई। तद्सम्बन्धित विधेयक को भाकपा सांसद गीता मुखर्जी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया। इस समिति ने 9 दिसम्बर 1996 को अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश की। सन् 1997 में पुन: लोकसभा भंग होने के साथ बिल भी मर गया। सन् 1998 में भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक को 12वीं लोकसभा में 84वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश किया गया, लेकिन अप्रैल 1999 में लोकसभा पुन: भंग हो जाने के कारण बिल अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच सका। सन् 1999 में 13वीं लोकसभा में बिल पुन: पेश किया गया, लेकिन इस बार भी सरकार आम राय नहीं बना सकी। वर्ष 2002 एवं वर्ष 2003 में महिला आरक्षण विधेयक पुन: पेशन किया गया लेकिन कांग्रेस एवं वामदलों के समर्थन के बावजूद सरकार इस विधेयक को पारित नहीं करा सकी। 2004 में कार्यकाल खत्म होने के कुछ पहले बिल पुन: पेश करने की रस्म अदायगी कर दी गयी। बिल पर और धूल जमती चली गई। यूपीए सरकार के पहले कार्यकाल में 2008 में कही जाकर प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बिल पेश किया। पूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में 2010 में राज्यसभा में बिल पास कर दिया गया। मामला लोकसभा में अटक गया और धूल जम रही है।[18]

प्रत्येक सरकार हमेशा यही कहती है कि हम तो महिला आरक्षण बिल पास कराना चाहते हैं, परन्तु क्षेत्रीय राजनीतिक दल नहीं चाहते हैं कि ये बिल पास हो। इन क्षेत्रीय दलों का अपना तर्क है कि जब तक महिला आरक्षण विधेयक में अनुसूचित जाति, जनजाति, व अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं की उचित संवैधानिक व्यवस्था नहीं की जायेगी तब तक विधेयक अपूर्ण एवं असंगत रहेगा, परन्तु राष्ट्रीय दलों का मूल उद्देश्य यह है कि महिला आरक्षण विधेयक में 33 प्रतिशत आरक्षण मोटे तौर पर मान लिया जाय न कि उनमें भी वंचित वर्गो की महिलाओं के अधिकार को सुनिश्चित किया जाय, जिस कारण यह विधेयक हर बार पारित होने से रोका जाता है।

सवाल यह है कि अगर महिलाएँ देश की आधी आबादी का हिस्सा है तो राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व इतना कम क्यों है? इस प्रश्न का जवाब किसी भी राजनीतिक दल के पास नहीं है। बिडम्बना यह है कि आजादी के सात दशक बती जाने के बीत जाने के बावजूद आज भी भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में कोई खास बढ़ोत्तारी नहीं हुई है। वाकई में यह

स्थिति बहुत चिंताजनक है। देश की सक्रिय राजनीति में उन सीमित महिलाओं ने जगह बनाई है जो या तो खुद राजनीति परिवार से रही या फिर उन्हें किसी बड़े राजनेता का संरक्षण मिला है। किसी साधरण घर से निकल कर राजनीति में जगह बनाने वाली महिलाओं का उदाहरण बहुत ही कम है। जब तक महिलाओं को राजनीति में सम्मानजनक तरीक से प्रवेश नहीं होगा तब तक उनका राजनीति प्रतिनिधित्व बढ़ने की कम उम्मीद है।

आज जरूरत इस बात की है कि जिस प्रकार 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन द्वारा महिलाओं को आरक्षण दिया गया है और सफल रहा है उसी प्रकार संसद एवं राज्य विधान सभाओं में सारे दलों को मिलकर पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा का उदाहरण देते हुए बिल पास कराने की ईमानदार कोशिश करना चाहिए। महिलाओं को विधायिका में आरक्षण आज वक्त की जरूरत एवं समय की मांग है, इसे लम्बे समय तक टाला नहीं जा सकता है। वास्तव में भारतीय जनतंत्र की मजबूती तब तक नहीं होगी जब तक समाज के सभी लोगों की सामूहिक भागीदारी एवं कर्तव्य सुनिश्चित नहीं किये जाते। तभी सच्चे अर्थों में महिला सशक्तीकरण का सपना पूरा होगा।

महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों के विधेयक पर विभिन्न राजनीतिक दलों के पुरुष सदस्यों की प्रतिक्रिया ने महिला संगठनों और महिला विधेयकों को निराश किया है, परन्तु वे हतोत्साहित नहीं है। पुरुष प्रधान राजनीतिक संरचना में छिद्र करने का प्रयास जारी है। तथापि कुछ लोग ऐसा महसूस करते हैं कि लिंग असमानता को मिटाने के प्रयास में महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान सही रणनीति नहीं है। स्वयं आरक्षण के मुद्दे पर विषम ध्रुवीकरण है। **मधुकिश्वर** और **गैल ओमवेद्त** ने विधेयक का विरोध किया है। मधु किश्वर महिलाओं के लिए आरक्षण के पूरी तरह विरोध में है। उनकी दलील है कि इस प्रकार निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के पास वैधता का अभाव होगा और इससे महिलाओं के सबलीकरण की दिशा में कोई प्रगति नहीं होगी क्योंकि महिलाओं के साथ आरक्षण का राजनीतिक पुछल्ला जुड़ा रहेगा।[19] इसी प्रकार सेवा (SEWA) की **इलाभट्ट** ने महसूस किया है कि आरक्षण इच्छित परिणाम नहीं पहुंचेगा, महिला आर्थिक शक्ति चाहती है।'[20]

अन्य लोगों के साथ मनुषी की एवं मधु किश्वर ने वैकल्पिक विधेयक का सुझाव दिया है, परन्तु **मृणाल सोरे** एवं **प्रमिला दण्डवतें** जैसी महिला नेताओं ने अपने प्रारम्भिक विचार प्रवर्तित किये हैं। अब वे वैधानिक अंगों में महिलाओं के आरक्षण का पक्ष लिया है।[21] संसद की अधिकांश महिलाएं सदस्य दलनीति के पार विधेयक का तीव्र समर्थन कर रही है, परन्तु फिर भी आरक्षण नीति अपने में साध्य नहीं है, हमें लिंग समानता को प्राप्त करने के साधन के रूप में देखना चाहिए। आरक्षण का प्रावधान न तो तोहफा है न विशेषाधिकार। यह एक पहला कदम है और आंतरिम प्रावधान भर है जिससे महिलाओं को एक ऐसी लोकतान्त्रिक व्यवस्था की राजनीतिक मुख्यधारा में शामिल किया जा सकेगा, जिसका संविधान जाति, नस्ल, वर्ग और लिंग के भेदभावों से ऊपर उठकर अपने सभी नागरिकों के लिए समान सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हरिमोहन धावन, अरूण कुमार, ''महिला आरक्षण एवं भारतीय समाज'', रावत पब्लिकेशन्स (2011) पृष्ठ 18
2. वही, पृष्ठ 79
3. वही, पृष्ठ 61
4. वही, पृष्ठ 81
5. वही, पृष्ठ 18
6. हरिमोहन धावन, अरूण कुमार, ''महिला आरक्षण एवं भारतीय समाज'', रावत पब्लिकेशन (2011), पृष्ठ 18
7. प्रो0 बी0एल0 फाडिया एवं डा0 कुलदीप फाड़िया ''भारतीय शासन एवं राजनीति'' साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, संस्करण 2020, पृष्ठ 656
8. http://Rajyasabha.nic.in
9. http://m times of India. com/city/Raipur/ chhattisgarh has highest percentage of woman in assembly articles Law/68342958.com
10. https://www.election in political-corner/women in cabi-net minister
11. https://the print in/India/governence/how the Indian-Civil services continue to remain-a boy club 3073370
12. https://www.indiatoday:n>India
13. निवेदिता मेनन, साधना आर्य, जिनी लोकनीता, ''नारीवादी संघर्ष एवं मुद्दे'', हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय (2015) पृष्ठ 538
14. नीरा देसाई, ''भारतीय समाज में नारी'', नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया दूसरा संस्करण (2011), पृष्ठ 81
15. कुरुक्षेत्र (मासिक पत्रिका) जनवरी अंक, 2018, पृष्ठ 36
16. http://archive.1pu.org/WMN-eclassit/htm
17. प्रो0 बी0एल0 फाडिया एवं डा0 कुलदीप फाडिया, ''भारतीय शासन एवं राजनीति'' संस्करण-2020 साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, पृष्ठ 839
18. हरिमोहन धावन, ''महिला आरक्षण एवं भारतीय समाज'', रावत पब्लिकेशन्स संस्करण (2011), पृष्ठ 230-231
19. निवेदिता मेनन, साधना आर्य, जिमी लोकनीता, ''नारीवादी राजनीति संघर्ष एवं मुद्दे'', हिन्दी माध्यम् कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली विश्वविद्यालय संस्करण (2015), पृष्ठ 346
20. नारी देवाई, ''भारतीय समाज में महिलाएं'', नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया संस्करण (2011), पृष्ठ 100
21. वही, पृष्ठ 100

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

उज्जैन जिले में सोयाबीन फसल की उत्पादकता, लागत एवं लाभ पर विशेष अध्ययन

डॉ. जी. एल. खांगोड़े* महेन्द्र कुम्भकार**

* सह प्राध्यापक (वाणिज्य) शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – सोयाबीन की खेती पूरी दुनिया के कई देशों में बड़े पैमाने पर होती है। भारत का सोयाबीन के उत्पादन में पाँचवा स्थान है, प्रथम स्थान पर अमेरिका, दूसरे स्थान पर ब्राजील, तीसरे स्थान पर अर्जेंटीना और चौथे स्थान पर चायना आता है। भारत के जिन पाँच से छ: राज्यों में सोयाबीन की खेती बड़े पैमाने पर होती है, उनमें पहले स्थान पर मध्यप्रदेश आता है, दूसरे पर महाराष्ट्र आता है, महाराष्ट्र की जलवायु सोयाबीन की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है। यहाँ पर प्रति एकड़ उत्पादन भारत के औसत उत्पादन की तुलना में सर्वाधिक होता है। तीसरे और चौथे नंबर पर राजस्थान और आंध्रप्रदेश आते है और पाँचवें स्थान पर कर्नाटक आता हैं।

सोयाबीन का उत्पादन चार बिंदुओ के आधार पर निर्भर करता है। पहला सही समय पर बीजों की बुआई। दूसरा उन्नत किस्म के बीजों का चयन। तीसरा क्षेत्र में वर्षा की स्थिति। क्योंकि ज्यादा या कम वर्षा का सीधा प्रभाव उत्पादन पर पड़ता है। चौथा संतुलित मात्रा में खाद्य। इन चार बिंदुओं को अपनाया जाए तो प्रति एकड़ से सोयाबीन की फसल में 6 क्विंटल से 10 क्विंटल के बीच में उत्पादन हो सकता है। उज्जैन जिले के किसान एक एकड़ में औसतन लगभग 5 से 7 क्विंटल उत्पादन करते है। इसलिए औसत उत्पादन लगभग 6 क्विंटल मान सकते हैं। प्रति एकड़ भूमि यानी की 43,560 वर्ग फिट होती है। सोयाबीन की फसल में उत्पादन क्षेत्र अनुसार बदलता रहता है। सोयाबीन की फसल में प्रति एकड़ उत्पादन 6 क्विंटल से कम आ रहा है तो मिट्टी की जांच कृषि अनुसंधान केन्द्र में कराई जानी चाहिए क्योंकि सोयाबीन की फसल में मिट्टी का पी एच मान 7 से 8 के बीच में रहना चाहिए।

सोयाबीन के बीजों की बुआई मानसून के सीजन की पहली बारिश के बाद की जाती है जो कि 1 जून से 30 जुलाई के मध्य कभी भी हो सकती है। यह निर्भर करता है कि क्षेत्र में मानसून किस समय दस्तक देता है। जैसे जैसे मानसून राज्यों की ओर बढ़ता रहता है, वैसे वैसे सोयाबीन की फसल इस समय के मध्य में होती रहती है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्र में जून महीने में ही मानसून दस्तक दे देता है तो महाराष्ट्र के किसान जून के महीने में ही सोयाबीन के बीजों की बुवाई कर देते है। उज्जैन जिले के कई इलाकों में मानसून जुलाई के महीने में दस्तक देता है तो उज्जैन जिले के किसान जुलाई महीने में बीजों की बुआई करते है। सोयाबीन की फसल का समय चक्र निर्भर करता है कि किस किस्म के बीजों का कृषक द्वारा चुनाव किया गया है। सोयाबीन की कुछ किस्में तैयार होने में 130 से 140 दिन का समय लेती है। कुछ किस्में तैयार होने में 100 से 105 दिन का समय लेती है। तो कुछ किस्में तैयार होने में 90 दिन का समय लेती है।

उज्जैन जिले में सोयाबीन फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य सहसम्बन्ध

वर्ष	क्षेत्राच्छादन	उत्पादन	उत्पादकता
2016-17	4,59,000	6,73,000	1,467
2017-18	4,46,900	4,67,900	1,047
2018-19	5,04,216	6,48,422	1,286
2019-20	5,05,789	2,35,698	466
2020-21	5,08,110	1,86,984	368

उज्जैन जिले में सोयाबीन तिलहन फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य कार्ल पियर्सन के सहसम्बन्ध का विस्तृत अध्ययन किया गया। जिसमें पाया गया की सोयाबीन की फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता में 0.96 उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया एवं सोयाबीन के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य सम्भाव्य विभ्रम 0.0236 पाया गया तत्पश्चात् सोयाबीन के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य प्राप्त सहसम्बन्ध की सार्थकता मापी गई, सहसम्बन्ध जो की सम्भाव्य विभ्रम के 6 गुना से अधिक है अत: सोयाबीन फसल के उत्पादन एवं उत्पादकता के मध्य सहसम्बन्ध सार्थक है।

सोयाबीन की लागत एवं लाभ – सोयाबीन की फसल में प्रति एकड़ में बीज की मात्रा लगभग 35 किलो से 40 किलो के बीच लगती है। सोयाबीन की बुआई के लिए उत्तम किस्म के बीजों का चयन किया जाता हैं। बुवाई के लिए खेत को तैयार किया जाता हैं। कृषि यंत्र सीडड्रिल की सहायता से बीज बुवाई कि जाती हैं। बीज बुवाई के बाद 24 घंटे के भीतर खरपतवार नाशक का छिड़काव करना पडता है। रासायनिक खाद व उर्वरक, कीटनाशक छिड़काव (स्प्रे) समय समय पर किया जाता हैं। खेत से सोयाबीन की कटाई मजदूरों एवं कृषि यंत्रों द्वारा की जाती हैं। सोयाबीन की कटाई के उपरान्त हार्वेस्टिंग और थ्रेसिंग मशीन के माध्यम से सोयाबीन को निकाला जाता हैं। सोयाबीन को खेत से मण्डी तक ट्रेक्टर ट्राली व अन्य साधनों (ट्रांसपोर्ट) के माध्यम से पहुँचाया जाता हैं। यह निर्भर करता है कि खेत से मण्डी तक की दूरी कितनी है। इस अनुपात में ट्रांसपोर्ट का खर्च कम या ज्यादा हो सकता है।

उज्जैन जिले में सोयाबीन फसल की लागत एवं लाभ प्रति क्विंटल के मध्य सहसम्बन्ध

वर्ष	लागत प्रति क्विंटल	लाभ प्रति क्विंटल
2016-17	1,293	1,541
2017-18	1,333	1,717
2018-19	1,367	2,032
2019-20	1,458	2,252
2020-21	1,575	2,305

उज्जैन जिले में सोयाबीन तिलहन फसल की लागत प्रति क्विंटल एवं लाभ प्रति क्विंटल के मध्य कार्य पियर्सन के सहसम्बन्ध का विस्तृत अध्ययन किया गया जिसमें पाया गया की सोयाबीन की फसल की लागत प्रति क्विंटल एवं लाभ प्रति क्विंटल में 0.9047 उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया एवं सोयाबीन की लागत प्रति क्विंटल व लाभ प्रति क्विंटल में सम्भाव्य विभ्रम 0.0547 पाया गया तत्पश्चात सोयाबीन की लागत एवं लाभ के मध्य पाए गए सहसम्बन्ध की सार्थकता मापी गई, सहसम्बन्ध जो की सम्भाव्य विभ्रम के 6 गुना से अधिक है अत: सोयाबीन फसल की लागत एवं लाभ के मध्य का सहसम्बन्ध सार्थक है। अर्थात् लागत की तुलना में लाभ का प्रतिशत अधिक पाया गया है।

निष्कर्ष - उपरोक्त तालिकाओं द्वारा अध्ययन करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ है कि उज्जैन जिले में सोयाबीन की फसल करने से अन्य फसलों की तुलना में अधिक आय अर्जित की जा सकती है। उज्जैन जिले की जलवायु एवं भौगोलिक स्थिति सोयाबीन फसल के उपयुक्त है। यहाँ एक सामान्य किसान भी सोयाबीन की फसल के उत्पादन से पर्याप्त लाभ अर्जित कर सकता है। क्योंकि उज्जैन जिले में सोयाबीन फसल की उत्पादन लागत कम है और सोयाबीन फसल से प्राप्ति अधिक है। उज्जैन जिले में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-21 के मध्य सोयाबीन की फसल की लागत एवं लाभ (प्रति क्विंटल) में 0.9047 उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बन्ध एवं सम्भाव्य विभ्रम 0.0547 पाया गया तत्पश्चात सोयाबीन की लागत एवं लाभ के मध्य पाए गए सहसम्बन्ध की सार्थकता मापते हैं तो पाया गया है कि उज्जैन जिले में सोयाबीन की फसल लागत से अधिक लाभ अर्जित (अन्य बातें समान रहने पर) कर के दे सकती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. शर्मा, कालीचरण- भारत की प्रमुख फसलें - साहित्य भवन, आगरा
2. जैन, पी.सी.- भारत में कृषि विकास - रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर
3. शाह, के. एन. - कृषि अर्थशास्त्र- कॉलेज बुक डिपो, जयपुर
4. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, जिला सांख्यिकी कार्यालय, उज्जैन वार्षिक प्रकाशन
5. किसान डायरी, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, भोपाल
6. www.ujjain.nic.in
7. www.fci.gov.in
8. www.mpkrashi.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के नवीन संशोधन का अवलोकन

डॉ. धर्मराज गुप्ता*

* सहायक प्राध्यापक,पं. मोती लाल नेहरू विधि महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – वन्यजीव और पौधो पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता। ऐसे कई कारक हैं जो वन्यजीव प्राणियों के लिए खतरा हैं। जिनमें बढ़ता प्रदूषण, तापमान और जलवायु परिवर्तन, संसाधनों का अत्यधिक दोहन, अनियमित शिकार या अवैध शिकार, निवास स्थान की हानि, आदि वन्यजीवों की समाप्ति के प्रमुख कारण हैं। वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा कई कार्य और नीतियां तैयार और संशोधित की गई हैं।

जंगली पौधों और जानवरों की प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाने के लिए की गयी कार्रवाई को वन्यजीव संरक्षण कहा जाता है। मानव द्वारा विभिन्न योजनाओं और नीतियों को अमल में लाकर इसे हासिल किया जाता है। वन्यजीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण कारक है, उनके अस्तित्व के बिना, पारिस्थितिक संतुलन एक असंतुलित स्थिति में बदल जाएगी। जिस तरह से इस धरती पर मौजूद हर एक प्राणी को अपने अस्तित्व का अधिकार है और इसलिए उन्हें एक उचित निवास स्थान और उनकी शर्तों का अधिकार मिलना चाहिए।राष्ट्रीय स्तर पर, वन्यजीव संरक्षण के लिए एक विशेष अधिनियम है जो वन्यजीव की संरक्षण, संग्रहण, और प्रबंधन के लिए नियमों और विधियों को स्थापित करता है।वन्यजीव संरक्षण क्षेत्रों को संरक्षित क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया जाता है ताकि उनकी संरक्षण बना रहे। यह अधिनियम वन्यजीव संरक्षण की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण अंग है।वन्यजीव संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संधियाँ और समझौते भी होते हैं। इनमें वन्यजीव वाणिज्य, संरक्षण के लिए गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए अनुबंध शामिल हो सकते हैं। कुछ प्रजातियाँ विशेष रूप से संरक्षित होती हैं,और उनके शिकार पूर्णतय: प्रतिबंध लगाया जाता है।वन्यजीव की शिकार और तस्करी को नियंत्रित करने के लिए कानूनी प्रावधान किये गये हैं। इस अधिनियिम में कठोर दंड और जुर्माना शामिल किया गया है।इन प्रावधानों का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण और प्रबंधन को सुनिश्चित करना है, जिससे हम समृद्धि, संतुलन, और विकास को सुनिश्चित कर सकें।वन्यजीव की जड़ में जैव विविधता है, जहाँ हर प्रजाति चाहे वह छोटी हो या बड़ी, निर्वासनीय भूमिका निभाती है। सबसे बड़े स्तनधारियों से छोटे कीटों तक हर प्राणी जगत के प्रणाली और प्रतिकूलताओं में योगदान करता है। हर जीव जगत के लिए संतुलन और संघर्षशीलता का योगदान करता है।

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 वन्य प्राणियों और पादकों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण, उनके प्रवासों के प्रबंधन, जंगली जानवरों, पोधों तथा उनसे बने उत्पादों के व्यापार के विनियमन एवं नियंत्रण के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। यह अधिनियम उन पादकों एवं जीवों की अनुसूचियों को भी सूचीबद्ध करता है जिन्हें सरकार द्वारा अलग–अलग स्तर की सुरक्षा तथा निगरानी प्रदान की जाती है तथा यह अधिनियम अब जम्मू कश्मीर और लद्दाख पर भी लागू होता है।

नवीनतम संशोधन

वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2022 में कुछ नवीनतम संशोधन किए गए हैं जो कि बहुत महत्वपूर्ण हैं–

1. अनुसूचियों की संख्या पहले के छ: से घटा कर चार कर दी गई है।
2. अनुसूची 1 में वे पशु प्रजातियां शामिल हैं जिन्हें सर्वाधिक संरक्षण की आवश्यकता है।
3. अनुसूची 2 इस सूची के अंतर्गत आने वाले जानवरों को भी उनके संरक्षण के लिए उच्च सुरक्षा प्रदान करता है।
4. अनुसूची 3, इसमें संरक्षित पौधों की प्रजातियां शामिल हैं।
5. अनुसूची 4 में (वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय) के तहत अनुसूचित प्रजातियां शामिल हैं।

धारा 2 परिभाषा खंड में बंदी प्राणी से तात्पहर्य अनुसूची 01 या अनुसूची 02 में विनिर्दिष्टि ऐसा कोई प्राणी अभिप्रीत है जो पकडा गया है या बंदी हालात में रखा गया है अथवा बंदी हालात में प्रजनित हुआ है।

आवास– आवास के अंतर्गत ऐसी भूमि, जल और वनस्प ति है जो किसी अन्य वन्य प्राणी या विनिर्ष्टित पादप का प्राकृतिक गृह है ।

पशुधन – पशुधन कृषि में आने वाले प्राणी अभिप्रेत है किन्तु इसमें अनुसूची 01 अनुसची 02 अनुसूची 04 में वनिर्ष्टित कोई प्राणी सम्मिलित नही है।

विर्निमाता– विर्निमाता से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो यथास्थिति अनुसूची 01 अनुसची 02 अनुसूची 03 में वनिर्ष्टित कोई प्राणी या पादप से वस्तुओि का विर्निमाण करता है।

व्यक्ति – व्यक्ति के अंतर्गत कोई फर्म या कंपनी या कोई प्राधिकरण या कोई संगम या व्यक्तियों का निकाय चाहे निगमित हो या नही सम्मिलित है।

विनिर्दिष्ट पादप – विनिर्दिष्ट पादप से अनुसूची 03 में विनिर्दिष्टत पादप अभिप्रेत है ।

पीडक जन्तु – पीडक जन्तुन से ऐसा वन्यप जीव अभिप्रेत है जो धारा 62 के अधीन अधिसूचित है।

वन्य प्राणी– वन्य प्राणी से ऐसा प्राणी अभिप्रेत है जो अनूसूची 01 या

अनुसूची 02 में विनिर्दिष्ट है। और प्रकृति से ही वन्य के परिभाषा खंड में संशोधन किये गये है।

धारा 9 शिकार का प्रतिषेध में लेख किया है कि कोई भी व्यक्ति अनुसूची 01 एवं अनुसूची 02 में विनिर्दिष्ट किसी वन्य प्राणी का धारा 11 एवं 12 के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय शिकार नही करेगा ।

धारा 50 में प्रवेश,तालाशी, गिरफ्तारी और निरूद्ध करने की शक्ति- में या 'प्रबंध प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी' व या निरीक्षक की पंक्ति से अन्यूसन कोई सीमा शुल्क व अधिकारी या सहायक कमाण्डेंट की पंक्ति से अन्यून तटरक्षक या कोई अधिकारी लेख किया गया है।

धारा 51 शास्तियां -जुर्माना की राशि को कई गुना बढाया गया है यहा तक की जुर्माना में 50 लाख तक का प्रावधान किया गया है।

वन्य जीवन लाइसेंसिंग नियम 2024 - केन्द्र सरकार ने हाल ही में वन्य जीव व्यापार नियम 1983 में संशोधन करते हुए वन्य जीवन लाइसेंसिंग नियम 2024 पेश किया और यह नियम 16 जनवरी 2024 से लागू हो गया।

वर्ष 1983 में प्रकाशित नियमों में कहा गया है कि केन्द्र सरकार के पिछले परामर्श के अलावा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 1,2,3 में निर्दिष्ट वन्य जीवों के व्यापार के लिए ऐसा कोई लाइसेंस नहीं दिया जाएगा।

वर्ष 2024 के नये नियमों के माध्यम से अब वन्य जीवों के लिए लाइसेंस दिया जा सकता है।

लेकिन आज की दुनिया में वन्यजीव कई धमाकेदार संघर्षो का सामना कर रहा है। आवास का नष्ट होना, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और शिकार केवल कुछ चुनौतियाँ हैं जिनका सामना करना पड़ता है। मानव गतिविधियों के कारण, अनेक प्रजातियों को नष्ट हो रहा है या अत्यंत खतरे में पड़ रही है। वन्यजीव संरक्षण के प्रयास अपने पृथ्वी के वन्यजीव की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। संरक्षित क्षेत्र स्थापित करने से लेकर सतत गतिविधियों को क्रियान्वित करने तक हम कई तरीकों से साथ मिलकर आगे बढ़ सकते हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक अद्धितीयता को सुरक्षित रखा जा सके। शिक्षा और जागरूकता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं जो लोगों को जैव विविधता की महत्वता को समझने में मदद करती हैं और उन्हें कार्रवाई करने के लिए लेकिन आज की दुनिया में वन्यजीव के कई खतरों का सामना कर रही है। आवास की हानि, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और अवैध शिकार कुछ ऐसे चुनौतियाँ हैं जिनसे जीवों और पौधों को निपटना पड़ता है। जैसे-जैसे मानव गतिविधियाँ प्राकृतिक जगहों के ऊपर बढ़ती हैं बहुत सी प्रजातियाँ नष्ट हाने के कगार पर पहुँच जाती हैं।

वन्यजीव संरक्षण के प्रयास अपने प्राकृतिक जगत को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना से लेकर पर्यावरणीय व्यवस्थाओं को लागू करने तक, हम कई तरीकों से साझा कर सकते हैं ताकि प्रधानमंत्री ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक अद्‌भुतता को संरक्षित करने के लिए काम किया। शिक्षा और जागरूकता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो लोगों को जैव विविधता के महत्व को हैं। अंत में, वन्यजीव की रक्षा सिर्फ व्यक्तिगत प्रजातियों को बचाने के बारे में नहीं है। यह सभी के लिए संरक्षण के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हम सभी मिलकर वन्यजीव के चमत्कारों को संरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए काम करके, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल और अधिक सतत भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

निष्कर्ष - वन्य जीवों के संरक्षण में उनका संरक्षण, उनके प्रवास का प्रबंधन एवं उनसे बने उत्पादों के व्यापार के विनियमन एवं नियंत्रण के लिए वन्य जीव संरक्षण संसोधन अधिनियम 2022 एक महत्वपूर्ण संसोधन हुआ है जिसके परिणाम स्वरूप वन्य जीवों के संरक्षण में बहुत अधिक योगदान रहा है। इस अधिनियम के द्वारा केन्द्र सरकार अलग-अलग स्तर की सुरक्षा एवं निगरानी प्रदान करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. Upadhyay Dr. Jay Jay Ram, Environmental Law, 12th edition published in 2020 by central law agency
2. Jaswal Dr. P.S., Environmental Law ; Edition, 2021
3. Prasad Dr. Anirudh, Paryavaraniya Vidhi, Publisher: Central Law Publication,Year: 2018

****

हिन्दी साहित्य में आचार्य विद्यासागर का प्रदेय

डॉ. गणेशलाल जैन* प्रीति सोनी**

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (हिन्दी) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – अब तक हिन्दी साहित्य में केवल धरती पर ही कविताएँ लिखी गई। मिट्टी पर किसी का ध्यान ही नहीं गया। दिगम्बर जैनाचार्य विद्यासागरजी ने मिट्टी पर यह महाकाव्य लिखकर साहित्य के क्षेत्र में महान योगदान दिया है। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में आचार्य श्री जी का यह योगदान हिन्दी साहित्य के महत्व की ओर भी बढ़ता है।

खडी बोल और मुक्त छन्द में आध्यात्मिक आधार देकर लिखा गया मूकमाटी पहला महाकाव्य है। धरती पर यद्यपि कवियों ने लिखा है और कुछ रचनाओं में माटी का उल्लेख भी आया है पर इस महाकाव्य में माटी को आत्मा का प्रतीक मानकर वर्णन हुआ है। इसलिए इसका अध्ययन साहित्यक कृति के रूप में नहीं बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक महाकाव्य के रूप में करना चाहिए। काव्य की भाषा यद्यपि बहुत सरल है किन्तु अर्थ बहुत गूढ़ और मर्म स्पर्शी है। जिसे पाठक अपनी बुद्धि और विवके के आधार पर गृहण कर सकता है। यह एक अपने आप में अनूठा ग्रंथ है जो अपनी विशेषतओं को पाठक की बुद्धि के आधार पर निर्भर करता है। आचार्य विद्यासागर जी ने विभिन्न काव्य साहित्य के रूप में हिन्दी साहित्य में अपना योगदान प्रस्तुत किया है। जो आध्यात्मिक एवं सामाजिक साधना से ओतप्रोत है। कई दर्शन साहित्य साधना के रूप में प्रस्तुत किया है। नए-नए विषयों को लेकर तथा गुरू कृपा को आधार बनाकर आचार्य विद्यासागर ने हिन्दी साहित्य को श्रेष्ठ बनाने में अपना अनुपम योदान प्रस्तुत किया है। असाधारणीय महाकाव्य मूकमाटी के रूप में आचार्य श्री ने अपना श्रेष्तम योगदान हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में प्रस्तुत किया है। मूकमाटी आधुनिक हिन्दी कविता की शैली में लिखी हुई गीता है।

संत कवि आचार्य विद्यासागर जी की भाषा अत्यंत समृद्ध, गरिमामयी और प्रवाहपूर्ण है 'रमता जोगी बहता पानी' की तरह उनका पद-विहार उनके भाषा शास्त्र को परिपक्व और गरिमामय बनाता है। यद्यपि संत कवि की मातृभाषा कन्नड है। पर इसके वावजूद हिन्दी भाषा पर उनका असाधारण अधिकार उनके सतत् अध्ययन, मनन और चिंतन की अभिरूचि को दर्शाता है। उनके द्वारा काव्य में जगह-जगह पर किये गये भावों के नव्यतम् प्रयोग उनकी अभिरूचि को दर्शातात है। कवि के भाषायी कौशल को हम कतिपय उदाहरण के द्वारा भली प्रकार से समझ सकते हैं।

आसमान को छूना
आसान नहीं है। जब छुयेगा
गहन गहराईयाँ
तब कहीं संभव हो
आसमान को छूना ।।

भावों के अनुरूप भाषा का प्रयोग आचार्य श्री की सबसे बड़ी विशेषता है। उन्होंने अपनी भाषा को श्रम और साधना के साँचे में ढ़ाला है। अपने भावों को सहजता के साथ प्रस्तुत कर देने की कला में आचार्य श्री सिद्धस्त् हैं।

उनका कहना है – आत्मतत्व के भावों से शब्दों एवं शब्दों से भाषा का रूप मिलकर ही इसका संपादन हुआ है। कवि की भाषा सर्वत्र भावों के अनुकूल है। आपने अध्यात्म रस से रिक्त गहनतम् सिद्धान्तों को भी अत्यंत सरल भाषा में प्रस्तुत कर कौशल दिखाया है। वे शब्दों में अन्तर्निहत अर्थ को शब्द की आत्मा में प्रवेशकर उसके अर्थ को बहार निकालने में सिद्धहस्त हैं। आचार्य श्री की शब्द-साधना को देखकर ऐसा लगता है कि उन्हें भाषा तक स्वयं नहीं जाना पड़ा है, अपितु भाषा स्वयं उन तक चलकर आई है। हिन्दी साहित्य में आचार्य विद्यासागर का विशेष योगदान है। जिससे हिन्दी साहित्य में नवीनतम विधाओं का महत्व बढ़ा है।

आचार्य विद्यासागर जी ने भावानुकूल भाषा का निर्माणकर वातावरण और परिस्थिति के अनुकूल शब्द के चयन में अत्यंत कुशलता का परिचय दिया है। उनका शब्द-भण्डार अत्यंत विलुप्त है। ऐसा लगता है जैसे कि शब्द उनके संकेतों पर नृत्य कर रहे हों। वे प्रत्येक शब्द के अर्थ और महत्व को भली भाँति जानते और पहचानते हैं। उन्होंने शब्दों की आत्मा में बैठकर उनकी महिमा और गरिमा को आत्मसात् किया है। तभी तो मूकमाटी जैसे महाकाव्य का सृजन संभव हो सका है।

आचार्य विद्यासागर सच्चे अर्थों में इस सदी के शिखर पुरूष हैं। क्योंकि आपकी वाणी में ऋणुता, व्यक्तित्व में समता और जीने में सादगी की त्रिवेणी लहराती है। मानवता का ऐसा सजग प्रहरी जिसने जन-जन की चेतना को झकझोरा है, विश्वकल्याण की कामना से अपने काव्य को संवारा हो, जीवन-मूल्यों को सजग बनाने के लिए अपनी काव्य कृतियों के ताने बाने बुने हो, जीवन की सारी सरसता जिन्होंने मानवता

के कल्याण के लिए न्यौछावर कर दी हो ऐसे युग-पुरूष की जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'संत कवि आचार्य श्री विद्यासागर की साहित्य साधना' पृष्ठ सं. 225 हिन्दी साहित्य में हाइकु का महत्व और उपयोगिता।
2. डॉ. राजमल बोरा, मूकमाटी पेज नं. 157
3. डॉ. राजमल बोरा, मूकमाटी पेज नं. 157
4. संत कवि आचार्य श्री विद्यासागर की साहित्य साधना पृष्ठ संख्या - 161, 126/2, 164

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

एक देश एक चुनाव

रेणु ठाकुर*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुरा (नीमच) (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना - यह विचार भारत देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने हेतु, भारत में सरकारी खर्चों को कम कर रोजगार स्तर को अधिकतम करने हेतु एवं शासन- व्यवस्था के निरंतर सुसंचालन हेतु एक उत्कृष्ट समाधान साबित हो सकता है क्योंकि हर 5 साल में ही सही परंतु लोकसभा और विधानसभा के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग चुनाव प्रचार प्रसार से लेकर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने तक की प्रक्रिया में जितना खर्चा होता है उतने में सरकार इन 5 सालों के प्रत्येक वर्ष में जनता के विकास हेतु अनेकों योजनाएं बना सकती हैं। जैसे जहां आज भी कुछ जिलों में मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दो वक्त की रोटी भी नहीं मिलती है उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जा सकता हैं, नक्सलवाद की समस्या जिसका मुख्य कारण सरकार द्वारा उनकी अनदेखी कर उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी प्रदान ना करना हैं। जिसके प्रमुख कारणों में से एक राजनीति भी हैं क्योंकि कुछ सरकारें चाहती ही नहीं है देश में गरीबी के मुद्दे को पूरी तरीके से खत्म करना इसलिए भी इन क्षेत्रों का विकास आज तक नहीं हो पाया है इस समस्या को भी काफी हद तक जड़ से मिटाया जा सकता है। क्योंकि हर आवश्यकताओं की पूर्ति का मूल आधार धन होता हैं जो कि हमारे देश की सरकार के पास भी बहुत हैं आवश्यकता है उसे सही तरीके से खर्च करने की।

कुंजी शब्द- एक देश,एक चुनाव,शुरुआत,एक देश एक चुनाव से उत्पन्न समस्याएं,लाभ।

शोध कार्य का उद्देश्य - एक देश एक चुनाव वर्तमान समय में एक ज्वलंत मुद्दा बन चुका हैं जिसके कारण हर राज्य, हर वर्ग सभी को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। क्योंकि एक देश एक चुनाव प्रक्रिया सामान न होने से देश का खर्चा देश की अर्थव्यवस्था एवं प्रशासनिक व्यवस्था सब कुछ अस्त-व्यस्त हो जाती हैं। क्योंकि आचार संहिता लगने से लेकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक शासन एवं सभी शासकीय संस्थाओं के लगभग सारे कार्य रोक दिए जाते हैं जिससे सभी के कार्यो में बाधा उत्पन्न होती है अत: मेरे शोध-पत्र का उद्देश्य अपने शोध पत्र के माध्यम से इस समस्या से संबंधित अन्य मुद्दों उसके कारणों एवं उसके संभावित उपायों को सरकार एवं जनता के सामने प्रस्तुत करना है।

एक देश एक चुनाव की शुरुआत - भारत में एक देश एक चुनाव की शुरुआत 1952 में हुई क्या पहली बार लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुए थे। उसके बाद यह क्रम 1957, 1962 एवं 1967 तक सुचारू रूप से चलता रहा यह क्रम तब टूटा जब 1968 - 69 में कुछ राज्यों की विधानसभाओं को समय से पहले ही भंग करना पड़ा परन्तु इससे यह तो पता चलता है कि वर्तमान में जोरो से चल रहा मुद्दा एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया कोई नवीन प्रक्रिया नहीं है। जिसे शुरू करने में इतना विचार विमर्श करना पड़े बस थोड़ा सा संशोधन करने की आवश्यकता हैं पर इस देश में एक चुनाव की प्रक्रिया हर स्तर पर लगभग अधिकांश समस्याओं का एक समाधान सिद्ध हो सकती है।

एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया में समस्याएं

1. **संवैधानिक प्रावधान -** एक कहावत है कि जिस तरह कुछ नहीं से कुछ तो बेहतर होता है इसी तरह आवश्यकता सिर्फ कुछ विधानसभाओं को छोड़ दिया जाए तो जितना संभव हो उतना तो लगभग सारी लोकसभाओं एवं विधानसभाओं के चुनाव साथ में संपन्न कराए जा सकते हैं। क्योंकि एक देश एक चुनाव पर यह तर्क दिया जा रहा है कि संविधान में इस तरह के चुनाव संपन्न करने का कोई संवैधानिक प्रावधान ही नहीं है पर यूं तो हमारे वर्तमान संविधान में अनेकों ऐसे नवीन हैं जो हमारे मूल संविधान में नहीं थे। फिर भी संविधान संशोधन के माध्यम से प्रारंभ में जो 395 अनुच्छेद थे उनकी संख्या आज बढ़कर 470 हो गई है तो संविधान संशोधन हुए हैं तभी यह संख्या बढ़ी हैं। तो इस मुद्दे पर संशोधन क्यों नहीं एक संविधान संशोधन के माध्यम से देश में बहुत आसानी से एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती हैं और जिनके साथ में संभव नहीं है। उनके दूसरे चरणों में चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं पर अगर 80% या 70% चुनाव भी साथ में संपन्न किया जा सकते हैं तो इसके अनेकों लाभ हैं

2. **क्षेत्रीय दलों का भय -** वर्तमान क्षेत्रीय दलों का राजनीतिक भय यह हैं कि चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान राष्ट्रीय मुद्दों को क्षेत्रीय मुद्दों की अपेक्षा अधिक प्राथमिकता दी जाएगी अत: उनका यह भय निकालने की जिम्मेदारी सरकार, राष्ट्रीय दलों और चुनाव आयोग की है कि क्षेत्रीय दलों को भी अपने क्षेत्रीय मुद्दों का प्रचार प्रसार करने का समान समय दिया जाएगा। क्षेत्रीय मुद्दों को भी राष्ट्रीय मुद्दों के समान ही महत्व दिया जाएगा क्योंकि अगर क्षेत्रीय मुद्दों को अनदेखा किया गया तो उन्हें भी राष्ट्रीय स्तर के मुद्दे बनने में देर नहीं लगेगी। क्योंकि क्षेत्रीय मुद्दे भी स्थानीय क्षेत्र की जनता से संबंधित होते हैं और सरकार राज्य स्तर की हो या राष्ट्रीय स्तर की चुनती तो जानता ही है इसलिए इन क्षेत्रीय मुद्दों की अनदेखी तो किसी भी तरह से संभव नहीं है इतना आत्मविश्वास तो क्षेत्रीय दल को भी स्वयं में रखना होगा।

चुनाव प्रचार प्रसार के विकल्प

1. **सकारात्मक प्रचार -** चुनाव लोकसभा के हो या विधानसभा के इन सभी के प्रचार प्रसार में जरूरी नहीं है कि नेताओं द्वारा रोड शो किया जाए वैसे भी प्रचार प्रसार में सारे नेता अपनी योजनाए कम और विपक्ष की बुराइयां

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

ज्यादा दिखाते हैं। होना यह चाहिए कि पिछले 5 वर्षों में लोकसभा या विधानसभा के प्रत्येक सांसद या विधायक द्वारा अपने जिले में जितने भी विकास के कार्य किए गए हैं और आने वाले वर्षों में भी जो उन्होंने जनता की विकास हेतु जो कार्य निर्धारित किए हैं। सिर्फ जनता को उन्हीं की जानकारी दी जाए सामने वाले की बुराइयां दिखाकर आप अपनी कमियां नहीं छुपा सकते हैं।

2. **डिजिटल तकनीक का उपयोग –** आज का युग तकनीकी युग है प्रचार प्रसार के ऑनलाइन अनेकों माध्यम उपलब्ध हैं इंटरनेट, रेडियो, टीवी की पहुंच तू सभी तक उपलब्ध हो जाती है और गरीब से गरीब इंसान के पास इंटरनेट ना सही कीपैड मोबाइल तो होता हैं। जिसमें भी सरकार द्वारा गरीब जनता तक भी अपनी योजनाओं का प्रचार प्रसार मैसेज के माध्यम से किया जा सकता है जिस तरह सरकार आधार कार्ड से संबंधित जानकारी प्रत्येक इंसान को मैसेज के माध्यम से भेजते हैं। मोबाइल कंपनी रिचार्ज के मैसेज भेजती हैं इस तरह सोच कर कोशिश की जाए तो हर काम संभव है इसके अलावा और भी साधन प्रचार प्रसार हेतु उपलब्ध हो सकते हैं जो एक पल में नहीं सोचे जा सकते हैं पर सोचने की शुरुआत तो की जा सकती हैं।

एक देश एक चुनाव के लाभ

1. **सरकारी खर्चें में कमी –** देश में एक साथ लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव एक साथ संपन्न करने का एक प्रमुख लाभ यहां होगा कि इससे सरकारी खर्चें में काफी कमी आएगी और साथ ही अलग-अलग चुनाव कराने में हर बार प्रसार प्रचार हेतु जो अलग-अलग संसाधनों एवं सुविधाओं की व्यवस्था करनी पड़ती हैं। जिसमें हर बार करोड़ों का यूं ही व्यय हो जाता हैं अगर सही तरीके से एक साथ ही चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाए तो सरकार का बहुत सारा धन व्यर्थ खर्च होने से बचाया जा सकता हैं जिससे सरकार सरकारी खजाने का सदुपयोग अन्य जनकल्याण के कार्यों में कर पाएगी।

2. **शुरूआती दौर में चुनावी खर्चों का ब्यौरा प्रत्याशियों का खर्च –** इस वर्ष 1999 के मुकाबले प्रत्याशियों द्वारा अपने चुनाव प्रचार पर खर्च की जाने वाली रकम के दुगना होने के भी आसार हैं।आयोग द्वारा ये राशि केवल 25 लाख रुपए तक की गई है।पिछले चुनावों में भाग ले रहे प्रत्याशियों ने लगभग 55 करोड़ रुपए प्रचार पर व्यय किए गए थे।एक अनुमान है कि ज्यादातर प्रत्याशी सबसे ज्यादा खर्च समाचार पत्रों और टीवी, रेडियो पर दिए जाने वाले विज्ञापनों पर करते हैं, और उनके कुल खर्च का सिर्फ एक तिहाई ही क्षेत्र में दौरे करने, गाड़ियां भाड़े पर लेने या कार्यकर्त्ताओं पर खर्च होता है।2019 में हुआ लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव था। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अनुसार, 2019 में चुनावों में 50,000 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान जताया गया था, लेकिन असल में यह 60,000 करोड़ लगा। लोकसभा चुनाव 5 सालों में होते हैं और उतनी ही तेजी से खर्चे बढ़ते जाते हैं।2009 में हुए 15वें लोकसभा चुनाव का बजट भारत में उससे पहले हुए चुनावों से 15 गुना ज्यादा था। इससे पहले की बात करें तो 1993 में लोकसभा चुनावों में 9000 करोड़, 1999 में 10,000 करोड़, 2004 में 14,000 करोड़, 2009 में 20,000 करोड़, 2014 में 30,000 करोड़ और 2019 में 60,000 करोड़ रुपये चुनाव पर खर्च हुए। इस लिहाज से देखें तो 2014 के चुनाव का खर्च 2009 से डेढ़ गुना बढ़ा था। इसी तरह 2019 के चुनाव में 2014 के हिसाब से लागत दोगुनी हुई थी। इस आंकड़े को आधार मानें तो 2024 के चुनाव में 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है। जो दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है।ऐसे होता है चुनाव खर्च का बंटवारा यदि 2019 में चुनाव पर खर्च हुई राशि की बात करें तो इसमें से 20 प्रतिशत यानी 12 हजार करोड़ रुपये चुनाव आयोग ने चुनाव प्रबंधन पर खर्च किए। 35 प्रतिशत यानी 25000 करोड़ रुपए राजनैतिक पार्टियों द्वारा खर्च किया गया। 25000 करोड़ में से 45% बीजेपी ने खर्च किए जबकि कांग्रेस ने 20% और बाकी ने 35% खर्च किया। 2019 में अकेले 5000 करोड़ रुपये सोशल मीडिया पर खर्च किए गए।निर्वाचन आयोग ने कुछ समय पहले चुनाव प्रचार पर खर्च की सीमा बढ़ाई थी।फिर भी देश में लगभग सौ ऐसे संसदीय क्षेत्र हैं जहां प्रत्याशियों ने 10 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किए हैं।एक अनुमान है कि 50 क्षेत्रों में यह रकम एक करोड़ रुपए तक को छू गई है।

वर्ष	कितना खर्च
1991	359 करोड़ रुपए
1996	597 करोड़ रुपए
1998	666 करोड़ रुपए
1999	880 करोड़ रुपए
2004	1200 करोड़ रुपए

वैसे चुनाव आयोग ने वर्तमान समय में चुनावी खर्चों पर नियंत्रण करने हेतु कुछ नवीन नीतियों को तो अपनाया ही हैं जहां एक और विधानसभा चुनाव में चुनावी खर्च को 28 लाख से बढ़कर 40 लाख का दिया गया हैं। पर इसके साथ ही नियंत्रित तरीके से खर्च करने के कुछ नियम भी चुनाव आयोग ने निर्धारित किए हैं। जैसे 40 लाख में से केवल 10,000 रुपए ही चुनावी दल नगर में खर्च कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सारा ट्रांजैक्शन ऑनलाइन तरीके से करना होगा जिसमें सारे लेनदेन की रसीदें भी दर्शाना जरूरी होगी। इससे फायदा यहां होगा कि चुनावी दलों द्वारा किया जाने वाला अनावश्यक खर्च या फिर प्रचार प्रसार के नाम पर दिया जाने वाला रुपया केवल प्रचार प्रसार में ही खर्च होगा, किसी भी विधायक एवं सांसद को अपनी पार्टी में शामिल करने में इस धन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इससे एक तरफ तो कुछ हद तक तो विधायकों एवं सांसदों की खरीद फरोख पर रोक लगेगी और दूसरी तरफ चुनावी खर्चों में पारदर्शिता आएगी।

3. **जनता की सुरक्षा में अतिरिक्त खर्चों में कमी –** जब भी नक्सली क्षेत्रों में चुनाव संपन्न कराए जाते हैं तो उससे पहले जनता की सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की जाती है और अगर यह व्यवस्था हर बार हर अलग-अलग क्षेत्रों में की जाए तो इन सब का अतिरिक्त खर्च भी सरकार को उठाना पड़ता हैं। क्योंकि अधिक भीड़भाड़ में जाने से नक्सली भी कतराते हैं और हर बार चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था करने का भी खर्चा कम होगा क्योंकि जनता की सुरक्षा हेतु मुख्यत: नक्सली क्षेत्रों में सरकार की जवाबदेही और अधिक बढ़ जाती हैं अगर एक साथ चुनाव संपन्न हो तो जनता को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता ही ना पड़े साथ ही हर बार इन सारे कार्यों पर अधिकारियों एवं कर्मचारी को बार बार परेशानी भी नहीं होगी। क्योंकि नक्सली क्षेत्र में मतदान पेटी को सुरक्षित रखने में कई बार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जान का खतरा भी उठाना पड़ता हैं।

4. **शासकीय कार्यों में बाधा से मुक्ति –** इन लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में हर तरह के शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी चाहें वह बैंक से संबंधित हो या फिर कॉलेज एवं स्कूलों से संबंधित हो सभी की ड्यूटी चुनाव में लगाई जाती है। जिससे इन सभी संस्थाओं के दिन प्रतिदिन से संबंधित कामों में बाधा उत्पन्न होती हैं आम जनता , किसान एवं श्रमिक वर्ग के साथ-

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

साथ छात्र–छात्राएं भी शैक्षणिक एवं मानसिक तनाव झेलते हैं। क्योंकि बच्चों की परीक्षाएं बाधित होती हैं, रिजल्ट देर से आता है जिसके कारण वह प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म भी समय से नहीं भर पाते हैं किसी प्रतियोगी परीक्षा फॉर्म में तिथि से एक महीने भी उम्र ज्यादा हो जाए तो वह प्रतियोगी परीक्षा में नहीं बैठ पाते हैं और उनकी इस समस्या की जिम्मेदार भी सिर्फ सरकार होती हैं। इसलिए लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ एक समय पर होने से इन सभी शासकीय संस्थाओं के कार्य में भी एक ही बार बाधा आएगी और अगले 5 सालों तक यह संस्थाएं बाधामुक्त होकर सुचारू रूप से कार्य कर पाएंगी।

एक देश एक चुनाव की वैश्विक सफलता – वैश्विक स्तर पर तो एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया को विकसित देशों में प्रारंभ से ही अपनाया गया है और यह सफल भी सिद्ध हुआ है जैसे कि अमेरिका में राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव हर चार साल में एक निश्चित तिथि पर होते हैं।

फ्रांस में भी हर 5 साल में राष्ट्रपति और नेशनल असेंबली के चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान हैं जिसके तहत उनका कार्यकाल भी समान एवं निश्चित समय के लिए तय किया जाता हैं।

स्वीडन में चुनाव के जिस मॉडल को अपनाया गया है उसके अंतर्गत संसद और स्थानीय सरकार के चुनाव हर चार साल में साथ में संपन्न होते हैं। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका एवं काउंटी परिषद के राष्ट्रीय चुनाव के साथ होने से मतदाताओं को एक ही दिन में कई चुनावी प्रक्रियाओं में शामिल होने का मौका मिलता हैं।

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि विदेश में भी एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सालों से वर्तमान समय तक सफलतापूर्वक निरंतर चली आ रही है। तो फिर भारत जैसे विकासशील देश से विकसित देश बनने की राह पर खड़े देश में तो एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया और भी आसान है क्योंकि भारतीय संविधान मिश्रित संविधान कहलाता है, जिसमें आवश्यकतानुसार संशोधन करने का प्रावधान किया गया है और उपरोक्त वर्णित समस्याओं को देखते हुए एक देश एक चुनाव हेतु एक नवीन संविधान संशोधन अनिवार्य हो गया हैं।

निष्कर्ष – ऐसे और कई कारण कई समस्याएं हैं जो अलग–अलग समय में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के संपन्न करने से उत्पन्न होती हैं कहते हैं कि हर समस्या का समाधान मौजूद है आवश्यकता है उस पर गहराई से अमल करने की जिसका समय अब आ गया है क्योंकि वर्तमान में, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और ओडिशा राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ आयोजित किये जाते हैं और अब तो भारत वैश्विक गुरु बनने की राह पर है। इसलिए आवश्यक है कि उसे आर्थिक राजनीतिक एवं बौद्धिक तौर पर भी भारत की प्रतिष्ठा को चरम सीमा तक पहुंचाना होगा। क्योंकि एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया सार्वभौमिक तौर पर संपन्न करने से समय और धन की बचत तो होगी ही साथ–साथ सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी चाहे वह स्कूल हो, कॉलेज हो या कलेक्ट्रेट हो सभी के काम बिना बाधा के सुचारू रूप से समय पर संपन्न हो पाएंगे। जिससे आम जनता एवं छात्र–छात्राओं किसी को भी अलग–अलग समय पर होने वाले चुनाव के कारण होने वाली समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.jagran.com/news/national-one-nation-one-election-formula-is-implemented-in-many-countries-of-world-including-america-and-france-23647059.html
2. https://indianexpress.com/article/opinion/columns/one-nation-one-election-cost-effective-blueprint-8924172/ https://www.tv9hindi.com/india/will-the-worlds-most-expensive-election-be-held-in-2024-it-will-cost-so-many-crores-2430649.html

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

'भ्रमरगीत' एक विरह विभूषित काव्य कथा

डॉ. मुकेश कुमार*

* सहायक आचार्य, विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कैराना, शामली (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भ्रमरगीत काव्य का उद्गम संस्कृत साहित्य के माध्यम से सर्वप्रथम श्रीमद्भागवत पुराण में हुआ। श्रीमद्भागवत में मथुरा से कृष्ण द्वारा भेजे गये उद्धव ब्रजधाम में पहुँचकर ज्ञानोपदेश द्वारा ब्रजवल्लभाओं की विरह व्यथा दूर करने का प्रयत्न करते हैं। उद्धव को देखकर स्वत: गोपियों के हृदय में कृष्ण एवं उद्धव की लोभी प्रवृत्ति का स्मरण हो आता है। गोपी-उद्धव संवाद के मध्य भागवतकार को एक कल्पना सूझ गई है। गोपियाँ भ्रमर को उद्धव तथा कृष्ण की लोलुपता एवं स्वार्थी प्रवृत्ति का प्रतीक मानकर सम्बोधित करते हुए उपालम्भ देने लग जाती हैं। यही भ्रमरगीत का विषय स्वरूप है और इस प्रकार गोपियों द्वारा 'भ्रमर' को लक्ष्य कर कृष्ण के प्रति उद्धव से कहे जाने वाले पद ही बाद में 'भ्रमरगीत' या 'भ्रमर-काव्य' कहलाये। भ्रमर को उपालम्भ का पात्र मानकर चलने वाली यह कथानक रूढ़ि से इतनी महत्वपूर्ण और व्यंग्य के लिए इतनी उपयुक्त थी कि इसी अभिप्राय को लेकर बाद में श्राव्य रूप खड़े होने लगे।

हिन्दी साहित्य के 'भ्रमरगीत' की इस काव्य परम्परा के अन्तर्गत कतिपय कवियों ने उद्धव-गोपी संवाद के मध्य भ्रमर का प्रवेश कराया है। इसी भ्रमर को कृष्ण का प्रतीक मानकर गोपियों द्वारा मन भरकर उपालम्भ दिलवाया गया हैं। हिन्दी साहित्य में भ्रमरगीत काव्य का यही विषय स्वरूप अपने भिन्न-भिन्न स्वरूपों में कवियों के काव्य का विषय रहा।

हिन्दी साहित्य में प्रवाहित भ्रमरगीत काव्यधारा को निम्नलिखित वर्गो में विभाजित किया जा सकता है –

1. पूर्ववर्ती भ्रमर गीतकार।
2. सूरदास की मौलिक भ्रमरगीत योजना।
3. सूर परवर्ती भ्रमर गीतकारों द्वारा परम्परा का निर्वाह।

1. **पूर्ववर्ती भ्रमर गीतकार** – भ्रमरगीत की इस योजना के प्रणयन का श्रेय भागवतकार को है। महापुराण के दशम स्कन्ध में यह प्रसंग बड़े ही अनूठे ढ़ंग से चित्रित है। उद्धव कृष्ण के परम मित्र थे। मित्र की ब्रज सम्बन्धी विरह वेदना को सुनकर उद्धव मित्र के निर्देशानुसार ज्ञानोपदेश द्वारा ब्रजवासियों को शान्ति एवं सुख प्रदान करने हेतु मथुरा से ब्रज के लिए चल पड़े थे। गोपियों को यह विदित हो जाने पर श्रीकृष्ण के परम मित्र उद्धव आये हैं, विशेष हर्ष हुआ, परन्तु कृष्ण की पूर्व स्वार्थ संलिप्त भिन्नता का स्मरण कर वे उद्धव के समीप पहुँचकर उनके समक्ष अनेकानेक उपालम्भों का घात करने लगी। इसी मध्य एक भौंरा उड़ता हुआ पहुँचा। गोपियाँ भ्रमर को कृष्ण या उनका दूत समझकर उसी पर अपनी खीज उतारने लगी। भागवतकार ने अन्त में उद्धव के ज्ञानोपदेश द्वारा गोपियों के प्रेमालाप को शांत एवं स्थिर कर दिया। भागवतकार की गोपियाँ सरल हृदया एवं स्पष्ट हैं।

2. **कवि वर सूरदास की मौलिक भ्रमर गीत योजना** – सूर के भ्रमरगीत सार का मुख्य उद्धेश्य निर्गुण का खण्डन और सगुण का प्रतिपादन करना है, ज्ञानमार्ग के कठिन मार्ग से बचाकर भक्ति-मार्ग की स्थापना करना है। सूर ने वास्तव में सगुण-भक्ति का संदेश मानव को प्राप्त कराया है। गऊघाट पर वल्लभाचार्यजी से सूरदास की मुलाकात हुई थी और उस समय उन्होंने भगवद्लीला का वर्णन करने के लिए संकेत किया था। भगवान की कथा सूरदासजी को वल्लभाचार्यजी से प्राप्त हुई थी। उसी को आधार मानकर सूर ने 'भ्रमरगीत' की रचना की है।

सूरदासजी ने तीन 'भ्रमरगीत-सार' लिखे हैं –

1. प्रथम 'भ्रमरगीत' सार तो भगवत का अनुवाद है। इसमें वैराग्य और ज्ञान का विवेचन विस्तार से किया गया है, परन्तु सूर ने इसमें यह अंतर कर दिया है कि जहाँ उन्हें मौका मिला है, वहाँ उन्होंने ज्ञान के स्थान पर भक्ति की प्रधानता स्पष्ट की है। 'यह भ्रमरगीत' सार चौपाई-छन्द में लिखा है।
2. दूसरे और तीसरे दोनों ही 'भ्रमरगीत' सार पदों में लिखे गये हैं। प्रथम और दूसरे 'भ्रमरगीत' में भौंरे के आगमन का वर्णन कहीं भी नहीं है। केवल मधुकर नाम से उपालम्भ दिया गया है।
3. तीसरे 'भ्रमरगीत' सार में भौंरे का आगमन दिखाया है और उसी को संकेत मानकर गोपियाँ अपने व्यंग्य-बाण छोड़ती हैं। कई सौ पदों में इसका विवेचन किया गया है। यह ग्रन्थ अन्य भ्रमरगीतों से अधिक मनोरम और आकर्षक है। तीसरे भ्रमरगीत में वियोग का बड़ा ही सुन्दर विवेचन किया गया है – सूर की अक्षय कीर्ति का यह 'भ्रमरगीत' ही स्मारक है। कृष्ण के उपदेशों को लेकर उद्धव गोपियों को निर्गुण ब्रह्म का उपदेश देते हैं, जिसमें गोपियों के हृदय में दु:ख की गहरी अनुभूति होती है। वे अपने हृदय पर हाथ रखकर उद्धव का यह संदेश सुनती हैं–

ताहि भजहु किन सबै सयानी। खेजत जाहि महामुनि ज्ञानी।।
जाके रूप रेख कछुनाहीं। नयन मूँदि चितबहु चित माहीं।।
हृदय-कमल में ज्योति बिराजै। अनहद नाद निरन्तर बाजैं।।
इड़ा पिंगला सुखमन नारी। सून्य सहज मे बसैं मुरारी।।

'भ्रमरगीत' में सूर का वाग्वैदग्ध्य भी उच्चकोटि का है – गोपियाँ

ऐसा सीधा, परन्तु तीखा व्यंग्य-बाण छोड़ती हैं, जिससे बेचारे उद्धव निरूत्तर हो जाते हैं। वे कहती हैं कि हमारे दस-बीस मन नहीं हैं। एक मन था, वह कृष्णजी ले गये।

ऊधौ मन नाहीं दस-बीस।
एक हुतौ जो गयो श्याम संग को आराधै ईस।।

सूर ने ज्ञान की अपेक्षा प्रेम को अधिक सुबोध बनाते हुए प्रेम की सरलता एवं सुगमता ही का गोपियों के द्वारा प्रतिपादन कराया है।

'कौन काज है वा निर्गुण सों चिर जीवहु कान्ह हमारे।'

वास्तव में भागवत एक पुराण है। सूर ने अपने सागर में लाकर इसे एक उत्कृष्ट कोटि के काव्य का रूप प्रदान किया है। सूर ने भ्रमरगीत कथासूत्र को भागवत पुराण से ग्रहण अवश्य किया पर अपनी कलात्मक प्रतिभा द्वारा उसके काव्यसूत्र एवं शैली में ऐसा परिवर्तन किया कि वह नैतिक प्रयास प्रतीत होता है। परवर्ती भ्रमर गीतकार - सूर के बाद भ्रमर गीतकारों में आने वाले अष्टछाप के कवियों में नंददास तथा परमानन्ददास प्रमुख है।

सूर के सामाजिक भ्रमर गीतकारों में गोस्वामी तुलीसदासजी का नाम आता है। जिन्होंने फुटकल पदों में भ्रमरगीत संबंधी पदों की रचना की। गोस्वामी तुलसीदासजी ने 'गीतावली' के अन्तर्गत भ्रमरगीत प्रसंग को उठाया है। भ्रमरगीत के पदों में गोस्वामीजी ने एक प्रकार की मर्यादा की स्थापना कर भ्रमरगीत को नया मोड़ प्रदान किया।

श्रृंगारकाल में भ्रमरगीत की परम्परा - इस काल में कोई भी भ्रमरगीत संबंधी स्वतंत्र काव्य नहीं लिखा गया है। सभी भ्रमरगीत पद प्राय: प्रकीर्ण हैं। न तो उसमें भक्तिकाल की तरह उद्धव गोपीसंवाद ही दिखलाया है और न वैसी तर्क-वितर्क युक्त शैली एवं भावुकता ही है। सूर आदि कवियों की भाँति उद्धव गोपी संवाद के मध्य भ्रमर का प्रवेश भी नहीं कराया गया है। इस काल के कवियों में मतिराम, देव रस नायक, पदमाकर, सेनापति, भिखारीदास आदि प्रमुख हैं।

आधुनिक काल में भ्रमरगीत काव्य परम्परा -
इस काल के भ्रमरगीतकारों में विशेष उल्लेखनीय हैं-
अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिओध' -

पं. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिओध' के 'प्रियप्रवास' में कृष्ण, गोपियों, उद्धव तथा राधा को परम्परागत रूप से अलग नवीन सामाजिक परिवेश में प्रस्तुत किया गया है। इस महाकाव्य के कृष्ण केवल गोपी वल्लभ ही नहीं हैं, वरन् वे लोक-हितरत, जननायक भी है। 'प्रिय प्रवास' की गोपियाँ विरह-व्याकुल होने पर भी गंभीर, शान्त तथा संयत हैं। सामाजिक मर्यादा का वे पूर्ण-रूपेण ध्यान रखती हैं। 'प्रिय प्रवास' की गोपियाँ आदर्श भारतीय नारी की प्रतीक हैं, वे गोपी-कृष्ण का निम्न शब्दों में स्मरण करती हैं।

'तव तन पर जैसी पीत आभा लसी है।
प्रियतम कत्रि में है सोहत वस्त्र जैसा।।
गुन-गुन करना औ गूजना देख तेरा।
रसमय मुरली का नाम है याद आता।।'

पं. जगन्नाथ दासजी रत्नाकर - भ्रमरगीत परम्परा को पुनर्जीवित पं. जगन्नाथ दासजी 'रत्नाकर' के 'उद्धव शतक' में किया गया है। रत्नाकरजी की गोपिकायें तर्क-निपुण हैं और सफलता एवं दृढ़ता से सगुण ब्रह्म की स्थापना करती हैं। 'उद्धव शतक' में 118 कवित हैं। 'उद्धव शतक' की गोपियाँ सरल हृदय, वाक् पटु, हास्य-प्रिय तथा तर्क निपुर्ण हैं। कवि ने इस काव्य में ज्ञान पर प्रेम की विजय प्रदर्शित की है -

'मान्यौ हम कान्ह ब्रह्म एक ही कह्यौ जो तुम,
तौ हूँ हमें भावती न भावना अन्यारी की।
जैहे बनि बिगरि न वारिधता वारिधि की
बूँदता बिलै है बूँद बिबस बिचारी की।।'

मैथिलीशरण गुप्त - मैथिलीशरण गुप्त का 'द्वापर' भी एक प्रबन्धात्मक रचना है जिसमें भ्रमरगीत प्रसंग को उठाया गया है। इसमें गोपी संवादको बौद्धिक एवं युगानुरूप आकृति प्रदान करने की चेष्टा की गई है। कुब्जा को भी इसमें दया का पात्र माना गया है। द्वापर के उद्धव, ज्ञान के गर्व से प्रेरित नहीं, वरन् वह सहृदय, कोमल और संवेदनशील रूप में चित्रित किए गए हैं। उद्धव ने गोपियों की मानसिकता को आत्मसात किया है

'अहो प्रीति की मूर्ति जगत में, जीवन धन्य तुम्हारा।
कर न सका अनुसरण कठिनतम, कोई अन्य तुम्हारा।
चपल इन्द्रियों को भी तुमने, तन्मय बना दिया।
पावन हुआ पाप जिसमें पंथ जना दिया।'

द्वापर की गोपियाँ उद्धव को इस प्रकार उपालम्भ देती हैं -

'अरे विहग लौट आ तेरा नीड़ रहा इस वन में,
छोड़ उच्चपद की उड़ान वह, क्या थे शून्य गगन में ?'

डॉ. रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' ने भी 'उद्धव शतक' लिखा है, जिसमें भ्रमरगीत प्रसंग को ग्रहण किया गया है। 'उद्धव शतक' में गोपियाँ सरल, भोली एवं चतुर हैं।

पं द्वारिका प्रसाद मिश्र ने 'कृष्णायन' लाला हरदेव ने 'उद्धव-पच्चीसी' और जगन्नाथ सहाय ने 'कृष्णसागर' में भ्रमरगीत प्रसंग को उठाया है। अत: भँवरगीत परम्परा भागवतकाल से लेकर आज तक किसी न किसी रूप में प्रवाहित होती रही है।

पं. सत्यनारायण 'कविरत्न' का 'भ्रमरदूत' - आधुनिक काल में सर्वप्रथम भारतेन्द्र हरिशचन्द्र तथा बद्रीनारायण प्रेमधन ने फुटकर पदों में भ्रमरगीत प्रसंग लिखा पं. सत्यनारायण 'कविरत्न' ने भ्रमरगीत परम्परा में 'भ्रमरदूत' नाम से एक प्रौढ़ रचना प्रदान की। इस रचना में मौलिकता एवं नवीनता का समावेश हुआ है। इसमें भ्रमरगीत को दूत बनाकर माता यशोदा द्वारिकापुरी में बसे श्रीकृष्ण को अपना संदेश भेजती है। इसमें उद्धव है न गोपियाँ। केवल यशोदा ही इस काव्य में अपनी मनोव्यथा प्रकट करती हैं। इसमें भक्ति और ज्ञान को लेकर उपालम्भ नहीं दिया गया है, वरन् देश की दशा का चित्रण किया गया है जो भी उपालम्भ हैं वे सभी वात्सल्य विषयक ही हैं। यशोदा ने द्वारिका प्रवासी कृष्ण के पास भ्रमर द्वारा जो सन्देश भेजा, वह भारत की तत्कालीन दशा को प्रकट करता हुआ

देशभक्ति को व्यंजित करता है। यथा;
कौन भेजौं दूत, पूत सों विथा सुना वै।
बातन में बहराइ, जाइ ताको यहँ लावै।
त्यागी मधुपुरी सों गयो, छांडि सबन कौ साथ
सात समुन्दर पै भयो, दूरि द्वारिकानाथ।
जाइगो को वहाँ।

सत्यनारायण 'कविरत्न' के 'भ्रमरदूत' में उद्धव का ब्रज आगमन नहीं

होता, परिणामत: उद्धव गोपी-संवाद के तर्क-विकर्त का समावेश इसमें नहीं हुआ है। 'भ्रमरदूत' में केवल दो ही पात्र हैं - यशोदा और भ्रमर। नन्द, गोप, गोपियाँ, राधा आदि में से किसी का समावेश इस काव्य में नहीं हुआ है। यहाँ उद्धव और गोपियों के बीच ज्ञान और भक्ति का तर्क-वितर्क उपलब्ध नहीं होता। वास्तव में 'कविरत्न का भ्रमरदूत' भारत की तत्कालीन करूण दशा का चित्र है, जिसमें भा़रत ब्रज है और पिछड़ी हुई भारतीय नारी यशोदा। यशोदा के भ्रमर के प्रति दिये गये उपालम्भों में स्त्री-शिक्षा, देश-प्रेम, भारतीय सांस्कृतिक गरिमा, ग्राम्य-जीवन की महत्ता और निष्कलुशता, जातीयता, परतन्त्रता, अकाल, आर्थिक शोषण आदि समस्याओं को बड़े कौशल के साथ सम्मिलित किया गया है। आलस्य, रूढ़िग्रस्तता और पारस्परिक वैमनस्य के रहते देश को स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती। 'कविरत्न' ने यशोदा से कहलवाया है-

वा बिनु गौ ग्वालनु को हित की बात सुझावै।
अरू स्वतन्त्रता, समता, सहभ्रातृता सिखावै।
जदपि सकल विधि ये सहत, दारून अत्याचार।
पै नहिं कछु मुख सौं कहत, कोरे बने गँवार।
कोऊ अगुआ नहीं।

भ्रमरगीत की दार्शनिक विचारधारा - भ्रमरगीत के माध्यम से सूरदास ने हठयोग और शंकराचार्य द्वारा प्रवर्तित साधना के मार्ग का विरोध किया है तथा वल्लाभाचार्य द्वारा प्रवर्तित सगुणोपासना का मण्डन किया है। सूर ने भारतीय दर्शन के 'अनुभव' को ही भ्रमरगीत में प्रमुख स्थान दिया है।

निष्कर्ष - 'भ्रमरगीत' एक विरह विभूषित काव्यकथा है। यह भक्ति, श्रृंगार और करूण रसों - रम्य आगार, निर्गुण-सगुण तत्वों तथा ज्ञान भक्ति का भण्डार भी कहा जा सकता है। भक्त कवियों ने इसमें 'देश दुर्लभ' तत्व ढूँढ़ें हैं तो रीतिकालीन कवियों ने इसमें श्रृंगार का नवोन्मेश ढूँढ़ा है। सूरदास का भ्रमरगीत- वियोग श्रृंगार वर्णन में हिन्दी साहित्य की अमूल्य धरोहर है; इसमें विरह की तीव्र अनुभूति के साथ-साथ उपालम्भ और व्यंग्य के सम्मिश्रण ने कविता को नए उत्कर्ष पर पहुँचा दिया है।

भ्रमरगीत-पदावली में तो विरह सागर उमड़ सा उठा है तथा उसमें कल्पना एवं भावुकता का सहज सामंजस्य दृष्टिगोचर होता है। निर्गुण भक्ति का खण्डन और सगुणोपासना का मण्डन भ्रमरगीत का मुख्य प्रतिपाद्य है। इसी कथा के आधार पर सूरदासजी ने हिन्दी काव्य में सर्वप्रथम 'भ्रमरगीत' की रचना की।

सूर के बाद नन्ददास, गोस्वामी तुलसीदास, पं. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' पं. जगन्नाथ 'रत्नाकर' आदि कवियों ने इसी प्रसंग पर काव्य रचना की। पं. सत्यनारायण 'कविरत्न' ने 'भ्रमरदूत' की रचना द्वारा भ्रमरगीत परम्परा में नूतनता का समावेश करके उसकी मार्मिकता को नये आयाम प्रदान किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भ्रमरगीत सार : आचार्य रामचंद्र शुक्ल, वाणी प्रकाशन, 2013
2. आधुनिक हिन्दी काव्य और पुराणकथा, डॉ. मालती सिंह, अभिजीत प्रकाशन, 2007
3. भ्रमर गीत : सूरदास (हिन्दी नेस्ट)
4. सूर-काव्य में भ्रमर गीत (मधुमती में), राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर
5. भ्रमरगीत :काव्य साहित्य, डॉ. केशरीनंदन मिश्र, एवं डॉ. कल्याण शर्मा, खरगोन।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

हिन्दी साहित्य में आधुनिकता बोध और महिला लेखन

डॉ. सरला पण्ड्या *

* कार्यवाहक प्राचार्य (हिन्दी) हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारत एक ऐसा देश है यहां नारी का इतिहास परम्परागत रूप से गौरवान्वित रहा है। माँ होने के कारण यहां नारी वैदिक काल में अपने उच्चतम सामाजिक स्तर को जीती थी। वैदिक काल के बाद यह समाज क्रमश: पित्र सत्तात्मक होने लगा और वह नारी के स्तर को धीरे-धीरे कम आंकने लगा। इन परिस्थितियों के चलते स्वयं नारी को ही पता नहीं चला कि वह कब शोषण के दायरे में प्रवेश कर गई।

किसी भी परम्परा के लिए यह आवश्यक है कि उसकी आत्म सजगता, निरन्तरता बनी रही यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो कोई सुन्दर परम्परा भी रूढ़ि बन जाती है और जब वह रूढ़ि अपनी विकृत अवस्थाओं को छूती है तो वहां का समाज निरन्तर अवनति की ओर अग्रसर हो जाता है।

भारत के सन्दर्भ में नारी की स्थिति वैदिक काल के पश्चात् विभिन्न काल और उपकालों में सामाजिक परिस्थितियों और विचारों की बेडियों में झकड़ती चली गई लेकिन ब्रिटिश काल से आधुनिक युग का सुत्रपात हुआ।

आधुनिक युग के आरम्भ के पश्चात् भारतीय समाज में अनेक परिवर्तन आरम्भ हुए। कुछ पुरातन परम्पराएं खण्डित होने लगी साथ ही भारतीय जीवन शैली एवं संस्कृति धुंधली पड़ने लगी।

महिलाओं में आधुनिकता बोध के नये आयाम –भारत में साठोत्तर काल में बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिकरण, वैज्ञानिक एवं तकनीकी उन्नति व बौद्धिकता के कारण स्त्री के व्यक्तित्व के प्रति सजगता का अभाव दिखाई देता है :-

1. औद्योगिकरण, शहरीकरण, वैज्ञानिकता व बौद्धिकता का भाव
2. व्यक्तित्व के प्रति सत्रगता
3. अहंभाव
4. भौतिक वस्तुओं के प्रति बढ़ता आकर्षण
5. नैतिक मूल्यों में बदलाव
6. पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव

परिस्थितियों एवं परिवेश प्रत्येक युग के कालखण्ड की चेतना को प्रभावित करते है।

आधुनिकता बोध एक ऐसी विचारधारा है जो परिवार व समाज का युग के अनुरूप संस्कारित करती है एवं पुरानी परम्पराएं एवं मूल्यों के स्थान पर नवीन परम्पराओं और मूल्यों की स्थापना की जाती है। इससे सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तनों के साथ नये मानवीय मूल्यों की स्थापना तथा प्रेम और दाम्पत्य भावनाओं में भी परिवर्तन दिखाई देता है। शिक्षा के प्रसार एवं सभ्यता के अत्यधिक विकास के कारण वर्तमान में महिलाओं के सामने कहीं समस्याएं पैदा हुई है जिससे महिलाओं की प्रगति के नये आयामों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन – आधुनिक परिस्थितियों में स्त्री की वास्तविक स्थिति उसका अस्तित्व एवं सोच तथा समाज की मुख्य धारा में उसकी सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह मात्र देह नहीं है और नहीं नैतिकता की पर्याय है। आज के चिन्तन की बुनियादी आवश्यकता में नारी की शोषण से मुक्ति है जो कि दैहिक या शारीरिक, आर्थिक या मानसिक हो। विश्व में मानववाद की बढ़ती चेतना ने स्त्री अस्मिता की सोच को बढ़ावा दिया है। सामाजिक नवजागरण व शिक्षा व्यवस्था ने इसके लिए वातावरण तैयार किया है। सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में स्त्री की बढ़ती सक्रिय भागीदारी ने उसके भय एवं संकोच को दूर कर स्वतंत्र निर्णय क्षमता एवं विरोध के भाव को भी बढ़ावा दिया है। अपने श्रम, कार्य एवं उत्पादन की गुणवत्ता की समझ व उसके मूल्य के प्रति आग्रह भाव बढ़ा है। उत्पीड़न एवं उपेक्षा का दबे स्वर में विरोध करते हुए विभिन्न नारी आन्दोलन एवं संगठनों से अपने अस्तित्व की स्वतंत्र घोषणा भी की है। मध्यम वर्गीय समाज में स्त्रियां शिक्षा के प्रसार, भौतिक साधनों के आकर्षण, अत्यधिक महत्वकांक्षाओं, जुझारू या कर्मशील प्रवृति को अपनाये हुए है तो पुरानी सड़ी-गली परम्पराओं एवं रूढ़ियों से निकलने को भी बैचेन है। अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए वह संघर्षरत है। इस कारण सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन की मांग उठना स्वाभाविक है। समाज में यह परिवर्तन सभी जगह दिखाई देता है। औद्योगिकीकरण पूंजीवाद एवं उपभोक्ता संस्कृति से उत्पादन एवं भौतिकवाद का प्रसार हुआ है। तो विज्ञापन संस्कृति में स्त्रियों ने अति आधुनिकता का परिचय भी दिया है। वह विज्ञापनों में भी अधिक 'बोल्ड' हुई है।

स्त्री एवं पुरूष दोनों परस्पर भिन्न होते हुए भी पूरक है। लेकिन प्राचीन काल से ही पुरूष की सत्ता या अधिकार का दबाव रहा है। नारी को हीन एवं अपवित्र मानने के साथ उसे परिवार की सेवा में ही समर्पित माना गया है। समय के बदलाव के साथ स्वावलम्बन का मार्ग खोजती हुई स्त्री आर्थिक रूप से स्वंतत्र होकर मानवीय संवेदनाओं को व्यापक रूप देने लगी है। जहां उसे कहीं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। परिवार एवं समाज की अपेक्षाओं एवं संकीर्ण मानसिकताओं के बीच दोहरी मानसिकता है। आत्मनिर्णय की क्षमता का अभाव है।

नये मानवीय मूल्यों की स्थापना –आजादी के पहले हमारे मानवीय मूल्य सामाजिक एवं राष्ट्रीय थे वही आजादी के पश्चात् परम्परागत मूल्यों का

विघटन होने लगा। चारों और राजनीतिक प्रपंच, बेईमानी, भ्रष्टाचार तथा व्यवस्थागत दबावों में पीसते जनसमूह के समक्ष आधुनिकता की दौड़ में नवीन मूल्यों की स्थापना के प्रयास होने लगे। पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित होकर पूर्व स्थापित नैतिकता के मूल्यों का विघटन होने लगा। यही सब-कुछ महिलाओं से जुड़े विषयों में भी देखने को मिलने लगा। स्वतंत्रता के पश्चात् हम देखेंगे कि आज की आधुनिक नारी परम्परागत मूल्यं जो उसके विकास में बाधक बनने लगे, उन्हें तोड़ते हुवे नवीन मूल्यों की खोज में आगे बढ़ने लगी। जहां चारों ओर समाज में संघर्ष व्याप्त है जिसका परिणाम है - नये आदर्श नये मूल्य अर्थात् नया समाज। प्राचीनता के प्रति विद्रोह और नवीनता के प्रति आग्रह बढ़ता जा रहा है।

मानव के पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक सभी पक्षों पर नवीन परिवर्तित मूल्यों-प्रतिमानों का प्रभाव पड़ा है, जिसके फलस्वरूप समाज के मूल्य-प्रतिमानों में उतार-चढ़ाव आ रहा है। परिवर्तन संसर का नियम है जो कल था वह आज नहीं है, जो आज है वह कल नहीं होगा। इस सम्बन्ध में एक विद्वान कहते है -'आज हमारी परंपराऐं टूट रही है और नवीन आस्थाएँ जन्म ले रही है। युग के साथ जो चलने में समर्थ है, युगानुकूल अपने आपको बदलने में जो सक्षम है, उनका अस्तित्व मान्य होगा। अत: आवश्यकता इस बात की है कि हम बदलते हुए सामाजिक मूल्यों को समझने का प्रयास करें।'

परम्परागत मूल्यों के प्रति अनास्था एवं नवीन मूल्यों की स्थापना को हम सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परिपेक्ष्य में देख सकते हैं।

सारांश में कह सकते हैं कि आज व्यक्ति के दृष्टिकोण में उसकी संवेदनाओं में व्यापक बदलाव आया है। एक ओर जहां प्यार में व्यक्ति ही नहीं उसका वैभव व सम्पन्नता की प्रमुख तत्व है। व्यक्ति की वासना इतनी बढ़ चुकी है कि पवित्र रिश्तों को मैला करने में की हिचकता नहीं है वहीं दूसरी ओर इतनी उदारता कि वह दूसरे के गर्भ को अपना नाम तक दे सकता है। वर्तमान में नारी प्रेमी के तिरस्कार करने पर आंसु की नदियां नहीं बहाती, आत्महत्या नहीं करती बल्कि ईंट का जवाब पत्थर से देती है तथा 'और भी गम है जमाने में मोहब्बत के सिवा' की बात भी करती है।

आम महिला का प्रतिनिधित्व -हिन्दी साहित्य में महिला लेखिकाओं ने प्राय: तीनों वर्गो उच्च, मध्यम व निम्न वर्ग की महिलाओं की सभी परिस्थितियों का वर्णन किया है। इन महिला लेखिकाओं का अधिकांश लेखन मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए लिखा गया है। जहां कम संसाधनों में भी उच्च महत्वकांक्षाओं का पोषण होता है एवं उच्च और उदात्त मानव मूल्यों की भी स्थापना होती है इसके अतिरिक्त उच्च वर्ग की महिलाओं की विलासिता पूर्ण जीवन शैली, उसके दुष्प्रभाव एवं उसका समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का भी लेखिकाओं ने वर्णन किया है। महिलाओं की यथार्थ स्थितियों का चित्रण करते हुवे इन लेखिकाओं ने गांव की अशिक्षित, मेहनतकश स्त्रियों के जैविक व मनोवैज्ञानिक धरातल को भी उभारा है। उसके संघर्ष को एक नया रूप प्रदान किया है। लेखिकाओं ने नारी के सम्मान हेतु उसके पारिवारिक महत्व एवं विकास के नये आयामों का चित्रण ही नहीं किया है बल्कि उनमें निहित मानवीय संवेदनाओं की उद्दातता तथा मुक्ति की आकांक्षा का रूपायन भी किया है।

वर्तमान में भी अधिकांश महिलाएं ऐसी है जो गरीब है, रीतिरिवाजों की परम्पराओं में उलझी हुई है और मुश्किल से अपना पेट पालती है। सामाजिक कठिनाइयों के साथ उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे समाज में स्त्री सिर्फ घर के कार्य एवं मां बनने के लिए ही कार्य करती हुई नज़र आती है।

समय परिवर्तन के साथ ही नवीन परिस्थितियों एवं नवीन सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन मूल्यों का प्रभाव साहित्य पर भी पड़ा है। आम महिला से लेकर उच्च मध्यम वर्गीय महिलाओं के परिवारों में भी आधुनिक जीवन की कुंठाएं, तलाक, तनाव, टुटन व बिखराव दिखाई देते हैं। महिला उपन्यासकारों ने इन बिखरती, टुटती स्त्रियों के चित्र खिचें है।

लेखिकाओं ने आम महिलाओं का चित्रण करते हुए उस विशेष प्रदेश या क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, रीति एवं धार्मिक परम्परा, राजनैतिक उत्थान-पतन के साथ उस स्त्री से सम्बन्धित घर के पूरे वातावरण भौतिक साधनों एवं आर्थिक साधनों की उपलब्धता को स्थान दिया है। चाहे वह सामान्य कृषक महिला का घर-परिवार हो या चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का घर या क्षेत्र हो या किसी अध्यापक के घर की स्थितियाँ हो। इस प्रकार हिन्दी साहित्य की लेखिकाओं की मुल चेतना महिला आधारित परिस्थितिया ही रही हैं। सभ्यता का विकास होने के बावजुद भी महिलाओं का संघर्ष कम नही होता हैं। उन्होंने अपने लेखन में पारिवारिक, सामाजिक समस्याएं, दाम्पत्य संबंध, यौन भावनाएं, प्रेमाश्रित रोमांस, चेतना, नौकरी पेशा नारी की समस्या एवं बदलते मुल्यों के साथ में आधुनिक जीवन की महिलाओं में निहित कुंठाएं, तनाव, टुटन व बिखराव के कई चित्र खिचे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उर्मिला भटनागर - हिन्दी उपन्यास में दाम्पत्य चित्रण पृ. 14
2. आशारानी व्होरा - भारतीय नारी दशा, दिशा पृ. 07
3. डॉ. हेमेन्द्र पानेरी - स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास पृ. 31
4. कान्ति वर्मा - स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास पृ. 107
5. मृदूला गर्ग - चितकोबरा, सानृत्य और समीक्षा पृ. 34

****

मोहन राकेश के कथा-साहित्य में नारी-चित्रण

डॉ. प्रणति बेहेरा*

* सहायक अध्यापीका (हिन्दी विभाग) गंगाधर मेहर विश्वविधालय अमृत बिहार,सम्बलपुर (ओड़िशा) भारत

शोध सारांश – मोहन राकेश अपनी साहित्यिक विशिष्टताओं के कारण साहित्य जिज्ञासुओं में चर्चित रहे हैं। उन्होंने अपने कुशल सृजन शिल्प से हिंदी साहित्य कोश को विविध बहुमूल्य रत्नरूपी साहित्य कृतियां प्रदान करने वाले प्रवीण शिल्पकार मोहन राकेश ने गद्य साहित्य की विविध-विधाओं को नव आयाम दिया है। मोहन राकेश अपनी साहित्यिक व्यक्तित्व लेखन की उत्कृष्टता के कारण पाठक के मन पर अमीट छाप छोडने में समर्थ हैं।

द्वितीय विश्वयुद्धोपरांत भारतीय सामाजिक परिवेश में आए बदलावों को उनकी साहित्यिक कृतियां रेखांकित करती है। मोहन राकेश हिन्दी कथा-साहित्य में एक विलक्षण व्यक्तित्व को लेकर आये। मोहन राकेश जितना बाह्म व्यक्तित्व प्रभावी था, उतना ही विचित्र और विलक्षण भी साथ ही अंतर्विरोधों से भी परिपूर्ण था। उन्होंने कम लिखा है, लेकिन जितना लिखा है बहुत गहरा लिखा है। मोहन राकेश ने अपने कथा-साहित्य में नारी अधिक प्रभावशाली और आधुनिक रूप में चित्रित है। प्रस्तुत शोध पत्र में नारी-चित्रण पर विचार किया गया है।

प्रस्तावना – स्वतंत्रता के उपरान्त नारी जीवन में व्यापक परिवर्तन हुए और उसका कार्य क्षेत्र घर और बाहर दोनों दिशाओं में विस्तृत हो गया है। आज नारी अनेक समाजिक संस्थाओं में कार्यरत है। कुछ नारी लेखन के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को प्रमाणित कर चुकी है। वे सार्वजनिक जीवन में पुरुषों के निकट आ गई है। बढ़ते स्त्री-पुरुष संपर्क के कारण प्रेम, स्वतंत्रता और यौन संबंधी नैतिकता में अनेक परिवर्तन आए हैं। विधवा विवाह, बाल विवाह, अनमेल विवाह, ढहेज प्रथा, वेश्या गमन आदि कुरीतियों का नारी समाज ने विरोध किया है। मोहन राकेश ने अपने कथा साहित्य में नई अधिक प्रभावशाली और आधुनिक रूप में चित्रित है। उनके कथा-साहित्य में महानगरीय स्वर विद्यमान होने के कारण गहरे मानवीय सम्बन्धों की प्रस्तुति है। इसी मानवीय संबंधों में स्त्री पुरुष संबंधों को अहम् भूमिका के रूप में प्रस्तुत किया है। स्त्री-पुरुष सम्बन्ध समाज के दो महत्वपूर्ण अंग हैं। महानगरों में अनेक समस्याओं के कारण उनके सम्बन्धों में भी परिवर्तन आ गया है।

नारी समाज में स्वतन्त्रता के नाम पर बंधनहीन नैतिकता नजर आती है। आज नारी पुरुषों के समान यौन व्यापार की स्वतन्त्रता चाहती है। वे क्लवों तथा रेस्तराँ जाती है। शराब, सिगरेट आदि पीती है और यौन शुचिता को भी महत्त्व नहीं देती। आज प्रेम के बाद विवाह आवश्यक नहीं माना जाता। आज के अर्थ केन्द्रित समाज में स्वार्थ के लिए सम्बन्ध बनते और टूटते हैं। खुले आम प्रेम का प्रदर्शन करना एक साधारण सी बात बन कर रह गई है। पति और पत्नी के रहन-सहन, आचार-विचार, रीती-रिवाजों में, शिक्षा और अभिरुचि में अन्तर के कारण वैवाहिक सुख में व्यवधान पड़ता है। इन अन्तरों के कारण पति-पत्नी में अहं भाव जागृत हो जाता है। फलस्वरूप ये एक-दूसरे को परित्याग करने के लिए तैयार हो जाते हैं। विवाह के पश्चात विलासिता की प्रवृति के कारण पति अथवा पत्नी दूसरे स्त्री और पुरुष से सम्बन्ध बना लेते है। इस कारण गृह कलह शुरू होता है तथा यह दु:खद परिस्थिति का अंत हत्या या आत्महत्या के रूप में होता है। कभी-कभी पत्नी के संतान न होने के कारण या केवल कन्या संतान होने के कारण पति मन ही मन घुटता है। यह समझता है कि पत्नी के कारण उसके वंश की वृद्धि नहीं हो सकती। इस कारण प्राय: पति अपनी प्रथम पत्नी का परित्याग कर दूसरा विवाह करता है। इस कारण उनका दाम्पत्य जीवन नष्ट हो जाता है।

स्त्री-पुरुष सम्बन्ध की महत्वपूर्ण कड़ी है उनके मध्य प्रेम और आपसी समझ। भारतीय समाज में दाम्पत्य सम्बन्ध केवल वासना पूर्ति का साधन न होकर त्याग, समर्पणता सहयोग का प्रतीक है। पारिवारिक जीवन की सफलता, राष्ट्रीय जीवन की उत्पति एवं सांस्कृतिक चेतना के विकास में सहायता करती है। आज का वैवाहिक जीवन नाम मात्र की सुविधा के लिए प्रयोग किया जाने वाला उपकरण बन गया है। आज का विवाह एक समझौता बन कर रह गया है। स्त्री एवं पुरुष दोनों की इच्छाएँ और आकांक्षाएँ अलग होने के कारण उनके सम्बन्धों में विखराय आता जा रहा है। वे एक घर में रहते हुए भी इस सम्बन्ध को संभालते हुए भी अकेले है। आज के महानगरीय जीवन में जब कोई दाम्पत्य सुख से वंचित होता है तो वह इस सुख को पाने के लिए दूसरा आश्रय ढूंढने लगता है। इस कारण विवाह सम्बन्ध में विच्छेद उत्पन्न होता है।

नारी के विविध रूप– साहित्य में नारी के रूपों का चित्रण पुरातन समय से होता आ रहा है। संस्कृत साहित्य से लेकर आधुनिक युग तक कथा-साहित्य में नारी का वर्णन प्रत्यक्ष प्रमाण है। समाज में आ रहे बदलाव के साथ-साथ नारी के रूपों में भी परिवर्तन हुआ है। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त सामाजिक परिस्थिति तथा जीवन जीने के आधार में बदलाव हुए हैं। आज भी पारिवारिक संबंध नारी के लिए मूलाधार बना हुआ है। उन्हें परिवार में ही रहकर जीवन जीना पड़ता है। स्वातंर्त्योत्तर हिन्दी कहानीकारों ने नारी के विविध रूपों को प्राचीन और नवीन मूल्यों, परम्परागत और परिवर्तित संवेदनाओं, अनुभूतियों और प्रवृत्तियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। इन अभिव्यक्तियों के द्वारा नारी के विविध रूपों का विकास और बदलाव परिलक्षित होते हैं।

आधुनिक महानगरीय समाज में नारी जीवन संबंधी पुरातन आदर्शों

में तीव्र परिवर्तन हुआ है। आज की नारी उच्च शिक्षा और नारी स्वतन्त्रता के प्रभाव में स्वच्छन्द जीवन की ओर अग्रसर हुई है। पुरातन युग की अबला नारी ने आधुनिक परिवर्तित परिवेश में अपने सबला होने का प्रमाण देकर अपने स्वतंत्र अस्तित्व की घोषणा की है।

नारी के विविध रूपों में माता का स्वरूप सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वेदों में माता का पृथ्वी माना गया है। वह संतान धारण करती है, उनका पालन–पोषण करती है एवं आजीवन उनकी सुख की कामना करती है। नारी विकास की चरमसीमा तथा उसके जीवन की सफलता मातृत्व में ही है। उसे पिता से भी बड़ा माना गया है। उसमें धैर्य, त्याग, ममता, स्नेह आदि गुणों का उत्कर्ष देखने को मिलता है। मानव सभ्यता के आदिकाल से ही पत्नी के धर्म और मर्यादा की महत्व दिया गया है। पत्नी का पवित्र तथा तन मन से पति परायणाला आदर्श माना गया है। अपनी योग्यता, कुशलता और सेवा से दाम्पत्य जीवन को सुचारू रूप से उलाहना पत्नी का धर्म माना गया है। अपने पति के सुख, दुख, आशा निराशा, आचार, विचार एवं आकांक्षाओं को अपना कर सहधर्मिणी और अर्धांगिनी बनती है।

भारतीय समाज में समय–समय पर हुए परिवर्तनों के फलस्वरूप नारी की स्थिति में भी परिवर्तन हुए हैं। वैदिक युग में नारी की प्रतिष्ठा की किन्तु मधायु में उसे पाप का खान कहा जाने लगा। इन सब परिवर्तनों के उपरान्त भी पत्नी धर्म के शाश्वत रूप में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। नारी के विविध रूपों का व्यक्ति समाज और साहित्य से गहरा संबंध होता है। व्यक्ति और समाज के संबंधों को बनाए रखने में परिवार में एक प्रमुख भूमिका है। कथा–साहित्य में नारी के विभिन्न रूप क्रमशः जटिल और संश्लिष्ट होते गए हैं। आधुनिक कथा–साहित्य में कुछ ऐसे रूप उभर कर आए हैं जो उनकी वास्तविक स्थिति उनके द्वन्द्व और आत्मसंघर्ष को प्रकाशित करते हैं।

मोहन राकेश ने अपने कथा–साहित्य में नारी के विभिन्न रूपों का चित्रण किया है। इससे स्पष्ट होता है कि समकालीन नारी अपना जीवन विविध आयामों में जी रही है वह अपने जीवन को यथार्थ के घरातल पर जी रही है। मोहन राकेश के कथा–साहित्य में चित्रित नारी रूपों का परिचय इस प्रकार है –

परम्परागत गृहिणी नारी– भारतीय समाज में नारी को प्राचीनकाल से ही गृहिणी पद से सुशोभित किया गया। बचपन में वह पिता के संरक्षण में रहती थी। विवाहित होने पर पति का नियंत्रण रहता था और वृद्धावस्वा में बच्चों की इच्छानुसार चलना पड़ता था।

आज नारी के शिक्षित तथा कामकाजी होने के बावजूद भी घर का क्षेत्र उससे किसी तरह नहीं छूटा है। आज भी घर के सभी कार्यों का दायित्व उसके ऊपर है। संस्कारगत प्रभाव के कारण उसका मन यह स्वीकार करने के लिए राजी नहीं है कि उसके पति बच्चों की देखभाल करें या घर की सफाई करें या मेहमानों का ध्यान रखें। अतः नारी के गृहिणी रूप को नकारना संभव नहीं है। सदियों से मिले अपने अधिकार क्षेत्र का मोह भी नारी को गृहिणी बनाए रखता है।

आज की कुछ मध्यवर्गीय नारियाँ घर को ही अपनी दुनियाँ समझती है। बाहर की दुनियाँ से उनका संपर्क उनके पतियों के माध्यम से होता है। पति की व्यस्तता के कारण उनको अकेलापन सहना पड़ता है। उन दोनों के बीच तनाव भी होता है लेकिन वे अपने घर के मोह को छोड़ना पसंद नहीं करती, किन्तु कामकाजी नारियाँ स्वतंत्र व्यक्तित्व होने के कारण अपनी गृहस्थी को कुशलता पूर्वक चलाती है।

उच्चवर्गीय नारियों के जीवन में अर्थ का अभाव में होने के कारण के स्वछन्द और स्वतंत्र जीवन व्यतीत करती हैं। विवाह के उपरान्त भी पति के व्यस्तता के कारण घर से बाहर स्वच्छब्द विचरण करती हैं। उनके घरों में धन तथा नौकरों के कमी न होने के कारण वे घर की जिम्मेदारियों में नहीं बंधती। उच्च वर्ग में बहुत कम ही ऐसी नारियाँ होती हैं जो पूर्ण रूप से गृहिणी होती है। इस वर्ग की नारियाँ मुख्यतः अपने स्वाभिमान एवं समय की रिक्तता को पूर्ण करने के लिए नौकरी करती हैं। मोहन राकेश ने कथा–साहित्य में गृहिणी नारी के दर्शन यत्र–तत्र होते हैं।

'अंधेरे बन्द कमरे' उपन्यास में 'शुक्ला' हरबंस की साली और नीलिमा की बहन है। उपन्यास के माध्यम से पता चलता है कि शुक्ला घरेलू किस्म की लड़की है। वह हरबंस की श्केयर टेकरश भी है और सुरजीत की पत्नी भी। वह आदर्श गृहिणी बनकर अपनी गृहस्थी संभालती है। डॉ. नेमिचन्द जैन के शब्दों में 'शुक्ला सीधी–सादी, असाधारण और परम्परागत लकीरों पर चलने वाली नारी है।'[1]

ठाकुर की पत्नी ठकुराइन, गृहिणी नारी है। मधुसूदन और अरविन्द जब ठकुराइन के घर में पेइंग गेस्ट की स्थिति में रहते हैं। ठकुराइन को दोनों भाभी कहते हैं, ठकुराइन उन दोनों को स्नेह और चाव से इन्हें खिलाती पिलाती है। ठकुराईन अपनी यात्रा की शुरुआत हँसी दिल्लगी व चुहल से करती है, लड़ती झगड़ती है। पर अन्त में आकर निर्धनता से टूट जाती है। इस तरह ठकुराइन अपनी गृहिणी की जिम्मेदारी अच्छे से निभाती है। मोहन राकेश में विभाजन की जिस विभीषिका को देखा था, खेला था, उनकी रचनाओं में वही विभीषिका मुखर हो उठती है। 'अंधेरे बन्द कमरे में यो स्वादत अली की उसकी बेटी 'खुरशीद' के माध्यम से खुरशीद अपने बूढ़े बाप की बेटी नहीं, बेटे के रूप में सामने आती है और अपने पिता की या पार्टी इन्तजाम करती है और पूरी देखरेख का दायित्व भी उसी का है। यह एक गृहिणी का काम बहुत ही अच्छी तरह निभाती है।

'न आने वाला कल' उपन्यास में 'शोभा' गृहिणी नारी है। शोभा मनोज की पत्नी है। शोभा ने अपने पहले पति की मृत्यु के बाद मनोज से विवाह किया है। शोभा साहसी और निर्भीक है और घरेलू जिन्दगी जीने की उसकी तीव्र अभिलाषा है। घर की जिन्दगी के बिना यह स्वयं को अपूर्ण मानती है। यह एक ऐसी नारी है जो वैवाहिक संस्था को बनाये रखना चाहती है जबकि मनोज उसे तोड़कर निर्बंध जीवन जीना चाहता है। वह कहती है –'मुझे घर की जिन्दगी के बगैर अपने आप बहुत अधूरा लगता था। इसीलिए मैंने निश्चय के साथ यह कदम उठाया था। मगर तुम्हारे पास मुझे देने के लिए घर नहीं था। या सिर्फ अपना आप विना घर–बार के, विना घर–बार की कल्पना के।'[2] असल में शोभा घर चाहती है और वैवाहिक जीवन का सुख चाहती है तभी तो मनोज से अलग होकर भी सुखी होने के बजाय दुखी रहती है।

'अन्तराल' उपन्यास में देव की माँ 'बीजी' गृहिणी नारी है जो कि श्यामा की सास है। बीजी पुराने संस्कारों की असहाय वृद्धा नारी है। इस उपन्यास में गृहिणी नारी के रूप में दिखाया गया है। नारी शिक्षित हो या अशिक्षित घर की सारी व्यवस्था का दायित्व गृहिणी पर होता है, वह पूर्णतया घर के लिए समर्पित होती है। घर के खाने–पीने की, कपड़ों की, स्वागत–सत्कार की सारी व्यवस्थाओं में गृहिणी जितनी कुशल होती है। उसका घर उतना ही व्यवस्थित होता है।

मोहन राकेश की 'खाली' कहानी गृहस्त नारी के जीवन के खालीपन और व्यग्रता को उजागर करने वाली कहानी है। तोषी को शिक्षित होकर भी

दिन भर खालीपन तथा रिक्तता का अनुभव होता है। तोषी बेटी को स्कूल भेजती है पति के दफ्तर में पास काम ज्यादा नहीं होता है। फिर भी पूरी तरह एक अच्छी गृहणी का फर्ज निभाती है।

'आर्द्रा' कहानी में बचनष एक बूढ़ी माँ है। जिसके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा लाली सम्पन्न है पेशे से शहर का नामी वकील है। छोटा बेटा बिन्नी बम्बई की गन्दी बस्ती में रहता है और संघर्ष भरी जिन्दगी जीता है। बचन अपने छोटे की बिन्नी के साथ रहती है। वह अपने बेरोजगार लापरवाह लड़के के लिए भोजन पानी समय पर बना कर देती है, परन्तु उसे भी अकेलापन काटने को दौड़ता है।

'उसकी रोटी' कहानी की नायिका बालो सुच्चासिंह ड्राइवर की पत्नी है। इस कहानी में बालो के माध्यम से पूर्ण रूप से भारतीय गृहिणी नारी का वर्णन किया गया है। बालो अपने पति के लिए दो कोस पैदल चलकर रोटी देने जाती है। वह कष्ट झेलती है, पति की प्रतीक्षा करती है, उसकी नाराजगी उठाती है। वह निम्न मध्यवर्ग की नारी है। वह हमेशा उसके पति से अपमान, तिरस्कार सहकर भी यह सब अपना धर्म मानती है।

'गुनाह बेलज्जत' कहानी में भागवन्ती सरदार सुन्दरसिंह की पत्नी है। भागवन्ती घर का सारा काम करती है, जब भी सुन्दरसिंह मीठी बात करता है,उसका अपना स्वार्थ होता है। नारी जानकर भी ठगी जाती है। यह जानकर भी बार-बार पति द्वारा ठगी जाती है।


1. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

1. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के श्री गंगानगर व

हनुमानगढ़ जिले के विभिन्न संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं का चयन किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. महिला सशक्तिकरण मापनी डॉ. मो. गुफरान एवं कु. दीपा बिष्ट
2. वृत्तिक परिपक्वता मापनी
3. निर्णय क्षमता मापनी स्वनिर्मित

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

1. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 1

संस्थान	**संख्या**	**मध्यमान**	**प्रमाप विचलन**	**टी मान**	**सार्थकता का स्तर**
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित महिलाएं	300	77.54	11.024	2.206	**स्वीकृत**
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अविवाहित महिलाएं	300	74.16	10.221		

व्याख्या :- उपर्युक्त तालिका सं. 1 में शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण के मध्यमान क्रमश: 77.54 एवं 74.16 तथा मानक विचलन क्रमश: 11.024 एवं 10.221 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 2.206 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के महिला सशक्तिकरण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

2. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 2

संस्थान	**संख्या**	**मध्यमान**	**प्रमाप विचलन**	**टी मान**	**सार्थकता का स्तर**
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित महिलाएं	300	28.19	9.053	0.847	1003
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अविवाहित महिलाएं	300	26.73	8.764		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार उपर्युक्त तालिका सं. 2 में शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता के मध्यमान क्रमश: 28.19 एवं 26.73 तथा मानक विचलन क्रमश: 9.053 एवं 8.764 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 0.847 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के वृत्तिक परिपक्वता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

3. शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 3

संस्थान	**संख्या**	**मध्यमान**	**प्रमाप विचलन**	**टी मान**	**सार्थकता का स्तर**
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित महिलाएं	300	27.21	8.961	0.642	स्वीकृत
शिक्षा संस्थानों में कार्यरत अविवाहित महिलाएं	300	28.11	8.204		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार उपर्युक्त तालिका सं. 3 में शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता के मध्यमान क्रमश: 27.21 एवं 28.11 तथा मानक विचलन क्रमश: 8.961 एवं 8.204 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 0.642 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा संस्थानों में कार्यरत विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

उपयोगिता :

1. महिला सशक्तिकरण से जुडे परिणामोन्मुखी कार्यक्रमों की समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु एक उच्चस्तरीय 'मानीटरिंग आयोग' की नियुक्ति की जाए जो समय समय पर इनके परिणामों की रिपोर्ट प्रस्तुत करे।
2. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समयबद्ध परिणामोन्मुखी साक्षरता कार्यक्रमों की प्रभावी क्रियान्वित हेतु सक्रिय कदम उठाए जाए।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए महिलाओं की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. भावी शोध में स्नातक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं के महिला सषस्तीकरण से सम्बन्ध का अध्ययन किया जा सकता है

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आर्या, के. एवं आर्या, एल. (2013)'स्वयं सहायता समूह :ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वरदान इंडियन जनरल ऑफ साइकोमेट्री एंड एजुकेशन', 44 ;2 ,119-121.
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. गुप्ता, वी. (2007) महिला सशक्तिकरण की जागरूकता : एक अध्ययन। छत्तीसगढ विवेक प्रकाशन।
4. कृष्णलाल 'इमोशनल मैच्यूरिटी सेल्फ कोनफिडेन्स एण्ड एकेडमिक एचिवमेन्ट ऑफ एडोलसेन्स इन रिलेशन टू देयर जेन्डर एण्ड अरबन रूरल बैकराउण्ड' AIJR Dec. 2015
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
6. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
7. सुखिया, एस.पी. (1990) 'शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व' आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन

डॉ. राजेश शर्मा*   मोनिका जैन**

* एसोसिएट प्रोफेसर(शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध मे स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के अकादमिक महाविद्यालयों के कुल 600 विद्यार्थियों पर किया गया है। इस हेतु धर्मनिरपेक्षता के प्रति अभिवृति, सामाजिक चेतना व समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति हेतु स्वनिर्मित का उपकरणों का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा समान है।

शब्द कुंजी – विद्यार्थी, धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति।

प्रस्तावना – आधुनिक विज्ञान के युग में शिक्षा को सर्वोपरि आधार के रुप में स्वीकार किया गया लेकिन समाज में अनेक लोगों की अलग–अलग पाठशालायें है लेकिन शिक्षा प्राप्त करने के लिये जो बच्चे आते हैं। उनमें सामान्य बच्चों के अतिरिक्त कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं। जो शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और व्यक्तिगत भेद की दृष्टि से एक समान नही होते है। इसका मुख्य कारण आनुवंशिकता और वातावरण एक दूसरे बालकों के समान नहीं होता है। इसी असमानता के कारण अन्य प्रकार के गुणों में सार्थक भिन्नता पाई जाती है। समावेशी शिक्षा की परिकल्पना इस संकल्पना पर आधारित है कि सभी बच्चों के विद्यालयी शिक्षा में समावेशन व उसकी प्रक्रियाओं की व्यापक समझ की इस कदर आवश्यकता है कि उन्हें क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, सामाजिक परिवेश और विस्तृत सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक प्रक्रियाओं दोनों में ही संदर्भित करके समझा जाये क्योकि भारतीय संविधान में समता, स्वतन्त्रता, सामाजिक न्याय एवं व्यक्ति की गरिमा को प्राप्त मूल्यों के रुप में निरुपित किया गया है, जिसका मतलब समावेशी शिक्षा ही है। समावेशी शिक्षा व्यावस्था जिसमें बालकों के साथ में रहकर अपना सामाजिक रुप से निरन्तर प्रगति करने का अवसर प्रदान किया जाता है। विशिष्ट बालकों में कुछ सामाजिक गुण बहुत संगत होते हैं जबकि सामान्य बालकों के साथ मिलकर शिक्षा ग्रहण करते है। जिससे विशिष्ट बालकों का ज्यादा सहयोग पिछड़े बालकों पर पड़ता है। जिससे उनमें एकीकरण का विकास व सामाजिक गुणों का भी विकास निरन्तर होता रहता है। क्योकि विशिष्ट शिक्षा अधिक महँगी तथा खर्चीली होती है, जिससे पिछड़े बालक आसानी से शिक्षा ग्रहण नही कर पाते है। क्योकि अलग–अलग ढ़ंग से अलग–अलग शिक्षाविद् द्धारा शिक्षा दी जाती है। लेकिन समावेशी शिक्षा में ऐसा नही पाया जाता है। क्योकि कहा जाता है कि आज के युग के लिये समावेशी शिक्षा अधिक उपयोगी व सार्थक सि(हो रही है। शिक्षा के समावेशीकरण से विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सामान्य छात्र व दिव्यांग छात्र को शिक्षा ग्रहण करने का समान अवसर प्राप्त हो दोनों एक साथ अधिक समय तक साथ रहे।

समावेशी शिक्षा का तात्पर्य यह है कि शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से दी जाय ताकि समाज के सभी बालकों को एक स्तर तक लाया जा सकें। समावेशी शिक्षा ऐसी शिक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी शिक्षार्थी को बिना भेद–भाव के शिक्षा प्रदान की जाये। मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के अनुसार, समावेशी शिक्षा का अर्थ है कि सभी सीखने वाले, बालक हो अथवा युवा, चाहे अशक्त हों अथवा नहीं सामान्य विद्यालय–पूर्वव्यवस्था विद्यालयों एवं सामुदायिक शिक्षा केन्द्रों में उपयुक्त सहयोगी सेवाओं के साथ आपस में मिलजुल कर सीखने में समर्थ हों। उन्होंने आगे स्पष्ट किया है– समावेशन का अर्थ है– मुख्यधारा के विद्यालयों में विशिष्ट आवश्यकताओं के बच्चों का अपने अन्य सहपाठियों के साथ शिक्षा ग्रहण करना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो जटिल एवं कठिन जरूर है लेकिन शायद असम्भव नहीं है।

अधिकारों तथा सम्भावनाओं से लाभान्वित होने की समानता का कार्यक्षेत्र समावेशी शिक्षा है। संवैधानिक समानता के सि(ान्तों का व्यक्तियों तथा समाज को तभी लाभ हो सकता है जब उन्हें कार्यान्वित किया जाए तथा विद्यालय इस दृष्टि से सबसे उपयुक्त स्थान है। विद्यालय ही एक ऐसा स्थान है जहाँ सभी बच्चे भागीदार होते हैं तथा सभी के साथ एक समान व्यवहार किया जाता है। अभिप्राय यह है कि सामाजिक समानता का पहला पाठ विद्यालयों में ही पढ़ाया जाता है। समावेशी शिक्षा इस के लिए अत्यन्त उपयुक्त स्थल है क्योंकि इस में रंग–भेंद, जाति, समुदाय, धर्म, भाषा, लिंग तथा दैहिक एवं मानसिक गुणों की विभिन्नता के कारण किसी भी बालक को शिक्षा ग्रहण करने से वंचित नहीं किया जा सकता। रोजी–रोटी कमाने की दौड़ में आशक्त व्यक्तियों के विषय में और भी अधिक गम्भीरता से विचार करने तथा प्रावधान निश्चित करने की आवश्यकता है। समावेशी शिक्षा प्रणाली के द्धारा समाज के आशक्त असक्षम तथा बाधित व्यक्तियों को जीवन जीने तथा सामाजिक समानता से व्यवहारिक रूप से फायदा उठाने की आशा दी जा सकती है।

शिक्षा से व्यक्तित्व-विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना का भी विकास होता है। अधिकारों की रक्षा की चेतना, समता एवं भ्रातृभाव की चेतना, बालकों के पालन-पोषण तथा उनकी शिक्षा के महत्व की चेतना, उनकी शारीरिक मानसिक सामर्थ्य एवं क्षमताओं की चेतना एवं उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं व्यवहार सम्बंधी ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त होता है, जिसकी अशक्त एवं बाधित बालकों के लिए अत्यन्त आवश्यकता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – भारतीय समाज अनेक प्रकार के अन्धविश्वासों, कुरीतियों तथा जड़-मान्यताओं से ग्रस्त था। वर्ण व्यवस्था की पतनोन्मुखी अवस्था व्यक्ति को व्यक्ति से पृथक कर रही थी। सामाजिक नियम व मर्यादाएँ अत्यन्त विषम हो गई थीं। खान-पान, शादी-विवाह और रहन-सहन के नियम अत्यन्त कठोर थे। अशिक्षा के कारण अन्धविश्वास समाज में कुरीतियों के रुप में जड़ जमाए हुये थे। इस प्रकार, हिन्दु समाज का सामाजिक तथा आर्थिक जीवन उसकी धार्मिक कट्टरता तथा पिछड़ेपन के कारण बुरी तरह जर्जर हो गया था। तत्कालीन समाज में दो प्रकार की विचार-धारायें देखने को मिली। प्रथम वर्ग धर्म में अटूट आस्था रखकर धर्म की प्रत्येक बुराई को देव वाक्य मानकर, उसे उसी रुप में स्वीकार करने का पक्षपाती था, तथा किसी भी प्रकार का धार्मिक या सामाजिक परिवर्तन उसे ग्राह्य नहीं था। दूसरी विचारधारा से अनुप्राणित वर्ग युगीन सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक आन्दोलन से प्रभावित होकर धर्म के क्षेत्र में प्रगतिशील तत्वों का समावेश करना चाहता था।

आज देश की धार्मिक स्थिति पहले की ही भाँति संघर्षपूर्ण, द्वेषपूर्ण, तनावपूर्ण और पारस्परिक वैमनस्य से परिपूर्ण है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से हिन्दुओं की धर्म में अनास्था बड़ी है। लेकिन साथ-साथ धर्म के प्रति एक संतुलित मानवीय दृष्टि का विकास भी हुआ है। कट्टरता के स्थान पर उदारता, धर्मांधता की जगह वैज्ञानिक दृष्टि और उन्माद की जगह सहनशीलता लेती जा रही है।

सदियों की गुलामी से मुक्ति पाने के लिए भारत को एक लम्बा संघर्ष करना पड़ा, परतन्त्र भारत राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से तो पिछड़ ही गया था, आर्थिक दृष्टि से देश का दिवाला निकल चुका था। शताब्दियों से शोषित भारतीयों के हृदय में आजादी से एक नई आशा का संचार हुआ। भारत की आजादी के बाद विगत वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए है। इस परिवर्तन का कारण उपरोक्त चुनौतियों को ध्यान में रखते हुये शोधकर्त्री ने प्रस्तुत अध्ययन को शीर्षक के रुप में चुना है ताकि यह पता चल सके कि हमारे महाविद्यालयों में स्नातकीय विद्यार्थियों में धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति कैसी है।

समस्या कथन – 'स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्म निरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

सामाजिक चेतना:– सामाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से मनुष्य समाज के विभिन्न व्यवहार, रीति-रिवाज, गतिविधियाँ इत्यादि सीखता है। जैविक अस्तित्व से सामाजिक अस्तित्व में मनुष्य का रुपांतरण भी सामाजीकरण के माध्यम से होता है जिससे वह संस्कृति को आत्मसात् करता है। मनुष्य में सीखने की प्रक्रिया समाज के अधीन चलती है जिससे वह अपनी परिस्थिति या दर्जे के बोध और उसके अनुरुप भूमिका निभाने की विधि को हम सामाजीकरण के माध्यम से आत्मसात् करते हैं।

धर्मनिरपेक्षता:– धर्मनिरपेक्षता मनुष्य की व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से किसी भी प्रकार के धर्म की परम्पराओं को मानने और पालन करने की तथा बिना किसी दबाव के स्वचेतना करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। साथ ही सभी संप्रदाय के धार्मिक मूल्यों या ईश्वरत्व या अन्य अलौकिक मान्यताओं के परिप्रेक्ष्य में उपजी जिज्ञासा के समाधान या मतभेद प्रकट करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। दूसरे शब्दों में धर्मनिरपेक्षता के दो प्रमुख आधार हैं सभी अवस्थाओं की समान स्वतंत्रता और किसी को विशेष महत्व नहीं।

समावेशी शिक्षा :–जनसंख्या विस्फोट के साथ विद्यालयों में छात्रों की विभिन्नता में भी अत्यन्त वृ(हुई है। यह विभिन्नता अनेक प्रकार की है। सामाजिक आर्थिक स्तर एवं बौद्धिक, संवेगात्मक, शारीरिक तथा मानसिक गुणों में विभिन्नता, माता-पिता की शिक्षा एवं व्यवसाय तथा निवास क्षेत्र, भाषा एवं धर्म-संस्कृति की विभिन्नता। इन विभिन्नताओं को स्वीकार करना, समेटना, सहेजना तथा प्रत्येक छात्र को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार बढ़ने शिक्षा ग्रहण करने तथा विकसित होने के उपयुक्त अवसर देना समावेशी शिक्षा हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :–

1. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
2. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
3. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

न्यादर्श :–प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के अकादमिक महाविद्यालयों के कुल 600 विद्यार्थियों को यादृच्छिक विधि से चयनित किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :–

1. धर्मनिरपेक्षता के प्रति अभिवृति (स्वनिर्मित)
2. सामाजिक-चेतना अभिवृति (स्वनिर्मित)
3. समावेशी-शिक्षा अभिवृति मापनी (स्वनिर्मित)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन –

1. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या – 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
धर्मनिरपेक्षता के प्रति अभिवृत्ति	600	52.42	11.552	0.042	स्वीकृत
सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति	600	50.47	10.234		

व्याख्या :- परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.042 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है I अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक सहसम्बन्ध पाया नहीं गया।

2- स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
धर्मनिरपेक्षता के प्रति अभिवृत्ति	600	52.42	11.552	0.072	स्वीकृत
समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति	600	46.74	10.854		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.072 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

3. स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सारणी संख्या - 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
सामाजिक चेतना के प्रति अभिवृत्ति	600	53.21	10.142	0.034	स्वीकृत
समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति	600	49.27	11.940		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.034 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं हैं स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना एवं समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक सहसम्बन्ध नहीं पाया गया।

शैक्षिक सुझाव :

1. विद्यार्थियों में मानसिक स्थिरता एवं ध्यान केन्द्रण की क्षमता का विकास करना बहुत आवश्यक है, इस हेतु विद्यालय में प्रतिदिन ध्यान केन्द्रण की क्रियाएं करवाना चाहिए। इस कार्य के लिए प्रेक्षाध्यान विशेषज्ञ का सहयोग भी लिया जाना चाहिए विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में सहयोग हेतु अधिक समय प्रदान करना चाहिए।
2. महाविद्यालयों में राष्ट्रीय तथा सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन कर विद्यार्थियों में विभिन्न मूल्यों का संवर्धन किया जा सकता है। इन गतिविधियों के संचालन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रींय चेतना व मनोभाव को जाग्रत करना एवं विद्यार्थियों के मन मस्तिष्क में सकारात्मक सोच को विकसित करना है।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए महाविद्यालयों तथा शिक्षकों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. विश्वविद्यालयी तथा महाविद्यालय स्तर के शिक्षकों की धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का एक अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल आरुप - भावना गुप्ता (2020) :'एक विचारधारा के रुप में धर्मनिरपेक्षता : एक वैश्विक और भारतीय परिपेक्ष्य' UPES कालेज ऑफ लीगल स्टडीज, स्टूडेंटस 14 अगस्त 2020
2. उपाध्याय, एन. एन. एवं गोदियाल, एस. जून-जुलाई, 2020'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समावेशी शिक्षा के प्रावधानों का अध्ययन' स्कॉलरली रिसर्च जर्नल फॉर ह्यूमैनिटी एण्ड इंग्लिश लैंग्वेज 7, 120-123.
3. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
4. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
5. ग्रेजगोरज (2020) : 'विकलांग लोगों, नैतिक पहचान और समावेशी शिक्षा वाले लोगों के प्रति दृष्टिकोण एक दो स्तरीय विश्लेषण रिसर्च इन डेवलपमेंट डिसएबिलिटीज'
6. जायसवाल, निशा (2019)'धर्मनिरपेक्षता : भारतीय सन्दर्भ, इण्डियन जर्नलसाइंस एण्ड पॉलिटिक्स', पृ. 63-66
7. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के सम्बन्ध में अध्ययन

डॉ. राजेश शर्मा* सीमा कुमारी**

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध मे उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के सम्बन्ध का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के उच्च माध्यमिक स्तर के कुल 600 विद्यार्थियों पर किया गया है। इस हेतु आत्म-सम्प्रत्यय रेटिंग स्केल (प्रतिभा देव), सामाजिक व्यवहार मापनी (एम.सी. जोशी एवं जगदीश पाण्डेय) व उपलब्धि अभिप्रेरणा मापनी (टी. आर. शर्मा) तथा अभिभावक शैली मापनी (आर. एल. भारद्वाज) द्वारा निर्मित उपकरणों का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

शब्द कुंजी –विद्यार्थी, आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा अभिभावक शैली।

प्रस्तावना – वर्तमान में एकल-परिवारों की संख्या में तीव्र वृद्धि(हो रही है। माता एवं पिता दोनों ही व्यवसायरत रहने लगे हैं। बच्चों को अभिभावकों से जितने प्रेम, स्नेह और समय की आवश्यकता होती है, वह उन्हें पर्याप्त रूप से नही मिल पा रहा है। बच्चों में अकेलापन और निराशा बढ़ती जा रही है। अध्ययन संबंधी चिताएं और अभिभावकों की उच्च अपेक्षाएं उनके व्यक्तित्व को प्रभावित कर रही हैं। सोशल-मीडिया का बढ़ता प्रभाव, खेल हेतु कम समय, अभिभावकों की अनुपलब्धता, वीडियो गेम, टीवी, आदि ऐसे कारक हो गए हैं जिन्होंने बच्चों को उनकी एक अलग दुनिया में समेट दिया है, बच्चों का व्यवहार भी सामान्य नहीं रह गया है, बच्चे या तो बहुत आक्रामक हो गए हैं या फिर बिल्कुल एकान्तप्रिय, खानपान संबंधी आदतें भी बदल गयी हैं। बच्चों के आत्म-संप्रत्यय एवं सामाजिक व्यवहार पर भी इसका बहुत प्रभाव पड़ा है।

अभिभावकों द्वारा दिया गया व्यवहार सम्बन्धी प्रशिक्षण बच्चों के सामाजिक व्यवहार को दिशा प्रदान करता है। बच्चे सर्वाधिक अपने अभिभावकों के व्यवहार का अनुगमन करते हैं।

सामाजिक व्यवहार के इस प्रशिक्षण की सफलता की पुष्टि बालक के अभिभावकों द्वारा प्राप्त प्रतिक्रियात्मक व्यवहार से होती है, इस प्रकार बालक के सामाजिक व्यवहार पर अभिभावक-शैली का सार्थक प्रभाव पड़ता है। माता-पिता द्वारा नकारात्मक प्रतिपुष्टि बालक को अपने सामाजिक व्यवहार को सही करने की प्रेरणा देती है एवं सकारात्मक प्रतिपुष्टि उसके व्यवहार को और अधिक पुष्ट करने की प्रेरणा देती है।

बच्चों के आत्म-संप्रत्यय पर अभिभावकों के पालन-पोषण के तरीकों का भी प्रभाव पड़ता है। आत्म-संप्रत्यय एवं अभिभावक शैली पर किये गए अध्ययन में ज्ञात हुआ कि अभिभावक-शैली विद्यार्थियों के आत्म-संप्रत्यय को प्रभावित करने वाला एक सार्थक कारक है। उच्च-माध्यमिक स्तर की शिक्षा उच्च-शिक्षा का आधार होती है, उच्च-कोटि एवं गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने हेतु बालक को प्रतियोगी स्वरूप धारण करना पड़ता है। केवल अभिभावक ही बालक के आन्तरिक मन को पढ़ कर समय एवं आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर सकते हैं। प्रत्येक अभिभावक की अपने बच्चों के साथ अंत:क्रिया शैली भिन्न होती है। प्रत्येक शैली बालक के विकास को भिन्न रूप से प्रभावित करती है, बालक की आकांक्षाओं को दिशा प्रदान करती है, बालक की प्रेरणा का आधार बनती है और समायोजन क्षमता का भिन्न-भिन्न रूप से विकास करती है।

अभिभावकों की लालन-पालन की शैली बच्चों के विकास पर सार्थक प्रभाव डालती है। बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं उपलब्धियों पर उनके माता-पिता द्वारा इस क्षेत्र में उन्हें दिये गये सम्बलन एवं सहयोग की महती भूमिका रहती है जो अभिभावक अपने बच्चों की शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं एवं उन्हें समय-समय पर आवश्यक संसाधन, सहायता, मार्गदर्शन एवं संबल प्रदान करते हैं उनके बच्चों का शैक्षणिक स्तर उच्च रहता है एवं जो अभिभावक अपने बच्चों को कठोर नियंत्रण में रखते हैं, उनके बच्चों का शैक्षणिक स्तर अपेक्षाकृत कमजोर रहता है तथा वे विभिन्न मानसिक समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। विभिन्न परिस्थितियों में अभिभावकों को बच्चों की समस्याओं को सहानुभूति एवं बुद्धिमत्तापूर्वक समझने एवं आवश्यकतानुसार उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने की आवश्यकता होती है, किन्तु अनेक कारणों से अभिभावक विभ्रम की अवस्था में रहते हैं कि बच्चों को कितनी स्वतंत्रता दी जाये?, बच्चों को कितनी छूट दी जाये? बच्चों के किन कृत्यों को नजरंदाज किया जाये? बच्चों को कितने अधिकार एवं स्वायत्तता दी जाये आदि। किसी भी अन्य सामाजिक कारक की तुलना में बच्चों के समायोजन का स्तर निर्भर करता है कि उनके अभिभावक उनके साथ किस प्रकार से अन्त:क्रिया करते हैं।

देश में अनेक ऐसी घटनाएँ हुयी हैं जिनमे किशोरवय बालक-बालिका किसी ना किसी अपराधा में लिप्त पाए गए हैं। इनमे से अनेक बालक-बालिका

समाज के उच्च शिक्षित एवं संपन्न वर्ग के भी हैं। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि तमाम सुख-सुविधाओं के होते हुए भी ये बालक-बालिका इतने आक्रामक क्यों हैं? इन्हें अपने आत्म-सम्मान, आत्म-गौरव एवं आत्म-संप्रत्यय की परवाह क्यों नहीं है? शोधकर्त्री के मन में इन घटनाओं को पढ़कर यह विचार आता है कि क्या इन सबके पीछे किसी विशिष्ट अभिभावक शैली का प्रभाव है? क्या कोई अभिभावक शैली बच्चों को उपलब्धि प्राप्त करने हेतु प्रेरित या हतोत्साहित कर सकती है? क्या कोई अभिभावक शैली बच्चों के व्यवहार को नियंत्रित एवं मार्गदर्शित कर सकती है? बालक एवं बालिकाओं हेतु कौन सी अभिभावक शैली उपयुक्त है और कौन सी नहीं? क्या बच्चों का आत्म संप्रत्यय अभिभावक शैली से किसी प्रकार से सम्बंधित है? इन प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत शोध कार्य औचित्यपूर्ण एवं तार्किक है।

प्रस्तुत शोध का महत्व - अभिभावकों की प्रेरणा बच्चों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का आधार होती है। अब्भिभावकों का सहयोग, मार्गदर्शन एवं संबलन बच्चों को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें नवीन चुनौतियों का सामना करने हेतु स्फूर्ति प्रदान करता है। वर्तमान युग में प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को श्रेष्ठ पद पर देखना चाहता है। इस प्रकार की उच्च अपेक्षाएं अभिभावकों को बच्चों पर अकादमिक दबाव डालने हेतु बाध्य कर देती हैं, बच्चों पर निरन्तर उपलब्धि स्तर को बढ़ाने का दबाव रहता है। विद्यार्थी की अपनीनासमझी अथवा अभिभावकों के प्रति प्यार एवं समर्पण के कारण इस दबाव में उलझते चले जाते हैं, अनेक बार छोटी-छोटी सफलताओं से प्रेरित होकर वे स्वयं से भी उच्च उपलब्धि प्राप्त करने की अपेक्षा करने लगते हैं, किन्तु उपलब्धि प्राप्त करने की यह अपेक्षा चाहे आन्तरिक हो अथवा बाह्य, बिना अभिप्रेरणा के विद्यार्थी इन अपेक्षाओं के दबाव को सहन नहीं कर पाता है। भारतीय अभिभावक यह तो समझते हैं कि विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास हेतु शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है किन्तु फिर भी वे अभी तक यह तय कर पाने में स्वयं को अक्षम पाते हैं कि उन्हें उनके बच्चों के लिये कैसी और किस प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए ?

विद्यार्थियों कीअधिकांश समस्याएं व्यवहारगत, समायोजन, उपलब्धि, अध्ययन, भावी जीवन, व्यवसाय एवं आत्म-विश्वास से सम्बन्धित होती है। अपने इन्हीं अनुभवों के आधार पर शोधकर्त्री के मन में विचार आया कि सभी बच्चे अलग-अलग परिस्थितियों में पलते-बढ़ते हैं तो इनमें से अधिकांश तनाव की अवस्था में क्यों रहते हैं? इनकी उपलब्धि-अभिप्रेरणा और सामाजिक-व्यवहार की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती क्यों जा रही है ? क्या इसमें अभिभावकों की भी कोई भूमिका है? क्या अभिभावकों के लालन-पालन की शैली बच्चों पर कोई प्रभाव डालती है। इन्हीं जिज्ञासाओं के समाधान हेतु यह शोध कार्य करने का प्रयत्न किया गया।

अभिभावकों की अंत:क्रिया शैली विद्यार्थियों के व्यवहार, आत्म-सम्प्रत्यय एवं उपलब्धि-अभिप्रेरणा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है। यह व्यवहार व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों ही प्रकार का होता है। विद्यार्थी के व्यक्तित्व पर सर्वाधिक प्रभाव अभिभावकों की अंत:क्रिया शैली का ही पड़ता है। अन्य प्रभावक कारक इतने सशक्त नहीं होते जितने कि पारिवारिक अथवा अभिभावक जन्य होते हैं। विद्यार्थी की तात्कालिक समस्या का समाधान अभिभावक ही भली प्रकार से कर सकते हैं, अधिकांश बार अभिभावक अपने बच्चों की समस्याओं को बिना बताये ही समझ जाते हैं। बच्चों का अपने अभिभावकों से आत्मिक सम्बन्ध होता है। इस कारण अभिभावकों की ओर से आया हुआ अकादमिक दबाव अन्य स्त्रोतों से आये हुए दबाव की अपेक्षा अधिक सार्थक होता है। इसी कारण तनाव की अवस्था में बच्चें को अपने अभिभावकों का समर्थन आवश्यक होता है। अभिभावकों द्वारा की जाने वाली प्रशंसा अथवा निंदा बच्चे की उपलब्धि-अभिप्रेरणा से सम्बन्ध रखती है। ऐसे में यह विचार प्रमुखता से उठता है कि अभिभावकों के प्रत्यक्ष संरक्षण में रहने के बाद भी विद्यार्थी इस प्रकार की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से क्यों प्रभावित हो जाते हैं ? प्रस्तुत शोध कार्य विभिन्न अभिभावक-शैलियों के विद्यार्थियों के आत्मसम्प्रत्यय, उपलब्धि-अभिप्रेरणा एवं सामाजिक-व्यवहार एवं उपलब्धि-अभिप्रेरणा के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करने हेतु किया गया है।

समस्या कथन - 'उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्म-सम्प्रत्यय सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के सम्बन्ध में अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

आत्म-संप्रत्यय - आत्म-संप्रत्यय व्यक्ति के स्वयं के बारे में विश्वासों का संग्रह है। प्रस्तुत शोध कार्य में आत्म-संप्रत्यय से तात्पर्य उच्च-माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों का स्वयं के प्रति विश्वास से है।

सामाजिक व्यवहार - सामाजिक व्यवहार एक ही प्रजाति के दो या अधिक व्यक्तियों के मध्य व्यवहार है। समाज शास्त्र के अन्तर्गत सामाजिक-व्यवहार का अध्ययन समाज की उत्पत्ति, विकास, संगठन और संस्था के अर्थ में किया जाता है। समाज शास्त्र के अन्तर्गत हुए विभिन्न शोध कार्यो से ज्ञात होता है कि मनुष्य सहित समस्त प्राणी अपनी प्रजाति के अन्य प्राणियों के साथ एक विशिष्ट प्रकार का समान व्यवहार करते हैं। यह व्यवहार उनका सामाजिक व्यवहार कहलाता है।

सामाजिक व्यवहार दो या दो से अधिक जीवों के मध्य अंत:क्रिया है। सामान्यत: यह एक ही प्रजाति के जीवों के मध्य होती है। सामाजिक व्यवहार अनेक माध्यमों प्रदर्शित होता है जिनमे शाब्दिक एवं अशाब्दिक क्रियाएं सम्मिलित हैं। प्रस्तुत शोधकार्य में सामाजिक व्यव्हार से तात्पर्य उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों द्वारा समाज के सदस्यों के साथ किये जाने वाले व्यवहार से है।

उपलब्धि-अभिप्रेरणा - उपलब्धि-अभिप्रेरणा से तात्पर्य उस प्रेरक स्थिति से है जो परिश्रम और जीवन शक्ति के साथ निरंतर रूप से लक्ष्य की ओर उन्मुख करती है एवं जो चुनौतीपूर्ण एवं कठिन कार्यो को करने तथा फलस्वरूप व्यक्ति में उपलब्धि प्राप्त करने की भावना को सुद्रढ़ करती है।प्रस्तुत शोधकार्य में उपलब्धि अभिप्रेरणा से तात्पर्य उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्धी अभिप्रेरणा से है।

अभिभावक-शैली - प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों के साथ भिन्न प्रकार से अन्त:क्रिया करते है जिसके आधार पर वे अपने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते है। बालक अभिभावक के मध्य इसी सम्बन्ध का तात्पर्य अभिभावक-शैली से है।

अध्ययन के उद्देश्य :-

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं

अभिभावक शैली के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले उच्च माध्यमिक विद्यालय के कुल 600 विद्यार्थियों को याद्दच्छिक विधि से चयनित किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. आत्म-सम्प्रत्यय रेटिंग स्केल (प्रतिभा देव)
2. सामाजिक व्यवहार मापनी (एम.सी. जोशी एवं जगदीश पाण्डेय)
3. उपलब्धि अभिप्रेरणा मापनी (टी. आर. शर्मा)
4. अभिभावक शैली मापनी (आर. एल. भारद्वाज)

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या - 1

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
आत्म-सम्प्रत्यय	600	243.98	18.271	0.058	स्वीकृत
अभिभावक शैली	600	295.57	11.252		

व्याख्या :- परिकल्पना संख्या 1 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.058 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है । अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में आत्म-सम्प्रत्यय एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या - 2

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
उपलब्धि अभिप्रेरणा	600	24.78	9.038	0.074	स्वीकृत
अभिभावक शैली	600	295.57	11.252		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.074 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है, स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

3 उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध है।

सारणी संख्या - 3

चर	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	सह सम्बन्ध	सार्थकता का स्तर
सामाजिक व्यवहार	600	131.40	14.688	0.062	स्वीकृत
अभिभावक शैली	600	295.57	11.252		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली सम्बन्धी दत्तों का विश्लेषण किया गया जिसमे गणना के आधार पर सहसम्बन्ध गुणांक त का मान 0.062 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता के स्तर .01 पर सार्थक है अत: शोधकर्त्ता द्वारा निर्मित परिकल्पना उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं हैं स्वीकृत की जाती है। अत: निष्कर्ष रुप में कहा जा सकता है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में सामाजिक व्यवहार एवं अभिभावक शैली में सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया।

शैक्षिक सुझाव :-

1. अभिभावक, समाज के सदस्य एवं परामर्शदाता अस्वीकृतिक केन्द्रित, अनुत्तरदायित्व, उपेक्षा केन्द्रित, आदर्श अपेक्षा केन्द्रित, उदार मानक केन्द्रित, स्वतंत्रता केन्द्रित, त्रुटिपूर्ण भूमिका अपेक्षा केन्द्रित एवं वैवाहिक द्वंद्व केन्द्रित अभिभावक शैलियों से न केवल स्वयं दूर रहेंगे अपितु समाज के अन्य अभिभावकों को इन अभिभावक शैलियों को न अपनाने हेतु प्रेरित करेंगे।
2. अभिभावक, समाज के सदस्य एवं परामर्शदाता स्वीकृति केन्द्रित, संरक्षात्मक केन्द्रित, अनुग्रह केन्द्रित, यथार्थवादिता केन्द्रित, नैतिकता केन्द्रित, अनुशासन केन्द्रित, यथार्थवादी अपेक्षा केन्द्रित एवं वैवाहिक समायोजन केन्द्रित अभिभावक शैलियों को न केवल स्वयं अपनायेंगे अपितु समाज के अन्य अभिभावकों को इस हेतु प्रेरित करेंगे।

भावी शोध हेतु सुझाव :

1. विभिन्न अभिभावक शैलियों का अन्य व्यक्तित्व विशेषकों, शैक्षिक उपलब्धि एवं व्यावसायिक सफलता के सन्दर्भ में अध्ययन किया जा सकता है।
2. विभिन्न अभिभावक शैलियों का विद्यार्थियों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का दीर्घावधि अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ओझा ' छात्रों की उपलब्धि प्रेरणा का माता पिता के साथ व्यवहार के साथ सम्बन्ध का अध्ययन, एम. बी. बुच सर्वे आफ रिसर्च इन एजूकेशन विस्तार'
2. कुमारी, पी. (2009)'सामाजिक व्यवहार पर सामाजिक-सांस्कृतिक के प्रभाव का अध्ययन' इंडियन जर्नल ऑफ साइकोमैट्रिक एंड एजुकेशन, 40;182- 136-140
3. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा

(2004)

4. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
5. राय कामेश्वर कान्त (1989) :- 'उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की अधिगम शैली, चिन्ता, आत्मप्रत्यय, उपलब्धि, अभिप्रेरणा, अकादमिक संप्राप्ति का अध्ययन।'
6. सिन्हा, रश्मि एवं अहमद, सरफराज़ (2007), अनुदानित एवं निजी उच्चतर माधयमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि प्रेरणा का तुलनात्मक अध्ययन, भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका, अंक 26 (2007)
7. सुखिया, एस.पी. (1990) 'शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व' आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन

डॉ. किरन गिल* विजेता जैन**

* सहायक प्रोफेसर (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध मे डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के जयपुर एवं टोंक जिले के कुल 600 डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों पर किया गया है। इस हेतु शिक्षक प्रभावशीलता मापनी (डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. डी.एन. मुथा), सुविधास्तर मापनी (प्रो. के.जी. शर्मा), स्व–धारणा (डॉ. आशा शर्मा एवं डॉ. श्रीकान्त मौर्य) एवं कार्यात्मक मूल्य प्रश्नावली (डॉ. सीमा संघी) का उपकरणों का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों समान है।

शब्द कुंजी – डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षक, शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्य।

प्रस्तावना – आज हमारे यहॉ अध्यापक व छात्रों को निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षा भी देते हैं किन्तु सबसे महत्वपूर्ण बात जीवन निर्माण का व्यावहारिक शिक्षण आज नहीं हो पा रहा है। आज गुरू–शिष्य की तरह शिक्षक और छात्रों को सम्बन्ध पहले जैसे नहीं रहे। केवल कुछ अक्षरीय ज्ञान दे देने, एक निश्चित समय तक कक्षा में उपस्थित रहकर कुछ पढा देने के बाद शिक्षक का कार्य समाप्त हो जाता है तथा व्याख्यान सुनने के बाद विद्यार्थी भी मुक्त हो जाता है।

किसी भी युग में शिक्षा, शिक्षक और शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय परम्परा, राष्ट्रीय प्रतिभा तथा राष्ट्र की परिस्थिति के सम्बन्ध में विचार होता आया है। इसका कारण है कि किसी भी राष्ट्र के बहुमुखी विकास के लिए चरित्रवान, नैतिक गुण सम्पन्न नागरिक सबसे अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। सभ्य और सुसंस्कृत नागरिकों के निर्माण का दायित्व शिक्षा पर है, क्योंकि मानव के सन्तुलित और सर्वागींण विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मानव समाज भारतीय संस्कृति को सहेजे हुए है। इसमें काल और स्थानगत भेदों को आत्मसात करने की अपूर्व क्षमता है। इसकी संस्कृति और सभ्यता में वृद्धि महान शिक्षकों के समय–समय पर दिए गए उपदेशों की व्यवहारिकता से होती रही है। अत: आज भी समाज निर्माण उत्थान एवं विकास में शिक्षक समाज का विशेष महत्व है।

वर्तमान भौतिकवादी समाज की जागरूकता आज कार्यरत शिक्षकों तक ही सीमित है। यदि हम सेवारत् शिक्षकों की मनोदशा तथा उनकी समस्याओं को जानना चाहते हैं तो हमें सबसे पहले अध्यापक प्रशिक्षण पर प्रकाश डालना होगा। राष्ट्र का विकास मानवीय सत्ता में परिष्कार के द्वारा होता है। यह परिष्कार दक्ष शिक्षकों के द्वारा किया जाता है। परिष्कार की प्रवृत्ति सामाजिक क्षेत्र में सहायता और आंतरिक क्षेत्र में संस्कृति कहलाती है। शिक्षक एक कलाकार की तरह सजीव मूर्तियों को सुगढ़ बनाता है। उसका यह श्रम और मनोयोग का नियोजन सृजनात्मक प्रयोजनों के लिए होता है, जिससे नागरिकों की कुसंस्कारिता, असामाजिकता, विकृत चिन्तन, आदि विकारों में शनै: शनै: परिवर्तन होता है। वह समाज की संस्कृति एवं परम्पराओं की सामयिक व्याख्या, रक्षा और प्रसार करता है। शिक्षक ही शिक्षा के माध्यम से राज्य और समाज के बीच संतुलन स्थापित करता है। किसी राष्ट्र की गरिमा उसकी शिक्षा पति के ऊपर निर्भर करती है, और शिक्षा प(ति उसके गुणी शिक्षकों पर। शिक्षक राष्ट्र रूपी गाड़ी में पहिये की धरी के समान कार्य करता है। इसलिए मानव विकास से लेकर आज तक मानव समाज उसका ऋणी बना हुआ है।

विश्व के बदलते परिप्रेक्ष्य और संक्रमणकालीन मूल्य विहीनता को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों के मूल्य, शिक्षण प्रभावशीलता, सुविधास्तर स्तर आदि के परस्पर संबंधो की चर्चा ज्वलंत बनी हुई है। यह आवश्यक नहीं है कि जितने भी व्यक्ति शिक्षण व्यवसाय से जुडे हैं, वह सभी इस धारणा से ओत–प्रोत हों कि शिक्षण प्रक्रिया समाज की सबसे बड़ी सेवा है, बल्कि कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं जो कि अपने अभीष्ट लक्ष्य को न प्राप्त कर सकने की स्थिति में जीवन–निर्वाह हेतु इस व्यवसाय को अंगीकार कर लेते हैं। ऐसे ही शिक्षक प्राय: अपने कार्य में सफल एवं प्रभावपूर्ण नहीं होत हैं। वर्तमान समय में समस्त शिक्षा वैज्ञानिक शिक्षण में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हैं, इसलिए इस सन्दर्भ में ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जिनकी अध्यापन क्षेत्र में ही आगे बढ़ने की प्रवृनि हो।

इस बात से प्रभावित होकर विगत दणकों में यह जानने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार के व्यक्तित्व वाले शिक्षक अच्छा और प्रभावणाली शिक्षण करते हैं। इन अध्ययनों से ऐसे अध्यापकों की पहचान हो जाय तो निश्चित रूप से छात्रों को अधिगम के लिए उत्प्रेरित किया जा सकता है। इन अध्ययनों से ऐसे अध्यापकों के व्यक्तित्व–तत्वों व विशेषताओं की जानकारी भी की जा सकती है जो कक्षा में अच्छा तथा प्रभावी शिक्षण कार्य सम्पादित नहीं कर पाते।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

प्रस्तुत शोध का महत्व –अनुसंधान मानव ज्ञान भण्डार को विस्तृत करता है– अनुसंधान से मनुष्य का ज्ञान दिन प्रतिदिन बढ़ता रहता है क्योंकि अनुसंधान के आधार पर नवीन वैज्ञानिक तथ्यों, सामान्य नियमों तथा सिद्धान्तों की रचना होती है। पूर्व स्थापित सि(ान्तों की पुनरावृत्ति होती है तथा नवीन उपकरणों तथा नवीन पद्धतियों द्वारा उसकी पुष्टि होती रहती है। अनुसंधान विभिन्न विज्ञानों की प्रगति की शक्तिशाली कुंजी है– अनुसंधान से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र तथा मनोविज्ञान आदि विज्ञानों के क्षेत्र में अपार उन्नति हुई है। अनुसंधान व्यावहारिक समस्याओं के समाधान का एक प्रबल यंत्र है– अनुसंधान व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में सहायता करता है। आधुनिक जीवन के सामाजिक, औद्योगिक, शैक्षिक, सैनिक, मनोवैज्ञानिक तथा चिकित्सा आदि क्षेत्रों में अनुसंधान की अत्यधिक उपयोगिता है, इसलिए सामाजिक अनुसंधान, औद्योगिक अनुसंधान तथा शैक्षिक अनुसंधान का विस्तार निरन्तर मानव जीवन में बढ़ रहा है। वास्तव में ग्रामीण समुदाय का जीवन स्तर ही देश का जीवन स्तर माना जाता है तथा इसी समुदाय की प्रगति सम्पूर्ण देश की प्रगति मानी जाती है। इस प्रगति के आधार पर भारत को उन्नत व ग्रामीण विकास के क्षेत्र को सार्थक बनाया जाना चाहिए और रचनात्मक कार्यो के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बेकार पड़ी ग्रामीण समुदाय की अपार जनशक्ति और साधन का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। ऐसा करने से प्रत्येक ग्रामीण परिवार केवल अपना मानसिक, आर्थिक ,सामाजिक, शारीरिक एवं नैतिक विकास कर पाएगा बल्कि ग्रामीण समुदाय के विकास में भी अपना योगदान दे सकेगा। इसलिए कहा जा सकता है कि ग्रामीण समुदाय का यह विकास प्राइमरी एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा काफी सम्भव है। इस परिप्रेक्ष्य में यह अध्ययन अति महत्वपूर्ण भूमिका अवश्य निभायेगा।

यह अधिकांश शोधार्थी और शिक्षक स्वीकार करते हैं कि दोनों स्तरोंग्रमाध्यमिक तथा प्राथमिक पर शिक्षार्थियों की व्यक्तित्व विशेषताओं की विभिन्नता के कारण शिक्षको के शिक्षण कौशल व सम्प्रेषण कौशलता अलग–अलग प्रकार की होती है। प्रश्न तो यहां यह है कि क्या प्राथमिक स्तर पर शिक्षण करने वाले डी. एल.एड. शिक्षकों की भिन्न–भिन्न शिक्षण प्रशिक्षण प्रारूपों के कारण शिक्षण प्रभावशीलता समान है ? क्या इनकी व्यक्तित्व विशेषताएॅ जो शिक्षण को प्रभावित करती हैं, यथा सुविधास्तर, स्वधारणा, कार्यात्यक मूल्य स्तर समान हैं ? क्या इन दोनो स्तरों के शिक्षकों की परिस्थितियों भी समान है या नही ? यह एक ज्वलन्त प्रश्न है जिनका उनर ज्ञात करना शोधकर्त्री के लिए आवश्यक महसूस होता हैं। वर्तमान शोध का उद्गम शोधकर्त्री के मन में उपजे इन प्रश्नों का उतर ज्ञात करने के लिए उद्गमित हुआ है और इसलिये डी. एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की विशेषताओं का उनके व्यवसाय पर क्या प्रभाव पड़ता है इसका अध्ययन करने हेतु इस समस्या का चयन किया गया है।

समस्या कथन – 'डी. एल.एड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

डी. एल.एड. शिक्षक – राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में द्वि–वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययन करने के पश्चात डी. एल.एड. प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ता डी. एल.एड. अर्हतायुक्त शिक्षक कहलाता है। ये शिक्षक प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन करवाते है।

शिक्षक प्रभावशीलता – किसी भी शिक्षा प्रणाली के उद्देश्यों की प्राप्ति में शिक्षक, विद्यार्थी एवं पाठ्यक्रम तीनों अवयवों का अलग–अलग एवं सम्मिलित योगदान महत्वपूर्ण होता है, इनमें से एक की भी अनुपस्थिति शिक्षा प्रणाली को अधूरा स्वरूप प्रदान करती है तथा एक का भी असहयोग होने पर शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति असम्भव है। इसके अतिरिक्त शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के उद्देश्य, शिक्षण शैलियाँ तथा शैक्षिक एवं सामाजिक वातावरण में ऐसे कुछ अन्य आधारभूत तत्व हैं, जो शिक्षण एवं अधिगम को सफल एवं सोद्देश्य बनाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। इसमें एक महत्वपूर्ण तत्व है शिक्षक। शिक्षण को प्रभावी बनाने में शिक्षक का विशेष महत्व है। अत: शिक्षक प्रभावशीलता से तात्पर्य सीधे अर्थों में यही होगा कि विद्यार्थी के अधिगम की प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावशाली बनायी जाये? शिक्षक के प्रभावी होने के लिए आवश्यक है कि शिक्षक शिक्षण विषयवस्तु को सुनियोजित करें, पाठ के सामान्य एवं विशिष्ट उद्देश्य अत्यन्त स्पष्ट होने चाहिए।

स्वधारणा – यह भी निर्विवाद रूप से सत्य है कि सुविधा स्तर बढ़ाये जाने से मनोवैज्ञानिक रूप से व्यक्ति अपने कार्य में अधिक लगन एवं परिश्रम से कार्य करेगा, सुविधा स्तर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का कार्य करती है। आज कक्षा शिक्षण का स्वरूप बदलता जा रहा है। आज हम स्मार्ट क्लास की बात करते है और स्मार्ट शिक्षण की आवश्यकता होती है और शिक्षण में नई तकनीकी आ रही है पुरानी चलन से बाहर हो रही है शिक्षण के तरीकों में अमल–चूल परिवर्तन हो रहे हैं। शिक्षण में नये–नये अवधारणाएं जन्म ले रही हैं सूक्ष्म शिक्षण, पावर पॉइट, रचनात्मक उपागम, ई–लर्निंग आदि। इन सुविधाओं से युक्त विद्यालय को ही समाज अच्छा स्तर प्रदान करता है अभिभावक अपने बच्चों को सुविधायुक्त विद्यालयों में प्रवेश दिलाने हेतु रूचि रखते है चाहे उन्हें कितना आर्थिक बोझ वहन क्यों न करना पड़े यही कारण है।

स्वधारणा – आत्म सम्प्रत्यय (धारणा) का अर्थ है स्वयं के प्रति अपनाया गया दृष्टिकोण, अर्थात आत्म–मूल्यांकन से है। व्यक्ति खुद को जिस दृष्टिकोण से देखता है और स्वयं का प्रत्यक्षीकरण करता है वह ही उसका आत्म–सम्प्रत्यय है।

'आत्म सम्प्रत्यय मानव के व्यक्ति का वह गुण या स्व निर्मित विचार है जिसमें वह अपने संसार के प्रति प्रतिक्रिया या प्रत्यक्षीकरण करता है न कि उस संसार के प्रति जैसे कि वह अन्य व्यक्तियों द्वारा देखा जाता है और यह प्रत्यक्षीकरण परिपक्वता के साथ–साथ बदलते रहते हैं।'

प्रस्तावना – खेल मानव जीवन की सहज प्रवृति का अंग है। खेलो की लोकप्रियता भारतीय जनमानस में प्राचीन काल से ही विद्यमान रही है। इसका प्रमाण इतिहास के पन्नों को उलटने से मिल जाता है। प्राचीन काल से प्राप्त भित्ती चित्रों, शिलालेखों और अभिलेखों में खेल देखा जा सकता हैं। परम्परागत समाज में मानवीय मूल प्रवृत्ति एवं प्राकृतिक अनुकरण के परिणाम के रूप में खेल का विकास हुआ। भारतीय सृष्टि निर्माण दर्शन से यह स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीव जगत और उसकी सम्पोषक संरचना, ईश्वरीय विधान की लीला है। रामायण एंव महाभारत की प्रचलित लोक गाथाएं खेल, क्रीड़ा और अभिनय के अलग–अलग रूपों का दिग्दर्शन कराती है। इनमें सामूहिक सम्बंधों की स्थापना एक दूसरे पर आश्रित और परम्परा के गुण विद्यमान है। वैदिक साहित्य के प्रथम संकलन ऋग्वेद में क्रीड़ा का उल्लेख है। परम्परागत कृषि प्रधान वैदिक समाज में मानवीय मूल प्रवृत्तियों की संतुष्टि के लिए क्रीड़ा एवं खेलकूद की व्यवस्था सृजित की गयी थी। यह समूह वृत्ति की विशिष्ट उपज थी और मनुष्य की सामाजिकता का पोषण करती थी। क्रीड़ा की भांति खेल और अभिनय का भी वैदिक साहित्य में उल्लेख है। अथर्ववेद में खेल को व्यायाम के रूप में चित्रित किया गया है। जबकि क्रीड़ा व्यक्ति की शारीरिक शक्ति से सम्पन्न होती है। प्राचीन भारतीय साहित्य के प्रत्येक प्रभाग में क्रीड़ा, खेल और अभिनय का उल्लेख प्रचुरता से पाया जाता है। खेलों के स्थान, उनके नियम और उनमें सहभागिता के लिए व्यक्ति में आवश्यक वयैक्तिक गुणों एवं प्रवृत्तियो का विस्तृत उल्लेख मिलता है। खेल व्यक्ति के लिए प्राथमिक आवश्यकता है। किसी भी बालक का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास खेल के बिना सम्भव नहीं है।

खेल के अर्थ को हम बालक के खेल को निरीक्षण करते हुए स्पष्ट कर सकते हैं कि खेल एक रचनात्मक प्रवृत्ति है। जिसमें बालक को अति आनन्द प्राप्त होता है। खेल को खेलते हुए बालक यह अनुभव करता है कि उसकी रूचि खेल के अतिरिक्त किसी चीज में नहीं है। यदि हम खेल के अर्थ को प्रकट करने के लिए समस्त विद्वानों द्वारा दिये गये अर्थ का समन्वय करें तो हमें पता चलता है कि–खेल जन्मजात, स्वतंत्र, स्फूर्तिदायक, स्वलक्षित एवं आनन्ददायक रचनात्मक प्रवृत्ति हैं।

खेलों का इतिहास मानव जाति के विकास के साथ जुड़ा हआ है। बदलते समय के साथ–साथ खेलों का स्वरूप भी बदलता रहा है। आदिमानव खेलों का उपयोग भूख मिटाने के लिए, शिकार की खोज में तथा प्राकृतिक विपदाओं से बचने के लिए करता था। धीरे–धीरे मानव सभ्यता का विकास हुआ तथा खेलों के 'मनोरंजनात्मक' पहलू को पहचाना गया तथा उनका उपयोग मनोरंजन के लिए भी होने लगा। इसके साथ–साथ खेलों में 'प्रतिस्पर्द्धा की भावना' ने भी जन्म लिया तथा इस प्रकार 'हार–जीत' के महत्व को भी समझा जाने लगा।

प्रस्तावित शोध के सोपान:

1. खेल स्वभाविक होता है परन्तु कार्य परिस्थिति जन्य और अर्जित होता है।
2. प्राय: खेल का सम्बन्ध काल्पनिक जगत से होता है परन्तु कार्य का सम्बन्ध वास्तविक जगत से होता हैं।
3. खेल के नियम स्वयं खेल मे ही बनते परन्तु कार्य के नियम अन्य लोगों के द्धारा बनाये जाते हैं।
4. खेल में खेल खेलने वाला किसी प्रकार का आंतरिक अथवा बाह्य बन्धन अनुभव नहीं करता है। परन्तु कार्य में ये दोनों प्रकार के बन्धन सम्भव हो सकते है।
5. खेल में यदि बालक को किसी प्रकार की बाधा पहुँचायी जाय तो उसे आंतरिक दु:ख होने लगता हैं, परन्तु कार्य में ऐसा होना आवश्यक नहीं हैं।

प्रस्तावित शोध का महत्व – बालक के जीवन में खेल के महत्व को समझते हुए प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री फ्रोबेल ने किण्डर गार्टेन शिक्षा पद्धति का अविष्कार किया जो कि पूर्णरूप से खेलपर ही आधारित हैं। फ्रोबेल महोदय ने गाना रचना एवं गीत के माध्यम से बालको को शिक्षा देने की योजना बनाई जो कि खेल के ही स्वरूप है। इसके साथ–साथ फ्रोबेल महोदय ने अपनी पद्धति में खेल पर आधारित उपहारो को भी महत्व प्रदान किया है।

मांटेसरी शिक्षा पद्धति– इस पद्धति की प्रवर्तक मैडम मांएटेसरी है। उन्होने बालकों को नाना प्रकार के खिलौनो के बीच खेलते हुए ज्ञानार्जन करने लिए अवसर प्रदानकिया प्रोजेक्ट पद्धति में बालकों की शिक्षा में प्रयोजनता निहितकर दी जाती है।

डाल्टन प्रणाली श्रीमती पार्कहर्स्ट ने अमेरिका में डाल्टन ने सामाजिक स्वतंत्रता एंवव्यैक्तिकता के मुख्य नियम है।

ह्यूरिस्टिक पद्धति –इस पद्धति के समस्त नियम एवं कार्य उसी प्रकार के होतें है जैसे खेल में होते है। बालचर पद्धति के प्रवर्तक बेडेन पावेल महोदय है 'खेलप्रवृत्ति के दृष्टिकोण से हम देखते है कि बालचर क्रियायें प्राय: समस्त खेल सिद्धान्तो के अनुसंधान पर आधारित है।'

सर्वश्री के0 भाटिया एवं वी0डी0 भाटिया के शब्दो में 'यह खेल की पद्धति है जिससे स्वतंत्र शासन में अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों को जानने से शिक्षालय में सामाजिकता एवं नागरिकता की शिक्षा मिलती है।'

इसके अतिरिक्त खेल द्वारा बालक का शारीरिक व मानसिक विकास, संवेगात्मक विकास होता है। खेल द्वारा ही बच्चों का नैतिक तथा समाजिक विकास भी होता है।

खेल द्वारा बालक का विकास कुछ समय पूर्व तक खेलों में लोगों की धारणा नकारात्मक थी। वर्तमान समय में इस अवधारणा में परिवर्तन हुआ है। खेल एवं शिक्षा को जीवन का अनिवार्य पक्ष समझा जाने लगा है जिससे व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

इसके समर्थक अभी 50 प्रतिशत लोग मौजूद हैं। वर्तमान में अब नई-नई शिक्षण विधियों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती हैं। अब पुरानी लोकोक्ति बिल्कुल उलट गई है। मनौवैज्ञानिकों ने यह अनुभव किया है कि खेलों के बिना शिक्षा अधूरी है।

अरस्तू के शब्दों में-'खेल ही जीवन की सच्ची शिक्षा है।'

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के शब्दों में, 'खेल भावी पीढ़ियों के सम्पूर्ण विकास के श्रेष्ठतम् क्रम और सबल साधन हैं।'

खेल का व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल से व्यक्ति का विकास होता है। खेल से शारीरिक मानसिक, तथा नैतिक गुणों का विकास होता है। खेलों का मानव जीवन में निम्नलिखित महत्व है।

प्रस्तावित शोध के उद्देश्य:-

1. शारीरिक शिक्षा का महत्व 1925 से बढ़ता गया, क्योंकि शिक्षा अध्यापन में शारीरिक शिक्षा का स्थान निश्चित किया गया।
2. विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य खिलाड़ियों पर भी ध्यान देना आरंभ किया, जिससे शारीरिक शिक्षा के साथ क्रीड़ा स्पर्धा में भी शास्त्रीय अध्यापन का मार्ग खुला हुआ।
3. कसौटी और मापन को बढ़ावा देने का कार्य 1930 से अमेरिकन रिसर्च क्वार्टरली बड़ी सतर्कता से कर रहा है। 1936 में AAHPER के प्रशासकीय मापन विभाग को मान्यता प्रदान की गई।
4. खेल का उद्देश्य सिद्ध किए गए परीक्षणों का प्रदर्शन करना तथा उनकी उपयोगिता बताना और साथ ही उन परीक्षणों का तथा उसके साधन साहित्य का व्यावहारिक उपयोग बताना है।

प्रस्तावित शोध का निष्कर्ष - जो व्यक्ति प्राकृतिक पर्यावरण में रहतें है। उसके जीवन पर भौगोलिक परिस्थितियों एवं जलवायु आदि का प्रभाव पड़ता है। प्राकृतिक पर्यावरण संस्कृति को भी प्रभावित करती है, जो कि व्यक्ति को प्रभावित करती है। व्यक्ति की अपनी आवश्यकताएँ होती है, जिनकी पूर्ति हेतु वह कार्य और व्यवहार करता है। वह अपनी आवश्यकता की पूर्ति किस प्रकार से करे या कार्य और व्यवहार किस प्रकार करे, यह उसके समाज और संस्कृति पर निर्भर करता है। समाज का भी व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पडता है। परिवार की समाजिक आर्थिक स्थिति, माता-पिता के परस्पर सम्बंध परिवार में बालक का कम, परिवार का शान्त या अशान्त वातावरण सभी किशोर के व्यक्तित्व को प्रभावित करता है।

इसी प्रकार किस प्रकार के विद्यालय में वह शिक्षा प्राप्त करता हैं, वहाँ के शिक्षक कैसे हैं? उसकी कक्षा के साथी किस प्रकार के हैं यह सब व्यक्तित्व के निर्धारक है। व्यक्तित्व का गठन बहुत कुछ 'स्व' के विकास से सम्बंधित है। व्यक्ति अपने स्वरूप का आत्म परिचय कब और कैसे प्राप्त करता है, यह उसके व्यक्तित्वके गठन का मुख्य भाग है। व्यक्तित्व का गठन और व्यक्तित्व की समग्रता प्राय: एवं दूसरे के पर्याय है। इनके मूल में अर्न्तनोद अभिप्रेरक गत्यात्मक आदि है जिनमें सामंजस्य स्थापित करके व्यक्तित्व का गठन स्थापित किया जाता है व्यक्तित्व का गठन निम्न बातों के अध्ययन पर आधारित रहता है:-

1. व्यक्ति के स्व अथवा अहं का विकास
2. व्यक्तित्व के विशेषकों का गठन
3. आलपोर्ट के अनुसार व्यक्तित्व का गठन
4. व्यक्तित्व के गठन के आयाम
5. व्यक्तित्व की समग्रता - व्यक्तित्व विभिन्नता जिन-जिन दिशाओं में हो सकती है उन्हे व्यक्तित्व का आयाम कहते है। चूँकि व्यक्तित्व का विकास शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक औरसमाजिक दिशाओं मे होता है। इसलिए इसे ही व्यक्तित्व का आयाम कहते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Gill, J.S., Brar, R.S., Sandhu, K.S. and Mann, N.S. (1988)A comparative study of physical fitness and self-concept of college students. NIS Scientific Journal, 11, 12-23.
2. Indian Educational Review Vol.-23 (2) Page No. 71-85
3. Buch, M.B. Fourth Survey of Research in Education VOl-I Page No. 410
4. Buch, M.B. Fifth Survey of Research in Education VOl-II (2000) Page No. 1319 73
5. Buch, M.B. Fifth Survey of Research in Education VOl-II (2000) Page No. 1885,1886
6. Buch, M.B. Fifth Survey of Research in Education VOl-II (2000) Page No. 1324
7. Dalal, M. (1989) Prevalence and pattern of psycho-logical disturbance in school going earlyAdolescent girls. Unpublished M.Phil. Banglore University, Banglore.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

सीखना एवं सीखने की शैलियाँ

मनीष कुमावत* डॉ. कृष्णकन्त सिंह**

* शोधार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** शोध निर्देशक (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – पृथ्वी पर विद्यमान सभी प्रजाति, जीवन जीने के लिए अपने आसपास के वातावरण के साथ सामंजस्य बिठाते हैं। इन सभी प्रजातियों में मानव को सर्वश्रेष्ठ माना गया है क्योंकि मानव अपने जीवन को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अपने वातावरण, समाज, घर–परिवार तथा प्रकृति की प्रत्येक तत्व से सीखता है। सीखने के लिए मानव विभिन्न प्रकार की शैलियों का उपयोग करता है। प्रत्येक व्यक्ति की सीखने की क्षमता अलग होती है तथा प्रत्येक व्यक्ति एक अलग प्रकार की शैली से बेहतर सीखता है। समय के साथ–साथ मानव की सीखने की शैलियों में विभिन्न प्रकार की परिवर्तन हुए। सीखने की शैलियों में हुए परिवर्तन के कारण शिक्षार्थियों के सीखने में भी परिवर्तन आया है। आधुनिक समय में शिक्षार्थियों के सीखने की शैलियों में परिवर्तन का मुख्य कारण आधुनिक प्रौद्योगिकी है जो शिक्षार्थी के भविष्य को उज्जवल बनाने में सभी प्रकार से सहायता करती है।

प्रस्तावना – मानव की उत्पत्ति, प्रकृति द्वारा की गई सर्वोत्तम रचना है जो अपने साथ विभिन्न जन्मजात शक्तियां लेकर पैदा होता है। शिक्षा के द्वारा मानव की इन जन्मजात शक्तियों का विकास होता है तथा मानव की इन्हीं विकसित शक्तियों द्वारा उसके ज्ञान तथा कला कौशल में वृद्धि करता है। शिक्षा मानव जीवन में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है तथा मानव को सभ्य, सुसंस्कृति एवं योग्य नागरिक बनाती है।

प्रत्येक प्राणी जन्म के बाद अपना पहला पाठ अपनी मां की गोद में पढ़ता है। तत्पश्चात घरेलू वातावरण तथा आस–पास के पर्यावरण से कुछ–न–कुछ सीखना रहता है। सीखने – सिखाने की यह प्रक्रिया मानव के जन्म से प्रारंभ होकर मृत्यु तक चलती रहती हैं। शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली सोद्देश्य प्रक्रिया है जिसमें मानव का सर्वांगीण विकास संभव है।

मानव बढ़ती उम्र के साथ अनौपचारिक शिक्षा के पश्चात औपचारिक शिक्षा विद्यालय से प्राप्त करता है। प्रत्येक बालक को विद्यालय में औपचारिक शिक्षा प्रदान करते समय विभिन्न शैलियों द्वारा सिखाया जाता है। यह शैलियां सीखने की शैलियां कहलाती है। इस लेख में सीखना व सिखाने की शैलियों पर प्रकाश डाला गया है।

सीखना – मानसिक एवं शारीरिक स्तर पर नया अनुभव प्राप्त करना जिसके फलस्वरुप व्यवहार में परिवर्तन हो सके, सीखना कहलाता है। आदत, ज्ञान और अभिवृत्तियों को अर्जित करना सीखना कहलाता है। कार्य करने की कठिनाई, बाधाओं पर विजय प्राप्त करने में सीखने की प्रक्रिया सन्निहित रहती है। यह प्रक्रिया जीवन- पर्यंत चलती रहती है। शिशु जन्म के बाद सदैव नवीन अनुभव अर्जित करता रहता है इसलिए व्यक्ति के व्यवहार में निरंतर परिवर्तन होता रहता है। सीखने के आधार पर ही व्यक्ति अपनी रुचियों को संतुष्ट करता है एवं लक्ष्यों की प्राप्ति करता है। सीखना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है इसलिए बालक के विकास में सीखने का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सीखने को विभिन्न शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों ने परिभाषित कर स्पष्ट किया है।

- पील महोदय के अनुसार–'सीखना व्यक्ति में एक परिवर्तन है जो उसके वातावरण के परिवर्तनों के अनुसरण में होता है।'[1]
- गेट्स के अनुसार–'अनुभव द्वारा व्यवहार में रूपांतरण लाना ही सीखना है।'[2]
- गेने के कथनानुसार–'मानव संस्कार तथा क्षमता में परिवर्तन जो धारण किया जा सकता है तथा जो केवल वृद्धि की प्रक्रिया के ऊपर ही आरोप्य नहीं है।'
- बेरेल सोन तथा स्टीनेर के मतानुसार– 'सीखने की परिभाषा ऐसे व्यवहार परिवर्तनों के रूप में देते हैं जो उसी प्रकार की स्थितियों में पूर्ण व्यवहार के परिणाम स्वरुप होता है न की ऐसे परिवर्तन जो इस प्रकार के शारीरिक परिवर्तनों के कारण होते हैं। जैसे–अभिवृद्धि,भूख, थकावट, निद्रा इत्यादि।'[3]

सीखने की दो मुख्य विशेषताएं हैं–निरंतरता व सार्वभौमिकता। सीखना ऐसी प्रक्रिया है जो सदैव और सर्वत्र चलती रहती है। इसलिए मानव अपने संपूर्ण जीवन में आस–पास के वातावरण, उसके साथ होने वाली घटनाओं तथा उससे मिलने वाले प्रत्येक जीवों से कुछ–न–कुछ सीखता रहता है। हम यह कह सकते हैं कि सीखना कभी विराम अवस्था में नहीं होता है। हालांकि सीखने की प्रक्रिया कभी मंद तो कभी तीव्र होती है। मानव के जन्म से लेकर युवावस्था तक सीखने की प्रक्रिया की गति तीव्र होती है तदोपरांत वह मंद पड़ जाती है, लेकिन सीखना कभी रुकता नहीं है।

इसके अतिरिक्त सीखने के लिए कोई निश्चित स्थान एवं समय नहीं होता है। मानव न केवल शिक्षा संस्थान में वरन अपने आस–पास के वातावरण में उपस्थित सभी घटकों जैसे परिवार, पड़ोसी समाज, सगे संबंधी, मित्र, परिचित व्यक्ति तथा प्राकृतिक घटकों जैसे पेड़, नदी, सूर्य तथा हवा सभी से कुछ–न–कुछ हमेशा ही सीखता रहता है। इसलिए सीखने को सार्वभौमिक एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बताया गया है।

सीखने को प्रभावित करने वाले कारक – सीखना मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस कार्य को संपन्न करने में शिक्षक, पाठ्यक्रम एवं वातावरण का प्रभाव अनिवार्य रूप से देखा जाता है। सीखने पर किसी एक

कारक का प्रभाव नहीं होता वरन अनेक ऐसे कारक है जो सीखने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं कुछ मुख्य कारक निम्न है-

- शिक्षार्थियों का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य सीखने को प्रभावित करता है। जो शिक्षार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं वह किसी भी विषय को तीव्र गति से सीखते हैं। परंतु जो शिक्षार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से पिछड़े होते हैं उनके सीखने की गति धीमी होती है अर्थात यदि कोई शिक्षार्थी जो अपनी कक्षा के अन्य शिक्षार्थियों की तुलना में मानसिक विमंदित हैं तो वह किसी विषय को सीखने में अधिक समय लेता है और उसे अधिक परिश्रम करना पड़ता है।
- शिक्षार्थियों के सीखने में प्रेरकों की अहम भूमिका होती है। प्रेरक, शिक्षार्थियों को नया सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। जैसे यदि शिक्षार्थियों की शिक्षक किसी उपलब्धि पर उसकी प्रशंसा करते हैं तो यह प्रशंसा एक प्रेरक की तरह कार्य करती है जो शिक्षार्थी को कुछ नया सीखने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसी प्रकार प्रतिद्वंदिता भी प्रेरक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान देती है।
- शिक्षार्थी के सीखने को विषय सामग्री का स्वरूप भी प्रभावित करता है। शिक्षार्थी सदैव सरल तथा अर्थपूर्ण विषय की तरफ अधिक रुझान प्रदर्शित करते हैं। लेकिन यदि कोई विषय कठिन या अर्थहीन विषय हो तो शिक्षार्थी को उसे सीखने में न तो रुचि होती है और न ही वह उसे सीखना पसंद करता है।
- शिक्षार्थी के आस-पास का वातावरण भी उसके सीखने को प्रभावित करता है। स्वस्थ सकारात्मक तथा अच्छे वातावरण से शिक्षार्थी को किसी भी विषय को सीखने में सहायता मिलती है। परिवार तथा समाज के परिवेश का शिक्षार्थी के जीवन पर अधिक व गहरा प्रभाव पड़ता है अत: परिवेश का स्वच्छ तथा सकारात्मक होना आवश्यक भी है।
- शिक्षार्थी के सीखने में सीखने की शैलियां भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। शिक्षार्थी किसी भी स्तर का हो, सीखने के लिए वह सरल तथा अर्थपूर्ण शैली का ही उपयोग करता है क्योंकि कठिन शैली से जब शिक्षार्थी को अपने प्रश्नों का उत्तर नहीं प्राप्त होता है तो वह उस विषय को छोड़ देता है जो कि उसके लिए हानिकारक होगा। अत: सीखने की शैलियां शिक्षार्थी के सीखने पर बहुत अधिक प्रभाव डालती है।

सीखने की शैली – बालक के सीखने की प्रक्रिया अनवरत चलती रहती है। इसको बालक द्वारा विविध रूपों में संपन्न किया जाता है। इस प्रकार के अनेक तथ्यों को आत्मसात करके ही बालक विद्यालय में प्रवेश करता है। बालक के सीखने की अनेक प्रभावशाली शैलियों में वातावरण, शिक्षक एवं परिवेश की महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योंकि बालक कब किस शैली का उपयोग सीखने में करेगा यह कोई निश्चित तथ्य नहीं है। अनेक अवसरों पर बालक अनुकरण द्वारा, सुनकर, सूंघकर एवं स्पर्श करके सीखते हैं।

सीखने की शैली के प्रकार सीखने की शैली के प्रकार को तीन भागों में विभक्त किया गया है-

(1) दृश्य शैली – सीखने की इस शैली में विषय के किसी एक या दूसरे क्षेत्र से संबंधित ज्ञान को सीखने में शिक्षार्थी देखकर रुचि लेते हैं। इस शैली में सीखने वाले शिक्षार्थियों को एक अच्छे दर्शक की उपमा दी गई है। इन शिक्षार्थियों को पढ़ने या अध्ययन सामग्री के दृश्यात्मक प्रत्ययीकरण से अधिक लाभ प्राप्त होता है। दृश्य शैली से सीखने वाले शिक्षार्थी के लिए हमेशा ही श्यामपट्ट पर दिए गए पाठ को सार या कक्षा में शिक्षक द्वारा श्यामपट्ट पर बनाए गए रेखाचित्र को देखकर सीखना ज्यादा आसान होता है।

(2) श्रव्य शैली – सीखने की इस शैली में शिक्षार्थी सुनकर सीखना पसंद करते हैं। इस शैली के शिक्षार्थी किसी विषय या कार्य से संबंधित कौशल का ज्ञान प्राप्त करने के लिए अपनी श्रव्य इंद्रिय का प्रयोग करते हैं। इस शैली से सीखने वाले शिक्षार्थियों को एक अच्छा श्रोता माना जाता है। इस शैली में रुचि रखने वाले शिक्षार्थी किसी विषय या वस्तु को पढ़ने की अपेक्षा उसके बारे में दी गई जानकारी को सुनकर समझना पसंद करते हैं। इस शैली के शिक्षार्थी सिखाई गई सूचनाओं को रिकॉर्ड कर लेते हैं और बाद में उसे सूचना को टेप रिकॉर्डर द्वारा सुनते हैं।

(3) क्रियात्मक शैली – इस शैली को ऐसी सीखने की शैली के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें शिक्षार्थी करके सीखने के सिद्धांत का अनुकरण करते हुए पाए जाते हैं। इस शैली के शिक्षार्थी वस्तु और घटनाओं को जानने और सिखाने हेतु उनके बारे में सैद्धांतिक रूप से जानने और समझने में विश्वास नहीं रखते बल्कि उनके साथ प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर वस्तुगत जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं।

पिछले एक दशक में शिक्षार्थी के सीखने व सीखने की शैलियों में हुए परिवर्तन – बालक अपने परिवेश, परिवार, समाज एवं विद्यालय में सीखने की प्रक्रिया को अंतर निहित हस्तांतरण करता है। सीखना एक प्रक्रिया है जिसमें अनुभव एवं प्रशिक्षण द्वारा बालक के व्यवहार में स्थायी या अस्थायी परिवर्तन दिखाई देते हैं।

शिक्षार्थी के सीखने में देश की शिक्षा प्रणाली का भी अहम योगदान होता है। भारत में कई प्रकार की शिक्षा प्रणालियां देखी गई है। प्राचीन भारतीय लोगों में यह दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा द्वारा प्राप्त ज्ञान ही मानव की वास्तविक शक्ति है। प्राचीन काल से ही हमारे देश में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे देश की सबसे प्राचीन तथा सबसे बेहतर शिक्षा प्रणाली गुरुकुल पद्धति रही हैं। समय के साथ धीरे-धीरे देश में शिक्षा प्रणालियों में परिवर्तन होता गया तथा यह परिवर्तन आज भी जारी हैं। समय के साथ प्रकृति के प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन होता रहा है और शिक्षा भी प्रकृति के इस नियम से अछूती नहीं रही है।

भारतवर्ष में भी समय के साथ-साथ शिक्षा प्रणाली, शिक्षार्थियों के सीखने व उनकी उपलब्धि प्रेरणा में भी परिवर्तन हुए हैं। भारतवर्ष में शिक्षा की बात की जाए तो स्वतंत्रता के बाद भारत की साक्षरता दर मात्र 18% थी। 2011 के अनुसार भारत की साक्षरता दर 74.04% है। भारत की साक्षरता दर में इतना परिवर्तन का एक प्रमुख कारण भारतीय शिक्षा प्रणाली में तेजी से परिवर्तन तथा प्रत्येक बार एक बेहतर शिक्षा प्रणाली का होना है। भारत में पिछले एक दशक में शिक्षा में बहुत तेजी से परिवर्तन हुआ है जिसका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षार्थी के सीखने तथा उनकी सीखने की शैलियों पर प्रभाव पड़ा है।

वर्तमान में भारतीय शिक्षा प्रणाली शिक्षार्थी को प्रौद्योगिकी से पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। मिश्रित शिक्षा, ऑनलाइन कक्षाओं, दूरस्थ शिक्षा तथा अनुभवात्मक शिक्षा ने शिक्षार्थियों के सीखने व सीखने की शैलियों के नए प्रतीकों तथा बिम्बों का सृजन किया है। सीखने की इस नई पद्धति से वर्तमान में कक्षाओं में न्याय संगत, मानवीय तथा सुदृढ़ समाज के निर्माण की संकल्पना की जा रही है।

वर्तमान समय में शिक्षार्थियों की सीखने की शैलियों पर सबसे अधिक प्रभाव सूचना प्रौद्योगिकी का पड़ा है। ऑनलाइन कक्षाओं तथा दूरस्थ शिक्षा का प्रचलन दशक की शुरुआती दौर में भी था लेकिन कोविड 2019 के बाद यह दोनों ही शिक्षा पद्धतियां, वर्तमान शिक्षा दौर की अहम कड़ी बन गई है। वर्तमान में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमता की अहम भूमिका है। कृत्रिम बुद्धिमता प्रौद्योगिकी में सीखने और शिक्षण दोनों को अनुकूलित करने की शक्ति है। इसकी सहायता से शिक्षार्थी अपने प्रश्नों को तेज गति से तथा बिना बाहरी सहायता से हल कर सकते हैं क्योंकि आजकल शिक्षार्थी को किताबों से अधिक आकर्षित उपकरण करते हैं। अत: प्रौद्योगिकी में उनकी रुचि बढ़ती जा रही है जो उनके सीखने के लिए श्रेष्ठ है। इन उपकरणों के प्रयोग से शिक्षार्थी की याद करने की क्षमता तथा संज्ञानात्मक कौशल का विकास होता है। इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली से शिक्षार्थी में आत्म-अनुशासन भी बढ़ता है।

ऑनलाइन कक्षाओं का सबसे अधिक लाभ यह होता है कि शिक्षार्थी उन कक्षाओं को जिन्हें वह बाद में देखना चाहता है उन कक्षाओं को संग्रहित कर लेता है तत्पश्चात उन कक्षाओं को पुन: देख लेता है जिससे शिक्षार्थी की दृश्य शैली एवं श्रव्य शैली का विकास होता है।

आज के समय में शिक्षक ऑनलाइन कक्षाओं में एनीमेशन के द्वारा भी सिखाते हैं जिससे शिक्षार्थी किसी भी प्रयोग को सरलता से कर सकता है। इससे उनकी क्रियात्मक शैली का विकास होता है।

यद्यपि वर्तमान समय में नई शिक्षा पद्धतियों के हानिकारक प्रभाव शिक्षार्थी पर देखने को मिल रहे हैं लेकिन इन्हीं शिक्षा पद्धतियों से आजकल के शिक्षार्थी की सीखने की शैलियों में अधिक परिवर्तन हो रहे हैं जो उनके लिए लाभदायक है।

निष्कर्ष - सारांश में कहा जा सकता है कि सीखना वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा मानव स्वयं को वातावरण में समायोजित करने का प्रयत्न करता है। मां के गर्भ से लेकर मृत्युशय्या पर जाने से पहले तक मानव अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिदिन कुछ-न-कुछ सीखता है। औपचारिक सीखने की प्रक्रिया में बालक विद्यालय जाता है, जहां पर वह शिक्षा प्राप्त करता है तथा शिक्षार्थी कहलाता है।

शिक्षार्थी सीखने के लिए विभिन्न प्रकार की शैलियों को अपनाता है जिन्हें सामान्यत: सीखने की शैलियां कहा जाता है। शिक्षार्थी आमतौर पर देखकर, सुनकर तथा किसी कार्य को करके सीखता है। देखकर सीखने से तात्पर्य है शिक्षार्थी किसी वस्तु को देखकर, उसकी छवियों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करता है तथा स्वयं की अवधारणा को स्पष्ट करता है। सुनकर सीखना अर्थात् श्रवण द्वारा शिक्षार्थी अपनी अवधारणा को स्पष्ट करता है। बहुत से शिक्षार्थियों को किसी विषय के बारे में सुनकर बेहतर याद रहता है तो कुछ शिक्षार्थी किसी काम को करके सीखते हैं अर्थात् किसी विषय की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए उस विषय पर हुए प्रयोग द्वारा पहले स्वयं प्रयोग करते हैं तथा परिणाम को देखने के बाद आत्मज्ञान से उस विषय की अवधारणा को समझते हैं।

समय के साथ शिक्षार्थी की सीखने की प्रक्रिया तथा सीखने की शैलियों में भी परिवर्तन आया। आधुनिक समय में शिक्षार्थी प्रौद्योगिकी पर पूर्णत: निर्भर है। इसी प्रौद्योगिकी के कारण शिक्षार्थी की शिक्षा प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा शिक्षकों द्वारा शिक्षा देने की प्रक्रिया में बहुत परिवर्तन हुआ हैं। पिछले कुछ सालों में शिक्षार्थी प्रौद्योगिकी पर अधिक निर्भर हो गए हैं।
कोविड 2019 के उपरांत विश्व के हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का प्रभाव देखने को मिला है। इस प्रौद्योगिकी से शिक्षार्थी के जीवन पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। प्रौद्योगिकी ने उपकरणों की सहायता से शिक्षार्थियों के सीखने में नए आयाम स्थापित किए हैं। अत: पिछले एक दशक में शिक्षार्थी के सीखने तथा सीखने की शैलियों में परिवर्तन आया है उनका मूलभूत कारण प्रौद्योगिकी का विकास भी है।

पाद लेख :-

1. E.A. Peel : The psychological basics of education, Edinburgh,olive and boyd 1962, P. 11 - " Learning is a change in the individual following upon changes in his environment.'
2. Gates : Educational psychology, P. 288 - " Learning is modification of behaviour through experiences.'
3. Berelson , Bernad and gray Steiner : Human Behaviour an inventory of scientific findings, N.Y. : Harcourt,1964, P. 135.

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुप्ता, एस.पी. 'शिक्षा मनोविज्ञान' 2009
2. अग्रवाल सुभाषचंद्र 'लर्निंग स्टाइल अमॉग क्रिएटिव स्टूडेंट्स' 1987
3. शर्मा, आर. के. 'बच्चे और सीखना ' 2015
4. माथुर, एस. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' 2010
5. पाठक, पी.डी. 'शिक्षा मनोविज्ञान' 2006
6. सिंह, ए.के. 'मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियां ' 1998
7. Ardalan, K. "Learning style and the use of the wall street'. Journal in the introductory finance course, Academy of education leadership journal,10 (2)1-21 in E-library only 2006

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

उपन्यास एवं आंचलिक उपन्यास में संबंध

मनीषा* डॉ. अंजु**

* शोद्यार्थी (हिंदी) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** शोध निर्देशक (हिंदी) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – उपन्यास एक सर्वाधिक लोकप्रिय साहित्यिक विद्या है। इसकी व्यापकता, वैविध्य, नव्यता तथा लोचपूर्ण रूपांतरणीय क्षमता और प्रवृत्ति को देखते हुए इसे किसी निश्चित परिभाषा की सीमा रेखा में आबद्ध करना असंभव नहीं तो दुष्कर अवश्य हैं इसके विषय विस्तार और शैली-शिल्प की विविधता को देखते हुए यह कहना ही अधिक आसान हो सकता है कि यह क्या-क्या नहीं है, बनिस्बत यह कहने के कि यह क्या-क्या है 'अपनी विकासावधि की विभिन्न अवस्थाओं में उपन्यास ने इतने साहित्य-रूपों का स्वयं में संविलय किया है कि वह प्राय: सभी कुछ होता हुआ भी उपन्यास है किंतु और कोई भी उपन्यास नहीं।'[1] बिहारी लाल की नायिका के सौन्दर्य की तरह इसका क्षण-क्षण परिवर्तित रूप भी कुछ ऐसा है कि इसको परिभाषा की सीमा रेखा में बाधने वाले कितने ही चतुरचितेरेक्रूर बन गये।वाल्टर एलेन के निम्न शब्दों में उसकी यही विवशता फूट पड़ी है, जब वह कहता है 'मैं उपन्यास को परिभाषित करने का प्रयत्न नहीं करूंगा, क्योंकि जहां-अन्य सभी हार गये हैं, मेरा सफल होना असंभव ही है।'[2] उपन्यास को परिभाषित करने में इस असमर्थता और पराजय-बोध का मूल कारण है: समय-धारा के तेज प्रवाह के साथ बहते हुए इस गतिशील, परिवर्तनशील मानव-जीवन और उसके जीवन – यथार्थ के साथ इसका घनिष्ठतम संबंध उपन्यास का उपजीव्य है जीवन जीवन का यथार्थ, और इस जीवन को ही अब तक कौन परिभाषित कर सका है ? युग धर्म, गति धर्म परिवर्तनीय और बहु आयामी इस जीवन की परिभाषा ही जब अभी तक निश्चित नहीं हो सकी है, तो इसकी कथा कहने वाली इस साहित्यिक विधा की परिभाषा कैसे निश्चित हो सकेगी ?

अंग्रेजी भाषा में उपन्यास का पर्यायवाची शब्द 'नॉवेल' है, जो काफी हद तक इसकी प्रकृति को संकेतित करता है। व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'न्यूज' से बनने वाले इस 'नॉवेल' शब्द में न्यूज समवार) के दो प्रमुख गुण 'नव्यता और यथार्थता' का बोध तो अब भी वर्तमान है। उपन्यास के लिए अंग्रेजी में फिक्शन शब्द का भी प्रयोग किया जाता है। परंतु 'नॉवेल' और 'फिक्शन' में अंतर है। फिक्शन के अंतर्गत गद्य में लिखा गया कोई भी कल्पित कथा-साहित्य आ सकता है जिसमें अवास्तविक और असत्य कथाए भी शामिल है, जिनका आधार जीवन या जीवन के यथार्थ का होना कोई आवश्यक नहीं। कथा साहित्य के प्रमुख दोनों रूप उपन्यास और कहानी भी इसी की सीमा रेखा में आते हैं। नॉवल फिक्शन तो होता ही है, पर प्रत्येक फिक्शन नॉवेल नहीं हो सकता। जब तक किसी कृति में जीवन के साथ यथार्थ का संबंध न होत ब तक वह कथा-साहित्य की कोई और विधाभले ही बन जाय, पर वह उपन्यास कभी नही बन सकती।

उपन्यास के विषय विस्तार की कोई सीमा नहीं है। मानव जीवन की ही तरह यह भी नि:सीम, व्यापक परिवर्तनीय वैविध्य पूर्ण और चिरनूतन है लेकिन इन विशेषताओं के साथ ही एक और महत्वपूर्ण विशेषता इसकी है युगधर्मिता समय और परिस्थितियों के परिवर्तन के साथ जीवन में जो परिवर्तन होते हैं, मानव के चिंतन और दृष्टिकोण में जो बदलाव आते हैं तथा मानवीय संबंधों तथा मानव मूल्यों में जोटकराव उपस्थित होते हैं, उन सबको उपन्यास अपने में समेटता चलता है। उपन्यास की इसी युग धार्मिता को उसकी प्रमुख विशेषता या उसका प्राण तत्व मानते हुए जॉर्जमूर ने उपन्यास को समकालीन इतिहास के अतिरिक्त अन्य कुछ मानने में अपनी असहमति दिखलायी है। उनके विचार में, 'जिस युग में हम जी रहे हैं, उसके सामाजिक परिवेश का सही-सही और संपूर्ण पुन निर्माण ही उपन्यास है।'[3] इस परिभाषा में उपन्यास के प्राय: सभी प्रमुख तत्व उभर कर आ गये है- युगानुरूप विषय का बदलाव विषय परिवर्तन के साथ-साथ शिल्पगत परिवर्तन की अनिवार्यता तथा यथार्थ से इसका घनिष्ठतम संबंध ।

इस सर्वाधिक लोकप्रिय साहित्यिक विधा को समझने और समझाने के क्रम में आलोचको और स्वयं इतिहासकारों द्वारा इस की भिन्न-भिन्न परिभाषाएं दी गयी है, पर सभी परिभाषाए इसके परतदार बहुरंगी परिवर्तनीय और नितनूतन व्यक्तित्व की किसी एक या दो परतरंग और रूप को ही उभार कर रह गयी है, सभी पक्षों को समान रूप से किसी ने भी नहीं उभारा है। प्रेमचंद उपन्यास को मानव-चरित्र का 'चित्र मात्र' से अधिक कुछ नहीं मानते, जबकि अज्ञेय घोषणा करते हैं कि अपने उपन्यासों में मैं स्वयं हूँ। यशपाल अपने उपन्यासों में 'समाजधारा और विचारधारा के आधार पर तारतम्य को प्रकट करने की बात स्वीकारते है तो निर्मल वर्मा 'कृति और कृतिकार के संबंध में तटस्थता को अधिक महत्व देते है। हेनरी जेम्स के विचार से उपन्यास अपनी व्यापक परिभाषा में जिंदगी का वैयक्तिक और सीधा प्रभाव है। वर्जिनिया उल्फ उपन्यासकार की एकल-दृष्टि (सिंगल विजन) को रचना में महत्वपूर्ण मानते हैं' और राल्फ फाक्स उपन्यास को मानव जीवन का गद्य मानते हैं, ऐसा गद्य, जो संपूर्ण मानव से संबंध रखते हुए उसको अभिव्यक्ति देता है।

उपन्यास के संबंध में विभिन्न उपन्यासकारों द्वारा व्यक्त उपर्युक्त विचारों से उपन्यास की कोई निश्चित परिभाषा भले ही न बनती हो, पर इनसे

उपन्यास के परिवर्तनशील स्वरूप तथा जीवन के साथ इसके गहरे संबंध का पता तो चल ही जाता है। चाहे वह व्यक्ति का जीवन हो या समाज का अथवा स्वयं उपन्यासकार का ही जीवन क्यों न हो। लेकिन उपन्यास में जीवन की अभिव्यक्ति का यह मतलब नहीं है कि उपन्यासकार यथार्थवादी बनने के लोभ में जीवन का फोटोग्रेफिक चित्र उपस्थित करने लगे, वरन् वह एक ऐसी दृष्टि देगा जो अपेक्षाकृत वास्तविक जीवन से भी अधिक पूर्ण स्पष्टतर तथा जीवन के यथार्थ से भी अधिक प्रेरक होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ0 सत्यपाल चुघ : 'प्रेमचंदोत्तर उपन्यास की शिल्प-विधि'
2. "I shall not attempt to define the novel, for where everyone else has faild it is improable that I would succeed.' & Walter, Allen: Reading a Novel.
3. "The novel if it be anything a contemorary history, an exact complete reroduction of the social surroundings of the age wel live in.'

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Computing Determinant of Matrix Order 3 by Modern Method

Neha* Dr. Vinod Kumar Sharma**

*Ph.D. Scholar (Mathematics) Faculty of Science, Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA
** Dean (Science) Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

Abstract - Matrices and determinants were discovered and developed in the 18th and 19th centuries. In modern treatment of Linear Algebra, matrices are considered first. Matrices provide a theoretically and practically useful way of approaching many types of problems for example Solutions of system of linear equations. In linear algebra, the determinant is a scalar value that can be computed from the elements of a square matrix and encodes certain properties of the linear transformation described by the matrix. The determinant of a matrix is very powerful tool that helps in establishing properties of matrices.
Keywords- Matrices, Determinants, Linear Equations, Linear Transformation, Data, Statistics.

Introduction - The 18th and 19th centuries saw the discovery and development of determinants and matrices. Initially, their development dealt with transformation of geometric objects and solution of systems of linear equations. Historically, the early emphasis was on the determinant, not the matrix. In modern treatment of Linear Algebra, matrices are considered first.

Matrices provide a theoretically and practically useful way of approaching many types of problems including Solutions of system of linear equations, Equilibrium of rigid bodies, Graph theory, Theory of games, Leontief economics model, Forest management, Computer graphics and Computed tomography, Genetics, Cryptography, Electrical networks, etc.

Matrices are a very important tool in expressing and discussing problems which arise from real life issues. Matrices are applied in the study of electrical circuits, quantum mechanics and optics, in the calculation of battery power outputs and resistor conversion of electrical energy into another useful energy.

Matrices play a major role in the projection of three-dimensional images into a two-dimensional screen creating the realistic seeming motion. Matrices are used in calculating the gross domestic products in Economics which eventually helps in calculating the goods production efficiently.

Matrices are the base elements for robot movements. The movements of robots are programmed with the calculation of matrices row and columns. The inputs for controlling robots are given based on the calculations from matrices. Matrices are also used in many organizations by scientists for recording data of their experiment.

On matrix theory, there is no numerical value as an entire, it's put to use in myriad fields. Matrix represents transformations of coordinate spaces. It's mathematical shorthand to assist study problems of entries. The in exhaustive uses of matrices the subsequent could also be called because the predominant:

1. To finding solutions of a system of linear equations.
2. To review the relation on sets, directed routes and cryptography i.e. coding and decoding secret messages.
3. Utilized in input output analysis of industries to check the viability of the economic systems of industries.
4. Utilized in finite element methods and in network analysis in engineering.
5. For handling great amount of data in computers.
6. It's widely utilized in other fields like Statistics, Psychology, Operation Research, Differential Equations, Mechanics, Electrical Circuits, atomic physics, Aerodynamics, Astronomy, quantum physics etc.

The basic geometric meaning of a determinant acts because the multiplier for volume when matrix is considered a linear transformation. This notation of determinants is often ambiguous since it's also used for some matrix norms and for absolutely the value.

Importance - Determinants basically help to explain the character of solutions of linear equations, capturing how linear transformation changes area of volume, and changing variables in integrals. The determinant are often described as a function whose input may be a square matrix and whose output is simply some real. Determinants provide

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

extremely efficient tools for thinking about problems of linear algebra, so really the determinant is beneficial anywhere that linear equations arise. Some applications in which matrices are used like Encryption, Games especially 3D, Economics and Business, Construction, Organize complicated group dances, Animation, Geology in the study of electrical circuits, quantum mechanics and optics.

The Matrix Determinant

A system of linear equations like

$a_1x + b_1y = c_1$

$a_2x + b_2y = c_2$

can be represented as

$$\begin{bmatrix} a_1 & b_1 \\ a_2 & b_2 \end{bmatrix}\begin{bmatrix} x \\ y \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} c_1 \\ c_2 \end{bmatrix}$$

Now, this system of equations has a unique solution or not, is determined by the number $a_1b_2 - a_2b_1$ (Recall that if

$$\frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2} \quad or \quad a_1b_2 - a_2b_1 \neq 0$$

then the system of linear equations has a unique solution). The number $a_1b_2 - a_2b_1$ which determines uniqueness of solution is associated with the square matrix

$$A = \begin{bmatrix} a_1 & b_1 \\ a_2 & b_2 \end{bmatrix}$$

and is called the determinant of A., that we denote by det (A) or $|A|$

corresponds to every square matrix A. We will avoid the formal definition of the determinant (that implies notions of permutations) for now and we will concentrate instead on its calculation.

The Major key differences between Matrix and Determinants are:

1. In a Matrix, a set of numbers are enclosed in a bracket whereas in a Determinant numbers are enclosed in two bars
2. The number of rows and columns in a Determinant is always the same. This is not true for the Matrix
3. Determinants help in determining the values of unknown variables using Cramer's rule whereas Matrices are used for Mathematical operations such as addition, subtraction, etc.

Cramer's Rule for three Equations in Three Unknowns

The solution to the system

$a_1x + b_1y + c_1z = d_1$

$a_2x + b_2y + c_2z = d_2$

$a_3x + b_3y + c_3z = d_3$

is given by $x = \frac{Dx}{D}, \ y = \frac{Dy}{D}, \ Z = \frac{Dz}{D}$ Where

$$D = \begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$$

$$D_x = \begin{vmatrix} d_1 & b_1 & c_1 \\ d_2 & b_2 & c_2 \\ d_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$$

$$D_y = \begin{vmatrix} a_1 & d_1 & c_1 \\ a_2 & d_2 & c_2 \\ a_3 & d_3 & c_3 \end{vmatrix}$$

$$D_z = \begin{vmatrix} a_1 & b_1 & d_1 \\ a_2 & b_2 & d_2 \\ a_3 & b_3 & d_3 \end{vmatrix}$$

Provided that D ¹ 0.

APPLICATIONS OF DETERMINANTS IN SOLVING A SYSTEM OF LINEAR EQUATIONS

Consider a system of simultaneous linear equations given by

$$\left.\begin{aligned} a_1x + b_1y + c_1z &= d_1 \\ a_2x + b_2y + c_2z &= d_2 \\ a_3x + b_3y + c_3z &= d_3 \end{aligned}\right\} \quad \ldots(i)$$

A set of values of the variables x, y, z which simultaneously satisfy these three equations called a solution.

For example, x = 3 y = 4 and z = 6 is the solution of the system of equations

$$\begin{aligned} 5x - 6y + 4z &= 15 \\ 7x + 4y - 3z &= 19 \\ 2x + y + 6z &= 46 \end{aligned}$$

A system of linear equations may have a unique solution, or many solutions, or no solution at all. If it has a solution (whether unique or not) the system is said to be ***consistent***. If it has no solution, it is called an ***inconsistent*** system.

Computation of the Determinants of Third Order:

Sarrus's Rules

The Rule of Sarrus or Sarrus's rule or Sarrus's scheme is a memory aid for calculating determinants of 3x3 matrices. It is named after the French mathematician Pierre Frédéric Sarrus.

It follows a specific pattern of writing the matrix twice, and then taking the three diagonals from left to right and three diagonals from right to left. The determinant is

the sum of the products of these diagonals minus the sum of the products of the diagonals from right to left.

Sarrus's Scheme 1:

If A = $\begin{bmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{bmatrix}$

then its determinant can be computed by the following scheme:

-
-
-
+
+
+

$$\begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix} \begin{matrix} a_{11} & a_{12} \\ a_{21} & a_{22} \\ a_{31} & a_{32} \end{matrix}$$

Write out the first 2 columns of the matrix to the right of the 3rd column, so that you have 5 columns in a row. Then add the products of the diagonals going from top to bottom and subtract the products of the diagonals going from bottom to top. These yields

$$|A| = \begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}$$

$|A| = a_{11} a_{22} a_{33} + a_{12} a_{23} a_{31} + a_{13} a_{21} a_{32} – a_{12} a_{21} a_{33} – a_{11} a_{23} a_{32} – a_{13} a_{22} a_{31}$

Numerical Example:

$$\text{If} \quad A = \begin{bmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{bmatrix}$$

then find det A.

Solution:

Consider

$$A = \begin{bmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{bmatrix}$$

$$\det \ A = \begin{vmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{vmatrix}$$

$$|A| = \begin{vmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{vmatrix} \begin{matrix} 2 & 5 \\ 3 & 1 \\ 5 & 4 \end{matrix}$$

|A| = (2) (1) (6) + (5) (2) (5) + (4) (3) (4) – (5) (3) (6) – (2) (2) (4) – (4) (1) (5)

|A| = – 16

Modern Method

Here, we introduce the modern method for computing third-order determinants. This method capitalizes on the properties of matrices and employs a systematic algorithm that significantly reduces computation time and complexity. We provide step-by-step instructions and illustrative examples to demonstrate the practicality and efficiency of this approach.

Consider 3 ´ 3 matrix

$$A = \begin{bmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{bmatrix}$$

$$|\mathrm{A}| = \begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}$$

$$|A| = \begin{matrix} 4 \\ \\ 6 \end{matrix}\begin{vmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{vmatrix}\begin{matrix} 2 \\ \\ 5 \end{matrix}$$

$$|A| = \begin{matrix} a_{13} \\ \\ a_{33} \end{matrix}\begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}\begin{matrix} a_{11} \\ \\ a_{31} \end{matrix}$$

$|A| = a_{13}a_{21}a_{32} + a_{11}a_{22}a_{33} + a_{12}a_{23}a_{31} - a_{11}a_{23}a_{32} - a_{13}a_{22}a_{31} - a_{12}a_{21}a_{33}$

Numerical Example:

Let $A = \begin{bmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{bmatrix}$ then find det A.

Solution:

In base of the above rule, we have

$$|A| = \begin{vmatrix} 2 & 5 & 4 \\ 3 & 1 & 2 \\ 5 & 4 & 6 \end{vmatrix}$$

|A| = (4) (3) (4) + (2) (1) (6) + (5) (2) (5) – (2) (2) (4) – (4) (1) (5) – (5) (3) (6)
|A| = 48 + 12 + 50 – 16 – 20 – 90
|A| = 110 – 126
|A| = - 16

Conclusion - Determinants of 3x3 matrices hold significant importance in various mathematical applications. Traditional methods like cofactor expansion and the Rule of Sarrus are widely used, but we have proposed a new method that offers computational advantages and improved numerical stability. Depending on the context and computational requirements, choosing the appropriate method for calculating determinants can lead to more efficient and accurate results. As technology advances, the exploration of new methods and optimization techniques for determinant computation will continue to evolve, further enhancing their usefulness in various real-world scenarios.

References:-

1. Ahmedand A.A.M., Bondar K. L. (2014): “Modern method to compute the determinants of matrices of order 3” Journal of Informatics and Mathematical Sciences, vol. 6, no. 2, pp. 55–60.
2. Alfke D., Potts D., Stoll M., And Volkmer T. (2018): “NFFT meets Krylov methods: Fast matrix-vector products for the graph Laplacian of fully connected networks”, Front. Appl. p. 61.
3. Barnard S. and Child J. M. (1959): “Higher Algebra”, London Macmillan LTD New York, ST Martin’s Press, 131.
4. Boyer, Carl B.(1991): A History of Mathematics, John Wiley & Sons.
5. Braae R. (1969): “Matrix Algebra a Programmed Introduction”, John Wiley & Sons, New York, NY, USA.
6. C.R. Rao, \Matrix Algebra and its Applications to Statistical andEconometrics”, World Scienti_c, Singapore, 1998.
7. Cajori, F.A. \History of Mathematics”, https:// archive.org/ stream/ historyofmathema001062mbp, page/n5/mode/2up
8. Campbell, H (1971): “Linear Algebra with Applications”

pages 111-112. Appleton Century Crofts .
9. Euler, Leonhard (2005): Elements of Algebra.
10. Evar, D. (1970): Linear Algebra and Matrix Theory" (2nd ed.), New York: Wiley, LCCN 76-91646
11. Gantmacher, Felix R(2005): Applications of the Theory of Matrices, Dover Publications.
12. Henrion D. and Sebek M. (1999): "Improved polynomial matrix determinant computation," IEEE Transactions on Circuits and Systems I: Fundamental Theory and Applications, vol. 46, no. 10, pp. 1307–1308.
13. Joseph, George Gheverghese (2000): The Crest of the Peacock: Non-European Roots of Mathematics, Penguin Books.
14. Mackenzie, Dana(2012): The Universe in Zero Words: The Story of Mathematics as Told through Equations, Princeton University Press.
15. Muir, Sir Thomas(1906):"The Theory of Determinants in the historical Order of Development" London, England : Macmillan and Co.Ltd.
16. Pease M. C. (1965): "Methods of Matrix Algebra", Academic Press, New York, NY, USA.
17. Sogabe T. (2008): "A fast numerical algorithm for the determinant of apentadiagonal matrix," Applied Mathematics and Computation, vol. 196, no. 2, pp. 835–841.
18. Weld, Laenas Giord(1893):"A short course in the theory of determi-nants", Ithaca, New York: Cornell University Library, New York,London: Macmillan and Co, 8.

****